॥ श्रीः ॥

वल्लभपुष्टिप्रकाश ।

(चारों भाग.)

अर्थात्

श्रीवल्लभसम्प्रदाय पुष्टिमार्गीय सातों घरनकी सेवाविधि ।

जाको

गोस्वामिश्रीमद्गोविन्दात्मजश्रीदेवकीनन्दनाचार्य्यजी महाराजकी आज्ञानुसार,

मथुरानिवासी मुखियाजी रघुनाथजी शिवजीने

संग्रहकर,

खेमराज श्रीकृष्णदासके

बंबई

" श्रीवेङ्कटेश्वर " स्टीम्-यन्त्रालयमें

मुद्रितकराया ।

श्रावण, संवत् १९६३, शाके १८२८.

प्रथमवार २००० पुस्तक, नौछावर रु० ३.

गोस्वामि श्री १०८ देवकीनन्दनाचार्यजी महाराज।

॥ श्रीः ॥

श्रीनिकुञ्जविहारिणे नमः ॥ श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः ॥

भूमिका ।

शार्दूलविक्रीडितछन्द-

श्रीमद्वल्लभराधिकाव्रजधणी, आनन्ददाता सदा;
द्यो वाणी रघुनाथने भगवती, टाळो सहू आपदा ॥
प्रारंभूं शुभकार्य आश धरिनें, कोटी प्रयत्नो वडे;
इच्छा होय कृपालु जो तुजतणी, तो कार्य सेजे सरे ॥ १ ॥
उद्धारी श्रुतिधारि पीठ धरणी, तारी दधीथी मही;
प्रह्लादस्तुति सांभळी बळि छळी, क्षत्रावली संहरी ॥
चोळी रावण चंड रोकि यमुना, व्होळी दया विस्तरी;
मारी म्लेच्छ अभंग मंगळ करो, लावण्यलीला करी ॥ २ ॥
धार्यो आश्रय एक टेक मनमा, श्रीवल्लभाधीशनो;
जे छे दीनदयाळ पाळ जगनो, शान्तिप्रदा सर्वनो ॥
साष्टांगे पदपंकजे रतिधरी, हूं ध्यान तेनूं धरूं;
पुष्टीमार्गप्रकाशग्रंथरचवा, सामर्थ्य देजो खरुं ॥ ३ ॥

दोहरो ।

जय जगवंदन जगपति, यादववंश वतंस ।
दिनमणिमण्डल ज्योतिमय, मुनिजनमानसहंस ॥ १ ॥
अमळ कमळ सम दृग सदा, दनुजदमन घनश्याम ।
प्रतिपाळक परवर प्रभू, प्रणमूं पूरण काम ॥ २ ॥
विघ्नविभञ्जन वृजमणी, करिये कुशल कृपाळ ॥
शिवसुत रघुने यदुपति, दे मनमोद विशाळ ॥ ३ ॥

तथा दोहा ।

मोर मुकुट शिरपर धरो, कर मुरली गुन गान ।
शिवजीसुत रघुनाथ नित, धरत तिहारो ध्यान ॥ १ ॥
जैसे व्रजवासियनकी, प्रतिदिन करी सहाय ।
तैसे कृपाकटाक्ष कर, दीजे मार्ग बताय ॥ २ ॥

"श्री हरिसेवा वल्लभकुल जाने" अर्थात् श्रीहरिकी सेवा को प्रकार श्रीमद्वल्लभ सम्प्रदायमें जैसो उत्तम और विधिपूर्वक है तैसो इतर सम्प्रदायादिकनमें नहीं है। यह बात सर्व वादी सम्मत है। अत एव अनन्य भक्ति की सेवा पद्धति को प्रकार भगवदीयन के उपकारार्थ तथा सर्व साधारण भक्तोंके कल्याणार्थ हमने ग्रन्थरूपमें **श्रीवल्लभपुष्टिप्रकाश** नामसें प्रकाश करवे को पूर्णमनोरथ कियो है। और जा जा प्रकार सों या ग्रन्थ में सेवा सम्बन्धी मुख्य मुख्य विषयनको विस्तार पूर्वक समावेश कियो है, सो सब विगत नीचे लिखें हैं।

हमने **श्रीवल्लभपुष्टिप्रकाश** नामक अति अलभ्य ग्रन्थ के चार भाग कीने हैं। पुष्टिमार्गीय वैष्णवनके लिये छपवायो है। सो या ग्रन्थमें सातों घरनकी सेवापद्धति इन प्राचीन ग्रन्थनसों संग्रहीत है, जैसे सेवाकौमुदी और श्रीहरिरायजीको आह्निक, तथा भावना आदि ग्रन्थन के अनुसार क्रम है। ता प्रमाण लिख्यो है। जैसे मङ्गलासों प्रारम्भ करके शयन पर्य्यन्तको क्रम नित्यकी सेवा तथा बरस दिनके सम्पूर्ण उत्सवन को क्रम, सामग्री तथा शृङ्गार तथा वस्त्र आभूषण आदि यह प्रथम भागमें लिख्यो गयोहै। तामें नित्यको शृङ्गार यथारुचि अर्थात् अपने मनमें जो आछो लगे सो करनो और सामग्रीको जो प्रमाण लिख्योहै तामें जहाँ जितनो नेग होय ता प्रमाण करनो यहां एक अनुमानसों लिख्यो गयोहै।

दूसरे भागमें उत्सवको निर्णय लिख्यो गयोहै।

तीसरे भागमें उत्सवनकी भावना तथा स्वरूपनकी भावना लिखी गईहै।

चौथे भागमें सेवा, साहित्यके चित्र तथा शृंगार, आभूषण वस्त्रादिकनके चित्र तथा पाग, कुल्हे, टिपारो, पगा, टोपी, मुकुट आदिके चित्र; तथा उत्सवनकी आरतीनके, एवं नानाप्रकारकी फूलमण्डली, बङ्गला डोल, हिंडोरा आदिके चित्र दिये गयेहैं।

या प्रकार तन, मन, धन और परिश्रमसों भगवदीय वैष्णवनके उपकारार्थ यह ग्रन्थ तैयार करके छापवेमें आयोहै यासों अद्भुत, अपूर्व और अमूल्यहै और सेवासम्बन्धी ऐसो ग्रन्थ आज पर्य्यन्त कहूँ नहीं छप्यो तासों प्रत्येक मन्दिर और भगवदीयनके घरघरमें रहवे लायक है याते श्रीवल्लभ सम्प्रदायके पुष्टिलीलाके रसिक जननसों मेरी यह प्रार्थना है जो "श्रीवल्लभपुष्टिप्रकाश" या ग्रन्थको ऐसो बड़ो नाम धर्यो सो श्रीवल्लभ सम्प्रदायकी पुष्टिलीलाको वर्णन करनो तो अति अगाध और अपार है। मैं संसारी जीव. मेरी सामर्थ्य और योग्यता कहाँ जो श्रीवल्लभ सम्प्रदायकी पुष्टिलीलाको

प्रकाश करसकूँ । जैसे चेंटी समुद्रमें तेरनो चाहै । और खद्योत सूर्यमण्डलकी समता करचो चाहे, यह सर्वथा असम्भवहै । परन्तु श्रीवल्लभप्यारे । यही नाममें ऐसो गुणहै कि. जैसे बालक अबुद्ध और अज्ञानीभी होय तोऊ ताकी प्यारकी वार्ता बहोत आछी और प्रिय लगेहै । चाहे बालककों बातके समझवे और बोलवेको ज्ञानभी नहीं है. तथापि बड़े लोगनके वचन सुनके वाही रीतिसों बोलवेको उत्साह करेहै. तथा दिठाई और अमर्याद करिके महान् पुरुषनकी देखादेखी करवे लग जायहै । तोऊ बड़े लोग कृपादृष्टिसों बालककी अमर्यादापर क्षमा करकें वाकी प्यारी जो तोतली वाणी जामें कछु अर्थ होय वा न होय परन्तु सुनवेकी इच्छा करेहैं, वाकी अज्ञानतापें दृष्टि नहीं करें जैसे "मधुपाः पुष्पमिच्छन्ति व्रणमिच्छन्ति मक्षिकाः" । तैसे गुणिजन मधुप (भौंरा) के समान सुगन्धही लेवेकी दृष्टि राखे हैं । और माँखी घावपर ही जाय बैठेहै । तासों मोको आशाहै कि पुष्टिमार्गीय सम्प्रदायके सेवक तथा भगवदीय वैष्णव जन मेरी अज्ञानता और भूलचूकको न देखेंगे और क्षमा करेंगे ।

आपका-

मुखियाजी रघुनाथजी शिवजी,

सरस्वती भण्डार,

मथुराजी.

श्रीहरिः ।

श्रीवल्लभपुष्टिप्रकाशकी विषयानुक्रमणिका ।

विषय.	पृष्ठ.	पं०
प्रथम भाग १.		
सातों घरकी सेवाविधि ...	१	५
नित्यसेवाविधि मङ्गलामां शयनपर्यंत	१४	५
राजभोगविधि	३८	१०
उत्थापनविधि	५०	६
शयनआरती	५६	२५
श्रीजन्माष्टमी उत्सव	६२	२
भादो सुदि ४ डंडाचौथि ...	८६	२१
भादो सुदि ८ राधाष्टमीको उत्सव	८७	१५
भादो सुदि ११ दानएकादशी	९०	२
भादो सुदि १२ वमनद्वादशी	९०	१३
आश्विनकृष्ण १ साँझीपहली	९३	३
आश्विन वदि ८ बड़े गोपीनाथजीके लालजी श्रीपुरुषोत्तमजीको उत्सव ...	९४	२
आश्विन वदि १२ श्रीमहाप्रभुजीके बड़े पुत्र श्रीगोपीनाथजीको उत्सव	९४	१३
आश्विन वदि १३ श्रीगुसाँईजीके तृतीयपुत्र श्रीबालकृष्णजीको उत्सव	९४	१९
आश्विन सुदि १ ते नवविलासताँई ...	९५	९
आश्विन सुदि १० दशहराकोउत्सव	९७	१६
आश्विन सुदि १५ शरदपुन्योको उत्सव ...	९९	१८
कार्तिक वदि १३ धनतेरसको उत्सव	१०२	२१
कार्तिक वदि १४ रूपचतुर्दशीको उ०	१०३	२
कार्तिक वदि ३० दिवारीको उत्सव	१०३	१९
कार्तिक सुदि १ गोवर्धनपूजा तथा अन्नकूटको उत्सव	१११	१४
कार्तिक सुदि २ भाईदूजको उत्सव.... ...	११५	२०
कार्तिक सुदि ८ गोपाष्टमीको उत्सव	११६	१८
कार्तिक सुदि ९ अक्षयनौमीको उत्सव	११७	२०
कार्तिक सुदि ११ देवप्रबोधनीको उ०	११८	
कार्तिक सुदि १२ श्रीगुसाँईजीके प्रथम पुत्र श्रीगिरधरजी और पञ्चम पुत्र श्रीरघुनाथजीको उत्सव	१२२	२१

विषय.	पृष्ठ.	पं०
मार्गशिर वदि ८ श्रीगुसाँईजीके दूसरे पुत्र श्रीगोविंदरायजीको उत्सव	१२६	५
मार्गशिर वदि १२ श्रीगुसाँईजीके सप्तम पुत्र श्रीघनश्यामजीको उत्सव	१२६	२३
मार्गशिर सुदि ७ श्रीगुसाँईजीके चतुर्थ पुत्र श्रीगोकुलनाथजीको उत्सव महाउत्सव	१२८	८
मार्गशिर सुदि १५ श्रीबलदेवजीको पाटोत्सव	१२९	१६
पौष वदि ९ श्रीगुसाईजीको उत्सव	१३१	१५
अथ संक्रान्तिको प्रकार ...	१३६	१५
माघ सुदि ५ वसन्तपञ्चमीको उत्सव	१४०	२२
माघ सुदि १५ होरीडांडाको उत्सव	१४४	१८
फाल्गुन वदि ७ श्रीनाथजीको पाटोत्सव	१४५	२०
फाल्गुन सुदि २ गुप्तउत्सवको मनोरथ	१४७	२६
फाल्गुन सुदि ११ कुञ्जएकादशीको उत्सव	१५०	७
फाल्गुन सुदि १५ होरीको उत्सव	१५१	१७
चैत्र वदि १ डोलको उत्सव	१५२	२५
मेषसंक्रान्तिकी विधि	१५८	१२
चैत्र सुदि १ सम्वत्सरको उत्सव	१५९	७
चैत्र सुदि २ पहली गणगौरी	१५९	२५
चैत्र सुदि ३-४ दूसरी तीसरी गणगौरी ...	१६०	३-६
चैत्र सुदि ९ रामनौमीको उत्सव	१६०	२३
वैशाख वदि ११ श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीको उत्सव	१६४	१५
[वै]शाख सुदि ३ अक्षयतृतीयाको उत्सव	१६६	१७
वैशाख सुदि १४ नृसिंहचतुर्दशीको उत्सव ...	१७०	१५
जेष्ठ सुदि १० गङ्गादशमीउत्सव	१७६	९
ज्येष्ठ सुदि १३ श्रीगिरिधारीजी महाराजटीकेतको उत्सव	१७८	२
ज्येष्ठ सुदि १५ स्नानयात्राको उत्सव....	१७८	८
रथयात्रा आषाढ सुदि १-२ जबपुष्यहो	१८२	१४
आषाढ सुदि ६ कसूंबा छठको उत्सव.... ...	१८५	२३
आषाढ सुदि १० श्रीदाऊजीको जन्मदिवस ...	१८६	२४
श्रावण वदि १ हिंडोलाकी विधि ताको उत्सव ...	१८७	१४
श्रावण वदि ११ मनोरथ हिंडोराको	१९०	१०

विषय.	पृष्ठ.	पं०
श्रावण वदि ३० हरियारी अमावस्याको मनोरथ	१९१	२१
श्रावण सुदि ३ ठकुरानी-तीजको उ०	१९२	७
श्रावण सुदि ५ नागपञ्चमी-को उ०	१९३	४
श्रावण सुदि ११ पवित्रा-एकादशीको उ०	१९४	२
श्रावण सुदि १२ पवित्रा द्वादशी	१९५	१८
श्रावण सुदि १३ चतुरा ना-नागाको मनोरथ	१९५	२६
श्रावण सुदि १५ राखीको-उत्सव	१९६	१२
भादो. वदि १ श्रीगोवर्धन-लालजीटीकेतको जन्मदिवस	१९७	१४
भादो वदि ३ हिंडोरा-विजय होय...	१९७	२१
भादो वदि ७ छटीको उत्सव	१९८	१४
अथ ग्रहणविधि.... ...	१९९	४
अथ कत्थाकी गोलीकी विधि	२०४	१३
अथ सामग्रीको प्रमान-तथा विधि... ...	२०४	२१

प्रथमभाग संपूर्ण ।

अथोत्सव निर्णयकी अनुक्रमणिका

द्वितीय भाग २.

विषय.	पृष्ठ.	पं०
अथ मङ्गलाचरण ...	२०७	६
अथ एकादशीनिर्णय ...	२०७	१२
अथ श्रीजन्माष्टमीनिर्णय...	२०७	२१
राधाष्टमीनिर्णय	२०८	७
अथ दानएकादशीनिर्णय....	२०८	११
अथ श्रीवामनद्वादशीनिर्णय	२०८	१८
अथ नवरात्रनिर्णय ...	२०९	२४
अथ विजयादशमीनिर्णय....	२१०	४
अथ शरदपूर्णिमानिर्णय	२१०	२४
अथ धनत्रयोदशीनिर्णय	२११	४
अथ रूपचतुर्दशीनिर्णय	२११	७
अथ दीपोत्सवनिर्णय	२११	१५
अथ भाईदूजनिर्णय	२११	२६
अथ गोपाष्टमीनिर्णय	२१२	५
अथ प्रबोधनीनिर्णय	२१२	८
अथ भद्राको निर्णय	२१२	१२
अथ श्रीगिरधरजीको उत्सव निर्णय	२१२	१७
श्री गुसाईंजी (श्रीविट्ठलनाथजीको उ. नि०	२१२	२२
अथ मकरसंक्रान्तिनिर्णय....	२१३	२
अथ वसन्तपञ्चमीनिर्णय....	२१३	९
अथ होरीडाँडारोपणनिर्णय	२१३	१३
अथ श्रीनाथजीको पाटोत्सव-निर्णय	२१३	२०
अथ श्रीहोलिकानिर्णय	२१३	२४
अथ डोलोत्सवनिर्णय	२१४	१५
अथ संवत्सरोत्सवनिर्णय	२१५	९
अथ श्रीरामनवमीनिर्णय....	२१५	१८
अथ मेषसंक्रान्तिनिर्णय	२१५	२४
अथ श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीको उ. नि०	२१६	१२

विषय.	पृष्ठ.	पं०
अथ श्रीसातों बालकनके उत्सव निर्णय	२१६	२०
अथ श्रीअक्षयतृतीयानिर्णय	२१७	११
श्रीनृसिंहचतुर्दशीनिर्णय	२१७	१४
अथ श्रीगङ्गादशहरानिर्णय	२१७	१८
अथ श्रीज्येष्ठाभिषेकोत्सव-निर्णय	२१७	२२
अथ श्रीरथोत्सवनिर्णय	२१८	१९
अथ श्रीकसूँबाछटनिर्णय...	२१८	२५
अथ श्रीआशाढीपून्योनिर्णय	२१९	४
अथ श्रीहिंडोलादोलनारम्भनि.	२१९	८
अथ श्रीठकुरानीतीजनिर्णय	२१९	१३
अथ श्रीनागपञ्चमीनिर्णय	२१९	१७
अथ पवित्राएकादशीनिर्णय	२१९	२०
अथ रक्षाबन्धननिर्णय ...	२२०	२
अथ श्रीहिंडोलाविजयनिर्णय	२२०	१५

द्वितीयभाग संपूर्ण।

तृतीयभाग ३.

अथ भावभावना।

विषय.	पृष्ठ.	पं०
अथ स्वरूपनकी भावना...	२२१	६
अथ जप तथा माला करवेकी भावना	२२२	२६
प्रथम श्रीभागवत गीताकी-भावना लीला ...	२२७	२३
स्वरूपभावना लीलाभावना-भावभावना.... ...	२२८	१७
श्रीनवनीतप्रियजीकी स्वरूप-भावना	२२९	७
श्रीमथुरानाथजीके स्वरूप-भावना	२२९	१७
श्रीविठ्ठलनाथजीके स्वरूपको भाव	२३१	५
श्रीद्वारिकानाथजीके स्वरूपको भाव	२३२	८
श्रीगोवर्द्धनधरणस्वरूपको--भाव	२३२	२३
श्रीगोकुलचन्द्रमाजीके स्वरूपकी भावना ...	२३३	२०
श्रीमदनमोहनजीके स्वरूपको भाव	२३५	२१
श्रीगोदके छ स्वरूपनको भाव	२३७	१५
अथ लीलाभावनाको भाव....	२३८	१७
खिलोनाधरवेको भाव	२३९	११
श्रीयमुनाजीको स्वरूप इत्यादि भाव	२३९	२५
ब्रह्मसम्बन्धकी भावना	२४३	११
श्रीगुसाँईजीको भाव	२४८	२
वेणूको भाव	२४८	१६
शृङ्गारको भाव	२४९	१८
श्रीगोकुलनाथजीको भाव....	२५१	९
बालकनकी तथा स्वरूपनकी भावना	२५१	१०
श्रीगिरिराजजीको भाव	२५४	२६
श्रीयमुनाजीकी भावना	२५५	२०
श्रीव्रजको स्वरूप	२५६	१४
भावभावना	२५८	७
मन्दिरकी भावना	२५८	८
अथ भागवतकी भावना	२५९	११

विषय.	पृष्ठ.	पं०
सेवाकी भावना	२६३	१७
जन्माष्टमीकी भावना	२६५	२२
राधाअष्टमीकी भावना	२६७	६
दानएकादशीकी भावना	२६७	२०
वामनद्वादशीकी भावना	२६८	४
शङ्खचक्रादितिलककी भावना	२७०	२१
मालाधारणकरवेकी भावना	२७१	१४
एकादशीको निर्णय तथा भाव	२७२	१३
चारयोंजयन्तिनको भाव	२७४	१७
आश्विनशुक्ला १ नवरात्रको भाव	२७५	२५
" १०दशहरको भाव	२७६	४
" १५ शरद्को भाव	"	१६
कार्तिकवदि १३ धनतेरसको भाव	२७७	१५
" १४ रूपचौदशको भाव	२७७	२२
३० दीवारीको भाव	२७८	११
कार्तिकसुदि १ अन्नकूटकी भावना	२८१	२५
" २ भाईदूजको भाव	२८२	१३
८ गोपाष्टमीको भाव	"	२०
" ११प्रबोधनीको भाव	२८४	४
पौषवदि९श्रीगुसाँईजीको भा.	२८६	५
माघसुदि ५ वसन्त पञ्चमी	२८७	१९
" १५ होरीडांडाको भाव	२८८	१७

विषय.	पृष्ठ.	पं०
फाल्गुनवदि ७ श्रीजीको पाटोत्सवको भा०	२२८	२६
" सुदि ११ खेल बड़ोनाको भा०....	२८९	६
" १५ होरीके उत्सवको भा०	"	७
चैत्र वदि १ डोलको उत्सवको भा०	"	१०
चैत्र सुदि ९ रामनवमीको भा.	"	२०
वैशाख वदि ११ श्रीमहाप्रभुजीको उत्सव	२९०	४
वैशाख सुदि ३ अक्षयतृतीयाको भाव	२९५	२३
ज्येष्ठ सुदि १५ स्नानयात्राको भाव	२९६	१३
आषाढ सुदि २ रथयात्राको	२९७	१०
हिंडोराको उत्सवको भाव	२९८	७
श्रावण सुदि ११ पवित्राको उत्सवको भा०	"	
" १५ रक्षाबन्धन उत्सवको भा०	२९९	६
श्रीगोकुलनाथजीको वचनामृत मुहूर्त्त देखवेको०	३०१	

इति तृतीयभाग समाप्त ।

चतुर्थ भाग ४.

विषय.	पृष्ठ.
मन्दिरको चित्र	१
सेवासाहित्यवस्तु	२
आभूषणोंके चित्र	४

विषय.	पृष्ठ.
श्रावण सुदि ५ नागमञ्चमी	२०
,, ,, ११ पवित्रा एकादशी	२१
,, ,, १४ श्रीविट्ठलरायजीको उत्सव	,,
,, ,, १५ राखी पुन्यो	२२
,, ,, १५ श्रीगिरिधरजीके पुत्र श्रीदामोदरजीको उत्सव श्रीनवनीतप्रियजीके घरमें माने है.	२३
भाद्र वदि ७ मैंउतरेहै	,,
जन्माष्टमीके दिनशयनमें....	२४
भाद्रपद वदि ७के दिन छठीकी आरती	२५
,, ,, ८छठी पूजनकी-तथा विराजनेको- .... पलनाके चित्र	२६
,, ,, ,, तिलककी आ०	२७
,, ,, ,, सन्ध्या आ०	२८
,, ,, ,, महाभोगकी आ०	२९
भाद्रपद सुदि५द्वितियस्वरूप-श्रीचन्द्रावली-जीको उत्सव....	३०
,, ,, ८ श्रीराधाष्टमी-को उत्सवकी आ०	३१
,, ,, ,, राजभोग-की आ०	३२

विषय.	पृष्ठ.

भाद्रपद सुदि ११ दान-
एकादशीकी आ० ३३
,, ,, १२ श्रीवामन
द्वादशीकी आ० .... ३४
आश्विन वदि ५ श्रीहरि-
रायजीको उत्सव श्री-
विट्ठलनाथजीके घरमें-
मानेहैं दिवालीके दिन
राजभोगमें भी यही आ-
रती होयहै.... .... ३५
आश्विन वदि ८ वड़ेगोपीना-
थजीकेलालजी श्रीपुरुषो-
त्तमजीको उत्सव ३६
आश्विन वदि ११ श्रीमहाप्र-
भुजीके ज्येष्ठ पुत्र श्री-
गोपीनाथजीको उत्सव ,,
और साँझीनकी आरती ६ ,,
,, ,, १३ श्रीगुसाईं-
जीके तीसरे लालजी श्री-
बालकृष्णजीको उत्सव
की आरती और सांझीनकी५ ३७
,, ,, ३० कोटकी
आरती ३८
आश्विन सुदि १० दशहरा-
की आरती तथा माणवे-
को द० और नवविलास-
की विनानामकी छोटी
छोटी आरती ३९

विषय.	पृष्ठ.
का. सु. ११ प्रबोधनी राजभोग तथा मंडपकी	५३
" " " सन्धा तथा मण्डपकी– चौकी	५४
" " " शयन तथा मण्डपकी चौकी....	५५
" " " मण्डप और आयुध....	५६
" " १२ श्रीगुसाँई जीके बड़े पुत्र श्रीगिरधरजी तथा पञ्चम पुत्र श्रीरघुनाथजीके उत्सवनकी आ० २	५७
मार्गशीर्ष वदि ८ श्रीगुसांई जीके द्वितीय लालजी श्रीगोविन्दरायजीके उत्सवकी तथा श्रीगुसांईजीके उत्सवकी मङ्गला आरती	५८
मार्गशीर्ष वदि १३ श्रीगुसांईजीके ७ वें लालजी श्रीघनश्यामजीके उत्सवकी और मण्डपकी चौकी	५९
मार्गशीर्ष सुदि ७ श्रीगुसांईजीके चतुर्थ लालजी श्रीगोकुलनाथजीको उत्सव	६०
" " १५ श्रीबलदेवजीको पाटोत्सव तथा जन्माष्टमीकी मङ्गलाकी आ०	६१
पौष वदि ९ श्रीगुसांईजीको उत्सव राजभोग तिलककी आ०	६२
" " " शयन और सन्ध्याकी	६३
माघ वदि ६ श्रीदीक्षितजीके उत्सव तथा माघ सुदि पूनम होरीडांडाकी आ.	६४
माघ सुदि ५ वसन्त तथा फाल्गुन सुदि ११ कुञ्जएकादशीकी	६५
फाल्गुन वदि ७ श्रीनाथजीको पाटोत्सवकी........	६६
" सुदि ७ श्रीमथुरेशजीके पाटोत्सवकी	६७
" सुदि १५ होरीके दिनकी	"
फागखेल फाल्गुनमें बगीचामें तथा सुखपालके चित्र	६८
चैत्र वदि १ डोलको चित्र	६९
" " २ द्वितीयापाटको उत्सवकी आ०	७०
" " " फलमण्डली दो	७१
या उपरान्त और विना नामकी ८७ आरती हैं सो उत्सवनमें यथारुचि लेनी	

इति चतुर्थभाग समाप्त.

श्रीः ।

॥ श्रीवल्लभपुष्टिप्रकाश ॥

प्रथम भाग ।

॥ श्रीकृष्णाय नमः ॥ श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः ॥

॥ अथ श्रीसातों घरकी सेवा प्रकाशमें सेवाकी रीतिसों श्रीपुष्टिमार्गमें श्रीठाकुरजीकी सेवाविषे केवल स्नेह वात्सल मुख्य है । जैसे माता अपने बालककी वत्सलता विचारत रहै। और पतिव्रता स्त्री अपने पतिकी प्रसन्नता चाहवो करे । और (यथा देहे तथा देवे) इत्यादि शास्त्रीय विधि पूर्वक जैसे उष्ण-कालमें अपनेको गरमी लगेहै और शीतकालमें अपनेको सरदी लगेहै । और समयपर भूख प्यास लगेहै । तामें जैसे आपन सर्व प्रकारसों रक्षा करें हैं । तैसे समयानुसार भगवत् स्वरूप मेंहूँ विचारत रहे सो ही सेवाहै । और केवल जहाँ माहात्म्यहै सो पूजा कही जायहै । हीयाँ माहात्म्य की विशेषता नहीं है । हीयाँ तो केवल प्रीतकी पहेचान है । जैसे गोविन्दस्वामीने गायो है कि, "प्रीतम प्रीत हीते पैये" जाप्रकार श्रीव्रजभक्त-ननें श्रीठाकुरजीको प्रेम विचारके सेवा करी है । ताही प्रकार श्रीव्रजभक्तनकी आड़ीसूँ यह सेवा है । जैसे या पदमें गायो है के "सेवारीत प्रीत व्रजजनकी जनहित जग प्रगटाई । दास शरण हरिवागधीशकी चरणरेणु निधि पाई" ॥ और सूरदास-

जीने गायोहै। "भज सखि भाव भाविक देव॥कोटिसाधन करो कोऊ तोऊ न माने सेव ॥ १ ॥ धूम्र केतु कुमार मांग्यो कौन मारग नीत । पुरुषते स्त्रिय भाव उपज्यो सबें उलटी रीत ॥ २ ॥ वसन भूषण पलटि पहिरें भावसों सञ्जोय। उलटी मुद्रा दई अङ्कन वरन सूधे होय ॥ ३ ॥ वेद विधिको नेम नाहीं प्रीतकी पहिचान । व्रजवधू वश किये मोहन सूर चतुर सुजान" ॥४ ॥ सो जब प्रेमकी परा काष्ठा दशा आवे तब वत्सलता उत्पन्न होय है । पूर्णदशामें नेम तथा माहात्म्य नहीं रहे।जैसे दोयसो बावन वैष्णवनकी वार्तामें प्रसङ्ग है कि बाघाजी रजपूत घोड़ा-पर सवार राजा के सङ्ग सवारीमें जातहतो सो श्रीठाकुरजीने जतायो कि राजभोगके थालमें घृत थोड़ो धरचोहै। सो श्रीठा-कुरजी गलो खुजावतहैं । सो तत्काल राजाकी सवारी छोड़ घोड़ा दौड़ाय दुकानते घृतलेके घर आय टेरा सरकाय श्रीठा-कुरजीकूं घृत भोग धरचो। सो वत्सलताकी उतावलमें जोड़ीहू उतारबो भूलिगये । सो एक वैष्णव यह अनाचार देखि विनके घर महाप्रसाद न लीनो । तब वा वैष्णवकूँ रात्रिमें श्रीठाकुर-जीने स्वप्नमें जनायो कि तैनें बाघजीको अनाचार देख्यो परन्तु वाकी प्रेमकी पूर्णावस्था में देहानुसन्धान नहीं रह्यो सो तैनें नहीं देख्यो ताते विनके घर जायकें महा प्रसाद लेय। ऐसेही एक गिरासिआ रजपूतकी वार्तामें है। राजभोगकी चौकी कछु दूर हती श्रीठाकुरजी उझकिकें अरोगते सो जानिके गिरासिआ वैष्णव पाँचो कपडा पहिरे झट भीतर जायके श्रीठाकुरजीके नजीक चौकी सरकाई। कपडा उतारत ढील होती इतनो श्रम श्रीठाकुरजीकूं होतो सो इनको पूर्ण स्नेह देखि श्रीठाकुरजी बोहोत प्रसन्न भये । सो श्रीठाकुरजी

तो स्नेहके वसहैं । और छांदोग्य उपनिषदमें भगवतवाक्यहैः- कि "न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानैर्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः । प्राप्तिश्च मामेव किं कोटियत्नैः सर्वात्मकं प्रेम सूत्रेपि वद्धम्॥१॥

अर्थ-न वेदपढवेसों न यज्ञकरवेसों न दान करवे सों न कर्ममार्गसों न उग्र तप करवेसों इत्यादि कोटिन उपायसों मेरी प्राप्ति नहीं केवल प्रेमके कच्चे सूतसों मैं बन्ध्योहूँ । ऐसेही श्रीमद्भागवतके नवमस्कन्धमेंहू कह्योहै । "अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतन्त्र इव द्विज।"श्रीभगवान केहे हैं कि हे नारद।अस्वतन्त्रकी नाई मैं अपने भक्तनके पराधीन हूँ । अर्थात् जब उठावें तब उठोंहों जब पौढावे हैं तब सोऊंहूं जब भोगधरेहैं तव भोजन करूंहूं इत्यादि । अपने भक्तनके भावके वश होय रह्योहूं सो व्रजभक्तन समान प्रेमलक्षणा भक्ति काहूनें नहीं करी सो यह पुष्टिभक्ति है ताते सूरदासजीने गायोहै । "गोपी प्रेमकी ध्वजा ॥ जिन गोपाल किये वश अपने उरधरि श्यामभुजा" ॥ सो फिर पूर्णपुरुषोत्तम साक्षात् आप अपने दैवीजीवनके उद्धारार्थ निजधामते भूतल पर श्रीआचार्यरूपते प्रगटहोय पुष्टिमार्ग प्रगटकियो । श्रीगोवर्द्धननाथजीसों मिले । और सब जीवनकों शरणले सन्मुख किये पाछे श्रीगुसाँईजी (श्रीविट्ठलनाथजी) स्वतः श्रीनन्दकुमार आपके प्रकटहोय, कोटिकन्दर्प लावण्यस्वरूप श्रीनाथजी श्रीगोवर्द्धन धारण किये । जो सारस्वतकल्पमें श्रीव्रजमें प्रगटहोय सात स्वरूपते ग्यारह वर्ष बावन दिन पुष्टिलीला करीहै । षोड़श गोपिकाके मध्ये अष्ट कृष्ण होतेभये । श्रीनाथजी १ श्रीनवनीतप्रियजी २ श्रीमथुरानाथजी ३ श्रीविट्ठलनाथजी ४ श्रीद्वारिकानाथजी ५ श्रीगोकुलनाथजी ६ श्रीगोकुलचन्द्रमाजी ७ श्रीमदनमो-

हनजी ८ यह स्वरूपनकी सेवाको प्रकार पुष्टिमार्गरीतके अनुसार चलायो और आप सेवा करके अपने जननकों बताई। सो वल्लभाख्यानमेंहू कह्योहै। " जो आप सेवाकरि शीखवी श्रीहरिः " फिर श्रीगुसाँईजीके सात बालक प्रगटभये। प्रथम श्रीगिरधरजी १ श्रीगोविन्दरायजी २ श्रीबालकृष्णजी ३ श्रीगोकुलनाथजी ४ (जिनको श्रीवल्लभ नामहै) श्री रघुनाथजी ५ श्रीयदुनाथजी ६ जिनकों श्रीमहाराजजीहू कहेहैं श्रीघनश्यामजी ७ सो सात बालकके एक एकके बटमें एक एक स्वरूप पधराए। और श्रीनवनीतप्रियजी श्रीनाथजीके गोदके ठाकुरजी सो श्रीनाथजीके पासही विराजे। और श्रीनाथजीकी सेवा तो सब बालक मिलके करते। और अपने अपने घर सेव्यस्वरूपकीहू सेवा करते। तासों यासम्प्रदायमें सात घर कहे जायहैं। और श्रीयदुनाथजी तो श्रीनवनीतप्रियजीकी सेवामें आसक्त रहते। तासों न्यारो स्वरूप नहीं पधरायो। और श्रीबालकृष्णजी, श्रीनटवरलालजी, श्रीमुकुन्दरायजी, श्रीगोदके ठाकुरजी, सो श्रीनाथजीके पासही बिराजते। अब श्रीयदुनाथजीके बंसमें श्रीगिरधरजी महाराजकाशीवारे। श्रीमुकुन्दरायजीकों अपने माथे पधराये, ताते आठमों घर श्रीयदुनाथजीको श्रीमुकुन्द-रायजीको मन्दिर बाजेहै। सो यहाँ सेवाकी रीति श्रीनवनीत प्रियजीके घरकी रीति अनुसार होयहै। और बोहोत करकें साता घरकी प्रनालिका तो एकही है। जैसे प्रथम घण्टानाद, फिर शङ्खनाद होयहै। पाछे श्रीठाकुरजी जागे मंगलभोग आवे, पाछे आरती होय तापाछे स्नान होय शृङ्गार होय। पाछे गोपी वल्लभ भोग आवे ग्वाल होय पाछे राजभोग होयके, आरती

होय पाछे अनोसर होय पाछे उत्थापन होय भोग सन्ध्या और शयन होयहै याप्रमान नित्यरीति तथा वर्ष दिनके उत्सव तथा व्रतादिकको निर्णय ये सब जगे होय सोही मान्योजाय परन्तु कोई कोई सेवाकी रीतिभाँतिमें अन्तर पड़ेहै ताको कारण यहहै जहाँ जो स्वरूप बिराजै तिनकी लीलाकी भावनासों सेवा होयहै कहीं नन्दालयकी लीलाहै कहीं निकुञ्जकी लीलाहै कहूँ प्रमाणप्रकरणकी प्रगटहै और गुप्तहै और कँही प्रमेय प्रकरणकी प्रगट है और सब गुप्त है कहूं साधन, कहूं फलकी प्रगटहै और गुप्त है जैसे श्रीनाथजी आदि सातों मन्दिरनमें जहा श्रीठाकुर जी बिराजे हैं तहां एकही द्वार निज मन्दिरमें राखवेकी रीति है। और जगमोहनमें तीन दर रहे हैं। और शय्या मन्दिर वामभागमें रहे। और मन्दिर पूर्वमुख अथवा उत्तरमुख। और डोलतिवारी दक्षिण मुख। और चौकके बाहर हथिआपोरी और सिंहपोरि होय, ताके आगे श्रीगोवर्द्धन चौक रहे है यह श्रीमन्दिरकी रीति है। अब श्रीनवनीत प्रियजीके सिंहासनकी पीठकपें चार कलसा लगे हैं। और घरनमें प्रायः तीन कलसा लगावेकी रीति है। और राजभोगके समय श्रीनवनीत प्रियजीके सिंहासनके आगे, खण्ड, (सिढ़ी) ताके आगे पाट बिछे ताके ऊपर चौपड़ बिछे ताके आगे एक छोटी चौकी बिछकें, राजभोग आरती होय है। सो भोगके दर्शन होय चुकवेपें आवे तब चौकी पाट, खण्ड, सब उठाय लियो जाय फिर टेरा होय सन्ध्याभोग आवे। और श्रीगोकुलनाथजी तथा श्रीविट्ठलनाथजी तथा श्रीमदनमोहनजीके यहांतो भोग समय तीन चौकी खण्डके आगे रहें। बीचकी चाकीपर चौपड़ माड़ीरहे। दोनोंबगलकी चौकीपर छोटीसी गादी बिछीरहे।

और श्रीचन्द्रमाजीके राजभोगके समय चौपड़की चौकी शय्याके पास रहे । और खण्डके आगे एक छोटी चौकी धरीजाय है । और पाछे भोगके समय तीनों चौकी बिछेहैं । और राजभोगके समय खण्डके आगे एक आसन पाटकेठिकाने बिछेहैं । ताके ऊपर एक छोटी चौकी बिछेहै । ऐसेही श्रीगोकुलनाथजीके घरमें रीति है सो अक्षय तृ-तीयासों छिडकाव होय तबसूँ एक चौकी गादी सुद्धा खण्डके आगे आवे है । रथयात्राताईं। फिर सुजनी। श्रीगोकुल नाथजीके मन्दिरमेंहूँ राजभोगके समय खण्डके आगे सुजनी अथवा आसन बिछेहैं । ताके ऊपर गाय, घोड़ा, हाथी, आदि खिलोना धरे जाँय हैं । सो सन्ध्या आरतीसे पहिले उठाये जाँयहैं । और राजभोग समय गेंद चौगान सिड़िपें दोऊ आडी धरीजाय हैं । और और मन्दिरनमें सब ठिकाने गेंद चौगान एकही बगल दाहिनी दिश धरीजायहै। और श्रीगोकु-लनाथजीमें गादीके दोऊ आडी तकिया नहीं धरे जायहैं । ताको भाव यह है जो श्रीगोकुलनाथजीके गादीके आस पास एकही सिंहासनऊपर श्रीविट्ठलनाथजी तथा श्रीमदनमोहनजी बोहोतदिन तांई बिराजे तब बगली तकिया नहीं रहते । सोही भावसों अबहूँ नहीं धरेहैं । और राजभोगमेंहूँ तीन थार आवे हैं । और दोऊ आड़ी दर्पन रहेहैं । और मन्दिरनमें दर्पन राजभोग आरती पीछे सिड़िपर (खण्डपर) धरचोजाय है । और हीयां गोकुलनाथजीमें शयन आरती समय गादीके पास झारी, बीड़ा सदाँहीं रहे हैं । और श्रीगोकुलचन्द्रमाजीमें राम नवमीते दशहरा तांई शयनमें, झारी बीड़ा, रहे हैं । दशहरा ते झारी नहीं रहे । और मन्दिरनमें शयन समय वीड़ा, रहे

झारी नहीं रहे। श्रीबिट्ठलनाथजीमें शंखोदक दोय बिरियां होय एक राजभोग आये, और दूसरे राजभोग आरतीपाछे शंखोदक होय पाछे वाई जलसों सबनको मार्जन करे है।

और श्रीगोकुलचन्द्रमाजीमें शृंगार आरती होयवेकी रीति है। और मन्दिरनमें नहीं। और पादुकाजीकी पलङ्गड़ी कोई मन्दिरनमें दक्षिण भागमें बिराजे हैं। और शय्या सबजगे वामहीं भागमें बिछवेकी रीति है। और तुलसीदल जो श्रीठाकुरजीके चरणारविन्दमें राज भोग आये धरावे हैं सो श्रीगोकुलनाथजी तथा श्रीगोकुलचन्द्रमाजीके तुरतही बड़े होयजाय है! और ठिकाने राजभोगसरेपीछे बड़े होय। और राजभोग आरती भये पाछे माला सबजगे बड़ी होय है। सो बगली तकियापर अथवा तबकड़ीमें दाहिनी दिश रहे है। और जादिन तिलक होय तादिन माला बड़ी नहीं होय है सो उत्थापन समय बड़ी होय है। याप्रकार उत्सवमेंहू कितनीक रीतिभाँतिमें अन्तर पड़े है।

अब जन्माष्टमीके दिन प्रातःकाल श्रीठाकुरजीको पञ्चामृतस्नान सब ठिकाने शंखसों होयहै। और श्रीमदनमोहनजीमें कटोरीसूं होयहै। और जन्म समय श्रीगिरिराजजी तथा शालग्रामजीकों पञ्चामृत शंखसों होयहै। और श्री नवनीत प्रियजी। श्रीमथुरेशजी। श्रीगोकुलचन्द्रमाजी। जन्माष्टमी के दिन वागा केशरी। और कुल्हे केशरी धरावे हैं। और श्रीगोकुलनाथजी। श्रीविट्ठलनाथजी। श्रीमदन मोहनजी। ये, केशरी बागा और सुपेत कुल्हे धरेहैं। और राधाष्टमीको सब ठिकाने बागा केशरी और कुल्हे केशरी

धरावेहैं। श्रीनवनीतप्रियजी सदाही पालने झूल हैं। और श्रीविट्ठलनाथजी जन्माष्टमीते राधाष्टमी ताईं पालना झूलेहैं। और श्रीगोकुलनाथजी तथा श्रीगोकुलचन्द्रमाजी एकही दिन नवमीको पलना झूले हैं। और श्रीगोकुलचन्द्रमाजी दशमीके दिनाहूं झूलेहैं। और श्री मदनमोहनजी छठी ताइ पालना झूलेहैं। और दान एकादशी तथा वामनद्वादशीभेलीहोंयतो श्रीगोकुनाथजी तथा श्रीगोकुलचन्द्रमाजी किरीटमुकुट धरेहैं। और मन्दिरनमें केशरीबागा तथा केशरी कुल्हेही धरेहैं। और शरदपुन्योकों कोई मन्दिरनमें नित्यकी रीतिसों शयन आरती जलदी होय जायहै। और श्रीचन्द्रमाजी शरदमें नहीं बिराजे हैं। वादिना शयन बेगि होय जायहै। और कोई ठिकाने दिवारीको एक दिन हटरी में बिराजेहैं। और कहुं पाँच दिन शीस महलमें शयन के दर्शनहोयहै। और श्रीगोकुलनाथजीमें। श्रीगिरिराज पूजनमें स्नान दूधसों और जलसों होयह। और मन्दिरनमें दूध तथा दहीसों होयहै। और श्रीगोकुलचन्द्रमाजीमें श्रीगिरिराजजीको पञ्चामृत स्नानहोयहै। और अन्नकूटको भोग आवे तहाँ कोई मन्दिरन में सिंहासनके आगे गलीरहे हैं। और कोई मन्दिरनमें गली नहीं रहे हैं। और प्रबोधनीको और मन्दिरनमें देवोत्थापन करके श्रीबाल कृष्णजी अथवा श्रीगिरिराजजी कों पञ्चामृत स्नान कराय के पाछे जड़ावर धरायके पाछे मण्डप को भोग आवे है। और श्रीगोकुलनाथ जीमें पहेले पहेले पञ्चामृत स्नान होय पाछे जड़ावर धराय पाछे देवोत्थापन होयहै। और वसन्तपञ्चमीकों सब ठिकाने पागको शृङ्गार होयहै।

और श्रीगोकुलनाथजी तथा श्रीगोकुलचन्द्रमाजीमें और श्रीमथुरेशजीमें तथा श्रीमदनमोहनजीमें कुल्हे होयहै । सोही डोलको भी होयहै । सब ठिकाने राज भोग पाछे खेले हैं फिर उत्सवभोग आवे है ।और श्रीविट्ठलनाथजीमें वसन्त पीछे छठते शृङ्गारमें वसन्त खेलेहै । सो होरीडाँडाताईं । पाछे राजभोग पीछे खेलेहैं। और डोलमें शृङ्गारसमें बिराजें पाछे राजभोग आवे । श्रीगोकुलनाथजीमें वसन्तपीछे छठते शृङ्गारहीमें खेले । सो डोलप्पर्यन्त । पाछे राजभोग आवेहै। श्रीमदनमोहनजीम छठते शृङ्गार पाछे खेल। पाछे राजभोग आवेहै । और एक वसन्तपञ्चमीको उत्सवभोग सब जगे आवेह । और नित्यखेलके समय पासही एक पडघापें छन्नासों ढाकके आवे है । और रामनौमी कों श्री विट्ठलनाथजी तथा श्रीगोकुलनाथजी तथा श्री मदनमोहनजी यह तीनो ठिकाने प्रातः सम श्रीठाकुरजीको जन्माष्टमीवत् पञ्चामृतस्नान होयहै ।औरजगे जन्म समय श्रीबालकृष्णजी अथवा श्रीगिरिराजजीकोंही पञ्चामृत स्नान होयहै।और केशरी बागा केशरी कुल्हे सब जगह धरावेहैं श्रीमहाप्रभुजीके उत्सवके दिन केशरीसाज केशरीबागा केशरी कुल्हे सब मन्दिरनमें धरे ह।और श्रीगोकुलनाथजीमें श्वेतसाज श्वेतही कुल्हे रहेहैं। और तिलक नहीं होयहै । सो ताको कारण कि श्रीपादुकाजी श्रीमहाप्रभुजीके चोरीमें गये मन्दिरमें ते ता ते विरह मानेहैं । और अक्षयतृतीयाते सब मन्दिरनमें उष्ण कालको सब साज सुपेद होयह । सो पिछवाइ, चन्दुआ, बागा, वस्त्र, सब साज सुपेद रहे । और नित्य मोतीनके

आभूषण धरेहै । चन्दनी पंखा, गुलाबदानी, माटीके कुञ्जा, आदि सब श्रीठाकुरजीके पास धरे जायहै । उत्थापनमें भिजोई, धोई दार, कच्ची । तरमेवा, पणो, आदि शीतल भोग शीतल पदार्थ भोग आवेहै । छिड़काव होयहै । खसके टेरा (पड़दा.) लगेहैं । सो सब रथयात्राताईं रहैं । पाछे कछु कमती होजाँय हैं । श्वेत साज कसूंभाछठ (आसाढ़सुदि ६) ताँईं रहेहै । कहूँ अषाढ़पुन्यो ताँईं रहेहै । श्रीगोकुलनाथजीके पवित्रा ऐकादशीताँईं रहेहै ।

श्रीनृसिंहचतुर्दशीको केशरी कुल्हे, केशरी वागा, सब जगे धरेहै । और श्रीगोकुलचन्द्रमाजीमें केशरी छापा तथा चोवाके छापाके पिछोरा पागको शृङ्गार होयहै । श्रीमदनमोहनजी श्वेतकुल्हेधरे वस्त्र छापाके स्नानयात्राके ज्येष्ठाभिषेकमें । , जहाँ ठाढ़े स्वरूप विराजतहोंय । तहाँ सोनेके आभूषण, तिलक, कड़ा, नूपुर, कटिमेखला, श्रीकण्ठी, वेसर, सब धारणकरे । श्रीबालकृष्णजीको छोटो स्वरूप होय तो श्रीकण्ठमें कण्ठी तथा तिलक धरे । ऐसेही जन्माष्टमीके पञ्चामृतस्नान समय आभूषण रहैं ।

रथयात्रा ।

रथयात्राको और सब जगे राजभोग पीछे रथमें विराजेहै । श्रीगोकुलनाथजी तथा श्रीविट्ठलनाथजी तथा श्रीगोकुलचन्द्रमाजी श्रीमदनमोहनजी । ये स्वरूप शृंगारमें हीं रथमें विराजेहैं । और कोई मन्दिरनमें रथमें घोड़ा लगेहैं । और कोई मन्दिरनमें शयनसमय घोड़ा लगेहैं । और श्रीनवनीत प्रियजीके रथमें घोड़ा नहीं लगे हैं । और सावन

में जादिन हिंडोरा विराजे तादिनते आभूषन जड़ाऊके धरावेहैं। लाल बागो तथा पागके शृंगार होय है। श्रीगोकुल नाथजी तथा श्रीगोकलचन्द्रमाजी श्रीमदनमोहनजीमें कुल्हे को शृंगार होयहै। सोई शृंगार सब ठिकाने पहले दिनको सोई हिंडोराविजय होय तादिन होय है। और उत्सवके भोगमें और सब ठिकाने धूप, दीप शंखोदक होय हैं। और श्रीगोकुल-नाथजी तथा श्रीगोकुलचन्द्रमाजीमें राजभोगमें होयहै। और एक जन्माष्टमीके महाभोगमें होयहै और कोई भोगमें नहीं होय है॥

श्रीनवनीतप्रियजीके शयनके दर्शन।

श्रीनवनीत प्रियजीके दर्शन और श्रीनवनीतप्रियजीके शयनके दर्शन चालीस दिन बसन्ततें डोलताई होय हैं। और बीचमें हिंडोरा, फूलमण्डली, आदि मनोरथ होय तब शयन के दर्शन होयहैं। सोई रीति श्रीमुकुन्दरायजीके घरमें है। शयनके दर्शन सदा नहीं होय हैं। और मन्दिरमें शयनके दर्शन होय हैं। या प्रकार श्रीगुसाँईजीकी सेवाको प्रकार सब घरनमें वर्त्तमान है। और श्रीगुसाँईजीके पीछे श्रीगोकुलनाथ जी (श्रीवल्लभ) नव वर्ष पर्यन्त भूतलपर विराजे सो श्रीजी की सेवाको प्रकार तथा आभूषण आदि अनेक प्रकारको वैभव बढ़ायो। और पुष्टिमार्गके अनेक सिद्धान्त बचनामृतद्वारा प्रगट करि प्रकाश किये। और चिद्रूप सन्यासीकों जीतकरमालाको धर्म राख्यो और पुष्टिमार्गको विस्तार कियो। और फिर गोस्वामिबालकननें मनोरथकरके सब घरनम कित नीक रीत अधिक बढ़ाई। और कोई कारन करके कितनीकई

प्राचीनरीत गुप्तहू होतीगईहै जैसे श्रीनाथजीमें अब वर्षोवर्ष श्री दाऊजीमहाराजके समयते मार्गशिर सुदी १५को छप्पन भोग होयहै । और श्रीद्वारिकानाथजीमें फाल्गुनसुदि १२ को ८४ खम्भाको कुञ्ज बन्धैहै । और श्रीगोकुलनाथजीमें राजभोगमें एक धूपही होयहै । दीप नहीं होयहै ताको कारन कोई समय अग्निको उपद्रव भयोहतो तासों दीपकी रीत नहीं रही । ऐसेही-घटती बढती होयजायहै अब एतन्मार्गमें चौबीस एकादशी और चार जयन्तिनको व्रत करनों यह आवश्यक करनो कह्यो है । और दशमीविद्धा एकादशीको व्रत सर्वथा निषिद्धहै । ताको तथा उत्सवनको निर्णय आगे दूसरे भागमें विस्तारसों लिख्योहै तामें देखलेनों ॥

चारों जयन्ती ।

अब चारचों जयन्तिन को व्रत श्रीमथुरेशजीक घरमें निराहार रहवे को आग्रहहै और मन्दिरनमें फलाहार कयो है । और श्रीगोकुलनाथजीमें तथा श्रीगोकुलचन्द्रमाजीमें ये चारचों जयन्तिनमें जन्मभये पाछे पारणा, महाप्रसाद लेवेकी रीति है । तहाँ श्रीगोकुलचन्द्रमाजीमें जन्माष्टमीके अर्द्धरात्रीके समय जन्मभये पाछे पञ्जीरीआदि कछुक लेनो आवश्यक कह्योहै । सो या प्रकार जो जाघरके सेवक होंय ताकी रीतप्रमाणे सेवाविधिकी पुस्तक देखि विचारके अपने श्रीठाकुरजीकी सेवा करनी । और पुष्टिमार्गीयजननकों भगवत्सेवा तथा भजन स्मरन, तनजा, धनजा, मनजा, सों जितनो बनिआवे सो अवश्य करनों । कह्योहै कि "सेवायां वा कथायांवा यस्यां भक्तिर्दृढा भवेत् ।" यही मुख्य धर्म अरु

१ बाबा आवे न घण्टा बाजे ।

परम पुरुषार्थहै तासों सेवा और भजन नहीं छोडनों जासों जो कछु श्रद्धापूर्वक शुद्धभावसों और प्रेमतें जो बनिआवैहै सो सब श्रीमहाप्रभुजीकी काँनते श्रीठाकुरजी अङ्गीकार करेहैं। और एतन्मार्गीय वैष्णवजनको भगवत्सेवा भजन छोडि अन्य धर्ममें प्रवृत्ति होनो सर्वथा बाधकहै। यह श्रीमहाप्रभुजीके वाक्यहैं कि " श्रीकृष्णसेवा सदा कार्या मानसी सापरा मता " । यही सेवाको साधन करतेकरते मानसी सेवा सिद्ध-होयजायहै । और ऐसे करतेकरते सब अनुभव होयवेलगजा-यहै । जैसे राजा आसकरनजीको साधन करते करते मानसी सिद्धि होगई । और रणमें घोडाऊपर सवारहोय मानसी सेवा करते चल्यो जायहै । तहाँ राजभोगधरतमें घोडा उछर्यो सोही कढीको डबरा छलक्यो तातें जामा भीजगयो और शत्रुभी भाजगयो तातें वैष्णवजनको सत्संग और सेवा भजन में जो तत्पर रहे तो लौकिक अलौकिक सब प्रभुकी कृपाते सिद्ध होयजाय ऐसी ऐसी अनेक बातहैं कहाँताई लिखिये ग्रन्थको विस्तार होजाय अस्तु ॥

यह सातों घराकी रीत लिखीहै आगें जो जों घरके सेवक होंय ता ता घरकी रीत करनी ।

अब याके आगे विस्तारपूर्वक श्रीहरिरायजी कृत आह्निक सब प्रतिदिन की सेवा ताके आगे उत्सवसेवा विधि पूर्वक विस्तारसों दिनादिनकी लिखीहै ताके आगे क्रमसों उत्सव निर्णय तथा भाव भावना तथा सेवा साहित्यके चित्रादि लिखेगयेहैं ॥

इति श्रीशुभम् ।

श्रीहरिः

श्रीवल्लभपुष्टिप्रकाशप्रारम्भः ।

श्रीकृष्णाय नमः॥ श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः ॥

अथ नित्यसेवाविधिः ।

"नत्वा श्रीवल्लभाचार्यान् पुष्टिसेवाप्रकाशकान् ॥ तदंगीकृत भक्तानामाह्निकं विनिरूप्यते ॥१ ॥ श्रीविट्ठलेशपादाब्जपरागान् भावयाम्यहम् ॥पुष्टिमार्गप्रवृत्तानां भक्तानां बोधसिद्धये॥२" ॥ अथ सूर्योदयते रात्रि ६वा ४ घड़ी रहे(अर्थात् ब्राह्ममुहूर्त्तमें)सोवतते उठि श्रीभगवन्नाम(शरणमन्त्रादि)लेत रात्रिको वस्त्र बदलि हाथपाँव धोय कुल्ला ३ करिये । पाछे चरणामृत लेनो पाछे पूर्व वा उत्तर मुख बैठकें श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी को नामलेइ विज्ञप्तिसों दंडवत करिये । तत्रादौ श्रीमदाचार्यान्नत्वा विज्ञापयेत् "वंदे श्रीवल्लभाचार्यचरणाब्जयुगं लसत्॥ यतो विंदेद्व्रजाधीशपदांबुजमघापहम्॥३॥" ततः श्रीमद्विट्ठलाधीशान्नत्वा विज्ञापयेत्।"श्रीगोकुलेशपादाब्जपरागपरिपूर्त्तये ॥ कायवाङ्मनसा नित्यं वन्दे वल्लभनंदनम् ॥" ४ ॥ततः श्रीमद्गिरिधरादिसतकुमारान् पृथक् पृथक् स्मृत्वा प्रणमेत्, तत्रादौ श्रीगिरिधरं"यदंगीकारमात्रेण नवनीतप्रियः प्रियम् । निजं तं मनुते नित्यं तं वंदे गिरिधारिणम् ॥"५॥ततः श्रीगोविंदरायम्

"यत्पदाम्बुरुहद्ध्यानाद्गोविन्दं विन्दते जनः॥ वंदे गोविन्दरायं तंश्रीविट्ठलेशमुदावहम्॥"६ ॥ततः श्रीबालकृष्णम्"यदनुद्ध्यानमात्रेण स्वकीयं कुरुते जनम्॥ द्वारिकेशो विशालाक्षं बालकृष्णमहंभजे॥"७॥ततः श्रीगोकुलनाथम् "यस्यस्मरणमात्रेण गोकुलेशपदाश्रयः ॥ जायते सर्वभावेन तं वंदे गोकुलेश्वरम्॥ ८॥ ततः श्रीरघुनाथम् "यस्याश्रयाद्भवेदाशु गोकुलेशपदाश्रयः॥ तं विट्ठलपदासक्तं रघुनाथमहं भजे॥"९॥ततः श्रीयदुनाथम्"यदुनाथमहं बन्दे बालकृष्णपदाश्रयम्॥ रुक्मिणी हृदयानंददायकं भक्तवत्सलम्॥"१०॥ततःश्रीघनश्यामम्"यत्कृपालवमाश्रित्य भवसागरम् ॥ पद्मावतीमनोमोदं घनश्याममहं भजे॥" ११॥ ततः स्वगुरून्नत्वा विज्ञापयेत्" त्राहि शंभो जगन्नाथ गुरो संसारवह्निना॥ दग्धं मां कालदष्टं च त्वदीयं शरणं गतम्॥"१२॥ ततः श्रीगोवर्द्धनाधीशम् यथादृष्टं श्रुतं ध्यात्वा प्रणमेत्"वामे करे गिरिं स्त्रीषु मुदमिन्द्रे च साध्वसम्॥धारयन्तमहं वन्दे चित्रं गोपेषु गोप्रियम्॥" १३ ॥ तदनु श्रीनवनीतप्रियप्रभृतिस्वप्रभून् पृथक् पृथक् स्मृत्वा प्रणमेत्। तत्रादौ श्रीनवनीतप्रियम् "नवनीतप्रियं नौमि विट्ठलेशमुदावहम्॥ राजच्छार्दूलनखरं रिंगमाणं वृजांगणे"॥ १४ ॥ ततःश्रीमथुरेशम्"मथुरानायकं श्रीमत्कंसचाणूरमर्दनम् ॥ देवकीपरमानंदं त्वामहं शरणं गतः ॥ १५ ॥ ततः श्रीविट्ठलेशम्"सर्वात्मना प्रपन्नानां गोपीनां पोषयन्मनः॥ तं वंदे विट्ठलाधीशं गौरश्यामप्रियान्वितम्॥" १६ ॥ ततः श्रीद्वारकाधीशम्"इन्दीवरदलश्यामं द्वारकानिलये स्थितम्॥ चतुर्भुजमहं वन्दे शङ्खचक्रगदायुधम्॥१७॥ ततः श्रीगोकुलेशम्"गोवर्द्धनधरं देवं,चतुर्बाहुं

भयापहम्॥गोकुलेशं नमस्कृत्य शरणं भावयाम्यहम्॥ १८ ॥ ततः श्रीगोकलेन्दुम् "श्रीगोकुलेन्दोश्च पादारविन्दे स्मरामि सर्वान् विषयान् विहाय ॥ अतो न चिन्ता खलु पापराशेः सूर्य्योदये नश्यति तत्तामिस्रम् ॥"१९॥ ततः श्रीबालकृष्णम् "नमामि श्रीबालकृष्णं यशोदोत्संगलालितम् ॥ पूतनासुपयः पानरक्षिताशेषबालकम् ॥" २० ॥ ततः श्रीमदनमोहनम् "जगत्रयमनोमोहपरो मन्मथमोहनः ॥ स्वामिनीहृदयानंद त्वामहं शरणं गतः ॥"२१॥ ततः सेव्यप्रभून्नत्वा विज्ञापयेत् ॥ "नमः श्रीकृष्णपादाब्जतलकुंकुमपङ्कयोः ॥ रुचयत्यरुणं शश्वन्मामकं हृदयाम्बुजम् ॥" २२ ॥तदनु श्रीस्वामिनीजी प्रणमेत्। वृन्दाटवीकुञ्जपुञ्जरसैकरपुनागारे॥ नमस्ते चरणाम्भोजं मयि दीने कृपां कुरु ॥ २३ ॥ ततः श्रीमद्यमुनां पाद्मोक्तप्रकारेण स्मृत्वा प्रणमेत्।"त्रयी रसमयी शौरी ब्रह्मविद्या सुधावहा॥ नारायणीश्वरी ब्राह्मी धर्ममूर्तिः कृपावती ॥ २४ ॥ पावनी पुण्यतोयाद्या सप्तसागरसंङ्गता ॥ तापिनी यमुना यामी स्वर्ग सोपान वर्द्धनी ॥ २५ ॥ कालिन्दीकेलिसलिला सर्वतीर्थमयी नदी ॥ नीलोत्पलदलश्यामा महापातकभेषजा ॥ २६ ॥ कुमारी विष्णुदयिताह्यवारितगतिः सरित् ॥ शरणागतसन्त्राणे निपुणा सगुणागुणा ॥ २७ ॥ य एभिर्नामभिः प्रातर्यमुनां संस्मरेन्नरः॥ दूरस्थोऽपि स पापेभ्यो महद्भ्योपि विमुच्यते ॥" २८ ॥ ततो भ्रमरगीतोक्तं "श्लोकषट्कं पठित्वा व्रजभक्तान् प्रणमेत् "एतः परं तनुभृतो ननु गोपवध्वो गोविन्द एव निखिलात्मनि गूढभावाः ॥ वाञ्छन्तियं भवभियो मुनयो वयञ्च किं ब्रह्मजन्मभिरनंतकथारसस्य ॥ २९ ॥

क्वेमाः स्त्रियो वनचरीर्व्यभिचारदुष्टाः कृष्णे क्व चैषपरमात्मनि गूढभावः ॥ नन्वीश्वरो नुभजतो विदुषोपि साक्षाच्छ्रेयस्तनोत्यगदराज इवोपयुक्तः ॥ ३० ॥ नायं श्रियोंग उ नितांतरतेः प्रसादः स्वर्योषितां नलिनगन्धरुचां कुतोऽन्यः ॥ रासोत्सऽवेस्य भुजदंडगृहीतकण्ठ लब्धाशिषांयउदगाद्व्रजवल्लवीनाम् ॥ ३१ ॥ आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम् ॥ या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथञ्च हित्वा भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम् ॥ ३२ ॥ या वै श्रियार्चितमजादिभिराप्तकामैर्योगेश्वरैरपि यदात्मनि रासगोष्ठयाम् । कृष्णस्य तद्भगवतश्चरणारविन्दं न्यस्तं स्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम ॥ ३३ ॥ वन्दे नन्दव्रजस्त्रीणां पादरेणुमभीक्ष्णशः यासां हरिकथोद्गीतं पुनाति भुवनत्रयम्" ॥ ३४ ॥ इति ॥ याक्रम विज्ञप्तिसों दंडोत करिये कदाचित् अवकाश ना पाइये तो तादिन नाममात्र लेके दण्डवत करिये ।

ततो देहकृत्यं कुर्यात् ।शौच समय ।

"उद्धृतासि वराहेण विश्वाधारे वसुन्धरे । त्वं देहमलसम्बन्धादपराधं क्षमस्व मे" ॥ ३५ ॥ याभाँति विज्ञप्तिकरि देह कृत्य करिये माटीजलसों शौचक्रिया शुद्धहोय । शौचजलके छीटनसों ज्ञान राखि हाथ पाँव माटीसों धोय कुल्ला करिये ॥ "मूत्रे पुरीषे भुक्त्यन्ते रेतःप्रस्रवणे तथा ॥ चतुरष्टद्विषड्व्यष्ट गण्डूषैः शुद्धिमाप्नुयात् ॥ ३६ ॥ मूत्रके ४ शौचके ८भोजनके १२ और विषयके अन्तमें १६ कुल्लानते शुद्धि होयहै ।

ततो दन्तधावनं कुर्यात्।

अर्थ–ताके पीछे दातन करनो। "वनस्पते मनुष्याणामुद्धृतश्चास्यशुद्धये॥ कृष्णसेवार्थकस्याशु मुखं मे विमली कुरु" ॥ ३७ ॥ दन्तधावन एक बिलांदको लेके पीढापर बैठके करिये। पाछे कुल्लाकरि जूठे जलको ज्ञानराखि मुखधोयके पोछिये। ततः प्रभुं विज्ञापयेत्। "कृष्ण गोविन्द वर्हिष्मन् विठ्ठलेशाभयप्रद ॥ गोवर्द्धनधर स्वामिन् पाहि मां शरणागतम्" ॥३८ ॥ ततः प्रभोश्चरणामृतं ग्राह्यम्। "गृह्णामि गोकुलाधीश चरणामृतमादरात् ॥ अतस्त्वत्सेवनात्सिद्धयै मयि दीने कृपां कुरु ॥ ३९ ॥ याविज्ञातिसों चरणामृत ले हाथ आँखिनसों लगाइए। ततो मुख शुद्धिं कुर्यात् ॥ "कृष्णचर्वित ताम्बूलं चर्वयेच्चाप्यतंद्रितम् ॥ श्रीगोकुलेश (प्रभु) सेवायां मुखामोदविवृद्धये" ॥ ४० ॥ मुखशुद्धि बीड़ा वा लौंगसे व्रतादिक दिन बचायके करिये। ततः स्वाङ्गे तैलं विलेपयेत्। तामें षष्ठी द्वादशी व्रतादिक संवर्जि तैल लगाइए।

ततः स्नानं कुर्यात्।

"श्रीकृष्णवल्लभे देवि यमुने तापहारिणि॥ सेवायै स्नातुमिच्छामि जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु" ॥ ४१ ॥ स्नान समय भीजी पर्दनी पहरि शीतल जलसों कुल्लाकरि श्रवण, नासिका स्वच्छकरि जलके पात्रनकों छींटा बचाय मुखमूंदि अन्तःकरणमें भगवन्नाम लेत स्नान करिये। पाँयनको शेषजल मस्तकपै नहीं डारिये उपरान्त अङ्गवस्त्र करि पर्दनी बदलि पाँव जङ्घाताई धोय पोंछ पाछें अपरसकी धोती पेहेरिए। चार्यों पल्ले (छोर) खोसि पहरिये उपरना ओढ़ि श्रीयमुनाष्टक-

को पाठ करत जगमोहनमें आय. चरणामृत लेनो तासमय श्लोक–गृह्णामि गोकुलाधीश चरणामृतमादरात्॥ अतस्त्वत्सेवनात्सिद्धिर्मयि दीने कृपां कुरु ॥ ४२ ॥ अब आसनपर बैठि पास सन्तोकामें आचमनी आदि सन्ध्याको साज तिलक मुद्रा को साज चरणामृत प्रभृति जप, पुस्तक, माला, आदि सब राखिये। ततः आचमनं कुर्यात्। आचमन समय नारायणमन्त्र पढ़िये तीनवेर करने पीछे अँगूठाके मूलते मुख पोंछिए उपरान्त गायत्री अथवा अष्टाक्षर मन्त्रसों शिखाबन्धन करिये।

ततः तिलकमुद्राधारणं कुर्यात्।

"दण्डाकारं ललाटेस्यात्पद्माकारं तु वक्षसि ॥ वेणुपत्रनिभं बाह्वोरन्यद्दीपाकृतिर्भवेत्" ॥ ४३ ॥

अथ द्वादशतिलकं कुर्यात्।

"ललाटे केशवं विद्यान्नारायणमथोदरे ॥ वक्षस्स्थले माधवञ्च गोविन्दं कण्ठकूपके ॥ ४४ ॥ विष्णुञ्च दक्षिणे कुक्षौ बाह्वोस्तु मधुसूदनम् ॥ त्रिविक्रमं कर्णमूले बामकुक्षौ तु वामनम् ॥ ४५ ॥ श्रीधरं वामबाह्वोस्तु पद्मनाभं तु पृष्ठतः ॥ स्कन्धे दामोदरं विद्याद्वासुदेवञ्च मूर्द्धनि" ॥ ४६ ॥ याप्रकार द्वादश तिलक मन्त्रसों लगावनें।

अथ षण्मुद्राधारणं कुर्यात्।

"उच्चैश्चक्राणि चत्वारि बाहुमूले तु दक्षिणे ॥ नाम मुद्राद्वयं नीचैः शङ्खमेकं तयोरपि ॥ ४७ ॥ मध्ये तत्पार्श्वयोश्चैव द्वे द्वे पद्मे च धारयेत् ॥ वामेपि च चतुःशंखान्नाममुद्रां च पूर्ववत् ॥ ४८ ॥ चक्रमेकं गदे द्वे द्वे पार्श्वयोरिति भेदतः ॥ ललाटे

च गदामेकां नाममुद्रां तथा हृदि ॥४९॥ त्रीणि त्रीणि च चक्राणि मध्ये शङ्खावुभावुभौ ॥ हृत्पार्श्वयोंस्तनादूर्द्ध्वं गदापद्मानि पूर्व्ववत् ॥ ५० ॥ त्रीणि त्रीणि च चक्राणि कर्णमूले द्वयोरधः ॥ एकमेकं तदन्येषु तिलकेषु च धारयेत् ॥ ५१ ॥ सम्प्रदायस्य मुद्रास्तु धारयेच्छिष्टमार्गतः ॥ यथारुच्यथवा धार्या न तत्र नियमो भवेत् ॥ ५२ ॥ इति श्रीनारदीयपुराणे ॥ याक्रमसों तिलकमुद्रा धारणकरिये ॥ कदाचित् अवकाश न पाइये तो तादिन नाममुद्रा धारणकरिये । पाछेसेवा अवकाशते शंखचक्रादि धारिये ॥ अरु तिलक सछिद्र करिये ॥ तथा च शिवपुराणे ॥ " वामभागे स्थितो ब्रह्मा दक्षिणे च सदाशिवः। मध्ये विष्णुं विजानीयात्तस्मान्मध्ये न लेपयेत " ॥ ५३ ॥ अरु तिलकमुद्रा धरेविना भगवत्सेवा न करिये । उक्तं हि ब्राह्मणमुद्दिश्य " यः करोति हरेः पूजां कृष्णचिह्नांकितो नरः ॥ अपराधसहस्राणि नित्यं हरति केशवः " ॥ ५४ ॥ उपरान्त सम्प्रदायनाममुद्रा धोय तामें चरणामृत श्रीयमुनाजीकी रेणु मिलायके लीजिये । तदा विज्ञप्तिः ॥ " स व्रती ब्रह्मचारी च स्वाश्रमी च सदा शुचिः ॥ विष्णोः पादोदकं येन मुखे शिरसि धारितम्" ॥ ५५ ॥

ततः श्रीमदाचार्यान्नत्वा विज्ञापयेत् ।

" नमः श्रीवल्लभायैव दैन्यं श्रीवल्लभे सदा ॥ प्रार्थना श्रीवल्लभेऽस्तु तत्पादाधीनतां मम" ॥ ५६ ॥ ततः सेवानुसन्धानं कुर्यात्" ॥ सदा सर्वात्मना सेव्यो भगवान् गोकुलेश्वरः ॥ स्मर्त्तव्यो गोपिकावृन्दै क्रीडन्वृन्दावने स्थितः " ॥ ५७ ॥

अथ श्रीभगवन्मिन्दिरप्रार्थना।

भगवद्धाम भगवन्नमस्ते ऽलंकरोमि तत् ॥ अङ्गीकुरु हरे- र्थं क्षांत्वा पादोपमर्दनम्" ॥ ५८ ॥ उपरान्त श्रीवल्लभा- ष्टकको पाठ करत श्रीमन्दिरको ताला खोलिये। भीतर जायके जो रात्री होय तो दीवा करिये। पाछे खासा- जलसों माटी वा सरस्यौंकी खड़ीसों हाथ धोय पांव पखारि शय्यामन्दिरमें जाय रात्रिके,झारी, वीड़ा, बन्टाभोग, माला, तष्टाप्रभृतिक सब उठाय, बाहिर लाय, ठिकाने धरिये। ततो मार्जनं कुर्यात् ॥ तापाछे मार्जनी (सोहनी) लेके श्लोक ॥ " मार्जनात्कृष्णगेहस्य मनोविक्षेपकं रजः। नाशमेति तदर्थन्तु मार्जयामि तथास्तु मे"॥ ५९॥ उपरान्त मार्जनी उठाय अन्तः करणप्रबोधको पाठ करत मन्दिर तिवारी सर्वत्र बुहारी देइ मार्जनी ठिकाने धरिये ॥ ततः सेकोपलेपौ कुर्यात्॥(छिड़कामन्दिरवस्त्र)"आत्मनो ऽज्ञानरूपस्य दुरितस्य क्षयाय हि ॥ करोमि सेकोपलेपौ त्वद्गृहे गोकुलेश्वर"॥ ६० ॥ (उपरान्त) ता पाछे मान्दिरवस्त्र उठाय जलसों भिजोय मन्दिर, तिवारीप्रभृतिक गच्छकी भूमीपर फिराइये। या समय अनुसार सिद्धान्तरहस्यको पाठकरिये !

ततः सिंहासनास्तरणं कुर्यात्।

"सिंहासनं तु हृत्पद्मरूपं सज्जीकरोम्यहम् ॥ श्रीगोपीशो- पवेशार्थं तथा तद्योगतांभज" ॥ ६१ ॥ या रीतसों सिंहा- सनकी विज्ञप्ति कारि उपरान्त श्रीगोकुलाष्टकको पाठ करत सिंहासन वस्त्रप्रभृतिक सब उठाय फिरि झटकि बिछाय तापर गादी मुढ़ा विधिसों धरि सुपेद मिहि वस्त्र बुध-

वन्तसों । चारि ओरितैं दृढकरि मुढ़ापर मुखवस्त्र मिहीन चुनके धरिये । अरु शीत समय गदर, फरगुल धरे । सो प्रबोधनीतें डोल तांई सिंहासनपर धरिये । अंगीठी सिंहासनके आगे । वसन्तपञ्चमीके पहलेदिनतांई धरिये । अरु श्वेत वस्त्र गादी मूढ़ापर प्रबोधनीतें वसन्त पञ्चमीके पहले दिन ताँई न बिछाइये श्रीनवनीतप्रियजीके सुपेती उत्सव सिवाय नित्य बिछे और पंखाडोलते दशहरा ताँई गरमीनमें रहे और सिंहासनके वस्त्र प्रभृतिक शनिवारकूँ बदलिये । उपरान्त भक्तिवर्द्धनीको पाठ करत जलघरामें जाय जलपानकी मथनीको जलछांनि ढांकि धरिये उपरान्त सेवाफलको पाठ करत रात्रिके झारी, बीडा, प्रसादी माला. बन्टा भोग ठलाय साज धोय ठिकाने धरिये । ततो जलपानपात्रं सज्जी कुर्यात्। झारी भरतीसमय विज्ञापन "प्रियारतिश्रमहरं सुगन्धि परिशीतलम् । यामुनंवारि पात्रेस्मिन् भव श्रीकृष्णतापहृत ॥ ६२ ॥ इदं पानीयपात्रं हि व्रजनाथाय कल्पितम् ॥ राधाधरात्मकत्वेन भूयात्तद्रूपमेव तव्"॥ ६३ ॥पाछे झारीभरि नेवरा पहिराय जलपानकी मथनीमें जल भरि, सिंहासनके बाँई दिशि तबकडीमें झारी पधराइये । या समें नवरत्नको पाठ करिये । ततः भोगपात्रं सज्जी कुर्यात् ॥ तापाछे मंगलभोगको थाल साजनो । विज्ञापन श्लोकः॥ "स्वामिनीकररूपाणि भावस्वर्णमयानि वै॥श्रीकृष्णभोज्यपात्राणि सन्तु ते मत्कृतानि हि ॥ ६४ ॥ थारमें न्यारीन्यारी कटोरिनमें नवनीत (माखन) दही, दूध, बूरा, मिठाई मलाई, पक्वान्न, सधानाप्रभृतिक, माखन, बूरा अगाडी राखनो दूधमें कटोरी तेरावनी, और आँबा खरबूजाकी ऋतु होय तब

धरने या प्रकार थाल सिद्धकर यथासौकर्य पडघापर मन्दिरमें सिंहासन पास ढांकिके धरिये । या समे मधुराष्टकको पाठ करिये। ता उपरान्त हाथ धोय श्रीपादुकाजीकी सेवा होय तो जगाइये।

ततः श्रीपादुकाजी विज्ञाप्योत्थापयेत्।

अर्थ श्रीपादुकाजीकी स्तुतिकरके जगावने। "वन्दे श्रीवल्ल भांधीशविट्ठलेशपदाम्बुजम्॥ यत्कृपातो रतिर्भूयाच्छ्रीगोपीजन वल्लभे" ॥ ६५ ॥ उपरान्त सप्तश्लोकीको पाठ करिये।श्रीपादु-काजीकूँ जगाय गोदमें मिहीवस्त्रमें पधराय शय्याकी पलँगड़ी झटकारके फिरसूँ बिछावनी। पाछे फुलेल समर्पिके वस्त्रसों पोंछि पलँगड़ीपे पधराइये। वस्त्र ऋतु अनुसार उढ़ाइये। पास झारी, वीडा, दूसरे छोटे पटापें रहे॥ अरु च दनके श्रीचरणारविन्द, श्रीहस्ताक्षर होंय तो फुलेल नहीं वहां वसनाँ बदलिये। थैली पहेराइये।

श्रीपादुकाजीकूँ अभ्यङ्गस्नान।

जन्माष्टमी, १ तथा रूपचतुर्दशी, २ श्रीआचार्यजी महाप्रभु-जीको उत्सव, ३ श्रीगुसाँईजीको उत्सव ४ अरुशङ्खते जलसों स्नान यात्राके दिन,५ और तप्तशुद्धोदकसों स्नान डोलके दूसरे दिन ॥ ६ अरु ग्रहणको उग्रहस्नान कराइये॥ ७ अरु राज-भोगके साथ न्यारो थार आवे॥ याक्रमसों श्रीपादुकाजी विरा-जतहोंय तो करिये। ता उपरान्त घण्टां विज्ञापयेत्।"हरिवल्ल-भनादाऽसि त्वं घण्टे भगवत्प्रिये॥ प्रबोधावसरं ब्रूहि हरिव्रजवधू व्रतम्"॥६६॥पाछे घण्टालेके तीनबेर वजाय हाथ धोय पोंछिके शीतसमे ताते करि शय्यामन्दिरमें जाय शय्यानिकट पाँइतके

पास हाथजोड ठाडे रहे । विज्ञप्ति करिये । तदा प्रभुं प्रबोधयेत् "जयजय मङ्गलरूप जागिये गोकुलके नायक ॥ भयो भोर खग करत सोर युवतिन सुख दायक ॥ उडुउडुपति अस्त उदितभानु प्राची अरुनावत ॥ मुर्झित कुमुद सरोज मुकुल अलिगन मुकुलावत ॥ दम्पतिदुःख विछुरन प्रेमभर चक्रवाक् आनन्दहुअ ॥ निशि नैन विरहव्याकुल सखा देख्यो चाहत वदन तुअ ॥ १ ॥ जयजय मङ्गलरूप जागिये गोवर्द्धनधारी॥ मन्द दीप दुति बढ़त पवन शीतल सुखकारी ॥ चन्द अस्त-मित जात मूर्छित चकोराचित ॥ वेदध्वनि द्विज करत प्राप्त सन्ध्यावन्दन हित ॥ फूले गुलाब वनकुसुम सब धर्मकर्म मन व्रत हुअ॥ जागिये व्रजराज खोलि चक्षु देखन हित मुखकमल तुअ ॥ २ ॥ जयजय मङ्गलरूप जाग व्रजजीवन मेरे ॥ सुन्दर माखन मथित अबहि लाई हित तेरे ॥ मेवा मिश्री दही दुग्ध पकवान घनेरे ॥ वेग धोय मुख लाल खाय वनजाय सवेरे ॥ सङ्ग छाकके सब सखासों धेनु चरावन जा गिरि ॥ क्रीड़ाकरि दाऊसहित घरवेगि सवारे आउ फिरि ॥ ३ ॥ जयजय मङ्गलरूप जागिये हो जागिकन्हैया॥ भयोप्रभात ज-लजातनैन ओरि लाजि छैया ॥ बछवा पीवत खरि चरन वन जातहैं गैया॥ संग सखा सब लिये देखिठाड़े बलभैया ॥ उठि पहरि काछिनी मुकट धरि ओढ़ि पीताम्बर बेनुले ॥ जोई रुचे सो खाइके वृन्दावन को करि विजे ॥ ४ ॥ जयजय मङ्गलरूप जागिये सरसिरुहलोचन ॥ मनमें जानत निशा लग्यो तम प्राचीमोचन ॥ किङ्किनि कंकन वलय चलित श्रुति भोर सोर अति॥ सुनत नाहि गोपाल ग्वाल गावति लीने याति ॥ शङ्ख शृङ्ग झालरि बजि ग्वालबाल दोहन चले ॥

गाय वच्छ रम्भन करे सु अजहू तुम सोवतभले ॥५॥ जय-जय मङ्गलरूप जागि ब्रजराज लाड़िले ॥ भयो प्रभाति कुमुदनि लजात जलजात चाड़िले ॥ बीन मृदङ्ग साज साहित गन्धर्व गुन गावत् ॥ द्वारेदेत अशीस भाटचारण ककहावत॥ तेरे सङ्गके सखा अबलगे कोउ न सोवहि॥आलस तज सरसनैन उठिकरि मुखक्यों न धोवहि ॥ ६ ॥ जयजय मङ्गलरूप जागिहो जागि ब्रजभूषण ॥ अरुणउदयमोनींद कहत द्विजवर अतिदूषण ॥ उठिकरि माखन खाण्ड और तर दूध दहीकी ॥ मिश्रीके सङ्ग धार लाललेहो महीकी। चिरिया मृदु बोलत भोरभयो धेनु दुहि शृङ्गारकारि॥ कछु भोजन करि लहो मुरली मुकट धारि ॥ ७ ॥ जयजय मङ्गल रूप जागिश्रीनाथ गोवर्द्धन हम पठये तोहि लेन दाऊ चलत वृन्दावन ॥ चाँदनी चन्द्र तजत तारा अम्बरगन ॥ तजत प्रगल्भा सुखहित नववधू दुःख मन॥ तम्बोल तजंत जीभस्वाद रस तजत कमल निसि भँवर भज॥श्रीनन्दरायके लाड़िले तू आलस निद्राक्योंन तज॥८ ॥

ततो विज्ञापनम् । अर्थ विनती ।

"जयजय महाराजाधिराज महाप्रभो महामङ्गलरूप कोटिकन्दर्प्पलावण्य श्रीमदाचार्यके अन्तःकरणभूषण श्रीगुसाँई जीके लाड़िले यशोदोत्सङ्गलालित ब्रजजनको सर्वस्वराजीव लोचन अशरण शरण शरणागतवत्सल जयजय जय" ॥ ततः शय्यातो विज्ञाप्योत्थापयेत् । "उदेति सविता नाथ प्रियया सह जागृहि ॥ अङ्गीकुरुष्व मत्सेवां स्वकीयत्वेन मां वृणु" ॥ ६७ ॥ या क्रमसों विज्ञप्ति करि शय्यापरते चादर सुपेती उठाय श्रीमुख देखि प्रभुकों जगाय शय्यायीपे विराज-

मान करे । ततः परम् । (पाछे) वेणु, मुखवस्त्र, हाथमें लेके परिक्रमा करि वेणु, मुखवस्त्र सिंहासनकी गादीपे पधराइये । ततः परम् ॥ श्रीप्रभुको हाथमें पधराय सिंहासनकी गादीपर पधराइये । ततः सिंहासने प्रभुं प्रवेशयेत् ॥ विज्ञप्तिः ॥"भावात्मकतया कृतश्चोत्तरीयात्प्रकाशने ॥ सिंहासने गोकुलेश कृपया प्रविश प्रभो" ॥ ६८ ॥ पाछे दूसरे स्वरूपकूं याही रीतिसों प्रभुकी बाई दिशा श्रीस्वामिनीजीकों पधराइये । शीत समय गद्दल फरगुल एकट्ठे उढ़ाइये ! दर्पणदिखाइये । चरण परसि आँखिनसों हाथ लगाइये । ततः प्रभुं प्रणमेत् । श्लोक–"याऽहशो सि हरे कृष्ण ताहशाय नमो नमः ॥ याहशोऽस्मि हरे कृष्ण ताहशं मां हि पालय"॥६९॥यह पढ़ि श्री प्रभुको दंडवत करिये । ततः श्रीमत्स्वरूपं प्रणमेत् "नमस्तेऽस्तु नमो राधे श्रीकृष्णरमणप्रिये ॥ स्वपादपद्मरजसा सनाथं कुरु मच्छिरः "॥ ७० ॥ यह पढ़ि श्रीस्वामिनीजीकों दण्डवत करनी ।

ततः श्रीमदाचार्यान् प्रणमेत् ॥

" देवस्य वामभागे तु सेवयेद्गुरुपादुकाम्" ॥ ७१ ॥ विज्ञापयेत् । चिन्तासन्तानंहतारः यत्पादाम्बुजरेणवः ॥ स्वीयानान्तान्निजाचार्यान् प्रणमामि मुहुर्मुहुः " ॥ ७२ ॥ यह पढ़ि श्रीपादुकाजीकों जगायके दण्डवत् करि श्रीठाकुरजीके वामभाग पधराय दण्डवत् करिये । जोश्रीपादुकाजी बिराजित होंय तो प्रथम श्रीपादुकाजीकों जगाय फिर प्रभुकों जगावने । पाछे टेराखेंचि हाथधोय मङ्गलभोग सिद्धकरि राख्यो होय सो समर्पिये । ततो मङ्गलाभोग

समर्पयेत विज्ञापन। "भुक्ष्व भावैकसंशुद्धदधिदुग्धादिमोदकान्॥ प्रीतये नवनीतञ्च राधया सहितोहरे ॥७३॥यशोदारोहिणीभावाद्बलेन सह बालकैः ॥ भुक्तं यथा बाल्यभावे प्रकट्याद्धि चमे तथा॥ ७४ ॥ "राधाधरसुधापातुः किमन्यन्मधुरायितम् ॥ यं निवेद्यं तदप्येतन्नामसम्बन्धतो भवेत्"॥ ७५॥ ता उपरान्त शय्यामन्दिरमे जाइये ।ततः शय्यां विज्ञापयेत् । "सज्जीकरोम्यहं शय्यां रम्यां रतिसुखप्रदाम्॥ राधारमणभोगार्थं तथा तद्योगताम्भज"॥ ७६॥ उपरान्त दशमस्कन्धकीअनुक्रमणिकाको पाठ करत शय्याके कसना खोल शय्यावस्त्र दुलीचा प्रभृतिक सव उठाय बुहारीसो मार्जनकरि मन्दिर वस्त्र फिराय हाथ धोय दुलीचा तहाँ सुजनी समयानुसार विछाय तापर शय्या धरि पड़वैया लगाय पाछे सुपेती चादर बिछाय कसना खेंचिये ॥ और प्रबोधनीते वसन्तपञ्चमी ताँई शय्या नहीं खेंचिये ॥ शिराहने के बालस्त धरिये । इतउत गिडदा धरिए पाँयतकी ओर ओढ़वेको वस्त्र घडीकरि धरिये। शीतसमय रुईदार, गरमीके समय चादर मलमलकी ऐसे समयानुसारधरने। मुख वस्त्र सिरानेकी ओर दाहिनी दिशि धरिये। ओढनी सिराहानेंकी ओर बांई दिशि रहे। शिराहने मृगमद प्रभृतिक सुगंध राखिये, अरु शय्याके वस्त्र सुपेत थेलीप्रभृतिक शनिवारकूँ बदलिये शय्याके ऊपर चादरा ढाँकिये। शय्याके इतउत, चौकी, पड़घा, झारी, बीडाके भोगके लिये धरिये। और पङ्खा शय्याके दोऊ दिशि डोलते दिवारीताँई धरिये॥ ता उपरान्त बाहिर आय श्रीयमुनाष्टकको पाठ करत आचमनके लिये झारी, बीडा, तष्टी सिद्धकरिये॥ शीतकालमें झारीको जल उष्णहाथसों सुहातो राखिये। पाछे स्नानकी

सामग्री सिद्ध करिये । पाटापर परात धरि तामें चौकी १ स्नानके लिये धरि तापर वस्त्र सुपेत मीही मोहोरासों घोट कोमल करि बिछाइये । और अङ्गवस्त्रहू घोटासों घोट कोमल करि राखिये । और उत्सवतथा शनिवारको तेल फुलेल कटोरीमें धर राखिये । उबटना अबीर कों घिसि ...... राखिये शीत समय अभ्यङ्गकी सामग्री ताती करि राखिये । ताउपरान्त समयसर मङ्गलभोग सराइये । झारी, बीड़ा, तष्टी लेके मन्दिरमें जाय बीड़ासिंहासन पर दाहिनी दिशि तबकड़ीमें धरिये । पाछे वामहाथसों तष्टीलेके दाहिने हाथसों झारीको जल तनक एक दूरि प्रभूसों रहि नवाइये । आचमनं कारयेत् ।श्लोक–" कुरुष्वाचमनं कृष्ण प्रियया-मुनवारिणा ॥ स्नेहात्मभावसिक्तान्भावयत्वं दयानिधे"॥ ७७ ॥ ताके पीछे, मुखमार्जनं कारयेत् । स्नेहाच्छमजलं प्रोक्ष राधिकायाः कराञ्चलात् । स्मृत्वानन्दभरं नाथ कुरु श्रीमुखमार्जनम् ॥ ७८ ॥ मुखवस्त्र श्रीठाकुरजीके सम्मुख करायके धरिये। ततस्ताम्बूलं समर्पयेत्।"ताम्बूलं च प्रियं कृष्णसौरभ्यरससंयुतं। गृहाणगोकुलाधीश त्वत्कपोलाभपांडुरम्"॥७९।।बीड़ादाहिनी ओर धरिये ॥ उपरान्तभोग उठाय ठिकाने धरिये । भोगकी ठौर पड़घापर हाथफिराय मन्दिरवस्त्र फिराय हाथ धोय टेरा खोलि कीर्तन करत दर्शनकराइये।ततोनीराजनम्(आरती) विधाय विज्ञापयेत् । "अमङ्गलनिवृत्त्यर्थं मङ्गलावाप्तये तथा॥ कृतमारार्त्तिकं तेन प्रसीद पुरुषोत्तम॥ ८० ॥ पाछे आरतीउठाय बाती धरि दीया प्रकटकरि मन्दिरके दाहिनी दिशि ठाड़ेरहि घण्टा बजाय दोऊ हाथनसों सात फेरी दे मङ्गलाकी आरती करिये तदा मङ्गलगीतेन नीराजनं कुर्य्यात् ॥ रामकली रागेण

गीयते ॥ पद मङ्गल आरती समय को रागरामकली ॥ मङ्गलं मङ्गलं व्रजभुवि मङ्गलं मङ्गलमिह श्रीनन्दयशोदानामसु कीर्त्तनमेतद्रुचिरोत्संगसुलालितपालितरूपम् ॥ १ ॥ श्री श्री कृष्ण इति श्रुतिसारं नाम स्वार्त्तजनाश्रयतापापहमिति मङ्गल रावम् ॥ व्रजसुन्दरीवयस्य सुरभी वृन्द मृगीगणनिरुपमाभावा मङ्गलसिंधुचयाः॥२॥ मङ्गलमीषत्स्मितयुतवीक्षणभाषणमुन्नत-नासापुटगतिमुक्ता फलचलनम्॥ कोमलचलदङ्गुली दलसंयुतवे णुनिनादविमोहितवृन्दावनभुवि जातम् ॥ ३ ॥ मङ्गलमखिलं गोपीशितुरतिमंथरगतिविभ्रममोहितरासस्थितगानम् ॥ त्वं जय सततं गोवर्द्धनधर पालय निजदासान् ॥ ४ ॥ ततः प्रभुं प्रणमेत् ॥ या प्रकार मङ्गलाआरती करि प्रभुको दंडवत करनी विनती करनी । कृष्ण कृष्ण कृपासिन्धो नवनीतप्रियः सदा ॥ राधिकाहृदयानन्द नमस्ते नन्दनन्दन ॥ ८१ ॥ ततः श्रीनमः श्रीस्वामिनीं जी, प्रणमेत् । "नवबंधूक बन्धाभ मधुराधरपल्लवे ॥ राधे त्वच्चरणांभोजं वन्दे श्रीकृष्णवल्लभे" ॥ ८२ ॥ ततः नाम ता पाछे श्रीमदाचार्यान् प्रणमेत् ॥ "वन्दे श्रीवल्लभाचार्यचरणांबुरुहद्वयम् ॥ यत्कृपालवतो जंतुः श्रीकृष्णशरणं व्रजेत्" ॥८३॥ ततः प्रभुं विज्ञापयेत् ॥ "दीनबन्धो जगन्नाथ नाहं दृश्यो जगद्बहिः ॥ कृतापराधो दीनश्च त्वामहं शरणं गतः" ॥ ८४ ॥ ऐसे दंडवतकरपाछे हाथधोय पोंछि भीड़ सरकाय टेरा खेंचि उपरान्त शृंगारकी चौकी तथा स्नानसामग्री सब लाय धरिये। ततः स्नानार्थं विज्ञापयेत् । प्रियांगसंगसम्बन्धिगन्धसंबन्धतो भवेत् ॥ कदाचित्कस्यचिद्भावो ह्यतः स्नानं समाचर" ॥ ८५ ॥ पाछेशृंगारकी चौकी पर पधराइये। ताके जेमनीआडी चौकिपें झारी' बीडा, मंग-

लाके होय सो धरनैं। शृंगार भोगमें मेवाकी कटोरी ढकना ढाँकके पधरायदेनो। शीत समय अंगीठी पास राखिये। हाथ ताते करिये जल तातो करि समोइये। रात्रिके आभरन वस्त्र बड़े करि अञ्जन पोंछि स्नानके पीढापर पधराइये। उत्सव वा शनिवार होय तो अभ्यंगसामग्री शीत समय ताती करिये। अरु षष्ठी, द्वादशीहोय तो शुक्रवारकों अभ्यंगस्नान कराइये॥ ततो तैलाभ्यंगं कुर्यात् "स्नेहात्मगन्धतैलस्य लेपनाद्गोकुलाधिप॥ वितरात्यंतिकीं भक्तिं मयि स्नेहात्मिकां विभो" ॥ ८६॥ फुलेल चरणारविन्दसों सर्वांगमें कोमल हाथसों लगाइये। ततः उद्वर्त्तनं लेपयेत्। "श्रीसौगन्धेन पूतेन निशाश्रमनिवारिणा॥ उद्धर्तितेन त्वद्भक्तिदायिना कुरु मे कृपाम्" ॥ ८७॥ उवटना याही रीतिसों सर्वांगमें कोमल हाथसों लगाइये।

ततो मंगलस्नानं कारयेत्।

स्नेहान्मद्भावगन्धेन प्रियगन्धातिचारुणा॥ अभ्यक्तो मंगलस्नानं कुरु गोकुलनायक" ॥ ८८ ॥ एक लोटी ताते जलसों न्हवाइये। ततो नाम तापीछे काश्मीरं लेपयेत् (केशर लगाइये) चारुचंन्दनसंयुक्तं काश्मीरं सुमनोहरम्॥ मंगलस्नानसिध्यर्थं लेपयामि व्रजाधिप॥ ८९ ॥ चन्दनउबटनाकी रीतिसों सर्वांगमें कोमल हाथसों लगाइये। ततः स्नापयेत्।" दिवा च त्वद्वनायातस्मरणात्तापभावनः॥ प्रियास्पर्शोष्णनीरेण स्नातो भव व्रजाधिप" ॥ ९० ॥ ततो जल सुहातो सो छोटी लुटियासों मन्दधारसों न्हवाइये। ततो दृष्टिदोषं निवारयेत् ॥ "कोटिकन्दर्पलावण्ययशोदोत्संगलालिने ॥ दृष्टिदोषोपघाताय तत्तोयं वारयाम्यहम्" ॥ ९१ ॥ एक लोटी प्रभूपर वारडारिये।

ततोंगप्रोक्षणं कुर्यात्।

स्नानार्द्रतानिवृत्त्यर्थं प्रोक्षितांग विभो मम॥ दूरीकुरुष्व गोपीश कृपया लौकिकार्द्रताम्" ॥ ९२ ॥ मिहिं अंग वस्त्रसों कोमल हाथसों अंगप्रोञ्छन करिये। उपरान्त शृंगारकी चौकीपर पधराइये । वस्त्र समयानुसार उढ़ाइये । पीछे दूसरे स्वरूपको याही रीतसों नहवाइये । अंगवस्त्र करि प्रभुकीबांई दिशि वस्त्र उढ़ाय पधराइये । पाछे श्रीशालग्रामवा श्रीगोवर्द्धनाशिलाहोय तो चन्दन लगाय न्हवाइये।अंगवस्त्र करि पधराइये ।अरु उत्सव वा शनिवार होयतो अकेलो उष्ण जल सों नहवाइये । स्नान शृंगार समय मेवा मिठाईकी कटोरी पास रहे । झारी, बीड़ा मंगलाके छोटे पड़घापर पास रहे । पाछे स्नान सामग्री उठाय ठिकाने धरिये । मन्दिर वस्त्र फिराय हाथ धोय पोंछिये । पाछे शृंगारकी सामग्री सब आनि धरिये वस्त्रकी झांपी पास राखिये । रंग रंगके वागा, पिछोड़ा धोती, उपरना, तनिया सूथन, पटुका, पाग फेंटा, कुल्हे टिपारो, जरकसी चीरा, पुरातन पाग फेंटा, दुमालो, प्रभृति, और दूसरी ठौरके वस्त्र; चोली, लहँगा, साड़ी, चादर प्रभृतिक । गदर, फरगुल, कवाय, चन्द्रिका, चौकी, किनारी, श्यामपाट वा वस्त्रके टूक, गुञ्जा, बुधवन्त, मोम, कतरनी, घोटा,टीकी, सिन्दूर कज्जलकी डिबिया, चोवा अतर, मृगमद, मुकुट काछनी, रंग रंगकी सुई, दोरा, प्रभृतिक, सब, सामग्री, आगेते सिद्धकरि राखिये । अरु शृंगारकीपेटीमें रंग रंगके आभरन, जड़ाऊ लाल रंगके, पीरे; हरेरंगके, आसमानी, श्वेतरंगके, फिरोजाके, मीनाके, मोतीके, हीराके, कांच प्रभृतिके

सब साज सिद्धकरि न्यारी न्यारी बन्टीमें धरिराखिये। सब आभरन दोउ ठौरके अरु गादीके बड़े हार प्रभृतिक, सब साज सिद्धकरिराखिये। पाछे यथा सौकर्य अरु असौकर्य तो याही रीतिसों पोतके युक्तसों करिये।परन्तु व्यसनसों करिये। इतनी सब तैयारी करिके। ततो वस्त्रं परिधारयेत्। "प्रियांग तुल्यवर्णानि वस्त्राणि व्रजनायक। समर्पयामि कृपया परिधेहि दयानिधे" ॥ ९३॥ अब प्रथम प्रभुके श्याम वस्त्र वा श्याम पाट श्रीमस्तक पर लपेटिये। तापर पाग, कुल्हे फेंटा, चीरा, पुरातन पाग, दुमाला; टिपारा, मुकुट, ये सब समयानुसार धराइये। पाछे ठाड़े स्वरूप होंय तो तनिया, सुथन ऊपर वागा धराय पटुका बाँधिये! अरु बालकेलि स्वरूपको होय तो पाग, बागा, उपरना, अरु दूसरे स्वरूपकों, लहँगा धराय चोली, तथा साड़ी धराय, साड़ी पर फुफुंदी बाँधिये। शृंगार किये पाछे चादर उढ़ाइये। शीत कालमें वस्त्र रुईके वा पाटके रेशमके वा जरकसी, वा, छापा प्रभृतिक ये दशहरातें श्रीजीके उत्सव ताँईं, उपरान्त श्वेत वस्त्र साज डोल ताँईं। उपरान्त वस्त्र छीटके अक्षय तृतीयाके पहले दिन समयानुसार पहराय उपरान्त उष्ण कालके वस्त्र, साज, श्वेत मिहि रथयात्रा ताँईं। उपरान्त मिही रंगीन खासा प्रभृतिक रंगके दशहरा ताँईं या प्रकार समयानुसार धराइये, उपरान्त शृंगारकी पेटीमेंते आभरनकी बन्टी ,काढि आगे धरिये , वस्त्रसों खुलते आभरन काढ़िये नित्य शृंगारवस्त्रनूतन धराइये , यथावकाश नाम जैसो अवकाश हो। तथा शृंगारं विचारयेत्।"व्रजे सरस रूपात्मन शृंगारं रचयाम्यहम्॥ स्वीकरुष्व त्वदीयत्वात्स्व-प्रियं धारय प्रभो॥"९४॥शृंगार चरणारविन्दते सब धरिये,नूपु-

जेहरी, गूजरी, पैंजनि, प्रभृति श्रीचरणारविन्दमें, धरिये, कटिमेखला, क्षुद्रघन्टिका, कौंधनी प्रभृतिक कटिपर धरिये, वाजूबन्ध, पोहोंची, हथसाँकला, लर प्रभृति, श्रीहस्तमें धरिये. बन्दी, त्रिवली, हमेल प्रभृतिक, हृदय कमलपर धरिये। इकलरी दुलरी कण्ठाभरण प्रभृतिक श्रीकण्ठमें धरिये। तिलक अलकावली, श्रीप्रभुकपोलपर धरिये । शिरपेंच, लटकन, कलंगी प्रभृतिक पागपर धरिये। करनफूल, कुण्डल, मयूराकृत, मकराकृत, मीनाके जडाऊके श्रवण कमल पर दाऊ दिशि धरिये। नकवेसरि, दाहिनि दिशि धरिये। चोटी, चन्द्रिका दाहिनी दिशि धरिये। छोटे हार, श्रीकण्ठमें धरिये। और बड़े हार श्रीगादीपर धरिये। यथास्थित शृंगार करिये। ततो गुंजार्प्पणम् । " प्रियानासाभूषणस्थं बृहन्मुक्ताफलाकृतिम् ॥ समर्पयामि राधेश गुंजाहारमतिप्रियम् ॥ ९५॥ गुंजामाला हारके नीचे धराइये। ततश्चन्द्रिकार्पणम् ॥ " मिलितान्योन्यांगकान्तिचाकचक्यसमं विभो॥अंगीकुरुष्वोत्तमांगे केकिपिच्छमतिप्रियम् ॥ ९६ ॥ चन्द्रिका दाहिनी दिशि धरिये। ततः नाम ताके पीछे अञ्जनं कुर्यात् " श्रीगोपीदृक्स्मितं श्रीमच्छृंगारात्मकमञ्जनम् ॥ शोभार्थमात्मदेहस्य स्वीकुरुष्व व्रजाधिप " ॥९७॥ श्यामरूप होय तो मीनाके अलंकार धरिये। और जो गौर स्वरूप होय तो काजरको अंजन करिये। भ्रुवपर बिन्दुका करिये। उपरान्त दूसरे स्वरूपको याही रीतिसों शृंगार करिये। तामें श्रीस्वामिनीजीको विशेष इतनों। पोत आसमानीकी लर श्रीहस्तमें । तथा श्रीकण्ठमें और कर्णफूलके साथ बन्दी, टीकी, झूमखा धराइये। और नकबेसर बाईं दिशि धराइये। श्रीमस्तकपर पाटकी बेणी,

गुही फूंदना लटकाइये पाछे भावात्मकविज्ञप्तिसों प्रभुको सिंहासन गादीपर पधराइये। दूसरे स्वरूपको श्रीस्वामिनीजीको बाँई दिशि पधराइये। शीतसमें फरगुल इकट्ठे उढ़ाय बैठाइये। अरु श्रीबालकृष्णजी स्वरूप होय तो फरगुल वा उपरना उढ़ाइये। और ऋतुअनुसार शृंगार करके पाछे माला धरावनी ततः कुसुमार्पणम्। सब स्वरूपनको माला धरावनी। ताकी विज्ञप्ति "कुसुमान्यर्पितानीश प्रसीद मयि सन्ततम्॥ कृपासंहृष्टदृग्वृष्ट्या त्वदंगीकृतशोभितम्"॥ ९८॥ पुष्पमाला चोवा अगरसों सुगन्धित करि धराइये बागा वस्त्र प्रभृतिक सब सुगन्धित करि धराइये। उपरान्त शृंगारकी पेटी, वस्त्रकी झापी प्रभृतिक उठाय ठिकाने धरिये।

ततो वेणुधारणम्। विज्ञप्तिः।

"श्रीप्रियाकारदैत्यैकभावेनातिप्रियः सदा॥ वेणुं धृत्वाधरे कृष्ण पूरयस्वामृतस्वरैः॥" ९९॥ वेणु दाहिनी दिशि धरिये। शृंगारके दर्शन खुलायके। ततो दर्पणं दर्शयेत्। विज्ञप्तिः "प्रियानखात्मकादर्शे विलोक्य वदनांबुजम्॥ व्रजाधीश प्रमुदित कृपया मां विलोकय॥ १००॥ आरसी दिखाय ठिकाने धरिये। चरण स्पर्शकरि दडण्वत करिये। फिर चरणामृत लेके हाथ धोयके वेणु वडो करनो। फिर झारी ठलायके जलपान की मथनीमेंसे झारी भरके नेवरा पहिरायके सिंहासनके ऊपर श्रीप्रभुके दोई आडी झारी धरनी। पूर्वोक्त रीतिसों एक झारी धरे तो वांई दिशि धरनी। अब सिंहासन वस्त्र मोडके भोगवस्त्र विछावनों। मन्दिर वस्त्र करि चौकी पडघा माडिके टेरा [illegible]। गोपीवल्लभ भोग धरनो। ताको प्रकार। अब सखडी

भोगमें भातको थाल अगाडी आवे। दारको कटोरा कढीको कटोरा, शाक भुजेनाकी कटोरी, रोटी लीटी, पापड़, घीकी कटोरी, धरके थल साँननें। और चमचा ३ घीकी कटोरीमें धरनों। एक एक चमचा कढ़ीमें दारमें धरनों और अनसखड़ी को थार बाँई आडी पडघापे धरनो। तामें सादापूड़ी, खासा पूड़ी, मैदाकी पूड़ी, जीरापूडी, और मीठी पूड़ी, लुचई खर-खरी, थपड़ी और लोन, मिरच पिसेकी कटोरी और सधांने की कटोरी, दही, श्रीखण्ड शाक, भुजेनां, कचरिआनकी कटोरी। या प्रकार गोपीवल्लभ भोग धरिके अरोगवेकी विनती करनी।

तदा गोपीवल्लभभोगं समर्प्पयेततदा विज्ञप्तिः।

"गोपिकाभावतः स्नेहाद्भुक्तं तासां गृहे यथा। मदर्पितं तथा भुंक्ष्व कृपया गोपिकापते" ॥१०१॥ व्रजेश! कृतशृंगारानन्तरे तद्गृहे यथा।अभोजि पायसन्ताभिः सह भुंक्ष्व तथैव मे॥१०२॥ याप्रकार विनती करि टेरा खैंचि बाहिर आइये। उपरान्त गुप्तरस स्वामिनीस्तोत्र, स्वामिन्यष्टकको पाठ करिये। प्रसादी जलकी मथनीमें झारीठलाय सिकोलीमें वीड़ा ठलाय, कसें-ड़ीमें, चरणामृत ठलाय, पाछे पात्र सब धोयं साजिके ठिकाने धरिये, । अंगवस्त्र, पीढ़ाके वस्त्र, धोयके सुकायवेकों डारिये। तदा विज्ञप्तिः"वस्त्रप्रक्षालनादुष्टसंसर्गजमनोमलम्। महत्से-वाबाधरूपं मम श्रीकृष्ण नाशय॥"१०३॥ अरु ततः उपरान्त ग्वालकी, पलनाकी, राजभोग धरवेकी सब त्यारी करके ग्वाल बुलवावनो। और भोग सरायवक लिये झारी, तष्टी, वीड़ा लेके पूर्वोक्त रीतिसों आचमन मुखवस्त्र कराय बीडा तव-

कड़ीमें धरने । भोग सराय ठिकाने धरिये । और झारी जेमनी ओर पलनाके पास धरनी । भोगकी ठौर धोयके मन्दिरवस्त्र करनो । पड़घा धोय धरने । कीर्तन होय ततः प्रभुं प्रणमेत् । "यशोदानन्द गोपीभिर्वीक्ष्यमाणमुखाम्बुजम् । वन्दे स्वलंकृतं कृष्णं बालं रुचिरकुन्तलम् ॥" १०४ ॥

ततः गोपालभोग क्रिया । ग्वालको वस्त्र गादीपे बिछावनो ।

तबकड़ी धैयाकी आठ अरोगावनी ॥ क्रिया ॥ दूध सेर दो वा तीन,मथनीघाटके डबरामें उष्णकरि बूरा मिलायके रैसों मथनो तब ऊपर फेन आवे सोधैयाकी तबकड़ीमें छोटी चाँदी की झरझरीसों लेके टेराके भीतर समर्प्पत जैये । ज्यौंज्यों फेन निकसत जाय त्यौं २ तबकड़ीमें समर्प्पिये आगेकी तबकड़ी उठाय हाथ धोय दूसरी समर्प्पिये जब फेन न निकसे तब थोरोसो बूरा और मिलाय दूध डबरामें समर्प्पिये । तदा पयः फेनसमर्प्पणे विज्ञापयेत् ! "स्वर्णपात्रे पयःफेनपानव्याजेन सर्वतः । अभ्यस्यति प्राणनाथः प्रियाप्रत्यंगचुम्बनम्॥" १०५॥ गोपार्प्पितपयःफेनपानं तद्भावतः कृतम् ॥ मदर्प्पितं पयः-फेनपानं तद्भावतः कुरु ॥" १०६ ॥ उपरान्त अल्पजलसों अचवाय मुखवस्त्र करि बीड़ा पूर्वोक्त रीतिसों समर्प्पिये । पाछे भोग उठाय ठिकाने धरिये । मन्दिरवस्त्र फिराइये । ततः प्रेख (पालना) विज्ञप्तिः "गोपीजनस्य हृद्रूपं नवनीतप्रियःप्रियम् ॥ गोकुलेशोपवेशाय प्रेखतद्योगतां भज ॥ " १०७ ॥ पाछे पालनो उठाय साज करि तिवारीमें लाय दुलीचा बिछाय तापर पधराइये । पालना भोग प्रथम साज राख्यो होय ताकी

सामग्री । माखन, मिश्री, मेवाकी कटोरी, और छोट पूरी, बेसनकी । बेसनके खिलोना ये सब पेहेलेसों साज रख्यो होय सो धरनो । और माखन मिश्रीकी कटोरीपे ढकना ढाँकके छन्ना ढाँकके पधराय राखनो । अरु झारी, बीड़ा, ग्वालभोगके रहे । आगे खिलोनांकी तबकडी धरिये ॥

ततः प्रभुप्रेंखारोहणम् विज्ञापयेत् ।

"नवनीतप्रिय स्वामिन् यशोदोत्संगलालित॥ प्रेंखपर्य्यंक-मारुह्य मयि दीने कृपां कुरु॥" १०८॥ उपरान्त पालनामें पधराइये । खिलोना खेलाइये । झुँनझुँना, पँपैया बजाइये । एतत्समयके पद गाइये । तदा प्रेंखस्थितं प्रभुमान्दोलयेत् (झुलावने)

रामकलीरागेण गीयते ।

"प्रेंखपर्य्यंकशयनं ॥ चिरविरहतापहरमतिरुचिरमीक्षणम्॥ प्रकटय प्रेमायनम् ॥ तनुतरद्विजपङ्क्तिमति ललितानि हसितानि तव वीक्ष्य गोपिकीनाम् ॥ यदवधि परमे तदाशया समभवज्जीवितं तावकीनाम् ॥ १ ॥ तोकता वपुषि तव राजते दृशि तु मदमानिनीमानहरणम् ॥ अग्रिमे वयसि किमु भाविका मेपि निजगोपिकाभावकरणम् ॥ २ ॥ व्रजयुवतिहृद्य कनकाचलानारोढुमुत्सुकं तव चरणयुगलम् तनुमुहुरु-न्नमनमभ्यासमिव नाथसपदिकुरुतेमृदुलमृदुलम् ॥ ३ ॥ अधिगोरोचनातिकमलकोद्ग्रथितविविधमणिमुक्ताफलविरचितम्॥ भूषणं राजते मुग्धतामृतभरस्यंदिवदनेंदुरसितम् ॥ ४ ॥ भ्रूतटे मातृरचितांजनबिन्दुरतिशयितशोभया दृग्दोषमपनयन् ॥ स्मरधनुषि मधु पिबन्नलिराज इव राजते प्रणयिसुखमुपनयन्॥५॥

वचनरचनोदारहाससहजास्मितामृतचयैरात्रिभरमपनयन् ॥
पालय सदास्मानस्मदीयश्रीविट्ठलेश निजदासमुपानयन॥"८॥
या प्रकार पद बोलके ता उपरान्त पालनेते सिंहासन पूर्वोक्त रीतिसों पधराइये। पालनो उठाय ठिकाने धरिये। ढाँकिके धरिये। खिलोनाकी तबकड़ी, झारी, बड़ी कटोरी प्रभृतिक सब उठाय ठलाय धोय ठिकाने धरिये। उपरान्त राजभोगकी सामग्री सिद्ध भईहोय सो मन्दिरते रसोईतांई पेंड़ेमें मन्दिर-वस्त्र फिराइये।

राजभोग धरनो।

राजभोगके लिये चौकी ३ भोगमन्दिरमें सिंहासनके तीनो ओर धरिये डिगत होय तो नीचे चेली लगाइये। सखड़ीकी चाकीपर पातर धरिये। जलपानके मथनीको जल झारीमें भरि सिंहासनके दुहू दिश धरिये नेवरा पहरायके।उष्णकाल में एक कुआ, करवा, धरिये। ता दिना झारी एकधरिये। अरु चमचा तीनों ओर धरिये। ततो राजभोगार्थं यंत्रेषु पात्राणि स्थापयेत्। "व्रजस्त्रीकरयुग्मात्मयन्त्रे पात्रं च तन्मयम् ॥ स्थापितं ते भोजनार्थं योग्यभोजनसम्भृतम् ॥" १०॥ पाछे टेरा खोंचि दृष्टि बचाय राजभोगकी सामग्री धरिये। पेहलेही राजभोग साज राखनो पाछे प्रभुकों पधरावनो । राजभोग साजवेकी रीत भातको थार अगाडी धरनों। तामें घीकी कटोरी भातमें जेमनी आड़ी गाड़नी । और जलकी कटोरी बाँई आड़ी गाड़नी। और शीत समय होय तो जल तातो हाथ सुहातो राखिये दारको डबरा थारके पास जेमनी ओर धरनो, ताके पास मूड्को डबरा धरनो, ताके पीछे कढ़ीको

डबरा धरनो, और रोटी लीटी, थारके जेमनी ओर धरनी, और भुजेना, कचरिया ताके पीछे धरिये पतरो शाक, धरनो और चमचा सगरे डबरामें धरने ॥

अनसखड़ी साजवेकी रीत।

थालमें पलना भोगकी माखन, मिश्र, मेवा, धरनी। ताके पास मलाई सिखरन, दही, रायता, शाक, भुजेना, लोन, मिरच, सधाँनेकी कटोरी, बूराकी कटोरी, आदा पाचरीनींबू छोलाके दाने वाके दिन होंय तो नहीं तो चनाकी दार धरनी, और खीरको डबरा थारके पास धरनो, ताके पास मठाको डबरा धरनो। ताके पास पूरीको थार, तामें लुचई मैदाकी जीराकी, मोनकी तथा सादा पूड़ी वगैरे धरनी और सामग्री जैसो नेग होये ता प्रमान नेग धरनो। और मेवा, तर मेवा, सब दाहिनी दिशि चौकीपर धरिये। या प्रकार सब सामग्री सिद्ध करि साजके प्रभूकों पधरावने पाछे थारमें आगे थोड़ो सो भात दारि चमचासों मिलाय घृत डारि सानिके ग्रास ५ वा ७ करि धरिये ॥

ता पाछे धूप, दीपआरती करिये ततो घण्टां विज्ञापयेत्।

"हरिवल्लभरावे त्वं क्रीडासक्तान् गृहे स्थितान्॥समयं राजभोगस्य गोपान् गोपीश्च सूचय"॥११०॥ततौ अगरुधूपं समर्प्यार्तिं कुर्य्यात्।"श्रीमद्राधांगसौगंध्यागरुधूपार्प्पणाद्विभो ॥भावात्मकृतसामग्रीं भोगेच्छां प्रकटीकुरु"॥ १११॥ अगरको धूप करि वामहाथसों घण्टा बजाय, दाहिने हाथसों ३ फेरि देके धूपार्ति करिये। ततो दीपार्त्तिं कुर्य्यात्। " दीपः समर्प्पितो भोग्यरूपा

र्थालयदीपने॥तदीपनेन चोद्दीप्तभावो भोजनमाचर॥ "११२॥ याई रीतिसों दीवड़ामें बाती २ले धरि दीपार्त्ति करिये । ततः शङ्खोदकेन भोगसामग्रीं प्रोक्षयेत्।"कम्बूनाम्नातिप्रियं श्रीशङ्खान्तर्गतवारिणा ॥ दृष्ट्यादिदोषाभावाय सामग्री प्रोक्षिताविभो ॥ "११३ ॥शंखके जलसों भोग सामग्री प्रोक्षणा करिये ॥

ततोग्रे तुलसीसमर्प्पणम् ।

"प्रियाङ्गगन्धसुरभिं तुलसीं चरणप्रियाम् ॥ समर्पयामि मे देहि हरे देहमलौकिकम् ॥ "११४ ॥ तुलसीदल कोमल लेके अष्टाक्षर महामन्त्रपढि चरणारविन्दमें समर्प्पिये। अरु तुलसीपत्रले अष्टाक्षर मन्त्रसों सब सामग्री में समर्प्पिये। और श्रीमथुरेशजीके घरकी रीतहै। और श्रीनवनीत प्रियजीके यहाँ प्रथम तुलसी पाछे शंखोदक पाछे धूप दीप होय है। उपरान्त बाहिर आय टेरा खेंचि हाथजोड़ि विज्ञप्ति करिये। तदा राजभोगं समर्प्य विज्ञापयेत् । सुवर्णपात्रे दुग्धादि दध्याद्यं राजतेषु च॥मृत्पात्रेषु रसाढ्यं च भोज्यं सद्रोचकादिकम् ११५॥ राजते नवनीतं च पात्रे हैमे सितास्तथा ॥ यथायोग्येषु पात्रेषु पायसं व्यञ्जनादिकम् ॥११६ ॥ सूपौदनं पोलिकादि तथान्यच्च चतुर्विधम्॥भुंक्ष्व भावैकसंशुद्धं राधया सहितो हरे॥ ११७॥ राधाधरसुधापातुःकिमन्यन्मधुरायितम् ॥ यन्निवेद्यं तदर्प्पेतन्नामसम्बन्धतो भवेत्॥११८॥भाषणं मत्यतिप्राणप्रियेगोपवधूपते। त्वन्मुखामोदसुरभि भोज्यं भुंक्तेऽधिकं प्रियम् ॥ ११९ ॥ प्रियामुखाम्बुजामोद सुरभ्यन्नमति प्रियम् ॥ अङ्गीकुरुष्व गोपीश त्वदीयत्वान्निवेदितम् ॥ १२० ॥ नजानाम्यबलायाहमस्मिन्भोज्ये मदर्पितम् ॥ भुंक्ष्व श्रीगोकुलाधीश स्वाधिव्याधिनि-

त्वदीय
ो मयि
ारि या-
१२४॥
मे भो-
॥ स-
ाय आ-
चक्र न
होयता
छि नि-
ष्णकाल
हेनी दि-
ाकरिये।
ापसमय
षि राखि
थमं श्री·
लमात्रेण
ौ नमा-
॥ महा-

वध्नाः ॥
॥१२८॥

वीरय ॥ १२१ ॥ श्रीराधे करुणासिन्धो श्रीकृष्णरसवारिधे ॥
भोजनं कुरु भावेन प्रियेण प्रीतिपूर्व्वकम् ॥ १२२ ॥
मेव गोविन्द तुभ्यमेव समर्पितम् ॥ गृहाण राधिकायुत
नाथ कृपां कुरु ॥ १२३ ॥ प्रियारतिश्रमपरिमिलितं व
मुनम् ॥ समर्प्पयामि तत्पानं कुरु श्रीकृष्णतापहृद् ॥
स्वार्थप्रकटसेवाख्यमार्गे श्रीवल्लभ प्रभो ॥ निवेदितस्य
ज्यं स्वास्ये कुरु हुताशनम् ॥ "१२५ ॥ इति विज्ञप्ति
मय घड़ी दोयको करनो ताके बीचमें जगमोहनमें अ
सन बिछाय पूर्व, व उत्तर, मुख बैठिये । पाछे शंख
धरे होंय तो धरिये । उपरान्त भगवत्स्वरूप के चित्र
विज्ञप्तिसों दण्डवत करिये । आँखिनसों लगाइए । पा
त्यकम सन्ध्याआदि जप पाठादिक सब करिये । उ
होय और गरमी होय तो उपरना आँखिनसों लगाय दि
शि ठाढ़े रहि नेत्र मूदि पुरुषोत्तम सहस्रनाम पढ़त पंख
तादिन जपपाठादिक सेवाके अवकाशते करिये । ज
काहूसों सम्भाषण न करिये अन्तःकरण भगवल्लीलावि
नेत्र मूँदि मालाले जप करिये । ततो जपं कुर्यात् ॥ प्र
मदाचार्यविट्ठलाधीशान् स्मृत्वा प्रणमेत् । "प्रमेयव
गृहीतौ यत्करौ दृढम् ॥याभ्यां तौ वल्लभाधीशविट्ठलेश
म्यहम् ॥ १२६ ॥ जपं सर्वोत्तमं पूर्वमष्टाक्षरमतः परं
मन्त्रस्ततो जाप्यस्ततो नामावली शुभा" ॥ १२७ ॥

ततः प्रभुं स्मृत्वा प्रणमेत् ।

" यद्बाललीलाकृतचौर्यजातं सन्तोषभावाद्व्रजगोप
उपालभन्त व्रजराजनन्दनं तदंघ्रिमेवानुदिनं नमामि"

ततः श्रीमतः स्मृत्वा प्रणमेत् । "महानन्दैकपाथोधितारवर्केन्दु मण्डले ॥ नमस्तेंघ्रिपदाम्भोजं रक्ष मां शरणागतम्॥"१२९॥ ततः सर्वोत्तमजपः कार्यः । तत्रादौ श्रीमदाचार्यान् स्मृत्वा प्रणमेत् । "निःसाधनजनोद्धारहेतवे प्रकटीकृतम् ॥ गोकुलेशस्य रूपं श्रीवल्लभं प्रणमाम्यहम्" ॥ १३० ॥ ततो जपान्ते प्रभुं नत्वा विज्ञापयेत् । " भजनानंददानार्थं पुष्टिमार्गप्रकाशकम् ॥ करुणावारुणीयं श्रीवल्लभं प्रणमाम्यहम्" ॥ १३१ ॥ ततः शरणमन्त्रजपः कार्यः । तत्रादौ प्रभुं स्मृत्वा प्रणमेत् । "गृहाद्यासक्तचित्तस्य धर्मभ्रष्टस्य दुर्मतेः ॥ विषयानन्दमग्नस्य श्रीकृष्ण शरणं मम" ॥ १३२ ॥ ततो जपान्ते नत्वा विज्ञापयेत । "संसारार्णवमग्नस्य लौकिकासक्तचेतसः॥विस्मृतस्वीयधर्मस्य श्रीकृष्णः शरणं मम" ॥ १३३ ॥ ततो महामन्त्रजपः कार्यः तत्रादौ प्रभुं स्मृत्वा प्रणमेत्। "लौकिकमार्गनिवृत्तिरतोपि स्वस्थितमूलविचारचलोपि॥दुर्मुखवादिवचस्तरलोपि च कृष्णतवास्मि न चास्मि परस्य॥"१३४॥ ततो जपान्ते प्रभुं नत्वा विज्ञापयेत्।"प्राप्तमहाबलवल्लभजोपि दुष्टमहाजनसंगरतोपि॥लौकिकवैदिकधर्मखलोपि कृष्णतवास्मिन चास्मि परस्य" ॥ १३५ ॥ ततो नामावलीजपः कार्यः । तत्रादौ प्रभुं विज्ञापयेत् ।"प्रीतो देहि स्वदास्यं मे पुरुषार्थात्मकं स्वतः ॥ त्वद्दास्यसिद्धौ दासानां न किञ्चिदवशिष्यते" ॥ १३६ ॥ ततो जपान्ते प्रभुं नत्वा विज्ञापयेत् । "नमो भगवते तस्मै कृष्णायाद्भुतकर्मणे ॥ रूपनामविभेदेन जगत्क्रीडति यो यतः" ॥ १३७ ॥ इति जपः ॥ जप समय लौकिकासक्ति विषय वासना पर चित्त न राखिये । श्रीमदाचार्यजीके चरणारविन्द पर चित्त राखिये । उपरान्त पाठ श्रीपुरुषोत्तम-

सहस्रनाम प्रभृति ग्रन्थ श्रीमद्भागवत पभृति पाठ करिये। उपरान्त समयसिर उठि आचमनके लिये झारी, बीड़ा, तष्टी, सिद्धकरिये। शीतकालमें आचमनकी झारीको जल उष्ण-हाथ सुहातो करि राखिये। पाछे पूर्वोक्त रीतिसों अचवाय मुखवस्त्र कराय, बीड़ा समर्पिये। आचमनं कारयेत विज्ञापनम्। "कुरुष्वाचमनं कृष्ण प्रिययासुनवारिणा॥ स्नेहात्मभावसिक्ता न्यभावया करुणात्मक" ॥ १३८॥ मुखवस्त्रमार्जनं कारये-द्विज्ञापनं॥ "स्नेहाच्छ्रमजलं प्रोक्ष राधिकाया कराञ्चलाद्॥ स्मृत्वानन्दभरान्नाथ कुरु श्रीमुखमार्जनम्॥"१३९॥ मुखवस्त्र करायके बगलके तकिया पर धरिये। ततो ताम्बूलं समर्पयेत्। विज्ञप्तिः "ताम्बूलं सुप्रियं कृष्ण सौरभ्यरससंयुतम्॥ गृहाण गोकुलाधीश तत्कपोलाभपांडुरम्॥"१४०॥ बीडा दाहिनी ओर धरि समर्पिये। पाछेभोग सराय सखडी, अनसखडी, कीसमझ राखिये। ढाँकिके ठिकाने धरिये चौकी उठाय बाहिर लाय धोयवेके ठिकाने धरिये। भोगकी ठौर धोय मन्दिरवस्त्र करिये। उपरान्त सिंहासनके आगे खण्ड धरिये आगे पाट बिछाय चौकी बिछावनी। शीत कालमें रुई दार दुलीचा बिछाइये। उष्णकालमें श्वेत बिछाइये। ता पर चरण गादी २ पेंडाके उतइत चढ़वे उतरवेको धरिये। अरु चौगाँन गेंद सिंहासनके आगे दाहिनी दिशि धरिये। पाटके ऊपर बीचमें खेलवेकी एक दिन चौपड एक दिन शतरंज, एक दिन बाघ बकरी आदि फिरती धरनी, ताके दौनो बगल गादी बिछावनी। ततोऽक्षक्रीडार्थं विज्ञापयेत्। "क्रीडारूपात्मकैरक्षैः क्रीडार्थस्थापितः प्रभो॥ क्रीडां कुरु महाराज गोपिकायै स्वराधया"॥ १४१॥ खिलोनाकी तवकडी सिंहासनकी दोही

आडी धरिये । तामे जेमनी आडी पोतके खिलोना, और बाँई आड़ी काठके खिलोना धरने । और खण्डके उपर पेंड़ो बिछाय जेमनी तरफ पोतके खिलोना तथा बाम आडी काष्ठके खिलोनाकी तबकड़ी धरिये और खण्डकी नीचेकी शीडीपे चांदीके खिलोनाकी तबकड़ी दोउ दिशि धरनी । और दोउ शीडीपे हंस गाय घोड़ा हाथी धरने । और सिंहासनके ऊपर गादीके आगे दोनो आड़ी गाय चांदीकी धरनी। शय्याके पास खेलवेके लिये चौकी२तामें चौकी२इत उत एकपर गादी धरिये। उष्णकालमें सुपेदबस्त्रकी खोली चढ़ाइये । सो वसन्तपञ्चमी-ते दिवारी ताँई पाछे सिंहासन परते राजभोगकी झारी, बीड़ा, माला, चरणारबिन्दकी तुलसी, प्रभृति उठाय बाहिर लाय ठलाय प्रक्षालन करि फिर पूर्वोक्तरीतिसों भरि नेवरा निचोय पहिराय शय्याके पास धरि सिंहासनकी वाम आडी तबकड़ी में धरनी । और उष्णकालमें शय्या तथा सिंहासनपे झारीके आगे दोउ ठौर कुञ्जा, करवा, अक्षयतृतीयाते जन्माष्टमीके पहिले दिन ताँई दाहिनी दिशि धरिये । ततो झारी समर्प्पणम् विज्ञप्तिः । "प्रियारतिश्रमहरं शीतलं वारि यामुनम् समर्प्पयामि तत्पानं कुरु श्रीकृष्ण तापहृत्" ॥ १४२ ॥ शय्याके पास बन्टाभी धरनो । तामें मठड़ी, वा लडुवा, तथा साधनेकी कटोरी धरनी । ततश्चन्दनादि समर्प्य विज्ञापयेत् । " कुचकुंकुमगन्धाढ्यमङ्गरागमतिप्रियम् । श्रीकृष्ण तापशांत्यर्थमङ्गीकुरु मदर्पितम् ॥" १४३ ॥ या विज्ञप्तिसों चन्दन अङ्गराग दोऊ ठौर चन्दनयात्राते (अक्षयतृतीयाते) रथयात्रा ताँई धरिये । अरु पङ्खा गरमीमें दोउ ठौर धरिये । सो डोलते दिवारी ताई धरिये पाछे बीड़ा दोऊ ठौर पूर्वोक्त रीतिसों दा-

हिनी दिशि चांदीके वण्टामें धरिये। तथी दोऊ ठौर आगे धरिये। फूल माला फिरि धरिये। पुष्प समयानुसार तबकड़ीमें धरिये। विज्ञापयेत् । "कुसुमान्यर्पितानीश प्रसीद मयि सन्ततम् । कृपासंहृष्टदृग्वृष्ट्या त्वदङ्गीकृतशोभितम् ॥" १४४ ॥ गरमीमें राजभोग आरती ताँई पङ्खा करिये। चोवा, अतर, प्रभृति सुगन्धकी डिबिया धरिये। पाछे टेरा खोलिके समयानुसार कीर्तन होत दर्शन करवाइए। पाछे बेणुबेत्र दहिनी दिशि धराइये। पाछे आरसी दिखाइये। पाछे पूर्व्वोक्त रीतिसों सज्जन करिये। देवशयनीते प्रबोधनी ताँई चित्रित थारीमें चांदीके दीवलामें चार वार्तीकी आरती करनी उपरान्त पूर्व्वोक्त रीतिसों उत्सव बिना नित्यकी आर्ति करिये। तदा विज्ञापयेत् ॥

आर्या राजभोग आरतीकी ।

"व्रजराजविराजत घोषवरे ॥ वरणीयमनोहररूपधरे ॥ धरणीरमणीरमणैकपरे ॥ परमार्त्तिहरस्मितविभ्रमके ॥ १ ॥ मकराकृति कुण्डलशोभिमुखे ॥ मुखरीकृतनूपुरहृद्यगतौ ॥ गतिसङ्गतभूतल तापहरे ॥ हरशक्रविमोहनगानपरे ॥ २ ॥ परमप्रियगोपवधूहृद ये ॥ दययादिनतापहरे सुहृदाम् ॥ हृदयस्थितगोकुलवासिजने॥ जनहृद्यविहारपरे सततम् ॥ ३ ॥ ततवेणुनिनादविनोदपरे ॥ परचित्तहरस्मितमात्रकथे ॥ कथनीयगुणालयहस्तयुगे॥ युगले युगले सुदृशां सुरतौ ॥ रतिरस्तुममव्रजराजसुते" ॥ १४५ ॥ इति श्रीगुसाँईजीकृत राजभोगआर्तिकी आर्य्या सम्पूर्ण । या प्रकार आरती करके श्रीमत्प्रभुं स्मरेत् ।

श्रीमत्प्रभुको दंडवत करतसमय विज्ञप्ति।

"हेकृष्ण राधिकानाथ करुणासागर प्रभो ॥ संसारसागरे घोरे मामुद्धर भयानके ॥" १४६ ॥

श्रीस्वामिनीजीकों विज्ञप्ति ।

"भ्रूभङ्गवड़िशाकृष्टकृष्णहृन्मीनरोधिनि॥ स्वपादपङ्कजे बद्धं कुरु मां शरणागतम्" ॥ १४७॥ इति श्रीमदाचार्यान् श्रीविट्ठलाधीशचरणान् प्रणमेत्॥

श्रीमहाप्रभुजीकों विज्ञप्ति

"नमः श्रीवल्लभाधीश विट्ठलेशपदाम्बुज ॥ यदनुग्रहतः पुष्टिमार्गमालंबते जनः ॥" १४८ ॥

ततःप्रभुं विज्ञापयेत् ।

"एतावदेवं विज्ञाप्यं सर्वथा सर्वदैव मे॥त्वमीश्वरोसि गीतं ते क्षुद्रो हं वेद्मि न प्रभो"॥१४९पाछे हाथधोय भीड सरकाय मन्दिरमें दाहिनी दिशि ठाढ़े रहिये। श्रीकृष्णाश्रयको पाठ सान्निध्य रहि करिये। आरसी दिखाय माला बड़ी करि पास तबकड़ीमें धरिये। उपरान्त शय्यामन्दिरमें जाय शय्याको ढाकना उठाय विज्ञप्ति करिये॥

तदा निकुञ्जगमनार्थं विज्ञापयेत् ।

" प्रियासङ्केतकुञ्जीयवृक्षमूलेषु पल्लवैः ॥ कृतेषु भावतल्पेषु क्रीड़न् गोचारणं कुरु ॥ १५० ॥

॥ ततो भावात्मकशयनं विज्ञापयेत् ।

" सेवतोत्र हरे रन्तुं गृहे मद्धृदयात्मके ॥ निमीलयामि दृग्द्वारं विलसैकान्तसद्मनि" ॥ १५१ ॥ उपरान्त हाथ जोडि

मान्दरको नमस्कार करि कपाटमंगल करिये। तालादेय बाहिर आइये ॥

ततः प्रभुं साष्टांगं नत्वा विज्ञापयेत् ।

"स्वदोषाज्ञानामि स्वकृतिविहितैः साधनशतैरभेद्यांस्त्यक्तं चापटुतरमना यद्यपि विभो॥तथापि श्रीगोपीजनपदपरागांचितशरास्त्वदीयोस्मीति श्रीव्रजनृप न शोचामि मुदितः॥ १५२ ॥ प्रभो क्षमस्व भगवन्नपराधं मया कृतम् । अङ्गीकुरुष्व-मत्सेवां न्यूनामपि कृपानिधे ॥ १५३ ॥ अपराधसहस्राणि-क्रियन्तेहर्निशं मया ॥ दासोयमिति ज्ञात्वा क्षमस्व श्रीवल्लभ प्रभो ॥ १५४ ॥स्वल्पेनैवापराधेनमहता वा व्रजेश्वर॥ अस्मानुपेक्षसे च त्वं स्वकीयान् किं ब्रुवे तदा॥ १५५॥ त्वदीयत्वं निश्चितं नस्तवभर्तृत्वमप्युत ॥ कालकर्मस्वभावानामीशतत्त्वं मयि प्रभो ॥ १५६ ॥ अतः कालादिजं दुःखं भवितुं च न नो र्हति ॥ अपराधेप्युपेक्षा तु नोचिता सेवकेषु ते ॥ १५७ ॥ उपेक्षयैव कालादिर्भक्षयत्यन्यथा न हि॥ वाहिर्मुख्यात्कालजातं दुःखं च जहि तत्प्रभो ॥ १५८ ॥ तद्वैपरीत्यं कृपया भाविन्यैवान्यथा न हि ॥ दोषाश्रयत्वं सहजं ज्ञात्वैव ह्युररीकृतिः ॥ १५९ ॥ दंड स्वकीयतां मत्वेत्येवं चेदिष्टमेव नः ॥ अस्मासु स्वीयतां मत्वा यत्र कुत्र यदा तदा ॥ १६० ॥ यद्यत्करिष्यत्यखिलं तदस्तु प्रतिजन्ममनः ॥ इदमेव सदा प्रार्थ्यं त्वदीयत्वं व्रजेश्वर ॥ १६१ ॥ :खासहिष्णुस्त्वत्तोहं तथापि प्रार्थये प्रभो ॥ तथैव सम्पादय नो नापराधो यथा भवेत ॥ १६२ ॥ अपराधेपि गणना नैव कार्या व्रजाधिप ॥ सहजैश्वर्यभावेन स्वस्य क्षुद्रतया च नः" ॥ १६३॥ इति ॥

पाछे सखडी, अनसखडी, प्रसाद न्यारेन्यारे पत्रमें ठलाय पात्र माजिये । तदा पात्राणि मार्जयेत् " गोकुलश तवोच्छिष्ट-लेपात्पात्रप्रमार्जनात् ॥ त्वत्सेवांतरधर्मेषु रतिर्भवतु निश्चला" ॥ १६४ ॥ सखडी पात्र दोयबेर माजियें । अनसखडी पात्र एक बेर माजिये । पाछे स्वच्छ रीतिसों धोय ठिकाने राखिये । अरु खासाके पात्र पेंडाकी भूमीपर न धरिये । सखडी भूमि धोयपोत स्वच्छ करि सर्वत्र ताला मङ्गल करि जलपानकी मथनीको जल आछीभांत ढाँकिये । उपरान्त बाहिर आइये । तब प्रसादी तुलसी ले ग्रहण कीजिये । "श्रीमत्तुलसि कल्याणि श्रीमच्चरणवासिनि । अङ्गीकुरुष्व मामेवं निक्षिपामि मुखाम्बुजे ॥" १६५ ॥ या विज्ञप्तिसों तुलसी दल ग्रहण कीजिये ॥

अथ चरणोदक लेत समय विज्ञप्ति ।

"छिन्नस्तेन महीस्थेन गर्भवासोतिदारुणः ॥ पीतं येन सकृद्यदि श्रीकृष्णचरणोदकम्" ॥ १६६ ॥ चरणामृतले हाथ शिरपर आँखिनसों लगाय फिराइये । पाछे अलौकिक लौकिक वैदिक यथायोग्य सम्मान करिये । और ब्राह्मण, वैष्णवनको सम्मान करिये । और नित्यकर्म जपपाठादि न्यून होय तो सम्पूर्ण करिये । ततो महाप्रसादं विज्ञापयेत् । "कृष्णभुक्तान्नशेषत्वं विरिञ्चिभवदुर्लभः ॥ तद्रसास्वादतो मां हि कृष्ण दास्ये नियोजय ॥ १६७ ॥ या विज्ञप्तिसों महाप्रसाद लीजिये । बिगड्यो सुधर्यो स्वादकहिये जो फिरि आगे सावधान होयके करे । और प्रसाद लेत समय वृथालाप न करिये । महाप्रसाद अलौकिक पदार्थ जानिलीजे । अन्नबुद्धि न राखिये । उक्तञ्च विष्णुपुराणे "पातकान्युपपापानि

महापापानि यानि च ॥ तानि सर्वाणि नश्यंति हरिभुक्तान्नभोजनात्" ॥ १६८ ॥ ततो गरुड़पुराणे। "षड्मासस्योपवासस्य यत्फलं परिकीर्तितम् ॥ विष्णोर्नैवेद्यसिक्तेन तत्फलं भुञ्जतां कलौ" ॥ १६९ ॥ ततः पद्मपुराणे उक्तम्। "मुकुन्दाशनशेषंतु यो हि भुंक्ते दिनेदिने॥ ससिक्थेथ भवेत्तस्य फलं चान्द्रायणाधिकम्" ॥ १७० ॥ महाप्रसाद पदार्थ जानि कृतार्थ मानि लीजिये। जूठी सखड़ीको ज्ञान राखिये ततो अग्रे प्रसादीजलं विज्ञापयेत् ॥

"श्रीकृष्णपीतशेष त्वं प्राणिनां प्राणवल्लभ ॥ पिबामि यमुनावारि कृपां कुरु ममोपरि" ॥ १७१ ॥ पाछे प्रसाद ले माटीसों हाथ धोय कुल्ला १६ करि मुख पोंछि। ततः प्रसादविटंकं विज्ञापयेत्। (बीड़ी) "कृष्णचर्विततताम्बूलं मुखसौरभ्यसम्भृतम् ॥ भुंजेहं देहशुद्ध्यर्थं दास्ये मां विनियोजय॥" १७२ ॥ उपरान्त यथावकाश सोय उठिये। अथवा पुस्तक अवलोकन करिये व्यावृत्ति विषे शरणमन्त्रको ध्यान राखिये "तस्मात्सर्वात्मना नित्यं श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ वदद्भिरेव सततंस्थेयमित्येव मे मतिः" ॥ १७३ ॥ याते शरणमन्त्रकोध्यान आवश्यक करनों। व्यावृत्ति व्यवहार जानि करिये। आशक्ति प्रभु विषद राखिये। उक्तं हि। "व्योवृत्तोपि हरौ चित्तं श्रवणादौ यतेत्सदा ॥ ततः प्रेम तथाऽशक्तिर्व्यसनं च यदा भवेत्" ॥ १७४ ॥ याते व्यावृत्ति विषय आशक्ति विशेष न राखिये अरु व्यावृत्ति विशे अपनो स्वधर्म न प्रकट करिये- निबन्धे उक्तम् "वृत्त्यर्थं नैव युंजीत प्राणैः कण्ठगतैरपि॥ तदभावे यथैव स्यात्तथा निर्वाहमाचरेत्" ॥ १७५ ॥ व्यावृत्ति विषे भगवद्धर्म गोप्य राखिये दास्यभावसों रहिये अन्तः-

करण कोमल राखिये कृतार्थ होय किमाधिकम्। उपरान्त देहकृत्य पूर्वोक्त रीतिसूँ करिये। पाछे उत्थापनके लिये आले मेवा, आँब, जाम्बु, कदली, बेर, फालसा, इक्षु, अनार, दाख प्रभृति जो मिले सो लाय सवारि सिद्धकरि राखिये॥

ततो उत्थापन समयते रीति।

ततश्चतुर्थयामे पुनः स्नानं कर्य्यात्। पाछलो ७ घड़ी दिन रहे ता विरियां पूर्वोक्त रीतिसूँ स्नान करि अपरसकी धोती पेंहरि आचमन करि शिखा बाँधि तिलक मुद्रा धारण करि प्रेमामृत को पाठ करत खासा जलसों हाथ धोय पूर्वोक्त रीतिसों घण्टा-नाद तीन वेर बजावनों। विज्ञप्तिः "हरिवल्लभनादे त्वं घण्टेहि भगवत्प्रिये॥ पबोधावसरं ब्रूहि हरिव्रजवधूव्रतम्" ॥ १७६॥ ता पाछे मन्दिरके पास जाय ताला खोलिये। ततश्चतुर्थयामे प्रभुं प्रबोधादुत्थापयेत्। "जयजय श्रीकृष्ण श्रीगोवर्द्धनोद्धरण-धीर दयानिधे दीनोद्धरण श्रीविट्ठलेश महाप्रभो राजाधिराज राजीवलोचन अशरणशरण शरणागतव्रजपञ्जर आश्रितपारि-जात महाप्रभो जयजय जय"। या प्रमाणविज्ञप्ति करि। उपरान्त मंदिर खोलि उत्थापन करिये॥

ततः प्रभुं प्रणम्य विज्ञापयेत्।

"गोवर्द्धनधर स्वामिन्व्रजनाथ जनार्तिहन्॥ श्रीगोकुल विधुं वन्दे विरहानलकर्शितः" ॥ १७७॥

ततःश्रीमतीं स्मृत्वा प्रणमेत् (श्रीस्वामिनीजी)

"परमाह्लादिनीं शक्तिं वन्दे श्रीपरमेश्वरीम्॥ महाभागवतीं पूर्णविभावां हरिवल्लभाम्" ॥ १७८॥

ततः श्रीमदाचार्यान्स्मृत्वा प्रणमेत्।

"वन्दे श्रीवल्लभाधीशं भावात्मानं भयापहम्॥ साकारं तापशमनं पुष्टिमार्गैकपोषणम्" ॥ १७९॥ या प्रकार विज्ञप्ति करि पाछे टेराखोलि कीर्तनहोत दर्शन करवाइए उपरान्त मन्दिरमें जाय चोगान, गेंद, दुलिचा, पेंड़ो, चरणगादी, पेंड़ा, प्रभृतिक सब उठाय ठिकाने धरिये। पाछे शय्या सिंहासनकी झारी, बीड़ाको बण्टा, माला, तष्टी, प्रभृति सब उठाय तथा शय्याको बण्टाभोग, सब उठाय ठलाय साज सब धोय ठिकाने धरिये। पाछे झारी १ भरि नेवरा पहिराय पूर्व्वोक्त रीतिसों सिंहासन पर पधराइये। पाछे भीड़ सरकाय टेरा खेंचि उत्थापन समयको भोग सिद्धकरिराख्यो होय तर मेवादिक सो धरिये। उष्णकालमें पणा करि धरिये। अक्षयतृतीयाते जन्माष्टमी ताँईं धरिये और गुलावकी सामग्री मेवा प्रभृति यथासौकर्य धरिये। यह सामग्री सब सिंहासनपर भोगवस्त्र बिछाय चौकीबिछाय भोगको थाल सिद्धकरि राख्यो होय सो धरनो। धरवेकी रीति। खोवा, अगाड़ी राखनो ताके जेमनी ओर मलाई, ताके पास बूरा, ताके पास केला खरवूजा, ताके पास पणा, रसहोय तो धरनो, दूसरी आड़ी मिठाई, मेवा, ताके पास दार भीजी एक दिन अंकूरी, एक दिन चणाकी दार, एक दिन मूङ्गकी दार, लोन मिर्च कारी पिसी की कटोरी। फीको थपड़ी, बीचमें धरनी। और आस पास फल फलोंरी धरनी। धरकें विनती करनी॥

ततो उत्थापन भोग समर्पण विज्ञप्ति।

"यथा गोवर्द्धने भुक्तं फल मूलादिकं हरे॥ रामेण सखिभिः

सार्द्धं पुलिन्दीभिः समर्प्पितम् ॥ १८० ॥ तथा फलादिकं सर्व्वं भुंक्ष्व भावार्प्पितं मया ॥ पुलिन्दीवद्भावदानात्सार्थकं जन्म मे कुरु ॥" १८१ ॥ उपरान्त शय्यामन्दिरमें जाय शय्याविज्ञप्ति करि पूर्व्वोक्त रीतिसों सवारिये। पाछे पहिले दिनके वस्त्र होंय सो ठिकाने धरने दूसरे दिन धरायवेके होंय सो निकासने। अरु समय भये भोग पूर्व्वोक्त रीतिसों सराइये। बीड़ा बण्टामें धरने आचमन मुखवस्त्र पूर्व्वोक्त रीति कराय भोग उठाय ठिकाने धरिये माला धरावनी वेणू, वेत्र, तकियासूं लगाय ठाड़े धरने तष्टी धरनी गेंद चौगान ठीक करके धरनी फूलकी पाँखड़ी खण्डपेसूं गादीपेंसूँ सब झाड़ लेनी। बीचमें कहूँ हाथ नहीं लगावनों पहिलेसूं सब सम्भारके पाछे टेरा खोलके कीर्तन होत दर्शन करवाइये। गीतगोविन्दके पद गाइये। गरमी होय तो पङ्खा मोरछल करिये। और सेवा आभरण बस्त्रादिककी करिये ॥

ततो व्रजं गच्छन्तं विज्ञापयेत्।

"बलभद्रादयो गोपा गावश्चाग्रे विवृत्तयः ॥ गोपिका वेष्टितो मध्ये रणद्वेणु व्रजागमः ॥ १८२ ॥ दिवाविरहजस्तापो व्रजस्थानां यथा हृतः ॥ तथा मल्लोचने नाथ सन्ततम्" ॥ १८३ ॥ और कीर्त्तन होत होय तामें छाप होय ताको नाम आवे तब गोपिकागीत वेणुगीतको पाठ करत खेलकी चौकी ३ और खिलोनाकी तवकड़ी उठाय ठिकाने धरिये। और पाट, चौकी, खण्ड, उठाय ठिकाने धरिये। पाछे झारी उठाय ठलाय भरके नेवरा पहिरायके सिंहासन पर पूर्व्वोक्त रीतिसों धरिये। भीड़सरकाय टेरा खेंचनो

सिंहासनके आगे पडघा धरनो सिंहासनके ऊपर गादीके आगे वस्त्र बिछावनो पाछे सन्ध्या भोगको थाल सिद्ध कर्यो होय सो धरनो पड़घापें पातल धरके धरनो ताको प्रकार। मठडी मोनकी पूड़ी सधानां प्रभृतिक सब धरिये॥

ततः सन्ध्याभोगार्थं विज्ञापयेत्।

"श्रीमन्नन्दयशोदादिप्रेम्णा भुक्तं व्रजे यथा॥ भोजनं कुरु गोपीश तथा प्रेमार्पितं हरे"॥ १८४॥ विज्ञापन कर टेरा खेंचनो। फिर और सेवा होयसो करनी। शय्याकी सेवा रहीहोय तो करनी। उपरान्त समय सर भोग सरावनों। पूर्व्वोक्त रीति सों झारी, वीड़ा, तष्टी, लेकें आचमन कराय, मुखवस्त्र करि वीड़ा समर्प्पिये। पाछे भोग उठाय ठिकाने धरिये। भोगकी ठौर पोतनाकरि मन्दिरवस्त्र फिराय हाथ धोय टेरा खोलि, दर्शन कराइये वेणु,वेत्र धरायपूर्व्वोक्तरीतिसोंआर्तिसज्जकरिये॥

ततः सन्ध्यासमयनीराजनं कुर्य्यात् विज्ञापयेत्।

"कृष्णः कमलपत्राक्षः पुण्यश्रवणकीर्तनः॥स्तूयमानोनुगैर्गोपैः साग्रजो व्रजमाव्रजत्॥ १८५॥ तंगोरजश्छुरितकुं(ड)तलबद्ध-वर्हवन्यप्रसूनरुचिरेक्षणचारुहासम्॥ वेणुं क्वणंतमनुगैरुपगी-तकीर्तिं गोप्यो दिदृक्षितदृशोभ्यगमन्समेताः॥ १८६॥पीत्वा मुकुन्दमुखसारघमक्षिभृङ्गैस्तापञ्जहुर्विरहजं व्रजयोषितोह्न। त त्सत्कृतिं समधिगम्य विवेश गोष्ठं सव्रीड़हासविनये यदपांग-मोक्षम्॥" १८७॥

आर्या सन्ध्याआर्तीकी।

"हरिभक्तिसुधोदधिवृद्धिकरे करवर्णितकृष्णकथाग्ररसे॥ रसिकागमवागमृतोक्तिपरे परमादरणीयतमाब्जपदे॥ १॥ पद-

वन्दितपावनपापजने जननीजठरागमतापहरे ॥ हरनीतविदारणनामकथे कथनीयगुणाकरदासवरे ॥ २ ॥ वरवारणमानहरागमने रमणीयमहोदधिरासरसे ॥ रसपट्टदगंचलशोभिमुखे मुखरीकृतवेणुनिनादरते ॥३॥ रतिनाथविमोहनवेषधरे धरणीधरधारणभारभरे ॥ भरनागमशिक्षितलास्यकरे करकृष्ण गिरीन्द्रपदाब्जरते । रतिरस्तु सदा वल्लभतनये "॥ ४ ॥ इति श्री विट्ठलेश्वरविरचिता सन्ध्यारार्तिकार्या समाप्ता ॥

याप्रकार आरती करनी विज्ञापनसों। ततः प्रभुम्प्रणमेत् दंडवतकरनी।"धेनुधूलिधूसरालकावृतास्यपङ्कजं वेणुवेत्रकंकणादिकेकिपिच्छशोभितम् ॥ गोपगोपसुन्दरीगणावृतं कृपानिधि नौमिपद्मजार्चितं शिवादिदेववन्दितम्"॥१८८॥ततःश्रीमतीं स्मृत्वा प्रणमेत । "वृन्दावनेन्द्रमहिषी वृन्दावन्द्यपदच्छवि ॥ वन्देहं त्वत्पदाम्भोजं वृन्दारण्यैकगोचरे " ॥१८९ ॥ ततः श्रीमहाप्रभुं प्रणमेत् । "यत्पदाम्बुरुहध्यानं चिन्तामणिरिवाखिलान् ॥ ददात्यर्थान्तमेवाहं वन्दे श्रीविट्ठलेश्वरम्" ॥ १९० ॥ दंडवत कारि पाछे हाथ धोय वेणु, वेत्र, बड़ेकरके भीड सरकाय टेरा खेंचिये ततो दीपं कुर्य्यात् । "वासदीपवियोगार्थं राधिकास्यावलोकने ॥ दीपार्पणाद्गोपिकेश प्रसीद करुणा निधे" ॥१९१ ॥ दीवा मन्दिरमें दाहिनी दिशि धरनो । छायाको यत्न करिये । पाछे हाथ धोय शृंगारकी चौकी सिंहासनके पास आनि धरिये। शीतकाल होय तो पास अँगीठी धरिये । हाथ ताते करिये ततः शृंगारचौकीपें प्रभुकों पधरायकें शृंगार बडो करनो ॥

ततो विज्ञापयेत् ।

"राधिकाश्लेशान्तरायो भूषणोत्तारणात्प्रभो ॥ निश्युक्तांश्च

सुशृङ्गारानङ्गीकुरु प्रसीदमे" ॥ १९२ ॥ शृङ्गार बड़ो करनो। आभरण सब ठीक ठिकाने समारके धरने। बड़ो स्वरूपको कण्ठसरी, दुलरी, छोटे करणफूल, नकवेशर, नूपुर, श्रीहस्तमें लर, तिलक, इतनों शृङ्गार राखिये। और छोटे स्वरूपको कण्ठाभरण, तिलक नकबेसर नूपुर रहे। बाकी सब बड़ो करिये। और पाग तनिआ रहे। और दूसरे स्वरूपको बड़े आभरन सब बड़े करिए। बाकी सब रहे। और वेणू पास रहे। शीतकालमें फरगुल उढ़ाइये। उष्णकालमें उपरना उढ़ाइये। पाछे आभरन वस्त्र सब ठिकाने धरिये पाछे प्रभूकों सिंहासनकी गादीपें पधरायके गादीके अगाडी सिंहासन मोड़के ऊपर भोगवस्त्र बिछावनो पाछे पूर्व्वोक्त रीतिसों ग्वालकी थैयाकी तबकडी अरोगायकें डबरा धरके सद्यः फेन समर्पिये। विज्ञापन। "व्रजस्यानन्दगोदोहं बलेन सह गोपकैः ॥ कृत्वा पीत्वा पयःफेनं तथा पिब व्रजाधिप"॥१९३॥ पाछे सिंहासनते झारी, बीड़ा, उठाय ठलायके झारी भरके पूर्व्वोक्त रीतिसों पधरावनी। आचमन, मुखवस्त्र पूर्व्वोक्त रीतिसों करायके चौकी माँड़के शयन भोग धरनों। ताको-प्रकार। अथवा भोगमन्दिरमें शयनभोग धरनो। भातको थाल अगाड़ी धरनो तामें घीकी कटोरी तथा जलकी कटोरी गाड़नी और दारको कटोरा धरनो। कढ़ीको कटोरा सबेरको धरराख्यो होय सो धरनो। पापड़ धरनो। थालमें चमचाते कोर सँाननो भातमें दार तथा घी डारके साननों। तामें चमचा धरनो। दार कढ़ीके कटोरामें चमचा धरने। अनसखड़ीको थाल वाम ओर धरनो तामें सादा पूड़ी, सांटाकी पूड़ी, मोनकी पूड़ी, लोन पिसेकी तथा पिसी

कारी मिरचकी कटोरी धरनी, सधानाकी कटोरी, भुजेना शाक छोंक्यो, पतरो शाक, दार छोंकी कचरिआ, कछु फल फूल धरके धूप दीप करिये। अरोगवेकी विनती करि टेरा करि बाहिर आवनो। विज्ञापन। "दुग्धान्नादियथा भुक्तं रोहिण्युपहितं निशि॥ व्रजनायक भोक्तव्यं तथैव हि मदर्पितम्"॥ १९४॥ ऐसे विज्ञप्ति करि बाहिर आवनो। फिर और सेवा होय सो करनी। और आभरन सब ठिकाने धरने। और दूसरे दिनके निकासने सो छावमें साजके वस्त्र, आभरन, यथारुचि शृंगार प्रमाण तैयार करके धरनें। जो पहिले न निकासे होंय तो। ऐसे सेवा सब अवकाशमें करनी। पाछे दूसरे भोगको दूधको डबरा सिद्ध करके लावनो। तामें बूरा, सुगन्धि मिलावनी। डबरा पधरायके श्रीठाकुरजीके पास आयके झारी उठावनी दूधको डबरा झारीकी तकड़ीमें धरनों। और सखड़ीमें भातको कटोरा पतुआसूँ ढक्यो होय ताकूँ उघाड़नो एक कटोरी बूराकी वामें पधरावनी बूरा मिलायकें दूध पधराय, मिलायकें थालमें कोर सन्यो होय ताके ऊपर पधरावनों फिर हाथ धोयकें झारी भरनी। झारी सिंहासन ऊपर पधरावनी। शय्याकी झारी शय्याके पास पधरावनी। और पूर्व्वोक्त रीतिसों आचमनकी झारी, ले बीड़ा, तष्टी लेके आचमन पूर्व्वोक्त रीतिसों कराय बीड़ा तबकड़ीमें धरकें मुखवस्त्र करायकें, माला सब स्वरूपनकूँ धरायके मन्दिर धुवचुके तब मन्दिर वस्त्र करिकें दर्शन खोलिके बीड़ी अरोगावनी। दूसरे हाथसूँ पानकी ओट राखनी। पाछे वेणुधरावनी

शयन आरती करनी विज्ञापन।

आर्या॥ "शरणागतभीतिनिवृत्तिपरे[१]॥ परपक्षतमोनिक-

---

१ दीनदयैकपरे।

रांशुनिधौ ॥ हरशक्रविरंचिविभोगकरे ॥ [illegible]
जयुगे ॥ करलालितघोषवधूहृदये ॥ हृदयस्थितबालकपुष्टिरते ॥
रतरान्तितगोपवधूनिचये ॥ चयसाञ्चितपुण्यनिधानफले ॥
फलभक्तपरिप्लुतिपुष्टिनिजे ॥ निजमात्रसमर्पितभोगपरे ॥
परमात्रसुवारितदीपभरे ॥ भरभावितभक्तरसैकरते ॥ रतलोल-
विमुद्रितनेत्रवरे ॥ वरवल्लभदर्शितपुष्टिरसे ॥ रसविठ्ठलललित
पादयुगे ॥ युगभीतिनिवर्तितधर्मरतौ ॥ रतिरस्तु मम व्रजराज-
सुते" ॥ १९५ ॥

आरती करके प्रभुको दण्डवत करत विज्ञापन।

" नमः कृष्णाय शुद्धाय ब्रह्मणे परमात्मने ॥ योगेश्वराय
योगाय त्वामहं शरणं गतः" ॥ १९६ ॥

श्रीस्वामिनीजीकी विज्ञप्ति।

" कोटिविद्युच्छटापूर्णे श्रीवृन्दाविपिनान्तरे ॥ सदापुलक-
सर्वांगि। नमस्ते कृष्णवल्लभे" ॥ १९७ ॥

श्रीमहाप्रभुजीको नमस्कार।

"श्रीभागवतभावार्थ !विभावार्थावतारितम् ॥ स्वामिसन्तोष-
हेतुं श्रीवल्लभं प्रणमाम्यहम्" ॥ १९८ ॥

श्रीगुसाईजीको नमस्कार।

" यत्कृपावलतो नूनं भगवद्भक्तिरसोत्करः ॥ निजानां
हृदयाविष्टस्तं वन्दे विठ्ठलेश्वरम्" ॥ १९९ ॥ या प्रकार
विज्ञापन करके फिर हाथ खासा करके वेणु बड़ी करनी।
भीड़ सरकाय टेरा करावनो। फिर माला बड़ी करके थारीमें
धरनी। वागो बड़ो करनों। पाछे दंडवत करके उपरान्त
शय्यापेतें ढक्यो होय चादरा सो उठायके फिर प्रथम वेणु-

खवस्त्र पधराय शय्यापे शिरानेकी ओर पधरावने जेमनी तरफ अतर लगावनो । फिर दोनों स्वरूपनकूं शय्यापे पधरावने सो बाँईं दिशिते दाहिनी दिशि पधराय पोढ़ावने। और दूसरे स्वरूपकों याही रीतिसों शय्या पर बाँईं दिशि, दाहिनी ओरते प्रभुके सम्मुख कारि पौढाइये। शीत कालमें रुईकी रजाईकेभीतर सुपेती मिही चादरको अन्तर पट देके उढ़ाइये। उष्णकालमें मिहीं सुपेद चादर उढ़ाइये ऐसे ऋतु अनुसार ओढ़ाइये। और माला तवकड़ीमें धरिये। झारी, बीडा सब पधराय तबकडीमें धरने। बन्टा भोग धरनो तामें मठड़ा, अथवा लडुवा, तथा सधाँनेकी कटोरी साजके पधरावने। पाछे औरस्वरूपनको तथा श्रीपादुकाजी पोढ़ावने। और शालगराम तथा गोवर्द्धन शिलाको बन्टीमें पोढ़ावने। याही रीतिसों पोढ़ावने ॥

पोढ़ावत समय विज्ञापन करनी।

"भावात्मकेस्मद्धृदयपर्यङ्के शेषरूपके॥रमस्व राधिकयाकृष्ण शयने रसभाविते" ॥ २०० ॥ प्रभुको शयन कराय नमस्कार करनों।पौढ़े पाछे दंडवत नहीं करनी। ❋'नमामि हृदयेशेषलीला क्षीराब्धिशायिनम्॥ लक्ष्मीसहस्रलीलाभिः सेव्यमानं कलानिधिम् '॥ २०१ ॥ या प्रकार नमस्कार करके शय्याको ढकना (चादरा) सिंहासन पर ढांकनों। फिर मन्दिरको दीया उठाय बाहिर लाइये। और जो गरमी होय तो तिवारीमें शय्या पधराय पौढ़ाय पंखा करिये ता पाछे तालामङ्गलकरिये।

प्रभुको विज्ञप्ति नमस्कार करनो।

❋"नमामि हृदये शेषलीलाक्षीराब्धिशायिनम्। लक्ष्मीसहस्रलीलाभिः सेव्यमानं कलानिधिम् " ॥

श्रीमती स्वामिनीजी।

"श्रीकृष्णहृदयाब्जस्य विकाशिनि महाद्युते॥ त्वदीयचरणाम्भोजमाश्रयेहमहर्निशम्" ॥ २०२ ॥

ततः श्रीमदाचार्यान् विज्ञापयेत्।

"श्रीमदाचार्यपादाब्जं भजे दोषा हृदि स्थितम। सदा श्रीराधिकाकान्त तत्र तिष्ठ च सुस्थिरम्" ॥ २०३ ॥

ततः प्रभुं विज्ञापयेत्।

" कियान्न पूर्वं जीवस्तदुचितकृतिश्चापि कियती भवान् यत्सापेक्षो निजचरणदाने वत भवेत् ॥ अतः स्वात्मानं स्वं निरुपममहत्त्वं व्रजपते समीक्ष्यास्मन्नेत्रे शिशिरय निजास्यांबुजरसैः " ॥ २०४ ॥

ततः श्रीमदाचार्यान् विज्ञापयेत्।

"सेवा श्रीबालकृष्णस्य यत्कृता त्वत्पदाश्रयात्॥जीवत्वादपराधांश्च क्षमस्व वल्लभप्रभो"॥२०५॥ पाछे हाथ धोय नमस्कार करिये पौढ़े पाछे दडवत न करिये। उपरान्त पूर्वोक्त रीतिसों सखड़ी अनसखड़ी प्रसाद, बीड़ा प्रभृतिक सब ठलाय साज सब धोय ठिकाने धरिये जलपानकी मथनी ढांकि सब ठौर धोय स्वच्छ करिये। बाहिर आय यथायोग्य ब्राह्मण वैष्णवन को सन्मान करिये पाछे क्षुधा होय तो पूर्वोक्त रीतिसों रात्रि को बाधक न होय विचारकें प्रसाद लीजिये अरु अगले दिनकी सेवा आभरण, वस्त्रादिक स्वतः सिद्ध करिये। अरु रसोई, बालभोगके लिये सामग्री, शाकादिक सब सिद्ध करि धरिये। निश्चिंत ऐसे न रहिये तदुक्तं निबन्धे। "स्वयं परिचरेद्भक्त्या वस्त्रप्रक्षालनादिभिः॥ एककाल द्विकालं वा त्रिकालं

वापि पूर्त्तये" ॥ २०६ ॥ जाते तनुजां सेवा करिये । उपरान्त व्यावृति करिये तो पूर्वोक्त रीतिसों करिये पुस्तक देखिये श्रीमद्भागवत, एतन्मार्गीय ग्रन्थपाठ करिये । तदुक्तं निबन्धे । "पठेच्च नियमं कृत्वा श्रीभागवतमादरात् ॥ सर्वं सहेत पुरुषः सर्वेषां कृष्णभावनात्" ॥ २०७ ॥ अरु असमर्पित वस्तु सर्वथा न खाइये तदुक्तम् " असमर्पित वस्तूनां तस्माद्वर्जनमाचरेत् ॥ निवेद्यश्च समर्प्यैव सर्वं कुर्यादिति स्थितिः" ॥ २०८ ॥ और अन्याश्रयको लेशहू न करिये तदुक्तम् । "अहं कुरंगीदृक्भृंगीसंगीनांगीकृतास्मि यत् ॥ अन्य सम्बन्धगन्धोपि कन्धरामेव बाधते" ॥ २०९ ॥ इतिवाक्यात् अरु एतन्मार्गीयके मुखसों श्रीमद्भागवतकथादि भगवद्भक्ति ग्रन्थादिक श्रवण करिये । उपरांत अलौकिक लौकिक कार्य होय सो करिये । पाछे इच्छाहोय तो स्वस्त्रीको समाधान करिये । परन्तु विषयासक्ति विशेष न करिये । उक्तं सन्यासनिर्णये "विषयाक्रान्तदेहानां नावेशः सर्वदा हरेः" । इति किंच पाछे स्वच्छ होयके चरणामृत लेइ निरोधलक्षणको पाठकरिये । श्रीमदाचार्यमहाप्रभूनको तथा श्रीगुसांईजीकों स्मरण करि अन्तः करणको भगवतलीला विशे राखिये । निद्राभावार्थं न तु सुखार्थ करिये । अरु चतुःषष्ठि अपराधते सावधान रहिये । या भाँति सावधान रहे तो कृतार्थ होय । किमधिकम् ॥ "श्री वल्लभाचार्यमते फलं तत्प्राकट्यमात्रं त्वभिचारहेतुः ॥ सेवैव-तास्मिन्नवधोक्तभक्तिस्तत्रोपयोगोऽखिलसाधनानाम्" ॥२१०॥ ततो यदिन्दीवरसुन्दराक्षीवृतस्य वृन्दावनवन्दितांघ्रेः । सर्वात्मभावेन सदास्यलास्यनस्यानशंसा हि फलानुभूतिः ॥ २११॥ इति श्रीपुष्टिमार्गीयाह्निकम् । श्रीमद्व्रजराज श्रीहरिरायजी कृत

नित्यसेवा मङ्गलासों लेके शयन पर्य्यन्त सेवा, भाव विज्ञप्तिके श्लोकसुद्धाँ लिखीहै और सब श्लोक नित्य न बनें तो याको भावही विचार सब सेवा करनी। और समयसमयके कीर्तन गाय भाव विचारनो। और एतन्मार्गीय वैष्णवनकूँ तो सर्वोत्तमजी, और वल्लभाख्यानको पाठ नित्य नेमसों करनों। इति श्रीसातों वरकी नित्यसेवा प्रकार तथा उत्सवको प्रकार विधिपूर्ब्बक संक्षेपसों लिख्योहै ॥ इति ॥

अब वर्षदिनाके उत्सवकी तथा नित्यकी तीन सो साठ दिनाकी सेवाविधि तथा शृङ्गार, वस्त्र, आभरन, तथा सामग्री विस्तारपूर्वक लिखीहै। और सामग्री तथा नित्यको शृङ्गार यामें लिख्योहै परन्तु सामग्रीको जहाँ जितनो नेग वन्ध्यो होय ता प्रमान करनी। तोलको प्रमाण १ सेर। रुपीया ८० भरका ऽ॥। रु. ६० भर ऽ॥ सेररु. ४० भरका ऽ। सेर रु. २० भरका आधपाव रु. १० भर छटांक ऽ– रु. ५ भर आधीछटांक ऽ०॥ रु० २॥ पाव छटांक रु० १। और नित्यके शृङ्गारमें यथारुचि करनो अर्थात् अपने मनमें आछो लगे सो करनो नित्यकेमें लिखे प्रमान नेम नहीं इति अलम् ॥

अथ वर्षदिनके उत्सव तथा नित्यप्रकार लिख्यते।

तहाँ प्रथम जा तिथिमें जो उत्सव मान्योजाय ता तिथिको निर्णय करि विचारलेनो चईये। जैसे जन्मउत्सव आदिकमें उदया तिथि लेनी। अब एकादशीसे लेके सब उत्सव वर्षदिनाको निर्णय, निर्णयग्रन्थनमेंसूँ प्रमाण लेके लिख्योहै सो निर्णय आगे लिख्योहै तामें देखलेनो। इति ॥

अथ श्रीजन्माष्टमी उत्सव विधि।

प्रथम पञ्चमीके दिन, चन्दरवा, टेरा, बन्दनवार, कसना, तकियाके झब्बा, वालस्त, ये सब वदलने। और छठीके दिन, सोने, रूपाके, वासन गादी, तकियाको साज, पेंडा, खेंचमां पङ्खाकी खोलि, ये सब बदलनें। सप्तमीके दिन, पिछवाई, पलङ्गपोष, सुजनी, खिलोनां, चोपड़, पङ्खा, मूढ़ा, चमर, आरसी, और सब उत्सवको साज बदलनो,। तथा एक छाबमें नये वस्त्र, पीताम्बर, बन्टा श्वेतडोरियाको। झारीके झोला। अतरकी सीसी, चादर केशरी डोरियाकी। भोगवस्त्र, गुञ्जा, और हाथपोछिवेको छन्ना। जोड़। कुल्हे। कस्तूरीकी थैली, श्रीफल, भेट, नोछावर, सब साजके धरने॥

पञ्चामृतकी तैयारी करनी।

तामें कुमकुम, अक्षत, चौकपूरवेकी हरदी, दूध, दही, घी, बूरो, मधु, ए सब साज राखनो। जगमोहनके द्वारपें तथा नगारखानेके, दरवाजेपें, केलाके स्थम्भ बाँधने ए सब तैय्यारी करि राखनी॥

अथ भाद्रपदकृष्णा जन्माष्टमीके दिन बारे बजे।

हेला पड़े। सब तैयारी ऊपर लिखे प्रमाणकरके श्रीठाकुरजीकों पूर्व्वोक्त रीतिसों जगावने। जागतहीं, झाँझ, पखावजसों बधाई होय। उपरना केशरी ओढ़े। मङ्गलासों लेके शयन पर्य्यन्त गीजड़ीके मनोहरके लडुवा अरोगे। मङ्गलाभोग धरि समय भये भोग पूर्व्वोक्त रीतिसों सरावनों। मन्दिरवस्त्र करि सूकी हलदीको अष्टदल सिंहासनके आगे करनो। तापे परात धरनी। तामें पीढ़ा धरनो। ताके ऊपर अष्टदल

मकुमको करनो। ताके ऊपर लाल दरियाईको पीताम्बर दोहरो करके बिछावनों। और पञ्चामृतको साज सब परातके वाम ओर पट्टा बिछायके ताके ऊपर पातर केलाकी बिछाय ताके ऊपर धरनो। या प्रमान कटोरानमें दूधको, दहीको, घृतको, बूराको, मधु (सहतको) पञ्चामृत साजनो। और लोटा १ सुहाते जलको। और १ लोटा ताते जलको। और १ लोटा ठण्डे जलको राखनो। और १ तबकड़ीमें, कुमकुम् घोरचो ताको गोला और अक्षत पीरे करिके और तुलसी यह सब तैयार करिके धरनों। शङ्ख एक पड़घीपे धरनों। एक अङ्गवस्त्र पास राखनो। और केशर तथा आमरे पिशे और फुलेल यह सब पास राखनो। या प्रकार सगरी तैयारी करकें भूलचूक देखके दर्शन खोलने॥

मंगलाआरती थारीकी करनी।

पाछे भीड़सरकायकें टेरा खेंचनो। पाछे श्रीप्रभुकों शृङ्गार चौकीपर पधरायकें रात्रीको शृङ्गार बड़ो करनो। और श्रीबालकृष्णजी होंय तो प्रभुके आगे पधराइये। श्रीस्वामिनीजी नहीं पधारें। पञ्चामृतस्नान श्रीठाकुरजीकूंही होय। पाछे पीरी दरयाईके धोती उपरना धरावने। अरु श्रीहस्तमें कड़ा सोनेके, नूपुर, कन्दोरा, ए सोनेके रहें। कण्ठाभरण, मोतीकी लरं धरावनी। पाछे पीढ़ापें पधरावने। अरु श्रीबालकृष्णजी होंय तो तिनको पधारावनें। श्रीबालकृष्णजीको शृंगार कछु नहीं रहे। पाछे दर्शनखोलने। अरु झालरि, घन्टा, शंख, झाँझ, पखावज, बजे कीर्तनहोय, और धोल, गीत, गावें, नगाराबजे॥

संकल्प।

शीतल जल लोटीमेंसूं लेके आचमन प्रणायाम करि हाथमें

जल और अक्षत लेके सङ्कल्प करे। ॐहरिः ॐश्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमें कलियुगे कलिप्रथमचरणेबौद्धावतारेजम्बूद्वीपे भूर्लोके भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गते ब्रह्मावर्तैकदेशे श्रीव्रजदेशे मथुरामण्डले श्रीगोवर्द्धनक्षेत्रे अथवा अमुकदेशे अमुकमण्डले अमुकक्षेत्रे अमुकनामसम्वत्सरे श्रीसूर्ये दक्षिणायनगते वर्षा ऋतौ मासानामुत्तमे भाद्रपदमासे शुभे कृष्णपक्षे अमुकवासरेअमुकनक्षत्रेअमुकयोगे अमुककरणे एवंगुणविशिष्टाया मष्टम्यांशुभपुण्यतिथौ श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य कृष्णावतारप्रादुर्भावोत्सवं कर्तुं तदङ्गत्वेन पञ्चामृतस्नानमहं कारयिष्ये । जल अक्षत छोड़नों पाछे तबकड़ी हाथमें लेके शलाकासों श्रीठाकुरजीको तिलक दोय बेर करनों । अक्षत दोय बेर लगावनें हाथ धोय बीड़ा धरनों । फेर महामन्त्रसों तुलसी चरणारविन्दमें समर्पनी। और महामन्त्रसों तुलसी शङ्खमें पधरावनी । तथा पञ्चामृतके कटोरानमें तुलसी महामन्त्रसों पधरावनी। शंख भूमि पर नहीं धरनों । पडघी छोटीसी शंखकी न्यारी रहे ताके ऊपर धरनों । अरु पञ्चामृत स्नान करावे । शंख हाथमें लेके और एक जनों दूध आदि कटोरीसूँ अथवा कटोरान्सों शंखमें देतो जाय । तामें प्रथम दूधसों, पाछे दहीसों पाछे घृतसों, पाछे बूरासों, । पाछे मधुसों, । (कहीं दूध, दही, मधु, घृत, बूरा , या रीतिसों होयहे) और श्रीगिरधरजी महाराज कृत सेवाविधिमें लिख्यो है कि मधु, सब बनस्पतिनको रस है तासों सबके पाछे मधुसों स्नान करावनों । सो ता पाछे फिर दूधसों या प्रकार पञ्चामृत स्नान कराय । पाछे शीतल श्रीयमुनाजल

सों एक शंखसों ता पाछे स्नान करावनों। ता पाछे दंडवत करि टेरा खेंचे। पाछे प्रभुके धोती उपरना बड़े करि परातमें अभ्यङ्ग करावनो। प्रथम फुलेल समर्पनो। पाछे आमरा मसलिये जो पञ्चामृतकी चिकनाई छूटे। पाछे स्नान करायके केशर मिश्रित चन्दन लगायके स्नान करावनों। फिर एक लोटी श्रीयमुनाजल तथा एक लोटी गुलाब जलसों स्नान करायके अंगवस्त्र करि पाछे श्रीस्वामिनीजीको अभ्यङ्ग करावे। पाछे स्नान करावे। पाछे पीरे पाटकी दरियाई जापे स्नान कराये हैं विनके टूक करि सबनको बाँटदेवे सो टूक (पीताम्बर) कण्ठी (माला) में बाँधे। पाछे अतर समर्पिके वस्त्र केशरी, नये, रुपेरी किनारीके। कुल्हे केशरी, बागा केशरी चाकदार, सूथन, पटुका, लहेंगा, चोली, गुलेनार, दरियाइकी। साडी केशरी॥

अब श्रीबालकृष्णजी होंय तो विनके वस्त्र।

कुल्हे,केशरी,बागो केशरी,ओढ़नी केशरी, रूपेरी किनारी लगे वस्त्र होंय। और श्रीपादुकाजीकी ओढ़नी केशरी रूपेरी किनारी लगी। पलँगडी पर विराजे। आभरन सब धोयके फेरि के पिरोवे। गठावने। जन्मोत्सव पर। जोड नयो चन्द्रका ९ को गुञ्जा नई। ऐसे सब तैयारी करनी॥

शृंगार श्रीठाकुरजीको करनो।

प्रथम वस्त्र धरावने। पाछे आभरन। अलकावली, नूपुर, क्षुद्रघण्टिका। ये सब मानिकके। और कुण्डल, हार, त्रिवली पान, शीशफूल, चरणफूल, हस्तफूल, यह सब हीराके। और बाजू पोंहोंची, हीरा, मानिकके तीन तीन धरावने। पन्नाके

हार, माला, पदक हमेल, दोय कलिको हार, जुहीको हार, चन्द्रहार, कस्तूरीकी माला, दोऊ आडी कलंगी शृंगार सब भारी तीन जोरीको करनो । कमलपत्र केशरको करनों । गौर स्वरूपकूँ कस्तूरी कपोल पर धराइये । अञ्जन करने । जोड सादा चन्द्रिका ५ को नयो धरावनो । चोटी धरावनी ॥

याही प्रकार श्रीस्वामिनीजीको शृंगार करनो ।

सिंहासन पर पधरावने । गादीको शृंगार करनों । और सब स्वरूपनको शृंगार करनो । या प्रकार तिहरो शृंगार भारी करनो । और मुखवस्त्र, अंगवस्त्र, सब नये राखने । गुञ्जा नई धरायके फूल माला धराइये । पाछें प्रभुको गादीसुद्धा पाटि-याते सिंहासन पर पधराइये ॥

अथ तिलकको प्रकार ।

सिंहासनके नीचे दोऊ आड़ी भीजी हलदीको चौंक माँडिये। निज मन्दिरकी देहरी माँडिये। कुमकुमके थापा द्वारनपें लगाय वन्दनवार पतुआकी सब जगे बाँधनी । आरती चूनकी जो ड़िके, थारीमें धरनी, मुठिआ ४ चूनके धरने । एक तबकड़ीमें कुमकुमको गोला करके धरनें । तामें अतरकी दो चार बूंद डारनी । एक कटोरीमें पीरे अक्षत धरने । श्रीफल दोय, तामें कुमकुमकी पाँच रेखा करनी । और बीड़ा चार, तिनकी नोक, कुमकुमसों रङ्गनी । और तिलकके ताँई शलाका, चाँदी वा सोने की राखनी । चीमटी चाँदीकी अक्षत लगायवेकूं राखनी । रुपैया दोय भेटकूं रुपैया एक नोछावरकूँ । रुपैया एक कलशमें डारवेकूँ । रुपैया १ जन्मपत्रिकाको । यह सब साजके एक था-रीमें धरनो । भोगको थार सिंहासनके पास जेमनी आड़ी एक

पड़घा पें धरि छन्नासों ढाँकके धरनों। तामें, महाभोग की सामग्री सबनमेंसों दोय दोय नग साजनें। पाछे सिंहासनके आगे खण्डको साज सब माँडनो। माला धरायकें आरती चून की जोड़कें दर्शनको टेरा खोलनों। पाछे वेणु, वेत्र, धरायके आरसी दिखावनी। चरण स्पर्शकरि हाथ खासा करि, श्री महाप्रभूजीको स्मरण करि दण्डवतकरि कलशवारीकूं तिवारीमें ठाड़ी करनीं। झालर, घन्टा, शङ्खनाद, झाँझि, पखावज, बाजत और ढोल, गीत गावत, नगाड़ा बाजत, कीर्तन होत। कीर्तन'आज'बधाईको दिन नीको॥१॥ यह बधाई होय।प्रथम पीताम्बर लाल दरिआईको हाथभरको ओढ़ावनो। सो पिछले तकिया पर राखनो। पाछे प्रथम श्रीठाकुरजीकों शलाकासों तिलक दोय बेर करनों। चीमटीसों अक्षत दोय वेर लगावने।ऐसेही श्रीस्वाँमिनीजीकों टीकी करनी। अक्षत लगावने। ऐसेही श्रीबालकृष्णजीकों तिलक कर अक्षत लगावनें। ऐसेही श्रीपादुकाजीकूँ तिलक, अक्षत,दोयदोय बेर करनो। पाछे। श्रीफल २ और रुपैया २) सिंहासनके ऊपर गादीके पास दक्षिण ओर भेट धरे। बीड़ा दोऊ गादीके आगे धरनें। पाछे प्रभुको मुठिया वारिके आरती चूनकी करे।पाछे दण्डवत करनी। पाछे नोंछावर करिके राईनोन उतारनो। पाछे झालरि, घन्टा बन्द राखनें। हाथ खासा करिके वेणु, वेत्र बड़े, करिके रुपैया कलशमें डारनो। जन्मपत्रके ऊपर कुमकुम् अक्षत छिड़कने। पाछें जन्मपत्र बचवावनो। रुपैया १) बीडा वाकूं देनो। जन्मपत्र गादीपें पधरावनो। टेरा लगावनो अब प्रभुको गौदान करावनो॥

अथ गौदानको संकल्प ।

ॐ हरिः श्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेत वाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे तस्य प्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भूर्लोके भरतखण्डे आर्य्यावर्तान्तर्गते ब्रह्मावर्तैकदेशे (श्रीव्रजदेशे मथुरामण्डले श्रीगोवर्द्धनक्षेत्रे) अथवा अमुकदेशे ऽमुकमण्डले ऽमुकक्षेत्रे ऽमुकनामसंवत्सरे श्रीसूर्य्योदाक्षिणायनगते वर्षतौ मासोत्तमे भाद्रपदमासे कृष्णपक्षे ऽमुकवासरे ऽमुकनक्षत्रे ऽमुकयोगे ऽमुककरणे एवंगुण विशेषणविशिष्टायां श्रीकृष्णजन्माष्टम्यां शुभपुण्यतिथौ ममायुरारोग्यैश्वर्यादिवृद्ध्यर्थं गोनिष्क्रयभूतदक्षिणां अमुक नाम्ने अमुकगोत्राय ब्राह्मणाय दातुमहमुत्सृजे तत्सत् यह सङ्कल्प करि प्रभुनकी ओरते जल अक्षत छोड़िये । विचारचो होय सो ब्राह्मणकूं दीजिये । पाछे थापा दीजे द्वारेनपें जहां न लगाये होंय तहाँ लगावने । पाछे सिंहासनके आगे मन्दिर वस्त्र फिरायके, झारी भरिके गोपीवल्लभभोग धरनों । पाटियाको थार आवे, तामें बूरा भुरकाय मिलावनों और बूरासों थाल साननों । चमचा धरनों । पापड़, भुजेना, नित्यके धरने । तथा अनसखड़ीके थारमें जलेबी आदि सब सामग्री धरनी । और एक कटोरीमें तिल, गुड़, दूध मिलायकें धरिये । श्लोक पढ़के धरनों । श्लोक । "सतिलं गुड़सम्मिश्रमंजल्यर्द्धमितं पयः ॥ मार्कण्डेयाद्वरं लब्ध्वा पिबाम्यायुः प्रवृद्धये" ॥ २०८ ॥ या श्लोककूं तीन बेर पढिकें कटोरी पास धरनी । और तिलक भोगको थाल छन्ना उघारके

आगे धरनों। समय भये पूर्वोक्त रीतिसों भोग सरायके डबरा भोग धरनों। तबकड़ी थैयाकी नहीं अरोगे। पाछे पलना जो नित्य झूलत होय तो झुलावनो। झुनझुनादिक खेलाइये। पालनाके कीर्त्तन होंय और झूलें। पाछे राजभोग धरनों। तामें खीर बड़ा, छाछिबडा, दार मूङ्गकी छड़ियल तीनकूड़ा आदि सब अधिकीमें धरनों। रायता तथा लीटी छोड़ बाकी नित्यको सब आवै। या प्रकार राजभोग धरके नित्यकी रीति तुलसी, शंखोदक, धूपदीप, करके पूर्व्वोक्त रीतिसों विनतीकर टेरा लगावनो पाछे समय भये पूर्व्वोक्त रीतिसों भोग सरावनों। आचमन, मुखवस्त्र, कराय बीडाधरके आरसी दिखाय आरती थारीकी तामें चाँदीके दीबलाकी करनी। आरसी दिखाय पाछे माला बड़ी नहीं करनी माला तिलककी उत्थापन समय बडी करनी। अनोसर करनो। पूर्व्वोक्त रीतिसों ताला मङ्गल करनों॥

अथ साँझको प्रकार।

अब साँझकों दोय घडीं दिन रहे तव पूर्व्वोक्त रीतिसों स्नान करके पूर्व्वोक्त रीतिसों उत्थापन करनो पाछे उत्थापन भोग तथा सन्ध्याभोग भेलो आवे। पाछे पूर्व्वोक्त रीतिसों सन्ध्या आरती करके शयनभोग धरनों। समय भये भोग सरायकें राजभोगवत् सिंहासनको साज, खण्ड, पाट, चौकी, आदि सब माण्डनों। वेणुधारि दर्शन खुले आरती थारीकी करनी। पाछे वेणु, वेत्र, पास तकियासूं ठाड़ेकारि राखने। शय्याके पास अनोसरको साज सब धरनों। शय्याको चौरसा उतारनों। पेंडों बिछावनो। पाछे प्रभुको चमर करचा करनों। और

महाभोगकी तैयारी करनी। ताको प्रकार। सखडी, अनसखडी आदिको जहाँ जितनों नेग बन्ध्यो होय ताही प्रमाण करनो। यहाँ हमनें अन्दाजसों लिख्योहै। ताको प्रकार।

प्रथम सखड़ीको प्रकार।

चोखा सेर ऽ९ मूङ्गकी छडियल दार सेर ऽ२॥ मुँग सेर ऽ१। तीन कुड़ा ताको चौरीठा सेर ऽ१ यामें डारवेको चणा सेर ऽ१ तथा बडी सेर ऽ। भूनके डारनी। उडदकी बड़ी सेर ऽ॥ ताको छोंक्यो शाक जलको पतरो। ऐसेही मूँगकी मंगोड़ीको पतरो शाक सेर ऽ॥ को॥

अथ पांचों भातको प्रकार।

मेवा भातके चोखा सेर ऽ॥ तामें वदामके टूक सेर ऽ≈ पिस्ताके टूक सेर ऽ≈ पौन पाव, किस्मिस सेर पाव ऽ। सेर, चिरोंजी सेर ऽ।= डेढ पाव बूरा सेर ऽ४, इलाइची मासा ५, वरास रत्ती २, केशर मासा ६।

औंर सिखरन भातके चोखा सेर ऽ॥, सिखरन सेर ऽ२॥, तामें बूरा सेर ऽ४, इलायची मासा ५, बरास रत्ती २॥

दही भातके चोखा सेर ऽ१, दही सेर ऽ१ आदाके टूक सेर ऽ= आधपाव।

बडी भातके चोखा सेर ऽ१

खट्टे भातके चोखा सेर ऽ१ तामें निम्बूको रस सेर ऽ॥ पाटियाकी सेव सेर ऽ१ बूरा सेर ऽ१ इलायची मासा ३ बरास रत्ती १.

पापड ३२ तिलमडी ढेवरी सेर ऽ१ कचरिया बारह तरहकी आध आध पाव लेनी।

भुजेना बारह तरहके लपेटमा। ताको बेसन सेर ऽ३ तेल सेर ऽ५ ॥

मिरच वडी सेर ऽ॥ रोचक छोटे पापड, सेव, सकर पारे, चकता, फलफूल। लौङ्ग, मेवा बाँटी, गुझिया, कपूरनाड़ी, यह सब आध आध सेरके रोचक करने। यह पापड़के चूनमेंसें करनो याको नाम रोचक ॥

शाक दोय तामें वड़ी मिलेमूङ्गकी सेर डेढ़ ऽ।= पाव भूनके तथा उड़दकी बड़ी सेर ऽ।= ये भूनके राखनी सो जामें चइये तामें मिलावनी ॥

और शाक ४ एक शाक चनाकी दार मिल्यो भाजीमें चोखा से०ऽ।= मिल्यो शाक। थूली सेर ऽ।= मिल्यो भाजीको शाक मूङ्गकी छड़ी दार सेर ऽ। भाजी मिल्यो शाक। और पतरे तीन ताको चौरीठा सेर ऽ।=॥ घृत सेर ऽ॥ कटोरीको। यह सब सामग्रीमेंसों दूसरे दिनके राजभोगके ताँई साजके राखनी। अब लोन, मिरच, सन्धाँना, वरा, आदिकी कटोरी साजके धरनी ॥

अथ अनसखड़ीको प्रकार।

यहां तोल बड़ती लिखी है परन्तु जहाँ जितनो नेग होय ता प्रमाण करनो ॥

सामग्री।

छूटी बूँदीको वेसन सेर १० घृत सेर १० खाँड सेर १०।

गुझाको कूरको चून सेर ऽ४ घृत सेर ऽ२। खाण्ड सेर ऽ४ मिरच आध पाव, खोपराके टूक सेर ऽ॥ भरवेको मैदा सेर ऽ५ घृत सेर ऽ५, ॥

मठड़ीको–मैदा सेर ऽ६ घृत सेर ऽ६ खाण्ड सेर ऽ६ ।

सकरपाराको–मैदा सेर ऽ६ घृत सेर ऽ६ खाण्ड सेर ऽ६

सेवके लडुआको–मैदा सेर ऽ६ घृत सेर ऽ६ खाण्ड सेर ।)२ बारे ॥

फेनी केशरी तथा सुपेतको–मैदा सेर ऽ२ घृत सेर ऽ२ खाण्ड सेर ऽ२॥ फेनी न बने तो चन्द्रकला करनी ताकी खाण्ड तिगुनी लेनी ॥

वाबर केसरी तथा सुपेत ताको मैदा सेर ऽ२॥ घृत सेर ऽ२॥ बूरा सेर ऽ२॥

जलेबीको–मैदा सेर ऽ१॥ घृत सेर ऽ१॥ खाण्ड सेर ऽ४॥

बूँदीके लडुवाको–वेसन सेर ऽ१। घृत सेर ऽ१। खाण्ड सेर ऽ३।।। तामें बदाम पिस्ताके टूक ऽ= किसमिस ऽ= चिरों-जी ऽ= इलायची मासे ६ केसर मासा ३, ॥

मनोहरके लडुवाको–चोरीठा सेर ऽ॥ तामें थोड़ोसो मैदा मिलावनो । बन्ध्यो दही सेर ऽ।।। घृत सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ४ इलायची मासा ६, ॥

मेवाटीको–मैदा सेर ऽ॥ बदामपिस्ताक टूक सेर ऽ= चिरोंजी सेर ऽ। किसमिस सेर ऽ- मिश्रीको रवा सेर ऽ। घृत सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ॥

इन्द्रसाको–चौरीठा सेर ऽ।।। बूरा सेर ऽ।।। खसखस सेर ऽ। घृत सेर ऽ।।।

पञ्जीरी।

घृत सेर ऽ१ बूरो सेर ऽ४ सोंठ सेर ऽ॥ अजमान ऽ- जीरा ऽ- धनियो ऽ- मिरच कारी ऽ= सोंफ ऽ-

सांराको–चून सेर ऽ१ घृत सेर ऽ१॥ बूरा सेरऽ३ मेवा ऽ=

शिखरन बड़ी–उडदकी पिट्ठी सेर ऽ। घृत सेर ऽ। पाकवेकी खाण्ड सेर ऽ॥ ताको शिखरन सेर ऽ२ ताको बूरा सेर ऽ२ इलायची मासा ३ बरास रत्ती २ गुलाबजल ऽ=

खीरको–दूध सेर ऽ२॥ चोखा सेर ऽ=॥ बूरा सेर ऽ१ इलायची मासा ३

खीर पाटियाकी–सेव सेर ऽ॥ भूनके तथा दूध सेर ऽ२॥ बूरा सेर ऽ१। इलायची मासा ३

खीर सञ्जाबकीको–दूध सेर ऽ२॥ खा सेर ऽ॥ भूनके डारे । बूरा सेर ऽ१। जायफल मासा २

खीर मणिकाकीको–दूध सेर ऽ२॥ मणिका सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ१।

राइता बारह तरहके । राइताको दही सेर ऽ२ केला, काकड़ी, बूँदी, तोरई, बथवा, आदिके करने ।

छाछि वड़ाकी–पिसीदार सेर ऽ२ घृत सेर ऽ१ आदाके टूक सेर ऽ। छाछिको तोला १ बड़ो, तामें भुन्यो जीरा, तथा नोन पिस्यो,

मैदाकी पूड़ीको–मदा सेर ऽ२॥ घृत सेर ऽ॥। मोनकी पूड़ीको चून सेर ऽ२ घृत सेर ऽ॥।

झीने झरझराकी सेवको–बेसन सेर ऽ॥ सकरपाराको बेसन सेर ऽ॥ तथा फीको बेसन सेर ऽ१ के खिलोना सब तरहके करने ताको घृत सेर ऽ।॥

काजीके बड़ाकी दार सेर ऽ१ घृत सेर ऽ॥

फड़फड़िआकी चनाकी दार सेर ऽ॥ चनाके फड़फड़िया

सेर ऽ॥ घृत सेर ऽ।= दोनोनको भुजेना १२ तरहके घृत सेर ऽ१ शाक १२ तरहके ।

अब ए ऊपर लिखी सामग्री, वड़ीमेंसों दस, दस नग छोटे करने । सो पलनाके थालमें साजने । तथा फीके, खिलोना, फड़फाड़िया, लूँण, मिरचकी कटोरी, ये सब पलनाके थालमें साजनें । और सामग्रीमेंसों तीन छबड़ा साजनें । तामें एक छबड़ा तिलकके समयको और दूसरो छबडा जन्माष्टमीके राजभोगको। और तीसरो छबडा नौमीके राजभोगमें आवे । और काँजीकी हाँडी छोटी राखनी नौमीके राजभोगके ताँई ।

अब सधाँना आठ साकके कच्चे बाफके करनें । नींबूको चपन १ सधाँना ४ भण्डारको । दाख, छुआरे, मिरच, पीपर ये सब आध आध पावके करने ।

अब दूधघरको प्रकार ।

अधोटा दूध सेर ऽ२ बूरा सेर ऽ॥ इलायची मासा २ बरास रत्ती १ ।

बरफीको—दूध सेर ऽ२॥ बूरा सेर ऽ॥। केशर मासा २॥इलायची मासा २ बरास रत्ती १ पिस्ता बदामके टूक पैसा ४भर ।

पेड़ाको—दूध सेर ऽ२॥ बूरा सेर ऽ॥ केशर मासा १॥ इलायची मासा ३ बरास रत्ती १ पिस्ताके टूक पैसा२ भर ।

गुझियाको—दूध सेर ऽ१॥ पिस्ता मिश्री पैसा ३ भर तामें भरवेको ओलाको रवा सेर ऽ= इलायची मासा १

मेवाटीको—दूध सेर ऽ१॥ केशर मासा १॥ पिसी मिश्री पैसा ३ भर खसखस पैसा १ भर इलायची मासा ३ भर मिश्री मिलायवेकी पैसा ६ भर ।

खोवाकी गोलीको–दूध सेर ऽ१॥ बूरा सेर ऽ॥ केशर मासा १॥

छूटे खोवाको–दूध सेर ऽ१॥ बूरा ऽ।= केशर मासा १॥ इलायची मासा १ मलाई।

दूधपूरीको–दूध सेर ऽ६ भुरकायवेकी मिश्री ऽ॥।

मलाईको बटेरा १ बूरा ऽ॥= दोनोनकी केशर मासा ३ इलायची मासा २ बरास रत्ती १। और गुलाव जल जामें चइये तामें सबनमें पधरावनों। और पलना भोगमें ढीली वस्तु नहीं साजनी। और सब साजनी।

खाण्डगरको प्रमाण।

खिलोना सेर ऽ१ के। गजक, रेवड़ी, पतासे, गिंदोड़ा, दमीदा, गुलाबकतली, इलायचीदाणे, तिनगिनी, पगे पिस्ता, पगी खसखस, पगे तिल, पगी चिरोंजी- यह सब सेर एक एकके करनें।

पिस्ताकी कतलीके पिस्ता सेर ऽ१ ताकी खाण्ड सेर ऽ१ केशर मासा १ इलायची मासा ऽ१

नेजाकी कतलीके नेजा सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ१ पेठाकी–कतलीके–पेठाके बीज सेर ऽ१॥ खाण्ड सेर ऽ॥ इलायची मासा १ खरबूजाके बीज सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ॥ ताके लडुवा बँधवें॥

चिरोंजीके–लडुवा, सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ॥ बरास रत्ती १॥ रसखोराके लडुवाको खोपराको खुमण सेर ऽ। मिश्री सेर ऽ॥ बरास रत्ती१ पेंठापाककी–मिश्री सेर ऽ१ केसर, बरास, तीन तीन रत्ती॥

बिलसारु पाँच तरहकें। केला, करोंदा, केरी, किसमिस, गुलाबके फूल बगेरेको करनों॥ मुरब्बा बिलसारु जो बनजाय सो सब पलना भोगमें साजने॥

अथ सूकेमेवाको प्रकार।

मिश्रीकी कडेली छोटी, बदाम, दाख, छुहारे, पिस्ता, खोपराके टूक, कुंकन केला, खुमानी, मुनक्का, दाख, सूके अञ्जीर, खिजूर यह सब पाव पाव सेर साजने बटेरानमें। भुञ्जे मेवा, तामें नोन सेंधो तथा मिरच पिसी मिलावनी बदाम पिस्ता, चिरोंजी, अखरोट, मखाने ,काजूकलिआ, मूङ्फली, बीज कोलाके, बीज खरबूजाके, बीज पेठाके, यह सब आध आध पाव भूञ्जने। सब बटेरीनमें सजावने और तर मेवा (नीलीमेवा) जितनी तरहकी मिले तितनी सिद्ध करके साजनी।

अब महाभोग धरबेको प्रकार–सखडी भोग धरबेको प्रकार।

अब डोल तिवारीमें पिछवाई, चन्दोवा, बाँधने। हरदीको चारयों आड़ी माँड़नी, पाछे चौकी माण्डनी। तापे पातर बिछावनी। चौकीपें बीचमें, सखड़ीको थाल धरनों। दोय आड़ी सेव, पाँचों भात, दोनों बड़ीके शाक, धरनें। ताके पिछाड़ी दार, तीन कूड़ा, ताके बीचमें मूङ्ग धरने। मूङ्गके पीछे पापड़,शाक, भुजेना,कचरिया, धरनी। अब सखड़ीके जेमनी तरफकी चौकी पर दूध गरकी, खाण्ड़ गरकी, मेवा, तर मेवा, भुजे मेवा, यह सब धरने। अब बाँई ओर चौकी बिछायके, तापे पातर बिछायके अनसखडी सब साजकें धरनी। ताको प्रकार। अगाडी पञ्जीरी धरनी तथा जलेबी, ताके पास शिखरन बडी, पास

चारचों तरहकी खीर, ताके पिछाडी और सब सामग्री धरनी। एक मथनी जलकी धरनी। तामें कटोरी तेरती धरनी। तापे छन्ना ढ़ाकनों और झारी धरनी । सब भूल चूक देखलेनी ॥

अथ पञ्चामृतको प्रकार।

दूध सेर ऽ १ दही सेर ऽ १ घृत सेर ऽ।= बूरो सेर ऽ॥ मधु सेर ऽ।= पटापें केलाको पत्ता बिछावनो। ताके ऊपर सब साज धरनो। जलको लोटा १ यमुनाजलकी १ सङ्कल्प की लोटी १ और एक तबकडीमें कुमकुम् अक्षत, और अरगजाकी कटोरी। और शङ्ख एक पडघीपे धरनो। तातो जल सुहातो समोयके धरनो। ऐसे सब तैयारी करके सब जागरनको साज उठावनो। सिंहासनके आगे कोरी हरदीको चौक अष्टदल कमल करि ताके ऊपर परात बिछाय, ता परातमें पीढ़ा बिछावनो। ताके ऊपर दरियाईको पीताम्बर बिछाय। और ए सब तैयारी करिके निज मन्दिरको टेरा खेंचिकें सबनकों चुप राखनें। और घण्टा पास धरके सम्मुख बैठनो। ता समय साढ़े आठ श्लोक जन्मप्रकरणके को पाठ तीन बेरि करि घन्टा तीन बेर बजावने॥

श्लोक–"अथ सर्वगुणोपेतः कालः परमशोभनः ॥ यर्ह्येवाजनजन्मर्क्षं शान्तर्क्षग्रहतारकम्॥१॥ दिशः प्रसेदुर्गगनं निर्मलोडुगणोदयम् ॥ मही मङ्गलभूयिष्ठा पुरग्रामव्रजाकरा॥ २॥ नद्यः प्रसन्नसलिला ह्रदा जलरुहश्रियः॥ द्विजालिकुलसन्नादस्तवका वनराजयः॥ ३॥ ववौ वायुः सुखस्पर्शः पुण्यगन्धवहः शुचिः ॥ अग्नयश्च द्विजातीनां शान्तास्तत्र समिन्धत॥ ४ ॥ मनांस्यासन् प्रसन्नानि साधूनामसुरद्रुहाम् ॥ जायमाने जने तस्मिन्न्-

दुर्दुन्दुभयो दिवि ॥ ५॥ जगुः किन्नरगन्धर्वास्तुष्टुवुः सिद्धचारणाः ॥ विद्याधर्यश्च ननृतुरप्सरोभिः समं तदा ॥ ६ ॥ मुमुचुर्मुनयो देवाः सुमनांसि मुदान्विताः ॥ मन्दंमन्दं जलधरा जगर्जुरनुसागरम् ॥ ७ ॥ निशीथे तम उद्भूते जायमाने जनार्दने ॥ देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुः सर्वगुहाशयः ॥ ८ ॥ आविरासीद्यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिव पुष्कलः" ॥ याको तीन बेर पाठ करके तीन बेर घन्टा बजावनों । और टेरा खोलिके दर्शन करावने । ता समय झालर, घन्टा, शंख, झाँझ, पखावज, नगारा, बाजे, कीर्त्तन होय । ता पाछे प्रभूनसों आज्ञा मांगके छोटे बालकृष्णजी अथवा श्रीगिरिराजजी, वा श्रीसालगरामजी कों, पीढ़ापें पधरावनें । और दर्शन खोलने । अब तुलसी महामन्त्रसों चरणारविन्दमें समर्पिकें पास पञ्चामृतको साज तैयार राखनों । औताचमन करनों । प्राणायाम करि हाथमें जल अक्षत लेकें सङ्कल्प करनों ।

संकल्प ।

ॐहरिः ॐश्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्लोके भरतखण्ड, आर्यावर्त्तान्तर्गते ब्रह्मावर्त्तैकदेशे श्रीअमुकदेशे अमुकमण्डले अमुकक्षेत्रे अमुकनामसंवत्सरे श्रीसूर्य्ये दक्षिणायनगते वर्षर्तौमासोत्तमे श्रीभाद्रपदमासे शुभे कृष्णपक्षे, अष्टम्यामसुकवासरे अमुकनक्षत्रे अमुकयोगे अमुककरणे, एवंगुणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य कृष्णावतार

प्रादुर्भावोत्सवं कर्त्तुं तदंगत्वेन पञ्चामृतस्नानमहं करिष्ये। जल अक्षत छोडनो। फिर जा स्वरूपकूँ पञ्चामृतस्नान होय ता स्वरूपकूँ चरणारविन्दमें महामन्त्रसों तुलसीदल, हाथमें लेके समर्पनी। पाछे हाथमें तबकडी लेकें, वा स्वरूपकूँ तिलक शलाकासों दोय वेर करनो। और चाँदीकी छोटी चिमटीसों अक्षत दोय वेर लगावने। पाछे महामन्त्रसों तुलसी पञ्चामृत करायबेको शंखमें तथा पञ्चामृतके कटोरान्में पधरावनी। पाछे पञ्चामृत करावनों। प्रथम दूधसों स्नान कराइये, पाछे दहीसों, घृतसों, बूरासों, पाछे सहतसों,। पाछे फिर दूधसों, पाछे शीतलजलसों नहाय पाछे स्वरूपकों हाथमें पधरायकें अरगजासों स्नान कराय पाछे समोये जलसों स्नान करावे। फिर अङ्गवस्त्र करायकें मुख्य स्वरूपके आगे गादीपें दक्षिण ओर पधरावने। पीताम्बर लाल दरियाईको उढ़ावनो। पाछे श्री-मुख्यस्वरूप श्रीठाकुरजीकूँ पीताम्बर किनारीको तथा सादा ओढ़ावनो। माला फूलकी दोऊ ठिकाने धरावनी। फिर ति· लक दोऊ ठिकाने करनो। तामें प्रथम तिलक पञ्चामृतभये स्वरूपकों दोय दोय बेर करनो पाछे अक्षत दोय दोय बेर चिमटीसों लगावने तुलसी दोनों स्वरूपनकों समर्पनी। बीड़ा दोऊ आड़ी धरने फिर अरगजाकी कटोरीमेंसों सब स्वरूपन कों बसन्त खिलावनी। चोवा गुलाल, अबीरसूँ सूक्ष्म खिला-वनो। पाछे केशरको कमलपत्र करनों। पाछे झालर घन्टा बँध राखने। पाछे शीतल भोग धरनो। तामें ओला सेरऽ।= झारी भरके धरनी फिर आचमन मुखवस्त्र कराय बीड़ा धराय शीतल भोग सरावनों। सो महाभोगके पास धरनों। पाछे सब स्वरूपनको जहां महाभोग सिद्ध करिके साजके धर्यो है, तहां

पधरावने । थाल साँनको तुलसी शङ्खोदक धूप दीप करनो । अरोगवेकी बिनती करनी । किमाड़ फेरके बाहर आवनो । पाछे पलनाकी तैयारी करनी । पलनाके ऊपर घोड़िआमें काठके झूमखा बाँधिये । फूलके झूमखा बाँधिये । फूलनकी वन्दनवार बाँधिये । कलसा लगे । और पलनामें एक सुपेत चादर बिछावनी । पाछे बाहर तिवारीमें बीचमें हलदीको चौंक पूरिये । ताके ऊपर पलना पधरावनो । नीचे बिछावनों नहीं । और नये काष्ठके खिलोनां, तथा चाँदीके खिलोनां, पोतके खिलोनां यह सब खिलोनां, दोऊ आड़ी धरने । और पलना भोग पहले साज राख्यो होय सो रङ्गीन वस्त्रसों ढाँकिके पलनाके दक्षिण ओर छोटी चौकी पर पधरावनों । माखन मिश्री धरनी । या प्रकार सगरी तैयारी करके फिर समय भये महाभोग सरावनो । आचमन मुख वस्त्र करायकें बीड़ी अरोगावना । एक पान रहे तब गिलोरी कर वामें कपूर थोरो सो धरके अरोगावनी । कपूर बीडीमें नित्य अरोगावनो फिर माला धरायके महाभोगकी आरती मोतीकी थारीकी करनी फिर श्रीठाकुरजीकूँ गादी सुद्धां पलनामें पधरावन । झारी वामभाग पधरावनी । और एक बीडी पलनामें अरोगावनी ।

छठी माण्डवेको प्रकार तथा पूजनविधि ।

छठी पहेले दिना स्त्रीजन गावत गावत माण्डें । पश्चिम मुख छठी होय । पूजनवारो पूर्वाभिमुख बैठे या प्रकार लिखनी ।

श्रीनन्दरायजी श्रीयशोदाजी गोपीग्वालको प्रकार ।

नन्दरायजीको पागसुपेद धोतीकोरदार उपरना नेनुपल्लेको, सनकी डाढी बाँधनी । कड़ा, बाजूवन्ध,आदि जो गहेनाँ होय

सों सब पहेरावने। श्रीयशोदाजीकूँ पीरीया हाथ दशको। लँगा गागरो मिसरूको। चोली गुलेनार दरियाईकी। और सब बहू बेटीनको गहनो पहरावनो। गोपी ४ ग्वाल ४ ताको सबन को शृङ्गार करनो। अनसखड़ी महाप्रसाद जिमावनो । पाछे वीड़ा देने॥

प्रथम श्रीयशोदाजीकों पधरायवे जानों।

झाँझि, पखावज बाजत कीर्त्तन होत पास जायके डण्डवत करि पधरायकें पलनाके पास कोरी हलदीको चौक पूरयोहोय तापें गादी बिछायकें गादीपें पधरावनें। भेट धरें कछु खिलोनाँ धरि पीताम्बर उढाय पाछे दोरी हाथमें लेके झुलावनें। पाछे वैसेहीं श्रीनन्दरायजीकों पधरायकें छठीके पास पधराय छठीकों पूजनकरे। वाही रीतिसों गोपी ग्वाल पधरावने॥

छठीको पूजनविधि।

अब छठीके ऊपर लोहेकी कील गाडिये ताके ऊपर वस्त्र १ पीरे रङ्गको धरनो । बाँसकी खपाच तीन मिलाय तिकोनी करिये। फूल लगाइये ऊपर कीलमें खोसिये। छठीके आगे चनाकी दारकी खिचड़ीकी ढेरि करि ताके ऊपर चपनघृतको भरि धरिये। दीवा प्रकट करि धरनों । एक कटोरामें घृत तायके धरनों। छठीके आगें कोरो चून और कोरी पिसी हलदी मिलायके चौक पूरिये ताके ऊपर दो पीढा बिछाय ताके ऊपर पीरी बिछाय, लुटिया १ जलका भरकें धरे। फिर छठीके पास खाण्ड़ो उघारकें दक्षिणओर धरे। रई दक्षिण ओर धरे। बन्सी तथा लठिया लाल रङ्गकी दक्षिण ओर धरे॥

षष्ठीका संकल्प।

श्रौताचमन करके प्राणायाम करे। ॐ हरिः ॐ श्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णो राज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्लोके भरतखण्डे आर्य्यावर्तान्तर्गते ब्रह्मावर्तैकदेशे ऽमुकदेशे ऽमुकमण्डले ऽमुकक्षेत्रे ऽमुकनामसँवत्सरे दक्षिणायनगते श्रीसूर्ये वर्षर्तौमासोत्तमे श्रीभाद्रपदमासे शुभे कृष्णपक्षे नवम्याममुकवासरे ऽमुकनक्षत्रे ऽमुकयोगे ऽमुककरणे, एवं गुणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ श्रीनन्दरायकुमारस्याभिनवजातस्य कुमारस्याभ्युदयार्थं षष्ठीदेव्यावाहनप्रतिष्ठां पूजनान्यहं करिष्ये। जल अक्षत छोडनो। ब्राह्मण मन्त्र पढिके षष्ठीकी प्रतिष्ठा करे। आपुन कुमकुम अक्षत षष्ठी पर डारनें पाछे बसोर्धारा मन्त्र पढिके घीकी कटोरी हाथमें लेके षष्ठीके बीचोंबीच, तीन वा पाँच वा सात धारा करनी। पाछे प्रार्थना कीजे। हाथ जोडके। तहाँ यह मन्त्र पढिये। "गौरीपुत्रो यथा स्कन्दः शिशुः संरक्षितस्त्वया॥ तथा ममाप्ययं बालो रक्ष्यतां षष्ठिके नमः"॥ १॥ षष्ठीभद्रिकायै सांगायै सपरिवारायै नमः। यह पढिके प्रार्थना करनी। पाछे रई की पूजा करे। कुमकुम अक्षत डारिये। तब यह मन्त्र पढे "मथान त्वं हि गोलोके देवदेवेन निर्मितः॥ पूजितस्य विधानेन सूतिरक्षां कुरुष्व मे"॥ १॥ पाछे खड्गकी पूजा करे। खड्ग पर कुमकुम अक्षत डारे। यह मन्त्र पढके "असिर्विशसनः खड्गस्तीक्ष्णधारो दुरासदः॥ पुत्रश्च विजयश्चैव धर्मपाल नमोस्तुते" ॥२॥

पाछे मुरलीकी पूजा करनी । मुरली पर कुमकुम् अक्षत डारने। तब यह मन्त्र पढनों । "सर्वमङ्गलमाङ्गल्य गोविन्दस्य करे स्थित ॥ वंशवर्द्धन मे वंश सदानन्द नमोस्तुते" पाछे छठीके आगे अनसखडीके दो नग वा चार नग भोग धरने । पाछे बीडा दोय धरने । पाछे गौदानको सङ्कल्प नन्द-रायजी करें ॥.

संकल्प ।

ॐ हरिः ॐ श्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे ऽष्टाविंशतितमे कलि-युगे कलिप्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्लोके भरत-खण्डे आर्य्यावर्तान्तर्गते ब्रह्मावर्तैकदेशे ऽमुकदेशे ऽमुकमण्डले ऽमुकक्षेत्रे ऽमुकनामसम्वत्सरे दक्षिणायनगते श्रीसूर्य्ये वर्षर्तौ मासोत्तमे श्रीभाद्रपदमासे । शुभे कृष्णपक्षे नवम्याममुकवासरे ऽमुकनक्षत्रे ऽमुकयोगे ऽमुककरणे, एवंगुणविशेषणविशिष्टायां श्रीशुभपुण्यतिथौ श्रीमन्नन्दरायकुमारस्याभ्युदयार्थं गोनिष्क्र-यभूतां दक्षिणां यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय दातुमहमुत्सृजे । यह पढ़ि जल अक्षत छोडके गोदानको द्रव्य ब्राह्मणकों दीजे पाछे बहेन, भानेज होय सो आपनको तिलक करे। आरतीकरे। आरतीमें कछु रोक मेंलिये । पाछे पलनाके पास पटाके ऊपर पधरावने। दण्डवत करि पलना झुलावे। खडाऊँ पास धरे। झुलावे तब यह पद गावे । "मङ्गलमङ्गलं व्रजभुवि मङ्गलम्" । यह गावे और "प्रेंखपर्य्यङ्कशयनं" । यह दोनोंपद श्रीगुसाँइजीके गायके पलना झुलावे फिरि गोपी, ग्वाल वेसे

ही पधरावने। सो गोपीनके हाथमें थारी तामें कुमकुम, अक्षत, दूव (दूर्वा) नारियल, पावली, चारचोनकेमें होय। और ग्वालन के कन्धानपें दहीकी कांवर होय। याही रीतिसों पधरावने। प्रथम गोपी नन्दबावाकों तिलक करे। अक्षत लगावे दोयदोय वेर। और दूब माथेपे पागमें खोसे। कुमकुमके थापा छातीपे तथा पीठ ऊपर दीजिये। पीछे तिवारीके द्वारपें थापा लगावें। पाछे थारी पास धरनी। पाछे ग्वाल श्रीनन्दरायजीकों दहीको तिलक करे। पाछे दही नन्दरायजीके ऊपर डारे। पाछे नन्दमहोत्सव होय। चौकमें आयकें। दहीमें हरदी चूना डारिकें "आज नंदके आनन्द भयो" ॥ इत्यादि बधाई गावे। दश कीर्त्तन पलनाके होंय तहाँतांई पलनां झूले। पाछे आरती थारीकी चाँदीके दीवलाकी होय। राई, लोन, करके नाछावर । पाछे ढाढ़ीके कीर्त्तन होंय। पाछे नन्दरायजीकों पटापें पधरायके दंडवत करनों। श्रीप्रभूपें वस्त्र नोंछावर करनी। पाछे आरसी दिखाय आशीश गाइये। सो यह पद। "रानी तिहारो घर सुवस वसो"। यह अशीशगायकें मन्दिरतें निकसके दंडवत करिये। फिर तिलक समयके श्रीफल सिंहासन पर धरे होंय सो पलनामें प्रभु विराजें तब उठाइये। और बीड़ा तिलकके गोपीवल्लभ सरें तब काढनें। पाछे पलनांमें मङ्गल भोग धरनों और कहूँ मङ्गल भोग सिंहासन पर भी आवेहै। अब झारी, फिरकरती भरके धरनी पाछे नन्दमहोत्सवके भीजेहोंय सो देहकृत्य करि स्नानकरि मन्दिरमें जायके मङ्गलभोग, सरावनो। सो आचमन मुखवस्त्र करायके बीड़ा धरने। पलनामें आरती थारीकी करनी। पाछे पलनांमेंसूं प्रभुको गादीसुद्धाँ सिंहासन पर पधरावनो। पाछे शृङ्गारतो

वोही रहे । पाछे माला और वेणु धराय आरसी दिखायके वेणु बड़ीकरनी । गोपीवल्लभको डबरा और राजभोग सङ्गही आवे। और पहली सामग्री उत्सवकीमेंसूँ राखीहोय सो वो छवड़ा धरनों ।और राजभोगमें सेव, खीर, छाछिबड़ा, शाक चार, और सब नित्यकी रीतिसूँ धरनी । लीटी तथा रोटी नहीं । अनसखड़ीमें लुचईके ठिकाने दोय सामग्री । एक मनोहरके लडुवा तथा सीरा । और सखड़ीमें पाञ्चों भात । मीठो शाक । और मीठी कढ़ी, और सादा कढ़ीके ठिकाने तीनकुड़ा । इतनो राजभोगमें बढ़ती और सब नित्यकी रीतिप्रमाणहो, और अष्टमीकी रात्रिकों और नवमीके दुपेरको शय्या भोग दुहेरो धरनों । समय भये भोग सराय आचमनमुखवस्त्र कराय । बीडा धरकें राजभोग आरती थारीकी चाँदीके दीवलाकी करनी । पाछे पूर्व्वोक्त रीतिसों अनोसर करनो । पाछे सांझकों उत्थापन भोग सन्ध्याभोग भेलो आवे । शयनआरती समय वघनखा रहे । और सब बडो होय । पोढत समय बघनखा बडो होय । और पलना भादोसुदि ७ मी तांई तिवारीमें झूले दर्शन होय । अष्टमीते भीतर झूले नित्यकी रीतिसों । और वैष्णवनके यहाँ नंदोत्सव गोपी ग्वाल ऊपर लिखे प्रमान नहीं बने । और पलना भी एक दिना ही झूले । इति श्रीजन्माष्टमी की विधी समाप्त ॥

भादो वदि १० शृङ्गार पहले दिनको । सामग्री बूँदीके लडुवा । विनको बेसन, सेर ऽ॥ घृत सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१॥ इलायची मासा २,॥

भादो वदि ११ वस्त्र केशरी । उत्सवको बाललीलाको शृङ्गार । लोलक बन्दी धरें । आभरण मानिकके । पाग गोल ।

चन्द्रिका सादा। दार तुअरकी। और नेग सब नित्यको। उत्सवको साज सब बड़ो होय। सुपेदी चढावनी। पलनामें सुपेदी चढावनी॥

भादो वदि १२ वस्त्र कसूँमल, सूँथन पटका पाग छज्जेदार॥

भादो वदि १३ वस्त्र हरे, पिछोड़ा टोपी। भादो वदि १४ वस्त्र पीरे, पिछोड़ा कुल्हे। ठाड़े वस्त्र लाल। अथवा यथा-रुचि शृंगार करनो॥

भादो वदि ३० वस्त्र श्याम, पिछोड़ा मुकुटकी टोपी, ठाड़े वस्त्र सुपेद। सामग्री पूवाकी। चून सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ चिरोंजी सेर ऽ– मिरच कारी ऽ–

भादो सुदि १ वस्त्र गुलेनार, सूथन, पटुका, पाग छज्जेदार, चन्द्रका सादा ठाडे वस्त्र हरे। भादो सुदि २ वस्त्र लाल पीरे लहरियाके। पिछौडा, पाग, गोल, चरणचौकी वस्त्र हरयो। आभूषण पन्नाके, कलङ्गी, लूँमकी कर्णफूल २, सामग्री, बेसनको मनोहर, बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ दूध सेर ऽ३ खाण्ड सेर ऽ१॥ इलायची मासा ३,

भादो सुदि ३ उत्सवकी बधाई बैठे आजते उत्सव तांई। हरे श्याम वस्त्र नहीं धरे। वस्त्र गुलाबी। धोती उपरनां, पाग, गोल, ठाडे वस्त्र हरे, आभरन पन्नाके॥

भादो सुदि ४ दंडाचोथि, वस्त्र चौफूलीचूँदड़ीके। पिछोड़ा, पाग छज्जेदार, चन्द्रका सादा आभरण हीराके, ठाड़े वस्त्र श्याम, लोलक वन्दी धरे। राजभोगमें, सामग्री मुठियाको चूरमाँ। चून सेरऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ॥ दण्डाकी दोय जोड़ी राज-भोग समय खण्डकी सिढ़ीपे धरनें। शयनमें गुड़धानी धरनी। गेहूँ सेर ऽ२ घी सेर ऽ। गुड़ सेर ऽ२ तामें कछू चार नग भोग

धरनें। पाछे शयनके दर्शन खुलें तब रेवड़ी, ऊपर फेंकवेके भावसों धरनों। भादो सुदि ५ श्रीचन्द्रावलीजीकों उत्सव। अभ्यङ्ग होय, साज भारी, बन्धनवार बाँधनी। वस्त्र किनारीदार चूनरीके। पिछोड़ा, कुल्हे, जोड़ चमकनों, चरणचौकी वस्त्र हरचो। आभरन हीराके। राजभोगमें सामग्री, दहीको मनोहर। ताको चोरीठा सेर ऽ॥।= मैदा ऽ= घी सेर ऽ१॥ खांड सेर ऽ६ दही सेर ऽ१॥ इलायची तोला १ आरती थारीकी करनी॥

भादो सुदि ६ कूँ वस्त्र पञ्चरङ्गी लहेरियाके। पिछोंड़ा, पाग गोल, कलंगी, ठाड़े बस्त्र हरचो॥

भादो सुदि ७ पिछोडा, पाग गोलचन्द्रका सादा, ठाड़े वस्त्र पीरे। आभरन हीराके। दार तुअरकी। सामग्री। छूटी सेव को मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खांड सेर ऽ१ पागवेकी॥

भादोसुदि ८ श्रीराधाष्टमीको उत्सव।

साज सब जन्माअष्टमीको। आगलें दिन शयन पाछें बाँध राखनो। सब दिनको नेग बूँदीके लडुवाको। अभ्यंग होय। मंगला आरतीपाछे, श्रीस्वामिनीजीकों स्नान करायवेकूँ दूध सेर ऽ२ तामें बूरा सेर ऽ। पाछे पीरी दरियाईकी, साडी चोली पहरावनी। और नूपुर, चूडी, तिनमनीयां, नथ, इतने आभरन राखने। थालमें, छोटो पटा धरके तापे लाल दरियाई बिछायके पधरावने स्वामिनीजीकों। झालर, घण्टा, शङ्ख, बाजे। तिलक करि अक्षत लगाय दोय दोय बेर करने। पाछे शंखसों दूधसों स्नान करावनों। पाछे जलसों स्नान करायके अंगवस्त्र करायके पाछे अभ्यंग करावनों। पाछे शृंगार सब जन्माष्टमी

प्रमान करनो। और सब स्वरूपनको शृंगार जन्माष्टमी प्रमान करनो । और गोपीवल्लभमें सेवको थार आवै। ग्वाल नहीं होय डबरा आवे । ता पाछे कोरी हलदीको चौक पूरिके राजभोगमें, सखडी, अनसखडी, तथा दूध घरकी सामग्री फलफलारी, सब धरनें। अब सामग्री लिखे हैं ॥

अनसखड़ी ।

जलेबीकी मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाँड सेर ऽ१॥ छुटी बूँदीको बेसन सेर ऽ१ घृत सेर ऽ१ खाँड सेर ऽ१ सकरपाराको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ१ फेनी केशरीको मैदा सेर ऽ१ घी सेरऽ१ खाण्ड सेर ऽ३ और सीरा, पञ्जीरी, सिखरन बडी, मैदाकीपूडी, झीने झझराकी सेव, चनाके फडफडिया तथा दारके फडफडिया, बडाकी छाछ ये सब जन्माष्टमीसों आधो। खीर, सेव तथा शंजावकी । रायता, बूँदी, कोला के। शाक ८ भुजेना ८ सधाँना आठ, छूआरा , पीपर, वगेरेके । सखडी पाटियाकी सेव। दार छडीअल, चोखा, मूँग, तीन कूढा, बडीके शाक २ पतले। पांचो भात। पापड, तिलडी, ढेबरी मिरच बडी, भुजेना आठ, कचरिया, आठ, ॥

दूधघरको प्रकार ।

बरफी, केशरी, पेडा सुपेत, मेवाटी केशरी, अधोटा, खोवाकी गोली, छूटेखोवा, मलाई दूधपूरी, दही, खट्टो, मीठो, बन्ध्यों, सिखरन, सब तरहकी मिठाई, साबोनी, गजक, तिनगुनी, गुलब कतली, पतासे चिरोंजी, पिस्ता, खोपरा, पेठाके बीज, कोलाके बीज, खरबूजाके बीज, वगेरे विलसारू, पेठाको केरीको, मुरब्बा वगेरे । तथा फल फलोरी गीला मेवा सब तर-

इको भण्डारके मेवा सब तरहके। राजभोग सब साजकें। बीडा १६ बीडी १ आरती चूनकी। श्रीफल, हरदी कुमकुम, भेट, नोछावर ये सब तैयारी करके राजभोग आवत समय भीतर तिलक करनो शंखनाद जालर, घण्टा, झाँझ, पखावज, बाजे। माला पहरायकें माला खिलावनी। पाछे तिलक सब स्वरूपनको करनों। सब धरनों। आरती करके राई नोन, नोंछावर करकै। कोर साँननौं। विनती करनी। तुलसी शंखोदक करनों। समय भये भोग सरायके आचमन, मुखवस्त्र कराय पूर्व्वोक्त रीतिसों। भोग सरायके आरती थारीकी करनी नित्यकी रीति प्रमान। अनोसर करनो सन्ध्याकूँ उत्थापन भोग सन्ध्या भोग भेलो आवे। सन्ध्यासमें ढाड़ी नाचे। और जा घरमें श्रीस्वामिनीजी न विराजतहोंय तो तिलक भीतर, श्रीठाकुरजीकूँ होय। और तिलक समयकी माला उत्थापनके समय बड़ी होय तब उत्थापन होय। पीछे उत्थापनके दर्शन खुलें॥

भादों सुदि ९ शृङ्गार पहले दिनको। दार छड़िअल, कढ़ी डुबकीकी, सामग्री, बूँदीको मोनथार, बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ१॥ इलायची मासा ३, ॥

भादों सुदि १० बालळीलाको शृंगार।

बस्त्र गुलेनारी। सूँथन, पटका, पाग गोल, कतरा, आभरन, हीराके। पलना काचको। सामग्री मदा बेसनको मोनथार। ताको मैदा बेसन सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ३ केशर मासा २ मेवा, कन्द सुगन्धी। और गुझिया चोलाके तथा फडफडिआ। और प्रकार सब जन्माष्टमीके पलनाको प्रकार ो है ता प्रमान॥

भादो सुदि ११ दानएकादशी।

साज पिछवाई दानके चित्रकी। वस्त्र कसूँमल, केशरी, नीचेकी काछनी कोयली मुकुट जड़ाऊ आभरन मानिकके। दानकी सामग्री गोपीवल्लभमें आवे। सामग्री—दूध अधोटा सेर ऽ२ बूरा सेर ऽ॥ इलायची मासा ३ पेड़ा सेर ऽ॥ खट्टो दही सेरऽ॥ तामें जीरा भुन्यो तथा लूँण मिलावनो। मीठो दही सेर ऽ॥ बूरा ऽ। माखन, मिश्री पिसी॥

राजभोगकी सामग्री। मनोहर खोवाको,ताको खोवा सेरऽ।= मैदा चोरीठा सेर ऽ।= घी सेर ऽ॥। खाँड सेर ऽ३ फरार धरे। चोटी नहीं धरे। पीताम्बर दरियाईको। सन्ध्या आरती समय सोनेको वेत्र श्रीहस्तमें ऊपर ठाडो ऊचो धरावनों॥

भादो सुदि १२ वामनद्वादशीको उत्सव।

अभ्यङ्ग होय। वस्त्र केशरी। धोती, उपरना, कुल्हे जोड़ चन्द्रका ५को। चरनचौकी वस्त्र सुपेत डोरियाको। आभरन हीराके। राजभोगकी सामग्री। मेवाकी गुझियाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ मेवा सेर ऽ।= मिश्री सेर ऽ।= इलायची मासा ३ पागवेकी खाण्ड सेर ऽ॥ राजभोग सरे पाछे जन्म होय। पञ्चामृतकी तैयारी करनी। दूध सेर ऽ॥ दही सेर ऽ। घी सेरऽ= बूरा सेर ऽ॥ मधु सेर ऽ=पटापें केलाको पत्ता विछावनो। ताके ऊपर सब साज धरनो। जलको लोटा १ यमुनाजलकी लोटी १ तथा सङ्कल्पकी लोटी १ और एक तबकड़ीमें कुमकुम अक्षत और अरगजाकी कटोरी। और एक पड़घीपें पञ्चामृतकरायवेको शङ्ख धरनों।एक लोटा तातो जल सुहातो संमोयके धरनो। ऐसे सब तैयारी करके। सिंहासनके आगे कोरी हलदीको चौक

अष्टदल कमल करि ताके ऊपर परात धरकें तामें पीढ़ा बिछाय तापे दुहेरा पीताम्बर दरियाई बिछाय। पाछे घण्टा, झालर, शङ्ख, झाँझ, पखावज बजे कीर्तन होय। दर्शनको टेरा खोलनो। पाछे प्रभुसों आज्ञा माङ्गके छोटे बालकृष्णजीकूँ अथवा शालग्रामजी अथवा श्रीगिरिराजजीकों पीढ़ा ऊपर पधरावने। चरणारविन्दमें तुलसी महामन्त्रसों समर्पिके पञ्चामृतको साज सब तैयार राखनो पाछे श्रौताचमन करि प्राणायाम करनो हाथमें जल अक्षत लेके सङ्कल्प करनों। "ॐहरिःॐश्रीविष्णुर्विष्णुःश्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञयाप्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितायप्रहरार्द्धेश्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरेऽष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्लोके भरतखण्डे आर्यावर्त्तान्तर्गते ब्रह्मावर्त्तैकदेशेऽमुकदेशेऽमुकमण्डलेऽमुकक्षेत्रेऽमुकनामसम्वत्सरे दक्षिणायनगते श्रीसूर्ये वर्षर्त्तौ मासोत्तमे श्रीभाद्रपदमासे शुभे शुक्लपक्षे द्वादश्याममुकवासरेऽमुकनक्षत्रे ऽमुकयोगे ऽमुककरणेऽएवंगुणविशेषणविशिष्टायां शुभ पुण्यतिथौ श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य वामनावतार प्रादुर्भावोत्सवं कर्तुं तदङ्गत्वेन पञ्चामृतस्नानमहं करिष्ये। जल अक्षत छोड़नों। ता पाछे तिलक कीजे। दोयदोय वेर अक्षत लगाइये। वीड़ा दोय धरनें। तुलसीदल महामन्त्रसों पञ्चामृतके कटोरानमें पधरावनों। पञ्चाक्षरमन्त्र उच्चारण करनों ता पाछे तुलसीदल शङ्खमें पधरावनो। ता पाछे पञ्चामृतस्नान कराइये। पहले दूधसों, दही, घृत, बूरो, सहतसों। पाछे एक शङ्ख प्रभुके ऊपर फेरिकें दूधसों स्नान करायकें पाछे शीतल जलसों। पाछे हाथमें लेकें चन्दनसों स्नान कराय फिर जलसों कराय अङ्गवस्त्र करावे। पाछे विनकूँ श्रीठाकुरजीके पास

गादीपें दक्षिण आड़ी के कोनेपें पधरायके श्रीवामनजीकों जन्माष्टमीके दिनको पीताम्बर उढाइये । फूलमाला पहराइये । तिलक अक्षत दोयदोय बेर करिये । बीड़ा धरिये । तिलक एक श्रीवामनजीकूंही होय और सब श्रीठाकुरजीकूँ नहीं होय अब घंटा झालर बन्द राखनें टेरा करावनों । पाछे चरणारविन्दमें तुलसी समर्पनी । पाछे शीतल भोग धरनों।ता पाछे धूप, दीप, करनों । भोग धरनों । सामग्री–बूँदी, शक्करपारा, अधोटा दूध, जीराको दही,मीठा दही,लूण, मिरचकी कटोरी फलाहारको फल फलोरी, । जो होय सो धरनों । सखड़ीमें दही भात, सधानों धरनों । तुलसी शङ्खोदक धूप दीप करनो । समयभये भोग सराय, पूर्व्वोक्त रीतिसों आचमन मुखवस्त्र कराय बीड़ा धरकें पूर्व्वोक्त रीतिसों राजभोगवत् खण्ड पाटचौकी माण्डके आरती थारीकी करनी। राई नोन उतारनो। नोछावर करनी। पाछे अनोसर करनों । अब जो एकादशी द्वादशीको उत्सव भेलो होय तो वस्त्र केशरी, नीचेकी काछनी कसूँभी, ऊपरको पीताम्बर केशरी दरियाईको । और सामग्री राजभोगकी राज भोगमें अरोगे । और सब प्रकार दूसरे दिन अरोगे । दूसरे दिन धोती उपरना कुल्हेको शृङ्गार होय । साँझकों मुकुट बड़ो होय ता पाछे कुल्हे धरें । जो दानको उत्सव जुदोहोय तो पाग रहे। भादो सुदि १२ वस्त्र लहरियाके । मुकट काच्छनीको शृङ्गार। भादो सुदि १४ शृङ्गार पिछोरा, टिपारो, वस्त्र, पीरे लहरियाके ठाडे वस्त्र हरे ॥

भादो सुदि १५ वस्त्र केशरी, शृङ्गार मुकुट, काच्छनी, नीचेकी कांछनी, कसूमल, राजभोगमें सामग्री पयोजमण्डा, ताको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खोवा सेर ऽ१॥ बूरा सेर ऽ१॥

इलायची मासा ४ पाकवेकी खाण्ड सेर ऽ१ वगसरती १॥
आश्विन कृष्ण १ साँझीको प्रकार । वस्त्र लहरियाके पिछोरा, मलकाछ टिपारो, कतरा, चन्द्रका, चमकके । चरण चौकीको वस्त्र हरयो सामग्री सीराकी शयन समय पटापें । पत्ताकी साँझी माण्ड़के आवे । गेंद २ और छडी २ फूलकी नित्य आवे सांझी मण्डे तबताँई । और एक नग प्रसादी साँझीकूँ भोग आवे, नित्य सों साँझी माण्ड़वेवारेकूँ मिले ॥

आश्विन वदि २ वस्त्र लहरियाके पाग छज्जेदार, पिछोडा कतरा ॥

आश्विन वदि ३ वस्त्र कसूँमल, पिछोड़ा, पाग, गोल, चन्द्रका, चमकनी, ठाडे वस्त्र हरे ॥

आश्विन वदि ४ दोहेरो मलकाच्छ टिपारो । नीचेको पीरो, कमरको पटुका, तोरा लाल ऊपरको हरयो । ठाडे वस्त्र सुपेद

आश्विन वदि ५ वस्त्र चूनरीके, पीताम्बर चूनरीको मुकुट काछनी, ठाडे वस्त्र श्वेत । आभरन हीराके । सामग्री उपरेंटाकी, मैदा घी बूरो बराबर ॥

आश्विन वदि ६ वस्त्र केशरी, शृङ्गार वामनजीके उत्सवको धोती, उपरनां, कुल्हे, जोड़ चन्द्रका ५ को । चरणचौकी वस्त्र सुपेद डोरियाको आभरन हीराके ॥

सामग्री ।

मोहन थार । वेसन सेर १ घी सेर १ खाण्ड सेर ३ केसर मासा ३ दानको दही सामग्री नित्य आवे ॥

आश्विन वदि ७ वस्त्र हरे पिछोड़ा, पाग गोल, कतरा, ठाडे वस्त्र लाल ॥

आश्विन वदि ८ बडे गोपीनाथजीके लालजी श्रीपुरुषोत्तमजीको उत्सव ।

वस्त्र हरे लाल लहरियाके। शृङ्गार मुकुट काच्छनीको। आभरन पन्नाके। सामग्री दहीको सेवके लडुवा। विनको मैदा सेर ऽ।= दही बँध्यो सेर ऽ। = घृत सेर ऽ॥। खाण्ड सेर ऽ१॥

आश्विनवदि ९ वस्त्र चूनडीके, पिछोडा, पाग, गोल, चन्द्रका सादा। आभरन पन्नाके ठाडे वस्त्र हरे॥

आश्विन वदि १० वस्त्र श्याम, पिछोडा, फेंटा कतरा, चन्द्रका। ठाडे वस्त्र पीरे। कुण्डल॥

आश्विनवदि ११ वस्त्र श्याम, शृङ्गार मुकुट काच्छनीको। आभरन हीराके। सामग्री चन्द्रकलाकी। दानको दही धरनो॥

आश्विन वदि १२ श्रीमहाप्रभुजीके बड़े पुत्र श्रीगोपीनाथजीको उत्सव ।

सो तादिन वस्त्र, कसूमल, धोती, उपरना, कुल्हे। जोड चमकनो। ठाडे वस्त्र पीरे। आभरन पिरोजाके। सामग्री, खरमण्डाकी मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१ तामें लौंग पिसी पैसा १ भर॥

आश्विन वदि १३ श्रीगुसाईंजीके तृतीय पुत्र श्रीबालकृष्णजीको उत्सव ।

वस्त्र अमरसी, पिछोडा कुल्हे, जोड चमकनो। ठाडे वस्त्र हरे। आभरन हीराके। सामग्री। मूँगकीबूँदीके लड्डुवा मूँगकी छडीदारको चून सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ१॥ इलायची मासा १॥

आश्विन वदि १४ वस्त्र लहरियाके । पिछोडा, पाग गोल, चन्द्रका सादा, आभरन मूंगाको ॥

आश्विन वदि ३० वस्त्र श्याम लहरियाके पिछोडा, पाग गोल, चमककी मोरशिखा, ठाडे वस्त्र सुपेद । आभरन हीराके। सामग्री पूवाकी । चून, घी, गुड बराबर । चिरोंजी ऽ— घी कटोरीको ऽ— बूरो ऽ= अव कोटकी आरती शयनमें होय। साँझीके पटापे पन्नीकी द्वारिका मांडनी ॥

आश्विन सुदि १ ते नवविलासअभ्यंग होय।

पलङ्गपोस।वस्त्र लाल, सुनहरी, छापाके, सूथन, बागा खुले बन्ध। कुल्हे कसूमल, सुनहरी, सुपेत, चित्रकी । जोड़ चन्द्रका ९ को। आभरन हीराके । चोटी पहेरे। सूथन, तथा लहँगा, चोली हरे छापाकी । पिछवाई लाल छापाकी । सामग्री गिज ड़ीको मनोहरकी, गिजड़ीको दूध सेरऽ२ मैदा चोरीठा सेरऽ॥घी सेरऽ॥ खाण्ड सेर ऽ२ सखड़ीमें खण्डराको बेसन सेर ऽ१॥ घी सेर ऽ। मीठी कढ़ीको बूरा सेरऽ॥ तामें खण्डरा पधरावने । रायता खण्डराको । छाछिबड़ा। मीठो शाक, खण्डराको सब सखडीमें करनों॥

आश्विन सुदि २ दूसरो विलास।

वस्त्रपीरे छापाके। दुमालो, कसूमल वागो खुलेबन्ध । धोती, कसूमल, ठाड़े वस्त्र हरे। कतराको चन्द्रका चमकनो। आभरन पन्नाके सामग्री दहीबराको मैदा सेरऽ॥ दही सेरऽ॥ घी सेरऽ॥ बूरो सेरऽ॥ इलायची मासा १॥ डेरवड़ीको प्रकार सखड़ीमें । ताकी उड़दकी पिट्ठी सेरऽ१ घी सेरऽ।= छाछकी हाँड़ीमें, रायता, कढी, तीन कूड़ामें सबनमें खण्डरा पधरावने। दारि तुअरकी ॥

आश्विन सुदि ३ तीसरो विलास।

वस्त्र हरे छापाके, मलकाच्छ, टिपारो ठाड़ वस्त्र लाल, आभरन, मानिकके। कतरा चन्द्रका, चमकनों। सामग्री पपचीकी। ताको चोरीठा, घी, खाण्ड बराबर, पकोड़ीको बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ सब प्रकार याही को करनों॥

आश्विन सुदि ४ चौथो विलास।

टिकेत श्रीदाऊजी महाराजको जन्मोत्सव, वस्त्र अमरसी। छापाके, पाग गोल, कलंगी लूँमकी ठाड़े वस्त्र सोसनी, आभरन पिरोजाके। सामग्री बूँदीके लडुवाको वेसन, वी, वरावर, खाँड़ तिगुनी इलायची मासा ४ और प्रकार सब बूँदीको करनों। बेसन सेर ऽ१ घी सेर ऽ१॥

आश्विन सुदि ५ पाँचमो विलास।

वस्त्र श्याम छापाके। धोती, पाग, केशरी। ठाड़े वस्त्र लाल। आभरन मूंङ्गाके। चन्द्रका चमकनी। सामग्री, दूध पूवाकी,। मैदा सेर ऽ॥ दूध सेर ऽ१॥ घी सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ॥ और प्रकार सब अठकूड़ाको, बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ।= तेल सेर ऽ॥।

आश्विन सुदि ६ छठो विलास।

वस्त्र गुलाबी छापाके खूँटको दुमालो, सेहेरो, ठाड़े वस्त्र श्याम,आभरन नवरत्नके, अन्तरवास, कसूँभी, सामग्री मैदाको मोहनथार, मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१॥ आर प्रकार बेसनके झीने झझराकी सेवको। बेसन सेर ऽ॥। घी सेर ऽ।= दार तुअरकी। अथ सेहरो धरायवेकी श्रुतिः। हरिःॐशुभकेंसिर आरोहसोंभयंतिमुखंममसुखः। हिममसोभयभूपाः॥ सञ्चभगंकुरुयामाहरजमदग्निश्रद्धायैकामायान्वैइसत्वासपिनह्यहंभगे नसहवर्चसा॥ १॥

आश्विन सुदि ७ सातमो विलास ।

वस्त्र सोसनी छापाके । फेंटा, कतरा, चन्द्रका, चमकनी ठाड़े वस्त्र, कसूमल, आभरन मोतीके सामग्री, सिखोरी, ताको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ॥ इलायची मासा ३ और सव प्रकार पकोरीको, ताको बेसन सेरऽ॥ घी सेर ऽ।= ॥

आश्विन सुदि ८ आठमो विलास ।

वस्त्र पिरोजी छापाके । शृङ्गार मुकट काछनीको मुकट सोनेको । सामग्री घेवरकी और सव प्रकार मङ्गोरीको, मूङ्गकी दार सेर ऽ१ तेल सेर ऽ॥ ॥

आश्विन सुदि ९ नौमो विलास ।

वस्त्र सुपेद छापाके पाग गोल चन्द्रका चमकनी, ठाड़े वस्त्र कसूमल आभरन श्याम । सामग्री इमरतीकी दार उड़दकी सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ१ इलायची मासा २ वड़े झझराकी सेवको बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ ॥

आश्विन सुदि १० दशहराको उत्सव ।

पिछवाई सुपेत जरीकी सिंहासन काचको । सुजनी सरोंकी पलङ्गपोस । अभ्यङ्ग होय । वस्त्र श्वेत जरीके । बागो घेरदार, चीराछज्जेदार ठाड़े वस्त्र हरी दरियाईके ।चन्द्रका उत्सवकी सादा। आभरन मानिकके । कर्णफूल ४ शृंगार भारी । सामग्री कूरकी गुझियाको चून सेरऽ॥ घी सेर ऽ॥। मैदा सेरऽ॥ मिलायवेकी खाण्ड सेरऽ॥ खोपराके टूकऽ—कारी मिरच ऽ०॥आधी छटाँक। और सब प्रकार उत्सवको करनों । अन्नकूटकी बधाई मङ्गलासों वैठे । भोगके समय जवारा धरावने । जवाराकी कलंगी पहले

बाँध राखनी । चौकमें दशहरा माण्डनों । ताके ऊपर वस्त्र केशरी उढायबेकों राखनों । भोग धरवेकों एक मठडी धरनी । अब भोगके दर्शन खोलिके थोरीसी बिरियां रहिक सब साज उठावनों । खण्डको साज सब रहिवेदेनो । पाछे झारी भरि पधरायकें । पाछे जवाराके ऊपर शंखोदक करनों । चूनकी आरती जोडके राखनी । तिलकको कङ्कू अक्षत एक तवकडीमें तैयार करके राखनों । अब झालर, घंटा, शंखनाद करायकें तिलक दोय वेर करनो, अक्षत दोय बेर लगावनें । पाछे चन्द्रका उठावनी । ता ठिकाने जवाराकी कलंगी धरावनी । श्रीस्वामिनीजीकू नहीं धरावनीं और सब स्वरूपनकूँ याही प्रमान तिलक अक्षत लगायके जवाराकी कलंगी धरावनी । फिर चून की आरती करनी । पाछे टेरा करनो घंटा, झालर शंख बन्द राखनो । पाछे तुलसी चरणारविन्दमें समर्पनी । पाछे उत्सव भोग तथा सन्ध्याभोग भेलो धरनो । सामग्री । माट १० बडे तथा १० माट छोटे ताको मैदा सेर ऽ २॥ तथा सेर ऽ१॥ कुल मैदा सेर ऽ४ दोनोंनको । घी सेर ऽ४ खाण्ड सेर ऽ६ तिल सेर ऽ। गुलाबजल । फडफड़िया । चनाकी दार । उत्सवके सधानाके बेटरा धरके तुलसी, शंखोदक, धूप, दीप, करिके पाछे दशहराके ऊपर कुमकुम अक्षत, छिड़कने । ऊपर जवारा डारने । एक मठडी भोग धरनी । समय भये श्रीठाकुरजीकों भोग सरावनो । पाछे सन्ध्या आरती करनी । और गर्मी न होय तो पंखा पीठकके तथा सिंहासनके सब उठाय लेने । गरमी होय तो दिवारी तांई रहे आजसूँ शयनमें बागा रहे । और जवाराकी कलंगी शयनमें

१ आगे चित्रमें देखो ।

दूसरी धरावनी। आभरन श्रीकण्ठमें राखनें। बाजू, पोहोंची रहे। लूम तुर्रा शयन समय नित्य धरावने। आजसों भीतर पोहोढ़े। और आकाशी दीवा आजते कार्तिक सुदि १५ ताँई नित्य जोड़नो। चीरा रात्रिको मंगला तांई रहे। दशहराके दिनको राखनो।

आश्विन सुदि ११ वस्त्र सुनहरी जरीके। शृंगार मुकुट काछनीको पीताम्बर लाल दरियाईको। ठाढ़े वस्त्र सुपेद। आभरन पन्नाके। सामग्री। दहीके सेवके लडुवा ताको मैदा, घी, बराबर। खाण्ड दूनी। सुगन्धी इलायची पधरावनी।

आश्विन सुदि १२ वस्त्र श्याम जरीके। चीरा, छज्जेदार, चन्द्रका चमकनी। ठाढ़े वस्त्र पीरे कतरा।

आश्विन सुदि १३ वस्त्र पीरी जरीके। शृंगार मुकुट काछनीको। मुकुट डाँकको। पीताम्बर दरियाईको। आभरन पिरोजाके। सामग्रीः कपूरनाडीकी मैदा सेर ऽ। घी सेर ऽ। मिश्री सेर ऽ॥ लौंग छटाँक ऽ–

आश्विन सुदि १४ आभरन मूंगाके।

आश्विन सुदि १५ सरद पून्योको उत्सव। पिछवाई रासके चित्रकी। अभ्यंग होय। शृंगार। मुकुटको। मुकुट हीराको। बागा सुपेद जरीको। पीताम्बर लाल दरियाईको। ठाडे वस्त्र सुपेद। आभरन हीराके। शृंगार सब सुपेद करनो। पलँगपोस, सुजनी सुपेद कमलकी। राजभोगमें सामग्री सकरपारा पाटियाकी सखडीमें साँझकूं शृंगार बडो नहीं करनो। कमल पत्र करनों। अब सरदमें पधरायबेको प्रकार लिखे हैं। जाठि काने चाँदनीमें पधारे ता ठिकाने सुपेदी करावनी। तहां चन्दोआ, पिछवाई सुपेद बाँधनी। नीचे बिछायत सुपेद

करनी। तापर सिंहासन बिछावनों। सब साजराजभोग आरतीके समय मण्डे तैसे सब साज माण्डनों। सब खिलौंना माण्डने। झारीके झोला सब सुपेत। माला चमेलीकी सुपेत शृंगारसुद्धाँ शयनभोग धरनों समय भये पूर्वोक्त रीतिसों भोग सराय, बीड़ी अरोगाय नित्यकी रीतिसों। पाछे सब स्वरूपनकों चाँदनीमें पधरावने। माला धरावनी। पाछे सब सामग्रीमें सूँ एक एक नग थालमें साजके भोग धरनो। धूप, दीप, तुलसी, शंखोदक सब करनो। समय भये आचमन मुखवस्त्र कराय बीड़ा धरके भोग सरावनों पाछे दर्शन खोलने बीड़ी अरोगावनी। मुखपें चाँदनी आवे ता पीछे शयन आरती थारीकी करनी। राई लोन, नोछावर करि टेरा खेंचिके सब शृंगार बड़ो करनो। पिछोरा, शिरपेच धरावनो। श्रीस्वामिनीजीकों सुपेत किनारीकी, सुपेत साड़ी, चोली, लहँगा, पहरायके पोढ़ावने। शय्याके पास नित्यको साज धरनों। बीडा दो तबकड़ीमें धरके साजने। दोऊ आडी नीचे गादी धरनी। झारी तबकड़ीमें धरनी दोय झारी पाटके दोय कोनापें शय्याके पास धरनी। गुलाबदानी गुलाबजलसों भरिकें धरनी। तेजानाकी कटोरी धरनी। आरसी धरनी। वस्त्र, आभरनकी छाव साजके शय्याके पास नीचे धरनी। अतरकी शीशी, अरगजाकी बटी तबकड़ीमें धरनी। तष्टी धरनी। तष्टीके पास चौकीपें बंटा धरनों। और शय्याके पास यह सब साज धरनो चारि दिशामें चारि गादी तकिया बिछावने। बीचमें चौपड़ बिछावनी। और अनोसरको भोग सब चौकी ऊपर साज के धरनो।

अथ सामग्री।

घेबरको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१॥ खाण्ड सेर ऽ४ बरास रत्ती २ चोरीठाको मगद, ताको चोरीठा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ बूरा सेर ऽ१ इलायची मासा १॥ और कचौरी, गुझिया, चौलाकी करनी। मैदाकी पूडी। छाछबडा चणा, फडफाडिया भुजेना २ लपेटमां मूंगकी छौंकी दार। थपडी। शाक, अरवीको, खीर। बासोंदी। दूध। बूरा, लूण, मिरचकी, कटोरी। उत्सवके सधाने। मेवा सूको तथा गीलो जो बनि आवे सो। यह सब भोग अनोसरमें शय्याके पास चौकीके ऊपर धरनो याहीमेंमूं चाँदनीमें भोग धरनो। बीडा ८ बीड़ी १ अधिक या प्रकार साजके पाछे अनोसर करनो॥

कार्तिक वदि १ शृंगार पहले दिनको करनो॥

कार्तिक वदि २ वस्त्र लाल जरीके, दुमालो, बीचको पीरो। ठाड़े वस्त्र हरे सरस लीलाको आरम्भ होय॥

कार्त्तिक वदि ३ वस्त्र हरी जरीके चीरा, बागो चाकदार, सादा चन्द्रका, कतरा, ठाड़े वस्त्र लाल॥

कार्तिक वदि ४ वस्त्र लाल जरीके सेहराको शृंगार ठाड़े वस्त्र हरे॥

कार्तिक वदि ५ वस्त्र पीरी जरीके। मुकुटको शृंगार ठाड़े वस्त्र सुपेत॥

कार्त्तिक वदि ६ वस्त्र. हरी जरीके, चीरा, कलंगी, ठाड़े वस्त्र लाल॥

कार्त्तिक वदि ७ दीवारीको, शृंगार। वागो सुपेत जरीको। कुल्हे सुपेत। सूथन पटका लाल ठाड़े वस्त्र अमरसी। सामग्री

कूरकी गुझियाको मैदा सेरऽ॥ चून सेरऽ॥ घी सेरऽ॥ गुडसेरऽ॥ पूवाको चून सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ गुड सेरऽ॥ चिरोंजी पैसा पैसा भर । सुहारी दोय तरहकी सुपेत, पीरीको मैदा सेर ऽ॥ घी ऽ।

कार्तिक वदि ८ वस्त्र पीरीजरीके । शृंगार टिपारेको होय । ठाड़े वस्त्र लाल ॥

कार्तिक वदि ९ शृंगार आछो लगे सो करनो ॥

कार्तिक वदि १० शृङ्गार उत्सवको । वस्त्र सुपेद जरीके । चीरा छज्जेदार, लूम, कलङ्गी वागो घेरदार । ठाड़े वस्त्र हरे । आभरन पिरोजाके । कर्णफूल ४ हलको शृङ्गार । उत्सवकी-आजसों सुपेदी उतरे । आजसों नित्य हटरीमें बिराजे ॥

कार्तिक वदि ११ वस्त्र श्याम जरीके । बागो चाकदार । चीरा छज्जेदार । सामग्री दहीके मनोहरके लडुवा । ठाड़े वस्त्र पीरे । कलङ्गी लूमकी, आभरन हीराके, कर्णफूल ४ सामग्री सेवके लडुवा । वस्त्र जैसी पिछवाई ॥

कार्तिक वदि १२ वस्त्र पीरी जरीके । बागो घेरदार । चीरा छज्जेदार । ठाड़े वस्त्र हरे । चन्द्रका चमकनी । आभरन पन्नाके । कर्णफूल ४ शृंगार चरणसूँ ऊँचो करनों । चन्दवा, टेरा, बन्दनवार सब साज उत्सवके बाँधने । सामग्री मेवाटीकी । दार तुअरकी ।

कार्तिक वदि १३ धनतेरसको उत्सव । वस्त्र हरी जरीको, बागो चाकदार ॥ चीरा छज्जेदार । चन्द्रका सादा । ठाड़े वस्त्र लाल । आभरन माणकके । शृंगार चरणारविन्दताँई । साज सब उत्सवके । सामग्री चन्द्रकलाकी । मैदा सेरऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ१॥ इलायची मासा २ राजभोगमें छाछबड़ा । हटरीमें बिराजे ।

कार्तिकवदि १४ रूपचऊदशिको उत्सव।

अब प्रथम मंगलाआरती पीछें शृंगारचौकी ऊपर पधराय रात्रको शृंगार बड़ो करि परातमें पीढ़ा धरके ताके ऊपर पधरायके तिलक, अक्षत, दोयदोयबेर करनें। श्रीस्वामिनीजीकों टीकी करनी। बीड़ा ४ धरने। पाछे दीवला ८ चूनके जोड़के थारीमें धरनें, खेतकी माटीकी डेली ७सात ओङ्गाकी दातिन सात ७ एक हरयो तूँबा थारीमें धरनों। तापाछे दीवाकी थारी सात बेर उतारनी। पाछे पास धरनी पाछे अक्षत बड़े करि, अभ्यंग करावनो। पाछे स्नान कराय, शृंगार भारी करनों। स्नान ताराकी छाँ करावनो। वस्त्र लाल जरीके, वागो घेरदार, चीरा छज्जेदार चन्द्रका सादा, आभरन हीराके, कर्णफूल ४ पाछे राजभोगमें सामग्री। पूवाको चून, घी, गुड, बराबर। तामें चिरोंजी, मिरच कारी आखी, खोपराकी चटक टूक, पधरावने। और शाक, भुजेना, छाछिबडा, उत्सवको सब राजभोगमें धरनो। साँझको हटरीमें बिराजे। सन्ध्या आरतीमें बेर ठाड़ो करनो। शयन आरती ताँई शृंगार रहे। तां पाछे शृंगार बडो करि पोढ़ावने॥

कार्तिक वदि ३० दिवारीको उत्सव।

ता दिन अभ्यंग होय। शृंगार। वस्त्र श्वेत जरीके। बागो घेरदार कुल्हे, सुपेद, पटुका, सूँथन लाल जोड चन्द्रकाको सादा लहेंगा चौली, ठाडे वस्त्र, अमरसी। सब दिनको नेग दहीके मनोहरको। दही वन्ध्यो सेर ऽ१॥। मैदा चौरीठा सेर ऽ१॥ घी सेर ऽ१॥ खाँड सेर ऽ८ इलायची मासा ६ आरती सब समय थारीकी। आभरन उत्सवके। गोपीवल्लभमें सेवको थार

आवे । ग्वाल नहीं होय । डबरा धरनों । और राजभोगमें सामग्री दीवलाकी । ताको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ तिल ऽ– बूरो सेर ऽ२ और सब राजभोगमें । छाछिबडा विलसारु, फडफंडिया चनाके । दार चनाकी तली । भुजेना ४ शाक ४ सधाँने उत्सवके । २ खीर, दही, और जो उत्सवमें आवे सो सब धरनों । राजभोगमें । आरती थारीकी करनी । पाछे उत्थापन भोग सन्ध्या भोग भेलो आवे । और निज मन्दिरमें पोढ़ायवेकी तैयारी करनी । दिवालगिरि चारयों आडी बाँधनी । बिछायत नीचे बिछावनी । शय्याके पास गादी बिछावनी। बीचमें पटा बिछावनों । ताके ऊपर छोटो काचको बङ्गला धरनो। दोनों आड़ी दोय चौकी धरनी । ताके ऊपर हटड़ीको भाग अनसखड़ी । दूधघर । फलफलारी । दोनों आड़ी साजनो । बीड़ा, तेजाना, सुपारीके टूक, अतर, अरगजाकी बंटी, फुलेलकी शीशी, झारी, तष्टी, सब खिलोनां, आरसी । ये सब धरनो । चौपड़ बिछावनी । चारयों आड़ी चार गादी तकिया धरनो सब साज सम्भार, सिद्ध करके धरनों पाछे शयनभोग शृंगारछाँ आवे । समय भये भोग पूर्वोक्त सरायक पीताम्बर उढ़ावनो । छेड़ा वाम ओर राखनो । एक छेड़ा नीचे राखनो । दर्शन खोलने गायनकूँ चौकमें बुलावनी । श्रीठाकुरजीकूँ हाँडी अधोटादूधकी, खुरमा आडो करिके अपने हाथमें राखिके अरोगावनी । पाछे गायकी पूजा करनी । कुम्कुम् अक्षत, छिडकने । दांणो खवायवेकूँ धरनो । एक लडुवा खवावनो । एक लडुग्वावालकों देनों । गुड़ सेर ऽ। दरिया सेर ऽ। की थूली करायक गाय कूँ खवावनी । और गायके कानमें एसे कहेनो कि सवेरें गोवर्द्धनपूजाके समय खेलि-

वेकों बेगि पधारियो। फिरि गाय खिलावनी। पाछे गाय पधारे। पाछे आरती थारीकी करनी पाछे गादी सुद्धाँ श्रीठाकुरजी शय्यापे पधारें। तहाँ आरती थारीकी चौपड़की करनी राई, नोन, नोंछावर करनी। पाछे हाथ खासा करके भेट करनी। ता पाछे थोड़ोसो शृङ्गार बड़ो करनो। सो कहेहें। पटुका,शिरपेच बाजू, पोहोंची, जोड़, चोटी ये सब बड़े करने। श्रीकण्ठमें दोय चार माला रहेवेदेनी और श्रीस्वामीनीजीको ऊपरको शृंगार बडो करनो। और सब रहिवेदेनो। पाछे पोढ़ावनें। दीवा १ घीको शय्यामन्दिरमें सब राति रहचो आवे भूलचूक देखिकें अनोसर करनों। पाछे सखड़ी चढ़ावनी। और भोगके ठिकाने कोरी हलदीको अष्टदल कमलको चौक करनो। ताके ऊपर घासको बीड़ा धरनो। तामें पातर विछाय तापर एक चादर बिछावनी। एक वटेरा सेव तथा घीको ताके बीचमें पधरावनों ताके ऊपर जो भात होय सो ताठोरपे पधरावतजानो।

अब सामान सामग्रीको प्रमान एकअन्दाजसों लिख्यो है परन्तु जहाँ जितनो नेग होय ताप्रमान करनो। यहाँ लिखे प्रमाणके ऊपर न रहनों।

अब प्रथम कार्त्तिक वदि ४ वा ५ मीको आछो वार देखिकें भट्टीको पूजन करनों ताकी विधि वालभोगमें, भट्टी पुतवावनी। पाछे कोरी हलदीको चौक चारों तरफ माण्डनों।कुमकुमसों भट्टी के पास भीतपें श्री तथा साथिया तथा श्रीप्रभूको नाम माण्डनों। कढ़ाई भट्टीपें धरावनी। पाछे कुमकुम अक्षत छिडकनो पाछे तिलक करनों। नेगको श्रीफल १ तथा गुड सेर ऽ।– तथा गेहूं सेर ऽ१। सुपारी ७ हलदीकीगाँठ ७ तथा रु० १। रोंक यह

सब एक कूँड़ामें धरके पास धरनों । ऐसे कढ़ाई पूजकें वामें घी पधरावनों । चून गूझाके कूरको पधरावनो । हलावनो हलायके गुड़की डेली घीमें डुबोयके भट्ठीमें पधरावनी पाछे बालभोगियासे आदिलेके तिलक सबनकों करनो पाछे दण्डवत करनी । इति भट्ठीपूजा ॥

सामग्री अनसखड़ीकी ।

गूझा छोटेको मैदा सेर ऽ१० चक्रगूझाको मैदा सेर ऽ३ घी सेर ऽ१९ चून सेर ऽ१३ खाण्ड सेर ऽ१३ कारी मिरच आखी सेर ऽ।

सेवके लडुवाको मैदा सेर ऽ१० घी सेर ऽ१० खाँड सेर २०

सकरपाराको मैदा सेर ऽ१० घी सेर ऽ१० खाण्ड सेर ऽ१० छूटी बूँदीको बेसन मण ॥ऽ घी म० ॥ऽ खाड ऽ॥ बाबर सुपेद तथा केशरीको मैदा सेर ऽ४ घी सर ऽ४ खाँड बूरो सेर ऽ४ केशर मासा ३ ॥

फेनी न होय तो चन्द्रकला करनी केशरी पागनी तथा सुपेद भुरकावनी वो उपरेटा होय । ताको मैदा सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ खाँड सेर ऽ४ केशर मासा ३ ।

जलेबीको मैदा सेर ऽ३ घी सेरऽ३ खाँड सेर ऽ९ ॥

मनोहरको दही बँध्यो सेरऽ१॥ चोरीठा सेरऽ१ घी सर ऽ२ खाँड सेर ऽ४ इलायची तोला २ दरदरी ॥

खरमण्डाको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ॥ बूरो सर ऽ४ लाग पिसी तोला ४ ॥

कपूर नाडीको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ मिश्री पिसी सर ऽ२ बरास रत्ती ४ ॥

मेवाटीको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ मेवा सेर ऽ॥ मिश्रीकी

कनी सेर ऽ॥ झीनी । इलायची मासा ८ खाँड सेर ऽ१ पागवेकी । इन्द्रसाको चोरीठा सेर ऽ१ बूरो सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खसखसके दाना सेर ऽ=

मगद मूंगको, बेसनको, मैदाको, चोरीठाको, तामें घी, बूरो बराबरको सेरसेरको ॥

मोहनथारको बेसन सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ बूरो सेर ऽ१॥ केशर मासा ३ इलायची मासा ३ मेवा ऽ= कन्द ऽ= ॥

बूँदीके लड्डुवाको बेसन सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाँड सेर ऽ२ केशर मासा ३ इलायची सामा ३ कन्द सेर ऽ। मेवा सेरऽ= किसमिस सेर ऽ= ॥

खाजाको—मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ१ ॥

मालपूआको—चून सेर ऽ२ गुड सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ ॥

सीराको—चून सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ गुड़ सेर ऽ१ ॥

सीराको—चून सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ बूरो सेर ऽ२ ॥

पूवाको—चून सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ गुड़ सेर ऽ२ ॥

थूलीको—रवा सेर ऽ४ घी सेर ऽ३ गुड़ सेर ऽ४ ॥

खीर चार तरहकी । चोखाकी । सञ्जावकी । सेवकी । मनकाकी । तामें दूध सेर एकमें चोखा सेर ऽ— छटाँकभरके हिसाबसें और बूरो पाव पाव सेरके हिसाबसें। इलायची मासा३ या प्रमानसों चारयों खीरमें पधरावने ॥

सिखरन बड़ीको उड़दकी दारकी पिट्ठी सेरऽ। शिखरन सेर ऽ१ बूरो सेरऽ४ इलायची मासा ३ बरास रत्ती ३ ॥

मैदाकी पूड़ी। चूनकी पूड़ी। फड़फड़िया चनाके। यह सब प्रकार महाभोगसों दूनों। फीको—ताको बेसन सेर ऽ४ घी सेरऽ१ तामें हींग तथा कारी मिरच दरदरी । तामें थपड़ी चार

तरहकी । सकरपारा । झीने तथा जाडे । झझराकी सेव तथा रोचक सब तरहके । राईता ८ तरहके । केला, कोला, किस-मिस्, ककड़ी, बथुआ, घीयाको, बूँदी, खण्डराको सखड़ीमें होय । यह सबको दही सेरऽ८

काँजीकेवड़ाकी दार उड़दकी सेरऽ१घी सेरऽ१ पिसीराई सेर ऽ। सोंफ ऽ= धनियों सेर ऽ= सूँठ ऽ= जीरा ऽ= पीपर ऽ– हीङ्गऽ– यह काँजीको मसालो। लूण सेर ऽ॥ हलदी सेर चुगलीकी पिट्ठी सेर ऽ॥ ताको चोरीठा सेर ऽ। तिल सेरऽ= भुजेना १६ शाक १६ ॥

अब हटड़ीको प्रकार ताकी सामग्री ।

वीड़ी ४ और इन सब सामग्रीनमेंसों चौवीस चौवीस नग करने । और छोटी सामग्रीमेंसों बारे बारे नग करने । तासों छोटी सामग्रीमेंसों छः छः नग करने । और काँजीको तोला १ छाछि बड़ाकी पिट्ठी सेर ऽ१ चनाकी दार, फड़फड़ीयावगेरे जितनी तरहके होय सकें तितने तरहक करने ॥

सधाने ८ तरहके भण्डारके थोरो थोड़ो हठड़ीमें साजनें । दूधगरको प्रमान जन्माष्टमीसों दूनो करनों । तामेंसों चौथाई हठड़ीमें साजनो । और सब अन्नकूटमें साजनों । नींबू आदा पाचरी धरनी ॥

दूधघरको प्रमान । बरफी सादा तथा केशरी खोवा बूरा वराबर केसर सुगंधीइलायची पेड़ा, मेवाटी केशरी, अघोटा, खोवाकी गोली । खोवाकी गुझिया, खोवा सेर ऽ१ तामें भरवे को पिस्ता, मिश्री ऽ= ओलाकी खाँड ऽ। इलायची मासा १ कपूर नाडी, खरमण्डा, मठडी, सकरपारा, सब खोवाके

मलाईके बटेरा २ दूधपूडी तापे भुरकायवेको मिश्री, केसर दोनोनकी माशा ३ और गुलाबजल जामें, चईये तामें पधरावनो। और जो कछु दूधघरमें बनिआवे सो करनी। अनसखडीमें सामग्री होय ताप्रमान खोवाकी जो बने सो ॥

खाण्डगरको प्रमान।

खिलोना सेर८१ के गजक रेवडी,पतासा, गिदोडा,दमीदा, गुलाबकतली, इलायचीदाणे, तिनगिनी, पगे पिस्ता, पगी खसखस, तिल, चिरोंजी, पगे यह सब सेर ८२ दोयके करने। पिस्ताकी तथा खोपराकी तथा बदामकी केसरियाकतली करनी तामें बरोबरकी खाँड़। सुगंधी मा.३नेजाकी, पेंठाकी, कतली। खरबूजाके बीज, चिरोंजीके, खोपराको खुमणके लडुवा बाँधने। खाण्ड बराबरकी बरास, इलायची, प्रमाणसों पधरावनी बिलसारु मुरब्बा जितने बनिआवें तितने करने। केला, करोंदा, केरी, किसमिस, गुलाबके फूलके वगेरे जो बनिआवे सो करने ॥

मेवा सूकेको प्रकार।

मिश्रीकी डेली छोटीछोटी, बदाम, दाख, छुहारे, पिस्ता, खोपराके टूक, कुंकुनकेला, खुमानी, मुनक्का दाख, अंजीर सूके, खिजूर, यह सब पावपावभर बटेरा साजने। और भुने मेवा तामें पिस्यो सेंधों नोन तथा कारी मिरच पिसी मिलावनी। बदाम, पिस्ता, चिरोंजी, अखरोट, मखाने, काजू कलिआ, मूङ्गफली, बीज कोलाके, खरबूजाके, पेंठाके, यह सब घीमें तलके नोन मिर्च मिलाय बटेरानमें साजने। प्रमान सेर ८= आधपाव और तर मेवा गीले मेवा जितनी

तहरके मिलें तितनी तरहके सिद्धकरके बटेरानमें साजनी ॥

सखड़ीको प्रकार ।

सखडीको जहां जितनो नेग होय ता प्रमान करनो । यहां तो एक अन्दाजसों लिख्यो है । चोखा मन २ऽ मूँग सेरऽ२० चना सेर ऽ५ चोरा सेर ऽ२ मटर सेर ऽ२ बाल सेर ऽ२ मोठ सेर ऽ२ उडद सेर ऽ२ बालकी दार सेर ऽ२ मूंगकी छडियल दार सेर ऽ३ उड़दकी छाड़ियल दार सेर ऽ३ चनाकी दार सेर ऽ३ तुअरकी दार सेर ऽ३ कढीको बेसन सेर ऽ२ ताकी चार तरह कढ़ी करनी । बूँदीकी, खण्डराकी, बेंगनकी, पकोड़ीकी कढ़ी । तीनकूड़ामें चना तथा बड़ी, पधरावनी । पकोड़ीको बेसन सेर ऽ२ शाकमें मिलायवेकी दार चनाकी, मूंगकी, तीन तीन सेर । दरिया सेर ऽ१ शाकमें मिलायवेकूं चोखाकी कनकी सेरऽ१ मिलायवेकूं । वडी उडदकी सेर ऽ१ बडी मूंगकी सेर ऽ१ ताको पतरोशाक । और शाक १६ जो मिलें सो सब करने भुजेना १६ करने । कचरिया १६ तरहकी तथा जो मिले सो करनी । सेर सेर भर । एक एक तोला बडीको दोनोनको । मंगोडा, ढोकलाकी पिठीसेरऽ१ मूंगकी दारकी सेरऽ १ चीलाकी पिठी सेर ऽ१ बडाकी उडदकी दारकी पिठी सेर ऽ४ मीठी कढ़ी बूँदीकी तथा खंडराकी, करनी । घी सेर ऽ२ तेल सेरऽ१५ बेसन सेर ऽ१० बूरासेर ऽ६ इलायची मासा ६ वरास रत्ती ३ कटोरीको घी सेरऽ३ मिश्री पिसीको बटेरा, १ नीम्बूको चपन १ बूराको चपन १ लूणको बटेरा । पाञ्चों भात । दोय शाक बडीके पतरे । पापड़ ६४ छोटे पापड़ ६४ मिरच बड़ी लौंग वड़ी, खिलौना रोचक ॥

पांचों भातको प्रमान ।

मेवा भातके चोखा सेर ऽ१ तामें पिस्ताके टूक ऽ।= बदामके टूक ऽ।= किस्मिस सेर ऽ। चिरोंजी सेर ऽ।= बूरा सेर ऽ८ इलायची मासा १० बरास रत्ती ४ केशर तोला १

शिखरनभातके चोखा सेर ऽ१ शिखरन सेर ऽ५ तामें बूरा सेर ऽ८ इलायची मासा १० बरास रत्ती ५ ॥

दहीभातके चोखा सेर ऽ२ दही सेर ऽ२ आदाके टूक सेर ऽ। ॥

वडीभातके चोखा सेर ऽ१ ॥

खट्टेभातके चोखा सेर ऽ१ तामें नींबूको रस सेर ऽ॥ तिल ऽ–

पाटियाकी सेव सेर ऽ१ बूरा सेर ऽ१ इलायची मासा ३ बरासरत्ती १ तिलवड़ी ढेवरी सेर ऽ१। रोचक । यह सबको प्रमान महा भोगसों दूनो ॥

अन्नकूटके दिनको नेग ।

खोवाकी गुझियाको–खोवा सेर ऽ१ मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१॥ खाँड सेर ऽ१॥ मिश्री सेर ऽ॥ सुगन्धी मासा ६ राजभोगमें अन्नकूटकी सखड़ीमेंतें । अनसखड़ीमेंतें, धरनो । राजभोग गोपीवल्लभ भेलो आवे ॥

कार्तिक सुदि १ गोवर्द्धन पूजाको तथा अनकूटको उत्सव ।

अब गोबरको श्रीगोवर्द्धनपर्वत करनों । उत्तर दिश मुख करनों । दक्षिण दिश पूँछ राखनी । ताके ऊपर ओङ्गाकी डार, कन्डेरकी डारि रोपनी । पश्चिम आडी श्रीगिरिराजमें एक गवाखा श्रीगिरिराजजी पधरायबेकों करनों । और चारयों आड़ी ४ दीवा जोड़ने । सब सुपेदी करावनी । तहाँ चन्दोवा

पिछवाई टेरा बाँधनों। यह सब तैय्यारी रात्रिकोहीं कर राखनी । अब चारि बजे श्रीठाकुरजी जागें ! इतने सब भाग अन्नकूटको सजजाँय। अब मंगलाके दर्शन नहीं खुल । भीतर आरती होयके सब शृंगार यथास्थित करनों । गोकर्ण धरावने । श्रीहस्त ऊपर पीताम्बर धरावनो। दोनों छेड़ा ऊपर राखने । पाछे गोपीवल्लभ राजभोग भेलो आवे । पाछे समय भये पूर्वोक्त रीतिसों भोग सराय पीताम्बर धरायके राजभोग आरती थारीकी भीतरही करनी । दर्शन नहीं खुलें । पाछे श्रीठाकुरजीकूँ गादीसुधाँ सुखपालमें पधरावनें । पीताम्बर तकियापे राखनों । वेत्र दाहिनी ओर धरनों और पहले श्रीगोवर्द्धन पूजिवेकूं इतनी तैयारी करलेनी । जलके घड़ा २, दूध सेरऽ२, दही सेरऽ२, हलदी पिसी सेर, ऽ। कुमकुम सर ऽ।, अक्षत पीरे,अरगजाकी कटोरी, बीड़ा ४, माला२, तुलसी, शङ्ख मुखवस्त्र, श्रीयमुनाजलकी झारी, आचमनकी झारी, तष्टी, धूप, दीप, आरती, झालर, घंट, शङ्ख, कुन्नवाड़ेकी हाँडी, २० हलदीसों रङ्गीभई तिनमें दोय दोय सेवके लडुवा दोय दोय मठड़ीधरनी । पाछे हाँड़ी टोकरानमें भरनी ताके ऊपर उपरना ढाँकनों । तथा उपरना अङ्गोछा १६ ताके छेड़ा हलदीसों रङ्गनें । और कण्डेरकी छड़ी चार छ । और रेशमी दरियाईके टेरा दोय दोय सेवकनकूं तथा वैष्णवनकूं बाँटने । सो माथेपे बाँधने । पाछे जहां पधारे पूजनकूं तहाताँई गुलाल, अबीरके चालनीसों चौक पूरनों छत्र, चमर, करत सुखपालमें पधारें । सो तहाँ श्रीगिरिराज पास छोटी साङ्गामाची ऊपर पधरावनें । तहाँ प्रभुकों बीड़ी आरोगावनी । पाछे आड़ो टेरा करिकें हाँड़ी अघोटाकी अरोगावनी । पाछे फिरि बीड़ी आरोगावनी गाय

बुलावनो। पाछे श्रीगोवर्द्धनके गवाखामें लाल दरियाईको टूक दुहेरो करके बिछावनो। ताके ऊपर श्रीगिरिराजजीकों पधरावने। दण्डवत करनी। पाछे श्रीगिरिराजजीको तिलक, अक्षत, दोय दोय बेर करनों। पाछे तुलसी समर्पनी। श्रौताचमन प्राणायाम करि। संकल्प करनों। "ॐहरिःॐश्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्ल्लोके भरतखण्डे आर्य्यावर्त्तान्तर्गते ब्रह्मावर्त्तैकदेशे श्रीअमुकमण्डले ऽमुकक्षेत्रे ऽमुकनामसम्वत्सरे श्रीसूर्य्ये दाक्षिणायने शरदृतौ मासोत्तममासे कार्त्तिकमासे शुभे शुक्लपक्षे प्रतिपदि शुभतिथावमुकवासरे ऽमुकनक्षत्रे ऽमुकयोगे ऽमुककरणे एवं गुणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य श्रीगोवर्द्धनस्याभिवृद्ध्यर्थं श्रीगोवर्द्धनपूजनमहं करिष्ये। जल अक्षत छोड़नो। पाछे प्रथमजलसों न्हवावे। पाछे दूधशङ्खमें लेके न्हवावे। फिरि दहीसों। फिरि जलसों स्नानकरायके पधराइये गिरि राजजीकूँ अङ्गवस्त्र करावनो पाछे नीचे छोटोसो पटा बिछायके ताके ऊपर वस्त्र बिछायके ताके ऊपर पधराइये। पीताम्बर उढ़ाइये। माला धराइये पाछे कुमकुमको तिलक करनों कमलपत्र करनों। कुमकुम् छिड़कनों। एक उपरना गोबरके गोवर्द्धनकों उढ़ावनों। ऊपर कुमकुम् छिड़कनों। थापा लगावने। कुँनवाड़ो भोग धरनों। तुलसी समर्प्पनी सुलसी शङ्खोदक, धूप, दीप, करनों। झारी भरके धरनी। टेरा करनों। समय भये भोग सराय। आचमन, मुखवस्त्र, कराय। बीड़ा धरने। आरती करनी।

पाछे ग्वालकूँ तथा दूधगरीयाकूँ तिलक, अक्षत लगायके हरदी और कुम्कुम्के थापा लगावनें। पाछे हाँड़ी उपरना सेवकनकूँ औरनकूँ बाँटने। ता पाछे श्रीगिरिराजको उपरना माला, वीड़ा, जो महाराज विराजतेहोंय सो पहेरे पाछे श्रीगिरिराजजीकूं श्रीठाकुरजीके पास पीत म्बर उढ़ायके पधराइये पाछे गइयनकूँ खिलाइये। पाछे श्री ठाकुरजीकू सुखपालमें पधरावनें। फिरि पधारें। कल सवारी आवे। तामें रु० १) डारनों। ता पाछे सुखपाल तिवारीमें पधरायके चूनकी आरती मुठिया बारिके करनी। पाछे हाथ खासा करिके शीतल भोग मिश्रीको सुखपालमें ही धरनों। पाछे परिक्रमा पाञ्च तथा सात करनी। और अन्नकूटमेंहू शीतल भोग आवे। झारी फिरि भरके धरनी। दोयदोय झारी धरनी। सिंहासन ऊपर पधरावनों। पाछे आचमन मुखवस्त्र करायकें सिंहासन ऊपर अन्नकूट अरोगवेकूँ पधरावनें दोनों आड़ी जलकी मथनी मझोली छन्नासों ढाँकिके वामें कटोरी धरिके पधरावनी॥

अन्नकूटको भोग धरवेको प्रकार।

दूध घरकी सामग्री, मेवा मिठाई, सिंहासनके खण्डपे धरनी। तरमेवा धरने। ता पाछे यथाक्रम—नीबू, लूण, मिरच, आदा पाचरी, माखन, मिश्री, सब धरनो। तुलसी, शंखोदक, धूपदीप करनों। साथिआवारो गुञ्जा अगाड़ी राखनों। शङ्खवारो गुञ्जा वामओर राखनों। चक्रवारो गुञ्जा पाछे राखनों। गदावारो गुञ्जा जेमनी ओर राखनों। और बडो चक्र बीचमें तामें चित्र प्रभुके सामने राखने। तुलसीकी माला पहरावनी जो केशरि जा घरमें छिड़कत होय सो तहाँ छिड़कनी। या प्रकार

सब सिद्ध करके भूलचूक देखिके तुलसी शंखोदक धूप दीप करनो। अरोगवेकी बिनती करनी जो श्रीआचार्यजी महाप्रभु श्रीगुसाँईजीकी कानिसों कृपा करिके अरोगोगे पाछे समय घण्टा २ को समय भये आचमन मुखवस्त्र कराय बीड़ा धरके दर्शन खोलने। पाछे आरती चाँदीके दीवलाकी मोतीकी थारीकी करनी, राई नोन नोंछावर करनो। पाछे अनोसर करनो। पाछे उत्थापन, सन्ध्याभोग भेलो आवे। पाछे शृङ्गार बड़ो करिके शयन भोग आवे। समय भये भोग सराय आरती करनी।पाछे नित्यकी रीतिसों अनोसर करनो। मंगलामें नित्य क्रमसों उठे तेसे उठावने नित्य क्रमसों॥

अब अन्नकूटके और भाईबीजके बीचमें खाली दिन आवे ताको प्रकार।

वस्त्र गुलाबी जरीके। बागे चाकदार चीरा छज्जेदार कलङ्गी जड़ावकी ठाड़े वस्त्र हरे। आभरन पन्नाके। सामग्री उड़दको मोहनथार। ताकी दार सेरऽ॥ घी सेरऽ॥ खाँड सेरऽ२ इलायची मासा३ केशर मासा३ सखड़ीमें दार तुअरकी। और उत्सवकी सब सामग्री,खिचड़ी अरोगे सो उत्सवके दूसरे दिनही अरोगे नित्य नेगमें भाईदूजको नेम नहीं॥

कार्तिक सुदि२ भाईदूजको उत्सव।

सो तादिन अभ्यङ्ग होय वस्त्र गुलाबी जरीके। बागा घेरदार। चीरा छज्जेदार। चन्द्रका छोटी सादा। ठाड़े वस्त्र सुपेद। आभरन पन्नाके। गोपी वल्लभमें खिचड़ी सेरऽ२ घी सेरऽ। गुड़ सेर ऽ। राजभोगमें उत्सवकी सामग्रीको छबड़ा आवे। काँजीकी हाँड़ी। और छाँछ बड़ा आवे। दही भात पाटि-

याकी सेव भोग धरिके थाल साँनिके धूप दीप करिके घंटाझालर शङ्खनाद होय तिलक करनो। अक्षत लगावने दोय दोय बेर करनो। बीड़ा२ धरनें। आरती चूनकी मुठिया बारिके करनी। नोंछावर करनी। तुलशी शङ्खोदक करनो। पाछे समय भये पूर्व्वोक्त रीतिसों भोग सरायके आरती करनी। पाछे सब नित्यको क्रम होय॥

कार्तिक सुदि ३ वस्त्र हरी जरीको बागा घेरदार। गोल चीरा। कतरा १ ठाड़े वस्त्र लाल। आभरन मूङ्गाके॥

कार्तिक सुदि ४ बागा चाक दार पीरी जरीको दुमालो। कतरा। चन्द्रका डाँककी। ठाड़े वस्त्र लाल॥

कार्तिक सुदि ५ वस्त्र श्याम जरीके बागा। चन्द्रका१ ठाड़े वस्त्र पीरे। आभरन हीराके॥

कार्तिक सुदि ६ जो आछो लगे सो शृङ्गार करनों॥

कार्तिक सुदि ७ लाल जरीको बागा। चाकदार॥

टिपारेको शृङ्गार। ठाड़े वस्त्र हरे। सामग्री दही बड़ाकी। दही सेर ऽ। = चोरीठा मैदा सेरऽ। = घी सेरऽ॥ खाण्डसेरऽ१॥

कार्तिक सुदि ८ गोपाष्टमीको उत्सव।

अन्नकूटकोहू कुण्डवारो करनों। और एक कुण्डवारो याही प्रमान अन्नकूटसों पहले करनों। अब वस्त्र सुनहरी जरीके। शृङ्गार मुकुट काछनीको मुकुट हीराको। पीताम्बर दरियाईको। शृङ्गार पाछे सिंहासनके पास मन्दिर वस्त्र करिके कोरी हलदीको चौक पूरनो। ता ऊपर कुण्डवारो साजनो। ताको प्रमान। दहीभातकी हाडी २ ताके

चोखा सेर ऽ॥ दही सेर ऽ॥ सीराको रवा सेर ऽ॥ घी सेरऽ॥
बूरा सेर ऽ१॥ चिरोंजी ऽ– छटाँक । ताकी हाँडी
खीरके मलरा २ सञावकी खीरकी हाँड़ी २
सेव ऽ= दरिया ऽ
सेव तथा दरियाकूँ । तामें इलायची मासा ३ पधर
मठड़ी तथा सेवके लडुवाको मैदा सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ खाँड़
सेर ऽ३ इलायची मासा ३ यह सामग्री एक एक मलरा हाँड़ीमें
लडुवा दोय दोय धरने तथा एक एक हाँड़ीमें मठड़ी दोय दोय
धरनी । हाँड़ी १० लहदीसूँ रङ्गनी । अगाड़ी शीरा, खीरकी
हाँड़ी साजनी । याके पीछे पकवान धरनों । जेमनी ओर
सखड़ी धरनी । और गोपीवल्लभ सङ्ग धरनों । तुलसी, शङ्खो-
दक, करि धूप, दीप, करनों । समय भये भोग सराय । दर्शन
खुलें. आरती चूनकी करनी । राई लोन, नोछावर करनी ।
राज भोग धरनों । समय भये भोग सरायके । आरती करनी ।
अनोसर करनो । पाछे सन्ध्या आरती समय वेत्र सोंनेको
ठाड़ो करनों । शयन आरती भये पाछे कसूँभी गोल पाग ।
साड़ी कसूँभी धरि पोढ़े । याही प्रकार एक कुण्डवारो अन्नकू-
टसों पहले करनों ॥

कार्तिक सुदि ९ अक्षयनौमीको उत्सव ।

शृङ्गार अन्नकूटको । वस्त्र श्वेत जरीके । बागो घेरदार
कुल्हे, सुपेद, पटुका सुथन लाल, लहङ्गा चोली ठाड़े वस्त्र
अमरसी । जोड़ सादा चन्द्रकाको । सब शृङ्गार अन्नकूटको ।
शृङ्गार पाछे साङ्गामाँचीपें विराजेहोंय तैसेही परिक्रमा ३वा ५
करिके गोपीवल्लभभोग धरनो । ता पाछे राजभोग धरनो ।

तामें सामग्री बूँदीके लडुवाको बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१॥ तामें सुगन्धी मेवा। विलसारू पेंठाको करनो। तामें सुगन्धी मिलावनी तथा शाक पेंठाको करनों। दार तुअरकी। शाक वड़ी मिल्यो।

कार्तिक सुदि १० वस्त्र पीरी जरीके वागो घेरदार। चीरा गोल ठाड़े वस्त्र लाल। चन्द्रका सादा। शृङ्गार हलको करनो॥

कार्तिक सुदि ११ देवप्रबोधनीको उत्सव।

ता दिना अभ्यङ्ग होय। रूईके आत्मसुख, गदल, फरगुल, ये सब रूईके नयें होंय। वस्त्र सुनहरी जरीके। बागो चाकदार। कुल्हे। जोड, चन्द्रकाको। चरणचौकी वस्त्र मेघश्याम। आभरन हीराके। उत्सवके कमलपत्र करनों ग्वाल नहीं होय। डबरा धरनो। डबरा सरायके। और मण्डपकी तैयारी पहले ही कराखी होय सो मण्डपमें साङ्गामाँचीपें पधरावनें। और जो साँझको मुहूर्त्त होय तो डवरा सरायके मण्डपमें पधरावने। साठा १६ को मण्डप बाँधनों। मण्डपकी तैयारी लिखे हैं तिवारीके बीचमें खड़ियासों कोड़ी माड़नी तामें रंग भरकें तैयार करनी। आगे चित्रमें मण्डी है ता प्रमान। अव मण्डपके ऊपर साठाको मण्डप बाँधनों। दीवा १ घीको जोड़के धरनों। और दीवा ८ चारयों आड़ी जोड़ने। कोननपें दोय दोय जोड़के धरने। और दीवटपें दीवा धरने। और छबड़ा ४ तामें साँठाके टूक, बेंगन, सिंहाड़े, कचरिया, झड़बेर, चनाकी भाजी धरके चारयों आड़ी धरने। ऐसेही माटीकी दोय अंगीठी में साँठाके टूक, बेंगन सिङ्गाड़े आदि धरके छबड़ासूँ ढाकिके दोऊ आड़ी अँगीठी धरनी और अँगीठी कोलानकी तैय्यार

करके धरनी। और पञ्चामृतकी तैयारी सब करके एक पटापें धरनी। पीताम्बर गदल सब तैयारी कर राखनी। संकल्पकी लोटी १ जलको लोटा समोयके चन्दनकी कटोरी, दूध, दही घृत, बूरो, मधु, रोरी, कुमकुम, अक्षतकी तबकड़ीमें तुलसीदल अंगवस्त्र शीतलजलको लोटा, बीड़ा, २ और शंख १ पड़घीपें धरनो या प्रकार तैयारी करके पाछे श्रीठाकुरजीकूँ मण्डपमें साङ्गामाँचीपे दक्षिण मुख पधरावने। दर्शन खोलने। पाछे तीन बिरियाँ जगावने सो ता समय यह श्लोक पढ़नो। "उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गोविन्द त्यज निद्रांजगत्पते॥त्वय्युत्थिते जगन्नाथ ह्युत्थितं भुवनत्रयम्॥१॥ त्वायि सुप्ते जगन्नाथ जगत्सुप्तं भवेदिदम्॥ उत्थिते चेष्टते सर्वमुत्तिष्ठोत्तिष्ठ माधव"॥२॥ ऐसे तीन बेर जगायकें पाछे पञ्चामृतस्नान सालगरामजीकों करावनों। श्रौताचमन प्राणायाम करि सङ्कल्प करनों। "ॐहरिः ॐश्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे ऽष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्ल्लोके भरतखण्डे आर्य्यावर्तान्तर्गते ब्रह्मावर्त्तैकदेशे ऽमुकमण्डले ऽमुकक्षेत्रे ऽमुकनामसंम्वत्सरे श्रीसूर्य्ये दक्षिणायने शरदृतौ कार्तिकमासे शुक्लपक्षे ऽद्य हरिप्रबोधन्येकादश्यां शुभवारे शुभनक्षत्रे शुभयोगे शुभकरणे एवंगुणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य देवोत्थापनांगभूतपञ्चामृतस्नानमहं करिष्ये"। ऐसे जल अक्षत छोडनों। पाछे तिलक, अक्षत, दोय २ बेर लगावने। बीड़ा धरिये तुलसी समर्पिये पाछे पञ्चामृतके कटोरानमें महामन्त्रसों तुलसी डारिये। शंखमें तुलसी महामन्त्रसों डारिये पाछेसों स्नान

कराइये। प्रथम दूध, दही, घृत,बूरो, सहत, पाछे दूधसों पाछे शीतल जलसों फेरि चन्दनसों जलसों कराय पाछे अंगवस्त्र करिये पाछे श्रीठाकुरजीके पास पधरावने। पाछे प्रभुको, दोऊ स्वरूपनको तिलक अक्षत दोय दोय बेर करके बीड़ा धरने। पाछे फरगुल, गदल कछु सेकके धरावने। उढ़ावने। पीताम्बर उढ़ावनो तापाछे टेरा करके उत्सव भोग धरनों। बूँदी सक्करपारा अधोटा जीराको दही मीठो दही, लूण मिरचकी कटोरी फलाहारको जो होय सो फल फूल सब वामनजीके उत्सवप्रमाणे। फकत दही भात नहीं, साँठाको रस। गण्डेरी। बेर। सिंगाड़े धरने। तुलसी शंखोदक धूप, दीप, करनो। पाछे समय भये उत्सव भोग सरावने। आचमन मुखवस्त्र कराय बीड़ा २ धरने। आरती थारीकी करनी। राई, लोन, नोंछावर करि पाछे परिक्रमा ३ करि पाछे राजभोग धरनों। तामें बूँदी, शकरपारा, शाक, भुजेना, छाछिबड़ा, बेङ्गनको शाक, धरनों। बेङ्गनको शाक, शयन भोग मेंहू धरनो। और सिंहासनपे काचको बङ्गला, साज सब जरीको रहे। पाछें तुलसीको पूजन करनों। ताकी बिगत। तुलसीको साठा ४ वा ८ को मण्डप बाँधनो। घीके दीवा ४ वा ८ चारों कोनेपे धरने। अङ्गीठी, छबड़ा सब धरने। श्रौताचमनादि संकल्प करनो। "ॐहरिः ॐश्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे ऽष्टाविंशतितमे कलियुगे तस्य प्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्लोके भरतखण्डे आर्य्यावर्त्तान्तर्गते ब्रह्मावर्तैकदेशे ऽमुकमण्डले ऽमुकक्षेत्रे ऽमुक-नामसम्वत्सरे श्रीसूर्य्ये दक्षिणायने शरदृतौ शुभे कार्त्तिकमासे

शुक्लपक्षे ऽद्य हरिप्रबोधन्येकादश्यां शुभवारे शुभनक्षत्रे शुभयोग शुभकरणे एवं गुणविशेषणविशिष्टायां शुभतिथौ श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य तुलस्या सह विवाहं कर्त्तुं तदङ्गत्त्वेन तुलसी-पूजनमहं करिष्ये। जल अक्षत छोड़के, रोरी अक्षत छिड़कने। और एक लोटी जल क्यारीमें पधरावनो वस्त्र केशरी उढ़ावनों। कुम्कुम् अक्षत छिड़कनें। मेवा भोग धरनों। धूप, दीप; करनों। पाछे आरती दोय बातीकी करनी। पाछे परिक्रमा ३ करिनी। भेट करनी॥

अथ साँजको प्रकार लिखेहें।

उत्थापन पहिले तिवारीमें केला ४ की कुञ्ज बाँधनी। हजाराके झाड़ लगावने। हाँड़ी काचकी तैयार करावनी। सब दीपमालिका चौकमें मुड़ेलीपे दीवा चारचों आड़ी जुड़वायके धरनें। अथवा जो साँझको देव उठें तो सब तैयारी शयन भोग आये करनी। अब दोय घड़ी दिन रहे ता समय उत्थापन होय सन्ध्या भोग होयके। पाछे शयनभोग शृंगारशुद्धां आवे। शयन भोग सरे पाछे। जैसें राजभोगमें खण्डपाट चौकी सब साज मण्डे ताप्रमान माण्डनों। पाछे आरती पीछे वेणु, वेत्र, तकियासों लगायकें ठाड़े करनें। शय्याको साज सब माण्ड़नों। चोरसा उतारके माण्ड़नो। पेंड़ो बिछायके चमर करनो। फिरि दोय घड़ी रहिकें भोग धरनों॥

सामग्री पहले भोगकी।

माखन बड़ाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ माखन सेर ऽ। भर ताकी पकोरीको मैदा सेर ऽ॥ झीने झझराकी सेवको बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ सधाँनेकी कटोरी, लोन, मिरच, बूरा-

की, कटोरी धरनी। फल फूल धरनों। तुलसी शङ्खोदक धूप दीप करनो झारी भरके धरनी। समय घड़ी १ को करनो। आचमन मुखवस्त्र कराय बीडा २ धरि माला धरायके दर्शनके किवाड़ खोलने। याही प्रकार तीनों भोगमें करनों॥

दूसरे भोगकी सामग्री।

अद्भुतविलासकी मैदा सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ भरिवेको खोवा सेर ऽ॥ केशर मासा २ इलायची मासा २ बरास रत्ती २ कस्तूरी रत्ती २ कचौरीको मैदा सेर ऽ॥ दार उड़दकी सेर ऽ१ चकता बेंगनके। शाक छोले बेंगनको। मोंण-की पूड़ीको चून सेर ऽ१ सेव मोटे झझराकी। इन सबनको घी सेर ऽ२ और सब प्रकार पहले भोग प्रमान॥

तीसरे भोगकी सामग्री।

पिसी बूँदीकी ताको बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ१॥ जायफल मासा २ इलायची मासा ३ फीके खाजाकी मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ सोंठ पैसा २ भर पूड़ी साटाकीको मैदा चून सेर ऽ१ भुजेना आखे चोफाड़ा बेंगनके लपेटमों। शाक नरम बेंगनको। और सब प्रकार पहले भोगप्रमान। धूप, दीप तुलसी शङ्खोदक। तीनों भोगमें करनों आरती थारीकी तीनों भोगमें करनी॥

कार्तिक सुदि १२ श्रीगुसाँईजीके प्रथम पुत्र श्रीगिरधरजी और गुसाँईजीके पञ्चम पुत्र श्रीरघुनाथजी को उत्सव।

डेढ़ बजे मंगलभोग धरनों। मंगला आरती करिके नवी

माला पहरायके आरसी दिखावनी। ता पाछे गोपीवल्लभभोगमें सेवको थार आवे। पाछे डबरा आवे ग्वाल नहीं होय। ता पाछे राजभोग धरनों ॥

राजभोगकी सामग्री।

जलेबीको मैदा सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ खाण्ड सेर ऽ६ छूटी बूँदीको वेसन सेर ऽ३ घी सेर ऽ३ खाण्ड सेर ऽ३ यामेंसूं आखे दिनको नेग अरोगे। गिदड़ीके मनोहरको मैदा चौरीठा सेरऽ॥। गिदड़ी सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ२। इलायची मासा६ सामग्री सब या प्रमाण होय। और शिखरन बड़ीसों लेके अनसखड़ी तथा सखड़ी, दूधगर, तथा खाण्डगर, मेवा तर मेवा, सब, राधा अष्टमी प्रमाणें ताको प्रमाण। अनसखड़ीको सकरपाराको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ१ फेनी केशरी सो न बने तो चन्द्रकला करनी, ताको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ१ और सीरा। सिखरन बड़ी। मैदाकी पूड़ी। झीने झझराकी सेव चनाके तथा दारके फड़फाड़िया बड़ाकी छाछ। यह सब जन्माष्टमीसों आधे। खीर सेवकी तथा सञ्जाबकी। रायता बूँदी तथा केलाके। शाक ८ भुजेना ८ सधाँना ८ छुआरा पीपर वगेरेके। सखड़ीमें पाटीआकी सेव। दार छड़िअल चोखा, मूङ्ग, तीनकूड़ा, बड़ीके शाक दोय पतले। पाँचो भात, पापड़, तिलवड़ी, ढेवरी, मिरचबड़ी भुजेना, ८ कचरिया ८ ॥

दूधगरको प्रकार।

बरफी केशरी, पेड़ा सुपेद, मेवाटी केशरी, अधोटा खोवा की गोली, छूटो खोवा, मलाई दूधपूड़ी, दही खट्टो,

मीठो, बँध्यो। शिखरन। सब तरहकी मिठाई, साबोनी, गजक, तिनगुनी, गुलाबकतली, पतासे, चिरोंजी, पिस्ता, खोपरा, पेंठाके बीज, कोलाके बीज, खरबूजाके बीज, वगेरे। बिलसारु, पेंठाको केरीको। मुरब्बा वगेरे। तथा फलफलौरी गीलो मेवा सब तरहके। तथा भण्डारके मेवा सब तरहके नारंगीको पणा। शीतल भोग ओलाको। तुलसी, शंखोदक, धूप, दीप, करि, देहरी माण्डनी। थापा रोरीके वन्दनवार बाँधनी। समय भये पूर्ववत आचमन मुखवस्त्र, कराय, बीड़ा धरिके, आरसी दिखायके तिलक करनो। आरती, चूनकी, शंखनाद घण्टा, झालर, झांझ, पखावज बाजत, कीर्तन होत तिलक,अक्षत दोय दोय बेर करनो भेट श्रीफल २ रुपैया २) करनी। मुठियाबारिके आरती चूनकी करनी। राई, लोन, नोंछावर करनी। जन्मपत्र बचे ताकूं रोरी अक्षत छिड़कनो पाछे लेनों। रु० ।) तथा बीड़ा १ मिश्रजीको देनो। पाछे सबनकूं तिलक करनो तथा देनो पाछे अनोसर करनो आरसी दिखायके माला बड़ी नहीं, करनी साँझकों उत्थापन समय वड़ी करके पाछे उत्थापनके दर्शन खोलने। और प्रबोधनीते शयनके दर्शन नहीं खुलें भीतर शयन आरती होय। सो वसन्तपञ्चमीते खुलें यह रीत श्रीनवनीतप्रियजीके घरकी है। पाछे नित्यक्रमके अनुसारहो।

कार्तिक सुदि १२ शृंगार पहले दिनको वागा घेरदार। चीरा छज्जेदार। सेहरो धरे। अतर वास। दार छड़ियल। कढ़ी डुवकीकी। सामग्री सेवके लडुवाको मैदा सेर ऽ॥ घीसेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ१ सुपेदी तेरस वा चौदशते चढ़ावनी॥

कार्तिक सुदि १४ पीरी जरीको बागा घेरदार। चीरा। कतरा। ठाढ़े वस्त्र लाल॥

कार्तिक सुदि १५ वस्त्र रुपहरी जरीके बागो चाकदार। मुकुट हीराको विना पंखाको आभरन हीराके। ठाढ़े वस्त्र श्याम। सामग्री दहिथराकी। मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ दही सेर ऽ२ बूरा सेर ऽ॥ इलायची मासा१॥

मार्गशिर वदि १ वस्त्र लाल साटनके। बागो घेरदार। पाग गोल केशुंभी। आजसों धनुर्मासकी सामग्री अरोगे। आजकी सामग्री। दहीको मनोहर। आजसों नित्य सेर ऽ। की सामग्री अरोगे॥

मार्गशिर वदि २ वस्त्र श्याम साटनके। बागो घेरदार। पाग गोल। ठाढ़े वस्त्र सुपेद। सामग्री बेसनको मगदकी, सामग्रीमें बेसन सेर घी बूरो बरोबर॥

मार्गशिर वदि ३ वस्त्र हरी साटनके,। बागो चाकदार, गोटीको पगा, ठाडे वस्त्र पीरे। सामग्री—चोरीठाको मोहन-थार चोरीठा सेर ऽ। घृत सेरऽ। बूरो सेर ऽ॥। ॥

मार्गशिर वदि ४ वस्त्र लाल साटनके दुमालो, कतरा, चन्द्रिका चमकनी। ठाढ़े वस्त्र हरे। सामग्री—मैदाको मगद मैदाकी बरावर घी खाण्ड बराबर॥

मार्गशिर वदि ५ वस्त्र गुलाबी, साटनके बागो घेरदार पाग गोल। ठाढ़े वस्त्र हरे। सामग्री—मूङ्गको मगद। तीनों चीज बरोबर।

मार्गशिर वदि ६ वस्त्र गुलाबी, साटनके बागो चाकदार। टिपारो धरे। ठाढ़े वस्त्र हरे। सामग्री छुटी बूँदीकी—बेसन, घृत, खाण्ड बराबर।

मार्गशिर वदि ७ वस्त्र पिरोजी, साटनके । बागो घेरदार । पाग गोल । सामग्री–जालीको मोहन थार ॥ (भरूबपाक) बेसन सेर ऽ१ खाँड सेर ऽ१॥ घृत सेर ऽ२ की, ठाड़े वस्त्र लाल॥

मार्गशिर वदि ८ श्रीगुसाँईजीके दूसरे पुत्र श्रीगोविंदरायजीको उत्सव ।

ता दिन वस्त्र लाल कीनखापके । बागो चाकदार । कुल्हे । जोड़ चमकको । ठाड़े वस्त्र पीरे । आभरन हीराके । सामग्री आदाको मनोहरको चौरीठा मैदा सेर ऽ॥ आदाको रस सेर ऽ। घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ२ केसर मासा २ इलायची मासा ३ राजभोगमें शाक २ भुजेना २ बूँदीकी छाछ ॥

मार्गशिर वदि ९ वस्त्र लाल साटनके । बागो, घेरदार । पाग गोल । ठाड़े वस्त्र हरे ! सामग्री बेसनको मगद ।

मार्गशिर वदि १० वस्त्र पीरी साटनके । बागो चाकदार । श्याम दुमालो । ठाड़े वस्त्र लाल । सामग्री डहर बड़ीकी ।

मार्गशिर वदि ११ वस्त्र कीनखापके । बागो चाकदार । टिपारो धरे । ठाडे वस्त्र लाल । सामग्री सूरनको मगदकी ॥

मार्गशिर वदि १२ वस्त्र सोसनी । बागो घेरदार । चीरापे कलङ्गी धरे। फतुवी लाल जरीकी । ठाड़े वस्त्र सुपेद । द्वादशीकी सामग्री तवापूरीकी मैदा सेर ऽ२ चनाकी दार सेर ऽ२ दूध सेर ऽ१० घी सेर ऽ२ खाण्ड सेर ऽ८ इलायची तो० १॥ सब दिनको नेग याहीमेंते ॥

मार्गशिर वदि १३ श्रीगुसाँईजीके सप्तमपुत्र श्रीघनश्यामजीको उत्सव ।

वस्त्र लाल साटनके । बागो चाकदार । कुल्हेधरे । आभरन

पन्नाके। जोड़ चमकको। सामग्री उड़दकी। उड़दको चून सेर ऽ॥ दूध सेरऽ२ घी सेरऽ॥ खाण्ड सेरऽ२ इलायची मासा २॥ मार्गशिर वदि १४ वस्त्र पीरी साटनके। बागो घेरदार। पाग गोल। कतरा। ठाड़े वस्त्र हरे॥

मार्गशिर वदि ३० वस्त्र श्याम, साटनके। साज श्याम साटनके बागो घेरदार। पाग गोल। ठाड़े वस्त्र सुपेद। कलङ्गी लूमकी। मंगल भोग रोटीको। चून सेरऽ२ खीरको दूध सेर ऽ२ सुगन्ध पधरावनां। बैंगन भातके चांवल सेर ऽ१॥ बैंगन सेरऽ॥ कढ़ीमिरचकी। बड़ीको शाक। और शाक ३ भरताकी पकौरी। भुजेना ४ लपेटमां कचरीया चार तरहकी। तिलबड़ी। ढेबरी। लूण, मिरच। आदा नीबू। गुड़। माखन। राजभोगमें पूवाकी सामग्री॥

मार्गशिर सुदि १ वस्त्र गुलाबी शाटनके। बागो घेरदार। पाग गोल। कतरा, ठाड़े वस्त्र हरे। सामग्री ऊकरकीको मोहनथार। मूँगकी दारऽ। घी सेरऽ। = बूरो सेरऽ॥ सुगन्धी मासा २

मार्गशिर सुदि २ वस्त्र गुलेनार। साटनके बागो चाकदार। चन्द्रका चमककी। ठाड़े वस्त्र पीरे। सामग्री मैदाकी बूँदीके लड्डुवाकी॥

मार्गशिर सुदि ३ वस्त्र हरी साटनके। बागो चाकदार। पाग गोल। चन्द्रका। ठाड़े वस्त्र लाल। सामग्री कपूर नाड़ीकी। सखड़ीमें सूरज रोटीको चून सेरऽ॥ घी सेरऽ॥ गुड़ सेरऽ। भरके सेकनी॥

मार्गशिर सुदि ४ वस्त्र पीरी साटनके। फेंटा। ठाड़े वस्त्र हरे। सामग्री बूरा भुरकी॥

मार्गशिर सुदि५ वस्त्र गुलेनार साटनके। बागो चाकदार। सेहरो धरे। ठाड़े वस्त्र लाल। दुमालो खूंटको। आभरन पिरोजाके। सामग्री पिस्ताकी गुझियाकी पिस्ता सेरऽ॥ मैदा सेरऽ। मिश्री सेरऽ। खांड़ सेरऽ। इलायची मासा ३ घी सेर ऽ।

मार्गशिर सुदि ६ वस्त्र लाल साटनके, पटका। फेटा पीरे। चन्द्रका सादा। ठाड़े वस्त्र हरे। सामग्री मैदाको मगद॥

मार्गशिर सुदि ७ श्रीगुसाँईजीके चतुर्थपुत्र श्री-गोकुलनाथजीको उत्सव।

वस्त्र पीरी कीनखापके। बागो चाकदार। कुल्हे केशरी। ठाड़े वस्त्र मेघश्याम। सामग्री बूंदी जलेबीकी। और सब उत्सवको प्रकार राधाष्टमी प्रमाण॥

मार्ग शिर सुदि ८ शृंगार सब पहले दिनको सामग्री पिसी बूँदीको मोहनथारको वेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेरऽ१॥ इलायची मासा २ दार छड़ियल। डुबकीकी कढ़ी॥

मार्गशिर सुदि ९ वस्त्र पिरोजी साटनको बागो घेरदार। पाग गोल। ठाड़े वस्त्र लाल। कतरा। सामग्री आदाकी लीटी चून सेर ऽ॥ घी सेर ऽ। आद सेर ऽ= चूरमाको चून सेर ऽ॥ घी सेरऽ॥ बूरा सेर ऽ॥ तिल ऽ– इलायची मासा ३ सीताफलको पणा॥

मार्गशिर सुदि १० वस्त्र गुलाबी साटनके। बागो घेरदार पाग गोल। छज्जेदार। चन्द्रका चमककी। आभरन पन्नाके। ठाड़े वस्त्र मेघ श्याम। सामग्री बदामकी गुझिआ॥

मार्गशिर सुदि ११ वस्त्र लाल कीनखापके। बागो चाक-

दार। टिपारो धरे। ठाढ़े वस्त्र मेघश्याम सामग्री सिङ्गाड़ेको मनोहर ॥

मार्गशिर सुदि १२ वस्त्र हरी साटनके। पाग गोल पटुका कसूँभी। ठाड़े वस्त्र सुपेद सामग्री खीरबड़ाकी। चोखा सेर ऽ२ दूध ऽ१० घी सेर ऽ२ बूरा सेर ऽ२ इलायची मासा६ संग बूराकी कटोरी आवे ॥

मार्गशिर सुदि १३ वस्त्र लाल साटनके। बागो चाकदार पाग छज्जेदार चन्द्रका चमककी। ठाड़े वस्त्र हरे। सामग्री–मगद, मैदा, बेसन, मूंगको। घी बूरो बराबर। इलायची मासा३ सखडीमें बड़ा ताकी दार सेर ऽ१ आदाके टूक ऽ= तेल सेरऽ।

मार्गशिर सुदि १४ वस्त्र लाल साटनके। बागो चाकदार पाग छज्जेदार। चन्द्रका चमककी। ठाड़े वस्त्र सुपेद। सामग्री मुठियाको चूरमाको चून सेरऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरा सेरऽ॥ तिल सेर ऽ= सखड़ीमें मूंगके चूनके चीला करने ॥

मार्गशिर सुदि १५ श्रीबलदेवजीको पाटोत्सव।

वस्त्र लाल जरीके। बागो चाकदार। टिपारो जड़ावको। ठाड़े वस्त्र मेघश्याम। गोकर्ण धरे। जोड़ चमकको। सामग्री चन्द्रकलाकी मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाँड सेर ऽ३ खीर अधकीमें होय। इलायची मासा १२ आजते श्रीगुसाँईजीके उत्सवकी बधाईबैठे ॥

पौष वदि १ वस्त्र लाल साटनके। पाग छज्जेदार। सेहरो सोनेको। आभरन सोनेके। ठाड़े वस्त्र हरे। लूम तुर्रा सुनहरी। सामग्री मोहन थार मैदा बेसन मूँगको घी बराबर। खाण्ड तिगुनी। केशर मासा ३ मेवा सुगंधी कन्द पधरावने। और आजते गोली १ नित्य सुहाग सोंठिकी मंगलामें अरोगे

सो पौष व॰ ३० ताँई अरोगे सो और बदामको सीरा आजते पौष सुदि १५ ताँई अरोगे सो दोनोनको प्रमाण नीचे लिखोहै॥

सुहागसोंठिको प्रमान । सूँठ ऽ= मावाको दूध सेर ऽ२॥ जावन्त्री तोला १ अम्बर मासा ३ लौंग तोला ॥ बदामऽ= पिस्ताऽ= चिराजी ऽ= जायफल तोला १ इलायची तोला१ केशरि मासा ६ कस्तूरी मास १ बरास तोला १ वरख सोनेके १५ रूपेके ३० खाण्ड सेरऽ२॥ सो ताकी गोली नित्य एक पौष वदि १ ते मङ्गलामें भोग धरनी सो पौष वदि ३० ताँई धरनी । अब बदामके सीराको प्रमाण लिखे हैं । बदाम सेरऽ। खाँड सेरऽ।=केशरि मासा २ इलायची मासा ३ या प्रकार नित्य ताजा करके धरनो । पौष वदि १ तें पौष सुदि १५ ताँई अरोगावनो । फिर जब ताँई बने तब ताँई ॥

पौष वदि २ वस्त्र गुलाबी साटनके । वागो घेरदार । पाग गोल । ठाड़े वस्त्र लाल । आभरन श्याम । सामग्री नारङ्गीके माड़ा को मैदा सेरऽ॥ बूरो सेरऽ॥ घी सेरऽ। सखड़ीमें चीला मठरके ॥

पौष वदि ३ वस्त्र लाल साटनके । बागो चाकदार । पाग छज्जेदार । ठाड़े वस्त्र लाल । पटुका लाल । चन्द्रका चमककी । सामग्री तीन धारीको मोहनथार ॥

पौष वदि ४ वस्त्र पीरी साटनके । वागो चाकदार पाग, पटका लाल । ठाड़े वस्त्र लाल । कतरा चन्द्रका चमककी । सखड़ीमें औरमांथूली । सेरऽ॥ घी सेरऽ॥ बूरो सेरऽ१ बदाम खंड ऽ= इलायची मासा १॥ वेड़इको चून सेर ऽ॥ उड़दकी पिठी सेर ऽ।

पौष वदि ५ वस्त्र श्याम साटनके । वागो घेरदार । गोटीको

पगा । ठाड़े वस्त्र पीरे । चन्द्रका सादा। सामग्री मगदकी बेसन, मैदा, मूंग, चोरीठा उड़दको ॥

पौष वदि ६ वस्त्र पीरी साटनके । बागो चाकदार । फेंटा, चन्द्रका, कतरा, ठाड़े वस्त्र लाल । सामग्री सुखविलासकी । उत्सवके धोल गीत वैठें ॥

पौष वदि ७ वस्त्र बेलदार साटनके ॥ बागो घेरदार पाग गोल । ठाड़े वस्त्र लाल । सामग्री मदन मोदक मैदा सेर ऽ१ दहीमें बाँधके सेव छांटिके पीसे फेर चौगुनी खांड़की चासनीमें लडुवा बांधे सुगंध मिलावें।सामग्री सखड़ीमें तुअरकी दारके चीला चून सेर ऽ॥ ॥

पौष वदि ८ वस्त्र लाल साटनके । पाग छज्जेदार । बागो चाकदार । आभरन पन्नाके । चन्द्रका सादा नगाड़ा सामग्री मूंगकी ॥

पौष बदि ९ श्रीगुसांईजीको उत्सव ।

साज सब जन्माष्टमीवत् । पहले दिन पलटनों । वस्त्र पीरी साटनके नये। आत्म सुख सब नये । अभ्यंग उबटना सुद्धांको। और सब शृंगार जन्माष्टमीवत्। अलकावली,नूपुर,क्षुद्रघण्टिका ये सब मानिकके । कुण्डल, हार, त्रिवली, पान, शीशफूल, चरणफूल, हस्तफूल, यह सब हीराके, और बाजू ...... तीन तीन धरावने । हीरा, मानिकके, हीराके, पन्नाके हार । माला, पदक हमेल, दोयकलीको हार । चन्द्रहार, कस्तूरीकी माला, दोउ आड़ी कलंगी, शृंगार सब भारी, तीन जोड़ीको करनो । कुल्हे जोड़ चन्द्रका ५ को याही प्रकार स्वामिनीजीको शृंगार जन्माष्टमीवद् करनो । सामग्री चन्द्र-

कलाको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ४ केशरि मासा ३ बरास रत्ती २ मनोहरको मैदा चोरीठा सेर ऽ॥ खोवा सेर ऽ॥। घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ४ इलायची मासा ६ ये दोय सामग्री तो अधिकी करनी । और सब दिनको नेग बूँदी जलेबीको गिरधरजीके उत्सववत् । जलेबीको मैदा सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ खाण्ड सेर ऽ६ बूँदीछूटीको बेसन सेर ऽ३ घी बूरो बरोबर । गिदड़ीको मनोहरकी मैदा चोरीठा सेर ऽ॥। गिदड़ी सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाण्डसेर ऽ३ इलायची मासा ६ अनसखड़ीको प्रमाण । सकरपाराको मैदा सेर ऽ१ घी बूरो, बराबर । सीरा । सिखरन बड़ी । मैदाकी पूड़ी । झीने झझराकी सेव । चनाके तथा दारके फड़फड़िया । बड़ाकी छाछ बड़ा । ये सब जन्माष्टमीसों आधे । खीर सेवकी तथा सञावकी । रायता केला तथा बूँदी । शाक ८ भुजेना ८ सधाना ८ छुवारा पीपर वगेरे । सखड़ीमें पाटीआकी सेव । दार छड़ियल, चोखा, मूङ्ग, तीन कूड़ा । बड़ीके शाक पतले २ पाञ्चोंभात । पापड़, तिलबड़ी, ढेबरी, मिरच बड़ी । भुजेना ८ कचरीआ ८ ॥

दूधघरको प्रकार ।

बरफी केशरीपेड़ा । मेवाटी, केशरी । अधोटा, खोवाकी गोली, छूटो खोवा, मलाई, दूधपूड़ी, दही, खट्टो, मीठो, बँध्यो । सिखरन । सब तरहकी मिठाई । सावोनी । गज़क, तिनगनी, गुलाबकतली, पतासे, चिरोंजी । पिस्ता, खोपरा, पेठाके बीज, कोलाके बीज, खरबूजाके बीज वगेरेके पगेभा तथा कतली जमावनी तथा लडुवा । बिलसारू पेठा, केरीके मुरब्बा वगेरे । तथा फल फलोरी, गीलो मेवा सब तरहको ।

भण्डारके मेवा सब तरहके । नारङ्गीको पणा । या प्रकार सब करनो । बन्धनवार बाँधनी । राजभोग समय भये पूर्वोक्त रीतिसों सराय पाछे तिलक, भेट नोंछावर राई नोंन, करनो । पीताम्बर उठावनो । आरती चूनकी करनी । और जो श्रीमहाप्रभुजीकी तथा गुसाँईजीकी पादुकाजी बिराजितहोंय तो ताको प्रकार । प्रथम श्रीठाकुरजीकूँ गोपीवल्लभभोग धरिके श्रीमहाप्रभुजीकूँ तिवारीमें स्नान करावनो । सूकी हलदीको अष्टदल कमल करनो । तापर परात धरनी । तामें पटा धरनो। तामें अष्टदल कमल कुमकुमको करनो । तापर पधरावने दर्शनके किवाड़ खोलनो । झालर, घण्टा, शङ्ख, झांझ, पखावज, बाजत । बधाई तथा धोल गावे । तिलक करिके अक्षत लगावनो तुलसी नहीं । श्रौताचमन करि प्राणायाम करि सङ्कल्प करनो " ॐअस्य श्रीमद्भगवतः पुरुषोत्तमस्य श्रीवल्लभाचार्यावतारप्रादुर्भावोत्सवं कर्तुं तदङ्गत्वेन दुग्धस्नानमहं करिष्ये" जल अक्षत छोडनो । एक लोटी दूधसों स्नानकरावनों दूध सेरऽ२ तामें बूरा सेरऽ। फिर जलसों स्नान करायके, अङ्गवस्त्र करावनो । पाछे टेरा करिके अभ्यङ्ग करावनों । पाछे कुले जोड़ धरावनों । राजभोग । जुदो धरनों । सखड़ी अनसखड़ी सब धरनों । समय भये भोग सरायके । चौपड़ बिछावनी झारी भरनी चूनकी आरती जोड़के घंटा झालर, शंख, पखावज, झांझ बजत, धोल गीत कीर्तन गावत बधाई गावत तिलक प्रथम श्रीठाकुरजीकूँ करनों । पाछे श्रीमहाप्रभुजीकों करनो । भेट श्रीफल २ रु०२) करिके मुठिया बारिके आरती करनी राई नोन नोंछावर करके श्रीगुसाँईजीको जन्मपत्र बचे तिल गुंड़ दूध मिलायके एक कटोरीमें धरनो श्रीठाकुरजीके सिंहासनके ऊपर

ताको यह श्लोक पढनो । " सतिलं गुडसम्मिश्रमञ्जल्यर्द्धसृत-
म्पयः । मार्कण्डेयाद्वरं लब्ध्वा पिबाम्यायुःसमृद्धये " ॥ १ ॥
पाछे आरसी दिखाय पूर्वोक्त रीतिसों अनोसर करने माला बड़ी
नहीं करनी । उत्थापन समय बड़ी करके खोलनों ॥

पौषवदि १० सब शृङ्गार पहले दिनको करनों । सामग्री
पिसी बूँदीको लडुवाके बेसन सेर ऽ॥ और घी सेर ऽ॥ बूरो
सेर ऽ१॥ सुगन्धी केशर ॥

पौष वदी ११ वस्त्र लाल कीनखापके । बागे चाकदार ।
कुल्हे ऊपर विना पङ्खाको मुकुट । ठाड़े वस्त्र हरे । सामग्री अर-
वीको मगद । घी खाँड़ बराबर ॥

पौष वदि १२ मंगलभोग । तामें खरमण्डाको मैदा सेर ऽ२
घी सेर ऽ१ बूरा सेर ऽ४ लौंग पिसी पैसा भरि । मङ्गलामें सब
दिनको नेग । याके संग मुंगोड़ाकी छाछि सधानाकी कटोरी ।
सखड़ीमें, खीखरी तेलकी । तामें अजमायनपड़े । सखड़ीमें
बड़ीभातके चोखा सेर ऽ१॥ बड़ी सेर ऽ॥। घी सेर ऽ॥ और
सब प्रकार पहले मंगलभोग प्रमाणे । वस्त्रहरे कीनखापके
टिपारो धारण करावे । ठाड़े वस्त्र लाल । कतरा, चन्द्रका, चम-
कनी । आभरन हीराके । मंगलभोगको प्रमान । खीर सेर ऽ२
दूध सुंगध पधरावनी । कढ़ी, मिरचकी वड़ीको शाक । और
शाक ३ भुजेना ४ कचरिया ४ तिलवड़ी ढेबरी, लूण, मिरच,
आदा, नीबू, गुड़, माखन, इत्यादि ।

पौष वदि १३ वस्त्र श्याम । बागो घेरदार । पाग गोल
चन्द्रका सादा । ठाड़े वस्त्र पीरे । सामग्री ऊकरके लडुवा । और
आदाकी गुझिया । ताको मैदा सेर ऽ॥ आदा सेरऽ॥। घी सेर ऽ॥।

पौष वदि १४ दोहरा बागा। पाग गोल। ठाड़े वस्त्र पीरे मोहनथाः

पौष वदि ३० वस्त्र श्याम साटनके। बागो घेरदार। पाग गोल। ठाड़े वस्त्र लाल आभरन मोतीके। सामग्री मालपूवाकी ॥

पौष सुदि १ बागो पीरी साटनको। चाकदार। फेंटा पटुका लाल। ठाड़े वस्त्र गुलाबी। सामग्री चोरीठाके बूँदीके लडुवा। चोरीठा घी बराबर, खाँड़ तिगुनी ॥

पौष सुदि २ वस्त्र गुलाबी साटनके। बागो घेरदार। पाग गोल। ठाड़े वस्त्र लाल। आभरन श्याम। सामग्री भुरकी लुचईकी ॥

पौष सुदि ३ वस्त्र लाल साटनके। बागो घेरदार। पाग छज्जेदार ठाड़े वस्त्र हरे। सामग्री पपचीकी ॥

पौष सुदि ४ वस्त्र सुपेद जरीके। बागो चाकदार। चीरा सुपेद।:कर्णफूल ४ चमकने। ठाड़े वस्त्र श्याम। सामग्री सखड़ीमें थपेलीको चून सेर ऽ॥ तिल ऽ– गड़की लीटीको चून सेर ऽ॥ गुड़ सेर ऽ॥ घी सेर ऽ।

पौष सुदि ५ वस्त्र पीरी साटनके। बागो चाकदार फेंटा, कतरा चमकनो। ठाड़े वस्त्र लाल। सामग्री इमरतीकी ॥

पौष सुदि ६ लाल जरीको बागो ॥ चाकदार। कुल्हे लाल। जोड़ चमकनो। ठाड़े वस्त्र हरे। गोकर्णधरे। आभरन हीराके॥

पौष सुदि ७ वस्त्र सुआपंखी साटनके बागो घेरदार। पाग गोल। ठाड़े वस्त्र गुलाबी, कतरा, १ सामग्री अमृतरसावली। बासोंदीको दूध सेर ऽ३ बरास रत्ती २ बूरो सेर ऽ४ उरदकी दाल धोवाकी पीठी सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरा सेरऽ१

पौष सुदि ८ वस्त्र लाल साटन भाँतिके । बागो चाकदार, पाग छज्जेदार । ठाड़े वस्त्र सुपेद, लूमकी कलङ्गी । सामग्री पगी पूरी । फेनी रोटीको चूना सेर ऽ॥ घी सेरऽ।

पौष सुदि ९ वस्त्र पीरी साटनके । बागो घेरदार । पाग हरी गोल । ठाड़े वस्त्र सुपेद, लूमकी कलङ्गी । सामग्री मोहनथार मैदा बेसनको ॥

पौष सुदि १० वस्त्र अमरसीसाटनके । बागो चाकदर गोटीको पगा । चन्द्रका जड़ावकी । ठाड़े वस्त्र हरे । सामग्री बुड़कलको मोहनथारके मावाकों पूड़ीमें लपेटके तलनो अथवा चणाकी दार दूधमें वाफके पीसके घृतमें भूनके चासनीमें मोहनथार प्रमाण करके पूड़ीमें भरनो सखड़ीमें दार मटरकी ॥

पौष सुदि ११ वस्त्र लाल कीनखापके । टिपारो धरे सामग्री अरवीकी जिलेवी ॥

अथ संक्रान्तिको प्रकार लिखे हैं ।

पहले दिन भोगी तादिनां अभ्यंग होय वस्त्र नये लाल छीटके । बागो घेरदार । पाग गोल । चूनरीकी । चन्द्रका सादा ठाड़े वस्त्र सुपेद । कर्णफूल४राजभोगमें सामग्री झझराकी सेवके लड्डुवाको बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ१॥ सखड़ीमें चीला उड़दकी दारकी पीठी सेर ऽ१ ताके संग माखनकी कटोरी । घीकी, बूराकी, गुड़की लूणकी, यह सबकी कटोरी धरनी । चीला गोपीवल्लभमें धरने । राजभोगमें शाक २ भुजेना २ बूँदीकी छाछ । यह पहले दिन भोगीको प्रकार अब संक्रान्तिको तिलवा समर्पिवेको प्रकार । संक्रान्ति साँझकी बैठी होय तो मंगलामें तिलवा अरोगे खिचड़ी राजभोगमें अरोगे ।

और अबेरी बैठे तो गोपीवल्लभमें तिलवा अरोगे। याहूते अबेरी बैठे तो तिलवा उत्थापनमें अरोगे खिचड़ी दूसरे दिन अरोगे याहूते अबेरी बैठे तो शयनमें तिलवा अरोगे। औरहू अबेरी बैठे तो शयन अबेरी करनी। तुलसी शङ्खोदक धूप, दीप, करने। वस्त्र नये छीटके। पिछवाई छीटकी। सब शृंगार पहले दिनको। सामग्री पूवाकी। दार तुअरकी, कढ़ी पकोड़ीकी। तिल सेर ऽ३ बूरो सेर ऽ६ बरास रत्ती ४ तिल सेर ऽ३ गुड़ सेर ऽ२ जायफल तोला १॥ भर, भुजे मेवा, बीज खरबूजाके तथा कोलाके, मखाना, चिरोंजी, यह तलेंमा। अधोटा दूध तामें बरास मिलावनी। गुड़को खीचड़ा। गेहूँकूँ खाँड़के फट-कके सेर ऽ॥ तामें बूरो सेर ऽ१ सुगन्धमासा प्रमाण यह एक दिन अरोगावनो संक्रान्तिके दिनको मीठे खिचड़ाको नेम नहीं॥

पौष सुदि १२ वस्त्र छीटके बागो चाकदार। चन्द्रका सादा, ठाड़े वस्त्र हरे। सामग्री माड़ाको मैदा सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ बूरा सेर ऽ४ दूध सेर ऽ३ बरास रत्ती ४ कान्तिव-ड़ाकी पिट्ठी सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ पाकवेकी खांड सेर ऽ१ रसकी खांड सेर ऽ२ चुकलीकी पिट्ठी, चोरीठा, तिल सेर ऽ। घी सेर ऽ॥ सखड़ीमें लौङ्गभात आदि सब पहले मङ्गल भोग प्रमान। खीर सेर ऽ२ दूध सुगन्धी मिलावनी। कढ़ी मिरचकी बड़ीको शाक और शाक ३ भुजेना ४ कचरिया ४ तिलवड़ी ढेबरी, लूण, मिरच, आदा, नीबू, गुड़, माखन॥ इत्यादि॥

पौष सुदि १३ वस्त्र पीरी जरीके। बागो चाकदार। दूमालो। ऊपर सेहरो। ठाड़े वस्त्र हरे। साम्ग्री मोहनथारकी। बेसन, घी, बूरा, सुगन्धी, केशर, कन्द, मेवा, सब प्रमानसों पधरा-

वने । सखड़ीमें भरेंमा धूड़ीको मैदा सेर ऽ॥ तेल सेर ऽ। यामें भरिवेको मैदा बेसन सेर ऽ।= नीबूके रसमें बेसन बाँधनों । वेसवार सब मिलावनों हींग इत्यादि फेर भरनो ॥

पौष सुदि १४ वस्त्र हरी साटनके । पगा, कतरा, चन्द्रका चमककी । ठाड़े वस्त्र लाल । सामग्री उपरेटा ी ॥

पौष सुदि १५ वस्त्र छीटके । टिपारो धरे, ड़े वस्त्र हरे । सामग्री इन्द्रसाकी । चोरीठा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खांड़ सेर ऽ॥। खसखस ऽ= ॥

माघ वदि १ वस्त्र छीटके । सामग्री बूँदीको मोहनथार । सखड़ीमें बाजराकी रोटी आवे घी सेर ऽ= गुड़ ऽ= ॥

माघ वदि २ वस्त्र गुलाबी बागो चाकदार । पाग गोल । ठाड़े वस्त्र हरे । कतरा १ सखडीमें थूली सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ गुड़ सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ। दाख सेर ऽ=

माघ वदि ३ वस्त्र छीटके । सामग्री गुड़के गूँझा ॥

माघ वदि ४ वस्त्र पीरे । सामग्री गुड़को चूरमांको चून सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ गुड़ सेर ऽ।

माघ वदि ५ वस्त्र हरे । सामग्री बूरा भुरकी ॥

माघ वदि ६ वस्त्र छीटके टोपा धरे सामग्री बेसनके सेवके लडुवा गुड़क । सखड़ीमें सूरण भरिके गुँझाकी मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ ॥

माघ वदि ७ वस्त्र छीटके । सामग्री बुड़कल ॥

माघ वदि ८ वस्त्र लाल कीनखापके । कुल्हे जड़ावकी । जोड़ चमकनो।ठाड़े वस्त्र मेघश्याम, सामग्री मनोहर बेसनको॥

माघ वदि ९ वस्त्र छीटके । सामग्री गुड़की लापसी ॥

माघबदि १० वस्त्र लाल साटनके। चीला बेसन खाँण्डके सखड़ीमें ॥

माघ वदि ११ वस्त्र श्याम साटनके। विना पङ्खाको मुकुट, वा टिपारो, पीरो धरे। सामग्री। तिलको मोहनथार। तिल सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ१॥

माघ वदि १२ को मङ्गलभोग में सामग्री सिखरन बुड़कलको मैदा सेरऽ॥ दार चनाकी सेरऽ१ भिजोयके दूध सेरऽ६ में वाफिके पीसनी भूनके घीमें फिर बूरो सेर, ४ की चासनी में सब मिलाय वरास रत्ती २ घी सेर ऽ१ इलायची मासा ८ केसर मासा४ मिलाय तवापूरी जैसी कारि गोलीबाँधि मैदा सेरऽ॥ को गोराबड़ा जैसो कारि वामें पूरणकी गोली लपेटिके लाल घीमें उतारनों और बुड़कल मैदाकी पूड़ीमें भरिके भी उतारनो सखड़ीमें हरे चनाके छोला भात। हरे न मिलें तो भिजोवने। चोखा सेरऽ२ चना सेरऽ१ घी सेर ऽ। और प्रकार सब पहले मंगलभोग प्रमान। कढ़ी मिरचकी वड़ीको शाक और शाक ३ भुजेना ४ चकरिया ४ तिलबड़ी ढेवरी। लूण, मिरच, आदा नीवू।गुड़, माखन ॥

माघ वदि १३ वस्त्र लालकीनखापके। कुल्हे जड़ावकी, गोकर्ण जरीके, जोड़ चमकनों। ठाड़े वस्त्र हरे। आभरन हीराके। सामग्री सखड़ीमें गुड़की लापसी। मूंगके ढोकलाकी पिट्ठी सेर ऽ। घी ऽ।

माघ वदि १४ वस्त्र लाल साटनके। बागो चाकदार। पाग छज्जेदार। चन्द्रका सादा, ठाड़े वस्त्र हरे। कतरा ४ शृङ्गार मध्यको। सामग्री गुड़को मोहनथार।

माघ वदि ३० वस्त्र श्याम जरीको। टिपारो, चन्द्रका ३ चम-

कनी। आभरन हीराके। सामग्री शिखोरी गुड़की। सखड़ीमें मोमनके टिकरा तथा उड़दकी। दार। चून सेर॥ घी सेर॥

माघ सुदि १ वस्त्र हरी जरीके। बागो घेरदार। पाग गोल चन्द्रका चमकनी। आभरन माणकके। ठाड़े वस्त्र लाल सामग्री सीरा गुड़को॥

माघ सुदि २ वस्त्र पीरीजरीके बागो घेरदार। गोल चीरा, ठाड़े वस्त्र लाल, मोर शिखा आभरन पिरोजाके। सखड़ीमें मूङ्गकी पीठीके पनोलाकी पिठी सेर॥ पान ४० तामें पानके बीचमें पिट्ठीभरनी। और सामग्री जो रहिगई होय सोकरनी॥

माघ सुदि ३ वस्त्र लाल जरीके। दुमालो सेहरो जड़ावको। ठाड़े वस्त्र मेघश्याम। आभरन पन्नाके। सामग्री गुड़को खीचड़ाके गुड़ सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ१ घी सेर ऽ। दार तुअरकी॥

माघ सुदि ४ वस्त्र सुपेद जरीके। बागो चाकदार। मुगटकी टोपी ऊपर जोड़ चमकनो। ठाड़े वस्त्र मेघश्याम। अथवा क्रीट धरे तामें जोड़ धरि पानधरे। सामग्री पञ्चधारीकी ताको मैदा सेर ऽ॥ खोवा सेर ऽ१ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ२ बदाम पिस्ताके टूक सेर ऽ। मिश्रीको रवा सेर ऽ। इलायची मासा ३ सखड़ीमें खिचड़ी ताके चोखा सेर ऽ१ मूंगकी दार सेर ऽ१ घी सेर ऽ॥ आदाके टूक सेर ऽ।॥

माघ सुदि ५ वसन्तपञ्चमीको उत्सव। सब साज पहेले दिन सुपेद बाँधि राखनों। अभ्यंग होय। वस्त्र जगन्नाथीके सुपेद। बागो घेरदार। पाग वारकी खिरकीकी। तनिआ श्वेतमलमलको। ठाड़े वस्त्र लाल। फरगुल छीटको। कतरा४ चन्द्रका सादा। राजभोगमें उत्सवकी चारों सामग्रीमेंसूं

दोय दोय नग धरने। कढ़ीके पलटे तीन कूड़ा पकोड़ीको शाक २ भुजेना २ छाछि बड़ा। पाटियाकी। उत्सवको सधानो। या प्रकार राजभोग धरिके वसन्तकी तैयारी करनी। वसन्तके कलस नीचे कोरी हलदीको अष्टदल कमल करि। सूथिआ ऊपर कलश धरनो मीठो जल भरनो। तामें खजूरकी डारि धरनी। तामें बेर फूल टाकने। वसन्तके कलस ऊपर सुपेद वस्त्र ढाँकनो। कहूँ पीरो वस्त्रहू लपेटे हैं। खेलको साज सब एक थालमें साजनो वह थाल एक चौकीके ऊपर वसन्तके आगे धरनो तामें गुलाल, अबीर, चोवा, चन्दन, सब साज खिलायवेको खेलको तथा भोगको थार पड़घीपे वाम ओर धरनो। तामें बदाम, मिश्री, दाख, छुहारे। खोपरा। भुंजे मखाने। चिरोंजी। भुने बीज कोलाके। तथा खरबूजाके। मिठाई, पेडा, बरफी, तर मेवा, रतालू, सकरकन्दी, होला, मिरच, लूण, बूराकी कटोरी वगेरे धरिके उपरना ढ़ाँकिके धरनो। पाछे भोग सरायके सब ठिकानें उपरना ढाँकिके माला पहिरायके। वसन्तको अधिवासन करनो। श्रौताचमन प्राणायाम करि सङ्कल्प करनो। " ॐ हरिः ॐ श्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे तस्य प्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्ल्लोके भरतखण्डे श्रीआर्य्यावर्तान्तर्गते ब्रह्मावर्त्तैकदेशे अमुकमण्डले ऽमुकक्षेत्रे ऽमुकनामसँवत्सरे, सूर्ये उत्तरायणे माघमासे शुक्लपक्षे ऽद्य पञ्चम्यां शुभवारे शुभनक्षत्रे शुभयोगे शुभकरणे एवंगुणविशेषणविशिष्टायां शुभतिथौ भगवतःश्रीपुरुषोत्तमस्य वृन्दावने वसन्तक्रीडार्थं वसन्ताधिवासनमहं

करिष्ये" । जल अक्षत छोड़नो । यह सङ्कल्प पढ़ि कुम्कुम्सों कलशक ऊपर छिड़कनोअक्षत डारने । ता पाछे पटीकी कटोरी वसन्तको भोग धरनो । तुलसी शंखोदक, धूप, दीप, करनो ता पाछे भोग कराय । चारि बातीकी आरती करनी । अकेलो घंटा बजावनो । दंडवत करनी । पाछे फगुलपें,झारीपें, सुपेत ऊपरनाँ ढाँकने । और केसर अङ्गीठीपें राखिये सोहातीसों खेलाइये । दर्शन खोलिये । दंडवत करिये । खेलाइये प्रथम, केशरि, गुलाल, अबीर, चोवासों खेलावनो । ताको क्रम,प्रथम पाग, बागा, सूथन।पाछे साड़ीके उपर, छिड़किये। केशर, तापीछे गुलाल, अबीर, छिड़किये, ता पीछे चोवाकी टीकी दीजिये। ता पीछे माला, छड़ी, गेंद, खिलावनो ता पीछे गादीकू याहीरीतसों खेलावनोतापीछे सिंहासनके वस्त्र छिड़किये ता पीछे पिछवाई छिड़किये केशरसों,पाछे गुलालसों छिड़किये पिछवाई सिंहासन वस्त्रकूँ चोवा, अबीर, नहीं छिड़कनो । चन्दुवाको अकेली केशरसों छिड़ाकिये पाछे गुलाल, अबीर उड़ाइये ।ता पाछे टेरा करके, धूप, दीप, करि, सिंहासनके आगे मन्दिर वस्त्र करि चौकीपे भोग धरिये । तुलसी शङ्खोदक करिये । उत्सवभोगकी सामग्री । गुझा कूरकेको चून सेरऽ१॥ गुड़ सेर ऽ१। खोपराके टूक ऽ= मिरच आधे पैसा भरि । मैदा सेर ऽ।।। घी सेर ऽ१॥ मठड़ीको मैदा सेर ऽ१॥ घी सेर ऽ१॥ बूरा सेर ऽ१॥ सेवके, लडुवाको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ बूरो सेर ऽ२ बूँदीको बेसन सेर ऽ२ घी खाँड बराबर शिखरन बड़ी। बड़ाकी छाछि, बड़ाकी पिट्ठी । सेरऽ१ फड़फड़ीया चनाके दारके । उत्सवके सधाने । पेडा, वरफी, अधोंटा, बासोंदी, खाटो,दही, मीठो, दही लूण, मिरच, बूराकी कटोरी। तर मेवा

सब भोग धरिके तुलसी शंखोदक धूप, दीप, करि । समय भये भोग सरावनो । वीड़ा ४ धरि दर्शन खोलिके आरती थारीकी करिये । पाछे अनोसरमें सब खेलको साज धरि अनोसर करनो ॥

ता पाछे साँझको सन्ध्या आरती पाछे वसन्तको निकासिये खेलके साजमेंसूँ गुलाल अबीर केशर खलावनी नित्य नई साजनी । शृंगार बड़ो करनो आभरनमें कण्ठी, कड़ा, नपुर रहे । ता पाछे नित्यक्रम । और वसन्तसूँ शयनके दर्शन नित्य खुलें । और राजभोग सरे पाछे नित्य खेलें । ता पीछे आरती होय । और पिछवाई सिंहासन, खण्डको तो नित्य गुलाल अकेलेसूँ खेलावनो ॥

माघ सुदि ६ बागो सुपेद चाकदार, कुल्हे सुपेद, कुल्हे ऊपर शृंगार कछु नहीं करनो ठाड़े वस्त्र नित्य लाल सूतरु ॥

माघ सुदि ७ वागो घेरदार, लाल मगजीको । पाग लाल खिड़कीकी । सामग्री गुलगुला ॥

माघ सुदि ८ वस्त्र सुपेद टिपारो, सामग्री उड़दकी दार । और मकाकी रोटी गुड़को सीरा, घी सेर ऽ॥ ॥

माघ सुदि ९ वागो घेरदार । पाग गोल । सामग्री गुलपापड़ी । चून सेर ऽ१ घी सेर ऽ॥ गुड़ सेर ऽ१

माघ सुदि १० वस्त्र केशरी । पाग छज्जेदार । सेहरो धरे ठाड़े वस्त्र लाल । सामग्री मोहनथारकी वेसन मैदा मूंग उड़दको चून सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खांड सेरऽ२ इलायचीमासा २ और जो फागुनमें जन्म दिवस उत्सव होय तो बीड़ा आरोगत समय एक बधाई होय । और सब समय वसन्त होय ॥

माघ सुदि ११ वस्त्र श्वेत छीटाके । शृंगार मुकुट काछनीको । अथवा जब कोई दिन मनोरथ होय तब सामग्री २ करनी और कचौरी, बड़ा छाछिके । फीके । गुझिया, मैदाकी पूड़ी, फड़फड़िया, चनाकी दारके, चनाके । झझराकी सेव, लपेटमा भुजेना, सादा भुजेना, चना छौंके अधोटा दूध खिलसारु फलफलोरी पेंड़ा, वरफी, खट्टो, मीठो दही, उत्सवके सधाने, लोन, मिरच, बूराकी कटोरी, धूप, दीप, तुलसी, शंखोदक करनो । इतनी सामग्री करनी । यासों अधिकी होय सो आछो परन्तु मनोरथमें घटावनो नहीं । आरती थारीकी करनी । राई नोन नोछावर करनी ॥

माघ सुदि १२ वस्त्र श्वेत, बागो, घेरदार, पाग गुलाबी खिड़कीकी ॥

माघ सुदि १३ वस्त्र श्वेत, बागो चाकदार, फेंटा, श्वेत, चन्द्रका, कतरा, ॥

माघ सुदि १४ वस्त्र श्वेत, घेरदार बागो, पाग छीटकी गोल श्रीस्वामिनीजीकूँ छीटकी साड़ी, चोली, लहँगा ॥

माघ सुदि १५ होरी डाँडाको उत्सव । ताके पहले दिन सब साज बदल राखनो । पाछे अभ्यङ्ग होय । वस्त्र श्वेत बागो घेर दार । पाग वारकी खिड़कीकी । चोली चोवाकी । आभरन नित्य सुवर्णके धरावने । कर्णफूल २ शृंगार हलको करनो । कतरा सादा, कलंगी सोनेकी । सामग्री मीठी कचोरीको मैदा सेर ऽ॥ मूंगकी दार सेर ऽ। = घीऽ॥ खांड़ सेरऽ२ इलायची मासा२ राजभोगमें शाक २ भुजेना २ छाछिवड़ा, पाटियाकी। आजसों नित्य फेंट गुलालकी शृङ्गारमें भरनी । पिचकारी भरनी । सो आरती पीछे बड़ी करनी । खेल भारी करनो । लोटा १ रङ्गको

उड़ावनो खेल भारी करनो। कपोलनपें गुलाल लगावनों। पिचकारी रङ्गकी उड़ावनी। गुलाल, अबीर उड़े। और होरी डाडासू अनोसरमें शय्याके पास थारीमें फूल माला, केशर, गलाल, अबीर, उड़ायवेको एक तबकड़ीमें सब साजके डोल ताँईं नित्य रहे। पिचकारी नित्य शय्याके पास खेलकी तबकड़ीमें धरनी। और रात्रिको भद्रारहित होरी डाडो रोपिये॥

फाल्गुन वदि १ वस्त्र ...., बागो घेरदार। पाग पीरी वसन्ती गोल,। तैसोई श्रीस्वामिनीजीकों फागुनियाँ, चन्द्रका सादा॥

फाल्गुन वदि २ वस्त्र श्वेत, वागो चाकदार पाग पतङ्गी खिड़कीकी, चन्द्रका सादा॥

फाल्गुन वदि ३ वस्त्र पीरे वसन्ती। शृङ्गार मुकुटकाछनीको

फाल्गुन वदि ४ वस्त्र श्वेत,बागो चाकदार,शृंगार फेंटाको॥

फाल्गुन वदि ५ वस्त्र श्वेत, वागो चाकदार, पाग गुलाबी खिड़कीकी वसन्ती। तैसेई श्रीस्वामिनीजीके वस्त्र॥

फाल्गुन वदि ६ वस्त्र श्वेत, बागो घेरदार पाग छज्जेदार, चन्द्रका सादा॥

फाल्गुन वदि ७ श्रीनाथजीको पाटउत्सव।

तादिन वस्त्र केशरी। वागो घेरदार, पाग गोल, चन्द्रका सादा चोवाकी चोली। कर्णफूल २ ठाड़े वस्त्र श्वेत। शृंगार हलको अभ्यंग होय। सामग्री सब दिनको नेग बुड़कलको। मैदा सेर ऽ१ चनाकी दार सेरऽ२ दूध सेरऽ१० खाण्ड सेरऽ८ इलायची ताला १ घी सेरऽ२ राजभोग आयेमें श्रीनाथजीको

चित्र अथवा मोजाजीको भोग जुदो आवे । ताकी सामग्री-खरमण्डाको मैदा सेर ऽ१॥ घी सेर ऽ॥। बूरा सेर ऽ२ लौङ्गकी बुकनी, मासा ६ मनोहरको मैदा, चोरीठा सेर ऽ१॥ खोवा सेर ऽ॥। खाण्ड सेर ऽ४ इलायची मासा ३ बरास रत्ती ४ और सखड़ी, अनसखड़ी आदिश्रीगिरधरजीके उत्सव प्रमान करनो। ताकी विगत-अनसखड़ीमें सकरपाराको मैदा सेर ऽ१ घी खाण्ड बराबर । चन्द्रकला सेर ऽ१ को घी ऽ१ खाण्ड ऽ२ केशर मासा ३ सीरा, शिखरन बड़ी, मैदाकी पूड़ी, झीने जजराकी सेव, चना दारके फड़फड़िया, बड़ाकी छाँछ, खीर, सेव तथा सञावकी रायता २ शाक ८ भुजेना ८ सधान ८ छुआरा, पीपरवगेरेके । सखड़ीमें पाटियाकी सेव, पाञ्चों भात,दार छाड़िअल, चोखा मूङ्ग तीनकूड़ा, बड़ीके शाक २ पतले, पापड़, तिलवड़ी ढेबरी, मिरच बड़ी, भुजेना कचरिया ८ ॥

दूधघरमें । बरफी केशरी पेड़ा, मेवाटी, गुझिया, खोवाकी गोली, अधोटा छूटो खोवा, मलाई, दूध पूड़ी दही, खट्टो, मीठो, शिखरन, सब तरहकी मिठाई, साबोनी, गजक तिनगनी गुलाब कतली, मेवा-पगेमा, पिस्ता, चिरोंजी, बदाम, खोपरा पेठाके बीज, कोलाके बीज, खरबूजाके वीज, वगेरे विलसारु । पेठाको केरीको मुरब्बा वगेरे । तथा फल फलोरी गीलो मेवा, तर मेवा । सब तरहके नारङ्गीको पणा वगेरे । आवे पाछे श्रीनाथजीकूँ खेलावने तिलक करि बीड़ा २ पास धरने । श्रीफल २ रुपैया २) भेट धरने। आरती चूनकी करनी । राई, लोन, न्योछावर करनी । ये सब एक ही स्वरूपको करनों । औरकूँ नहीं होय । पाछे हाथ खासा करके थार साँजनो । भोग धरनो । समय भये भोग सरावनो । बीड़ा २ बीड़ी १ धरनी ।

पाछे नित्यक्रम खेल करनो। रङ्ग उड़ावनो। नित्यक्रम आरती करनी ॥

फाल्गुन वदि ८ वस्त्र श्वेत हरीमगजीके। पाग हरी खिड़कीकी। दार छड़ियल, कढ़ी डुबकीकी। हरे चनाकी दार पिसीको मोहनथार सेर ऽ॥ को घी सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ१॥ इलायची मासा ४ ॥

फाल्गुन वदि ९ वस्त्र सुपेद, पाग छज्जेदार बागो चाकदार छापाके ॥

फाल्गुन वदि १० वस्त्र लाल मगजीके। बागो घेरदार। पाग गुलाबी खिड़कीकी चोली गुलालकी शृङ्गारहोतमें धरावनी कर्णफूल २ चन्द्रका सादा छोटी। खिलावत समय चोली नहीं खिलावनी ॥

फाल्गुन वदि ११ वस्त्र पतङ्गी। शृङ्गार मुकुट काछनीको। मुकुट सोनेको। सामग्री तथा एकादशीको फराहार ॥

फाल्गुन वदि १२ वस्त्र श्याम मगजीके बागो चाकदार। पाग श्याम खिड़कीकी ॥

फाल्गुन वदि १३ वस्त्र श्वेत, बागो घेरदार पाग पतङ्गी गोल ॥

फाल्गुन वदि १४ वस्त्र पीरे वसन्ती, चाकदार बागो। मस्तक पर दुमालो ॥

फाल्गुन वदि ३० वस्त्र चोवाके पाग चोवाकी रुपेरी खिड़कीकी बागो घेरदार ॥

फाल्गुन सुदि १ वस्त्र श्वेत, केशरी कोरको। चोली केशरी। पाग श्वेत केशरी खिड़कीकी बागो चाकदार ॥

फाल्गुन सुदि २ को गुप्त उत्सवको मनोरथ करे। ताको

प्रकार वस्त्र पतंगी । वागो चाकदार । सन्ध्या आरती पीछे शृंगार बड़ो करि दोऊ स्वरूपनकूँ श्वेत फागुनिया सुनेरी किनारीके । लेंगा चोली केशरी छापाके किनारीदार आभरन हीराके नीचेकी झाबी श्रीठाकुरजीकों सूथनकीश्रीस्वामिनीजी कूँ धरावनी । दूसरो बागो चाकदार । सेहेरो, दुमालो चूड़ा, तिमानियां कण्ठी २ नथ ढेड़ी । बाजू पोंहोंची । कटिपेच हस्तफूल । कलङ्गी दोऊ स्वरूपनकूँ धरावनी । श्री स्वामिनीजीकूँ माला ४ धरावनी । बेनी दोऊ स्वरूपनकूँ धरावनी । आरसी दिखावनी । वेणू दोऊनकूँ धरावनी । आरसी दिखाय शृंगार जब करनो पड़े तब येही आभरन याही प्रमाणे धरावने । श्रीठाकुरजीकूँ माला ९ धरावनी । शयनमें नारंगी भात करनों । चोखा सेर ऽ॥ बूरो ऽ२ कस्तूरी रत्ती २ केसर मासे३ नारंगीको रस सेर ऽ१ चोखा सेर ऽ१॥ दार छड़ियल सेर ऽ१ शाक पतरो हरे चनाको करनो । पापड़ ६ शयन भोग धरिके तिवारीमें सब तैयारी करनी । कुञ्जकेला ८ की बाँधनी पहले फुलेल लगावनो । पटापे बिछाय शय्यापे पधरावनो । भोग साजनो । सामग्री बुड़कलकी मैदा सेर ऽ२ चनाकी दार सेरऽ२ दूध सेर ऽ१० घी सेर ऽ२। खाण्ड सेर ऽ८ इलायची तोला १। हरे चनाकी कचौरीको मैदा सेर ऽ॥। चणा सेर ऽ१॥ घी सेर ऽ१॥ फीकी मीठी सामग्री तो या लिखे प्रमान करनी । चारि गादी । चौपड़ नहीं । दोऊ शय्यानके बीचमें सुपेद बिछायत करनी । पिछवाई खेलकी बाँधनी । शयन भोग सरावनो । पाछे पाटपे पधराय बीड़ी अरोगावनी । नित्यकी माला धराय खिलावने । शलाकासों चन्दनके टपका लगावने । चोवाके टपका लगावने ॥ गुलाल अबीरसों थोरो थोरो खेलावनो ।

आभरनपे सर्वथा न पड़े दोनों स्वरूपनकूँ खिलावनो। सबकूँ नहीं खिलावने। फिरि आरसी दिखावनी। आरती करनी। राई लोन नोछावर करनो। पाछे शृंगार सुद्धां पोढ़ावनो। खेलको साज सब उत्सव प्रमाण धरनो। अरगजाकी कटोरी नित्यक्रमसे सब सम्भारि अनोसर करनो॥

फाल्गुन सुदि ३ सबेरे मंगलामें घुघि ओढ़िके विराजे। तासों शृंगार करिबेको काम नहीं। पाछे शृंगार वस्त्र श्वेत, बागो चाकदार। कुल्हे पगा तामें गोटी कसूँभी किनारी सुनेरीकी करनी। वस्त्रकों किनारी नहीं करनी॥

फाल्गुन सुदि ४ वस्त्र गुलाबी। शृंगार मुकुट काछनीको। ठाड़े वस्त्र सुपेद। सामग्री खोवाकी गुझियाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खोवाको दूध सेर ऽ३। बूरा सेर ऽ॥। इलायची मासा ३ खाँड़ सेर ऽ॥ पागवेकी॥

फाल्गुन सुदि ५ वस्त्र श्वेत बागो चाकदार। पाग पतंगी केसरी खिड़कीकी। लहँगा, चोली, फेट केशरी॥

फाल्गुन सुदि ६ ता दिन अभ्यंग। वस्त्र केशरी बागो चाकदार कुल्हे केशरी।गोकर्ण पतंगी। राजभोगमें बूँदीके लडुवाको बेसन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खांड़ सेर ऽ१॥ सुगन्द मासा १॥ और अनोसरको भोग। चन्द्रकला केशरी ताको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाँड़ सेर ऽ४ केसर मासा ४ बरास रत्ती २ इलायची मासा ४ पनोंलाके पान ५० मूंगकी पिट्ठी सेर ऽ१ की एक पान वीचमें एक पान ऊपर बीचमें पिट्ठी वेसवार मिलायके धरनी। याको घी सेर ऽ॥ ॥

फाल्गुन सुदि ७ वस्त्र श्वेत सुनहरी किनारीके बागो चाकदार। सुनेंहरीके खिड़कीकी पाग कतरा॥

फाल्गुन सुदि ८ वस्त्र गुलाबी वसन्ती। वागा चाकदार। टिपारो। डोलकी सामग्रीकी भट्टीपूजा करनी॥

फाल्गुन सुदि ९ वस्त्र श्वेत। पाग पीरी वसन्ती। पाग छज्जेदार। बागो चाकदार॥

· फाल्गुन सुदि १० वस्त्र श्वेत पाग गुलाबी वसन्ती घेरदार॥

फाल्गुन सुदि ११ कुंज एकादशीको उत्सव। वस्त्र केशरी। मुकुट, मीनाको। राजभोगमें सामग्री–सूरनको मोहनथार। सूरन सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाण्ड सेर ऽ१॥ इलायची मासा १ भुजेना २ शाक २ बूँदीकी। छाछ पाटियाकी राजभोगमें धरिके कुंज बाँधनी। केला, माधुरी, लता लगाइये। आँबाके पत्ता, फूल, लगाय कुंज बाँधिये। पाछे समय भये भोग सरायके कुंजमें पधराइये। कुंजमें खेलत समय कछु दूधघरकी सामग्री भोग धरे। फिर प्रभुकों खेलाइये। खेल भारी करनो फिर कुंजको खेलाइये। केशर, गुलाल, अबीर, चोवासों छिड़किये और ठाड़ो स्वरूप होय तो वेत्र श्रीहस्तमें धरिये। वेणु कटिमें धरिये। कुंज सों खिलावत डोल गाइये। अनोसरमें शय्याके पास एक थारमें। फूलमाला, गुलाल, अबीर केशर, चोवा, सब साजके धरनो। आरती थारीकी करनी। राई, लोन, नोछावर करनो। अनोसरकी सामग्री २ करनी। घेवरको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाँड़ सेर ऽ२ बरफी सेर ऽ॥ इलायची मासा ३ बरास रत्ती १ पकोड़ी उड़दकी पिट्ठी सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ छोंक्यो दही सेर ऽ। लूण, मिरचकी, कटोरी। बूराकी कटोरी। सन्ध्याआरती पाछे कुञ्ज खुले। साँझकूँ पाग गोल केशरी। मुकुट फूलको धरावनो॥

फाल्गुन सुदि १२ वस्त्र श्वेत मगजी। बागो घेरदार। चोली गुलाबी। लाल गोटीकी पाग छज्जेदार॥

फाल्गुन सुदि १३ वस्त्र श्वेत। वागो चाकदार। फेंटा चोवाके सुनहरी किनारीको सामग्री मनोहर॥

फाल्गुन सुदि १४ वस्त्र श्वेत बागो चाकदार। पाग पतङ्गी सुनहरी खिड़कीकी। फेटा, चोली, लहेङ्गा। अथ डोल होरीके बीचमें खाली दिन होय ताको शृङ्गार। शृङ्गार वरस दिनमें लिखेहैं तिनमें जो रह्यो होय सो करनो। और जो दिन बराबर के भये होंय तो लिखेहैं सो करनो। वस्त्र चोवाके वागो घेरदार। पाग गोल। पटुका, लहेंगा, चोली केसरी। सामग्री राजभोगमें। ऊकरकी मूँगकी दार सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ१॥ शृंगार लिखेहैं। तिनमें कोई दिन बड़े तव शृंगार येही करनो। चोवाके वस्त्र पहरे होंय सो धरावने। चन्दनके छीटा लगेहोंय सो पोंछि डारने। वाके ऊपर चोवाको हाथ फिरावनो। तीसरे वर्ष नये बनें।

फाल्गुन सुद १५ होरीको उत्सव।

सो ता दिन सब दिनको नेग दहीकी सेवके लडुवाको मैदा सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ बूरो सेर ऽ६ दही सेर ऽ४ इलायची मासा ६ अभ्यंग होय। वस्त्र श्वेत। बागो घेरदार। पाग वारकी खिड़कीकी। ठाड़े वस्त्र लाल। चन्द्रका सादा। आभरन वसन्ती। कर्णफूल ४ शृंगार मध्यको, गोपीवल्लभमें नित्यकी सखड़ीके पलटे सेवको थार आवे सेव सेर ऽ॥। खाण्ड सेर ऽ१॥ इलायची मासा ऽ१॥ राजभोगमें पूवाकी सामग्रीको चून सेरऽ१ घी सेर ऽ१ गुड़ सेरऽ१ चिरोंजी ऽ। कारी मिरच पैसा ४ भरि। छाछि-

बड़ा, शाक ४ भुजेना २ खीर सञ्जावकी, चोखाकी करनी साज सब पलटनो । खेल भारी करनो । सखड़ीमें मेवा भात, पाटीयाकी, तीनकूड़ा, छड़ियलदार । साज अनोसरमें सब रहे खेलको शय्याके पास । अतरकी शीशा रहे । वाही दिना फेंटमें गुलाल अबीर होय । और नित्य तो गुलाल ही फेंटमें होय । और घूरेड़ी जुदी होय तो अबीर फेंटमें भरनो । और नित्य फूलकी दोछड़ी धरनी २ साँझको शृंगार बड़ो होय। हमेल सोनेकीही पहरें । शयनमें वेत्र सोने को ठाड़ो करनो । राल सेरऽ१ उड़े । तामें अबीर सेरऽ१ मिलायके उड़े । गुलाल सेरऽ१ उड़ावनो । ता पाछे आरती करनी । अनोसरमें थार १ भोग धरनो । ताको प्रमाण । बरफी सेरऽ॥ बदामऽ= पिस्ताऽ= मिश्री ऽ= दाखऽ= छुहारेऽ = खोपराऽ = बीज कोलाकेऽ = खरबूजाकेऽ = बीड़ा ४ यह थालमें साजके शय्याके पास ढांकिके धरनो । जो होरीको डोलको उत्सव भेलो होय तो अभ्यंग पहले ही दिन करावनो । और शृंगार पहले दिन होरी को लिख्यो है ता प्रमान करनो । और गोपीवल्लभमें सेव तथा राजभोगमें पूवा तो होरी होय ताही दिन अरोगे । और सखड़ी अनसखड़ीको प्रकार पहले दिन अरोगे । सामग्री—ऊकरकी मूंगकी दार सेरऽ॥ घी सेरऽ॥ बूरो सेरऽ१ और वेत्र पहले दिन नहीं धरे । रार गुलाल पहले दिन नहीं उड़ावनी । होरी होय तादिन उड़ावनी । निज मन्दिर डोलके पहले दिन धोवनो । सब साज बाँधिक तैयार राखनो । जरीको साज बाँधनो । सब ठिकानेसूँ गुलाल पहले दिन काढ़नो ॥

चैत्र वदि १ डोलको उत्सव ।

जादिन उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र होय ता दिना डोलको उत्सव

माननो। पूनमको होय तो पूनमको करनो। दूजको होय तो दूजको करनो। बड़ो बालभोग खाजाको सो एक ओर पगे ताको मैदा सेरS२ घी सेर S२ खाण्ड सेर S२ वस्त्र श्वेत भाँतदार अस्तर मलमलको, पाग छज्जेदार, ठाड़े वस्त्र लाल, चन्द्रका सादा, आभरन वसन्तके, कर्णफूल४शृंगार चरणारविन्दताँई हमेल ताईतकी। राजभोग सामग्री घाँसके लडुवाकी ताको उड़दको चून सेर S१ घी सेर S१ खाँड़ सेर S४ इलायची मासा ४ और सब प्रकार सखड़ीमें छाछिवड़ा, तीनकुड़ा, छड़ियलदार- और सब सखड़ीमें पहले प्रमान। अनसखड़ी पहेले दिन होरीके प्रमान। पहले दिन डोल रात्रिकों बाँधि राखनो। खम्भ श्वेत वस्त्रसूँ तथा डाडी लपेटिये। खम्भानसों केला बाँधिये। माधुरीकी लता बँधिये डाडीकूँ तो आँबके मौर बाँधिये। डोलको नई झालर बाँधिये डोलके भीतर श्वेत वस्त्र बिछाइये। या प्रकार डोलकों साजनो। अब डोलकी सामग्री लिखेह। गूँझा, मठड़ी, सकरपारा, सेवके, लडुवा, छूटी बूँदी बाबर, केशरी तथा सुपेद, चन्द्रकला केशरी, वा फेनी केसरी, इन्द्रसा, काँजी, चकली, फड़फड़ीया, दाल चणाकी ए सब अन्नकूटसों आधे सेवको वेसन सेरS१ छाछके बड़ाकी दार सेर S१ मैदाकी पूड़ीको मैदा सेर S१ भुजे मेवा राधाष्टमी प्रमान। भंडारके मेवा छेलेभोगमें दूध, वासोंदी,बरफी, पेड़ा दही मीठो जीराको, शिखरनवड़ी, बिलसारू, सधाना, दाख मिरचके, सब तरहके सधाना, शाक ८ भुजेना लपेटमा २ सादा २, फलफूल, चनाके होरा, तीनो भोगमें अवश्य धरने। शङ्खो- दक भये पाछे होरा धरने। और दूधघरकी सामग्री। पेड़ा बरफी केशरी, मेवाटी, गुझिया, खोवाकी गोली कपूरनाड़ी,

खरमंडा, वगेरे, बासोंदी, अधोटा वगेरे जो बनि आवे सो। पगेमा मेवाकी कतली लड्डुवा पगेमा वगेरे। खांडघरमें जो बनिआवे सो॥

अव पहले भोगमें बड़ी सामग्रीमेंसों दोय दोय नग साजने। पतरी सामर्ग्रीमेंसों बटेरा साजने। दूधगरकी सामग्रीमेंसों दोय दोय नग साजने! काँजी तथा छाछिके कुलड़ा साजने फड़-पड़ीया सबनके बटेरा साजने। सब तरहके सधाँनेके बटेरा। एक एक बटेरी, लोन, मिरचकी साजनी बूराको बटेरा साजनो। फल फलोरीके छोटे छोटे दोना साजने पहलेते दूनो दूसरे भोगमें साजनो। और सब रहे सो तीसरे (छेले) भोगमें साजकें धरनो। शाक, भुजेना, मैदाकी पूड़ी, भुजे मेवा और भोगमें नहीं आवे, छेले भोगमें धरने। और अब काँजीके मसालेको प्रमान उडदकी दार सेर ऽ२ तामें सूँठ सेर ऽ। राई पिसी सेर ऽ। शोंप सर ऽ॥ पीपर ऽ– हींग ऽ–लूण सेर ऽ॥ हलदी सेर ऽ। जीरा ऽ= धनियाँ सेर ऽ=॥

अथ डोलमें श्रीठाकुरजी पधरायवेको प्रकार। राजभोगआरती भीतर करके डोलको अधिवासन करनो। चार खेलके साज न्यारे न्यारे करके चौकीके ऊपर धरने ता पाछे अधिवासन करनो श्रौताचमन प्राणायाम करि संकल्प करनो। ॐहरिः ॐश्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य श्रीवृन्दावने दोलाधिरोहणं कर्तुं तदंगत्वेन दोलाधिवासनमहं करिष्ये। सङ्कल्प करि। ता पीछे। कुमकुम्, अक्षत, डोलके ऊपर तथा सब वस्तुनके ऊपर छिड़किये। एक कटोरी गट्टीकी डोलको भोग धरिये। एक कटोरामें तुलसी मेलके ता पीछे डोलकूँ धूप, दीप, करनो। पाछे तुलसी शङ्खोदक करनो। ता पीछे

एकेलो घण्टा बजायके। डोलकी आरती करनी। याही प्रकार अधिवासन करनो। ता पीछे घण्टा, झालर, शंख बाजत श्री प्रभूनको दंडवत करि गादी सुद्धां डोलमें पधरावने। झारी भरनी। डोल झुलावनो। थोड़ो सो खिलावनो। केशर, गुलाल अबीर, चोवासों खिलाय पाछे धूप, दीप, करि चौकीपें भोग धरनों साजराख्यो है सो! तुलसी शंखोदक करनो। पाछे आध घड़ीको समय होय तब भोग सरावनो। आचमन मुख-वस्त्र कराय बीड़ा २ धरनें। दर्शन खुलाय बीड़ी अरोगावनी। पाछें डोल झुलावनो। खिलावनो। प्रथम स्वरूपकूँ खिलावनो। पाछे गादीकूँ, पाछे झालरकूँ, पाछे डोलकूँ, पाछे पिछवाईकूं सो प्रथम चन्दन गुलाल, अबीर, चोवासों खिलावनों पाछे डोल झुलावनो। ता पाछे गुलाल, अबीर, उड़ावनो। ता पाछे आरती करनी। पाछे टेरा करिके धूप, दीप, करनों झारी भरनी। उपरना खेलत समय ढांकने खेल चुके तब उठायलेने। पाछे चौकी माण्डके दूसरो भोग धरनो। धूप, दीप, तुलसी, शंखोदक करनो समय घड़ी १ को करनो। समय भये भोग सरायके। आचमन मुखवस्त्र कारि बीड़ा ४ धरने। बीड़ी १ पाछे झुलावने। और पहले लिखे प्रमान खेलावने। झुलावने अबीर, गुलाल, उड़ावने। आरती थारीकी करनी फिर टेरा देके धूप, दीप, करिके झारी भरनी। जलकी हाँड़ी १ धरनी। तामें कटोरी तेरावनी। पाछे छेले भोगमें सामग्री सब धरनी। तुलसी शंखोदक करनो। घड़ी २ को समय करनो। पाछे आचमन मुखवस्त्र कारि बीड़ा १६ धरने बीड़ी २ मेंसों माला धरायके एक बीड़ी अरोगावनी। दूसरी बीड़ी रङ्ग उड़ायके अरोगावनी पाछे

पहलेही प्रमान खेलाइये । झुलावनो । रंग उड़ावनो । दूसरी बीड़ा अरोगायके फिर खेलावनो । गुलाल, अबीर, ड़ावनो । पाछे आरती करनी, नोछावर करनी । पाछे राई, नोंन, करि दूर जायके अग्निमें डारे । पाछे दण्डवत करि डोलकी परिक्रमा ३ वा ५ करनी । पाछे यथाक्रमसों । सबनकों उपरना ओढ़ावने । प्रथम मुखियाजीको दूसरो मुखिया ओढ़ावे । पाछे मुखियाजी सबनको उढ़ावे फिरि डोल झुलायके टेरा करिये । ता पाछे श्रीठाकुरजीकूँ तिवारीमें पधरायके शृंगार वड़ो करिये । गुलाल आछी तरहसों पोछनों । फिरि तनीया, कुल्हे, साड़ी कसूँवी रंगकी धरावनी । घुघी जरीकी उढ़ाय आभरन हीराके अनोसरमें रहें सो धरावन । और अनोसर करनो । अथ साँझको प्रकार ॥

उत्थापन भोग सन्ध्या भोग भेलो धरनों । शीतल भोग उत्थापनमें धरनो । जो होरीडोल भेलो होय तो आभरन वस्त्र पहले लिखेहैं तो प्रमान धरावने । सोनेको वेत्र श्रीहस्तमें ठाड़ो धरावनों । अबीर मिलायके रार उड़ावनी । गुलाल तिवारीमें उड़ावनो । झाँझि पखावज बाजत धमारि होय । पाछे आरती करनी । चैत्र वदि २ द्वितीया पाटको उत्सव । सो सूर्यउदय होते श्रीठाकुरजी जागें । मङ्गलामें दुलाई ओढ़े । जब ताँई ठण्ड होय तबताँई । पाछे उपरना ओढ़े । अभ्यङ्ग होय । वस्त्र लाल जरीके । कुल्हे लाल जरीके । जोड़ चमकनों । ठाड़े वस्त्र मेघश्याम । पलङ्गपोष सुजनी बड़े कमलनकी।आभरन हीराके । सामग्री पहले दिनके डोलकीमेंसे सबमेंसे राखीहोय सो सब आवे। काँजी आवे। शाक२ भुजेना२ छाछिबड़ा। और आजसों मण्डली जब ताँई बने तब ताँई नित्य करनी।सिंहासनके शय्या-

के पड्ठा धरने। सो धनतेरसके दिनताँई धरने । सन्ध्याउत्थापन भेलो धरनों। शृङ्गार वड़ो होय बागो शयनताँई रहे। कुल्हे कसूभी । और आठ दिनताँई जरीके वस्त्र धरे। फिरि सुनेरी, रूपेरी, छापाके वस्त्र नये सम्वत्सरताँई धरे । रूपेको कुञ्जा अक्षय तृतीयाताई धरनो ॥

चैत्र वदि ३ वस्त्र सुपेद जरीके। शृङ्गार मुकुट काछनीको। और गरमी होय तो शयनमें उपरना ओढ़े। नहीं तो बागा रहे ॥

चैत्र वदि ४ वस्त्र लाल जरीके। दुमालो खूँटको सेहरोधरे। ठाड़े वस्त्र श्याम ॥

चैत्र वदि ५ वस्त्र पीरी जरीके। शृङ्गार मुकुटको गरमी होय तो शयनमें उपरना धरावनो ॥

चैत्र वदि ६ वस्त्र सुपेद जरीके। शृङ्गार मुकुट काछनीको। आभरन माणिकके ॥

चैत्र वदि ७ वस्त्र गुलाबी जरीके। बागो चाकदार। पाग छज्जेदार। चन्द्रका चमकनी। ठाड़े वस्त्र हरे ॥

चैत्र वदि ८ वस्त्र श्याम जरीके। वागो घेरदार। पाग गोल कतरा धरे। ठाड़े वस्त्र पीरे॥

चैत्र वदि ९ वस्त्र लाल छापाके बीचको दुमालो । ठाड़े वस्त्र श्याम ॥

चैत्र वदि १० वस्त्र हरे छापाके । बागो चाकदार । पाग छज्जेदार। ठाड़े वस्त्र लाल। कलङ्गी लूमकी॥

चैत्र वदि ११ वस्त्र हब्बासी छापाके। श्रङ्गार मुकुट काछनीको। सामग्री बरफीकी ॥

चैत्र वदि १२ वस्त्र पीरे छापाके। फेंटा, ठाड़ वस्त्र श्याम

चन्द्रका कतरा चमकनो । सामग्री माखन वड़ाकी । मैदा सेरऽ॥ घी सेरऽ॥ बूराऽ॥ माखनऽ॥

चैत्र वदि १३ वस्त्र गुलाबी छापाके टिपारो धरे आभरन पन्नाके । सामग्री दहीकी सेवके लडुवा । मैदा सेर ऽ॥ दही सेर ऽ॥ घी सेरऽ॥ खाँड़ सेरऽ१ ॥

चत्र वदि १४ वस्त्र श्याम छापाके । बागो खुले बन्दको । पाग गोल । ठाड़े वस्त्र पीरे ॥

चत्र वदि ३० वस्त्र सोसनी छापाके । बागो चाकदार । पाग छज्जेदार । चन्द्रका चमकनी । ठाड़े वस्त्र हरे । सामग्री दहीकी बूँदीके लडुवा । वेसन सेर ऽ॥। दही सेर ऽ२ घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ३ इलायची मासा ३ अथ मेषसंक्रान्तिकी विधि जा दिन मेषसंक्रान्ति होय ता दिन वस्त्र गुलाबी, और बागा धरत होय तो चाकदार धरने । जो बागा नहीं धरत होय तो पिछोरा धरावनो पाग छज्जेदार । चन्द्रका सादा, आभरन हीराके । कर्णफूल २ शृङ्गार हलको करनो । राजभोगमें सामग्री ॥

सकरपाराको मैदा सेर ऽ॥ घी खाण्ड बराबर । दार तुअरकी । सतुआ भोग धरबेको प्रकार लिखेहैं ता प्रमान करनो । सतुआ सेर ऽ३॥ तामें दोय पाँतीके चना, एक पाँतीके गेहूँ जब धरनो तब याही प्रकार करके धरनो । घी सेर ऽ४ बूरो सेर ऽ७ अधोटा दूध सेर ऽ१ मखाना ऽ= चिरोंजी ऽ= खरबूजाके बीज ऽ= कोलाके बीज ऽ= सब भुजे तुलसी सूकी करके समर्पनी । शङ्खोदक नहीं करनो । धूप, दीप करनो । जो संक्रान्ति श्रीमहाप्रभुजीके उत्सवके दिन होय तो सतुआ उत्सवके दिन धरनो । और संक्रान्तिको भोग मङ्गलामें अथवा गोपीवल्लभमें आयो होय तो राजभोगमें घोरयो सतुआ धरनो ।

और जो राजभोगमें सतुआ भोग धर्यो होय तो दूसरे दिन घोर्यो सतुआ राजभोगमें धरनो। और जो संक्रान्ति उत्सवके दिन बैठी होय तो घोर्यो सतुआ उत्सवके दिन राजभोगमें आवे। और सतुआके सात डवरा। तामें घी, बूरो, तथा दोय दोय पैसा रोकड़ी धरने। श्रीठाकुरजीके संकल्प करनो॥

चैत्र सुदि १ सम्वत्सरका उत्सव।

तादिन अभ्यङ्ग होय। सुजनी नील कमलकी पलङ्गपोस। मङ्गलामें उपरना ओढ़े। वस्त्र लाल छापाके। वागा खुले बन्ध। कुल्हे। लाल। जोड़ सादा। ठाड़े वस्त्र मेघश्याम। आभरन हीराके। शृंगार भारी करनो। पिछवाई लाल छापाकी। मिश्रीकी डेली। नीमकी कोंपल गोपीवल्लभमें धरनी। राजभोगमें सामग्री मनोहरको चोरीठा मैदा सेर ऽ॥= गिजड़ी सेर ऽ॥ घी सेर ऽ१ खाँड सेर ऽ४ इलायची मासा ४ और प्रकार सब डोलके राजभोगमें है ता प्रमान। सखड़ीमें सेव तीनकूड़ा, छड़ीअलदार। राज भोगमें मंडली अवश्य वाधनी। आरती पीछे नयो पञ्चांग बचवावनो। नोंछावर करनी। और गरमी होय तो भोगके ठिकानेके पंखा चड़ावने। जो गरमी होय तो बाहिर पौढ़े नहीं तो रामनौमीते बाहिर तिवारीमें पौढ़ें। और मंगला, गोपीवल्लभ शयन, तिवारीमें होय। राजभोगके दर्शन निज मन्दिरमें होंय। जब बाहिर पोढ़ें तबसे, शयनमें वागो नहीं रहे। आड़वन्ध धरावनो। दुपहरेके अनोसरमें। शय्याकी चादर चुनिके पंगायत धरनी॥

चैत्र सुदि २ पहली गणगौरि। ता दिन वस्त्र लहरियाके

वागा चाकदार। पाग छज्जेदार। सामग्री खोवाकी गुझिया॥

चैत्र सुदि ३ दूसरी गणगौरि। ता दिन वस्त्र गुलाबी। शृंगार मुकुट काछनीको। आभरन हीराके तथा माणकके मिलायके धरावने। सामग्री खोवाकी मेवाटी॥

चैत्र सुदि ४ तीसरी गणगौरि ता दिन वस्त्र एक धारी चूनड़ी के। टिपारो धरे। आभरन हीराके बासोंदीकी सामग्री॥

चैत्र सुदि ५ वस्त्र चौफूली चूनरीके। बागो चाकदार। टिपारो श्याम धरे। ठाड़े वस्त्र सुपेद॥

चत्र सुदि ६ गुसाईंजीके छठे पुत्र श्रीयदुनाथजीको उत्सव। वस्त्र अमरसी बागो चाकदार श्रीमस्तकपें कुल्हे जोड़ चमकनो आभरन पन्नाके। ठाड़े वस्त्र लाल। सामग्री मूंगकी बूंदीके लडुवाको मूङ्गको चून सेर ऽ॥ घी सेरऽ॥ खाँड सेर ऽ१॥ इलायची मासा २ राजभोगमें शाक दोय। भुजेना २ बूँदीकी छाछिकी हांड़ी॥

चैत्र सुदि ७ ता दिना धोती, पाग, केशरी। बागो खुले बन्धको श्याम। ठाड़े वस्त्र लाल॥

चैत्र सुदि ८ वस्त्र कसूमल। बागो चाकदार। पाग छज्जेदार आभरन हीराके। चन्द्रका ४ सादा ठाड़े वस्त्र पीरे सामग्री मोहनथारको वेसन सेर ऽ॥। यामें मिलायबेको खोवा सेर ऽ॥= घी सेर ऽ१ खाण्ड सेर ऽ३॥ इलायची मासा ४ केशर मासा ३॥॥

च त्र सुदि ९ रामनवमीको उत्सव।

ता दिन अभ्यङ्ग होय वस्त्र केशरी। बागो चाकदार। सूथन लाल अतलसको। पटुका केशरी। कुल्हे केशरी। जोड़ सादा

चन्द्रका ९ को ठाड़े वस्त्र सुपेत । आभरन हीराके पलंग-पोस । राजभोगमें खोवाकी गुझिया । ताको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ पाकवेकी खाँड़ सेर ऽ॥ भरिवेको खोवा सेर ऽ॥= बूरा सेर ऽ॥। इलायची मासा १॥ फूलमण्डली अवश्य करनी । पञ्चामृत तथा उत्सवभोगको प्रकार वामनजी प्रमान । राज-भोग सरे पाछे पञ्चामृतकी तैयारी करनी । दूध ऽ॥ दही ऽ। घी ऽ= बूरो ऽ॥ मधु सेर ऽ= पट्टापें केलाको पत्ता बिछावनों । ताके ऊपर सव साज धरनो । जलको लोटा १ यमुनाजलकी लोटी १ तथा सङ्कल्पकी लोटी १ और एक तबकड़ीमें कुम्-कुम्, अक्षत, और अरगजाकी कटोरी । और एक पड़वीपें पञ्चामृत करायवेको शंख धरनों । एक लोटा तातो जलको सुहातेको समोयके । एसे सब तैयारी करके । सिंहासनके आगे मन्दिर वस्त्र करि कोरी हलदीको अष्टदल कमल करि ताके ऊपर परात माड़िये । तामें पीढ़ा बिछाय तापें रोरीको अष्टदल कमल करि तापे पीरो दरियाईको पीताम्बर दुहेरो बिछावे और पंचामृतको साज सब पास धरिये दर्शनको टेरा खोलनो । पाछे घण्टा, झालर, शंख, बाजत, झांझ, पखा-वज बजे कीर्त्तन होय । पाछे प्रभुसों आज्ञा मांगके छोटे बाल-कृष्णजीकूँ अथवा सालगरामजीकूं अथवा श्रीगिरिराजजीकूँ पीढ़ा ऊपर पधरावने । ता पीछे चरणारविन्दमें महामन्त्रसों तुलसी समर्पके पाछे श्रौताचमन प्राणायाम करि हाथमें जल अक्षत लेके संकल्प करनो । "ॐहरिः ॐश्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे ऽष्टाविंशतितमे कालियुगे तस्य प्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे

भूर्लोके भरतखण्डे, आर्य्यावर्त्तान्तर्गते ब्रह्मावर्त्तैकदेशे, ऽमुकदेशे ऽमुकमण्डले, ऽमुकक्षेत्रे ऽमुकनामसम्वत्सरे सूर्य्ये उत्तरायणे वसन्तर्तौ मासोत्तमे मासे श्रीचैत्रमासे शुभे शुक्लपक्षे नवम्या- ममुकवासरे ऽमुकनक्षत्रे ऽमुकयोगे ऽमुककरणे एवंगुणविशेष- णाविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य श्रीरामा- वतारप्रादुर्भावोत्सवं कर्तुं तदंगत्वेन पञ्चामृतस्नानमहं करिष्ये " यह पढ़के जल अक्षत छोड़नो ता पीछे तिलक कीजे, अक्षत लगाइये दोय दोय बेर। बीड़ा २ धरिये । और पञ्चामृतके कटोरानमें तुलसीदल महामन्त्रनसों पधरावने । पाछे शङ्खमें तुलसी पञ्चाक्षरमन्त्रसों पधरावनी। पाछे पञ्चामृतस्नान कराइये। पहले दूध, पाछे दही, घृत, बूरो, सहत पाछे एक शङ्ख दूधसों स्नान करायके प्रभुके ऊपर फेरिलेनो। पाछे शीत जलसों पाछे चन्दन लगायके फिर सुहाते जलसों कराय, अङ्गवस्त्र करा- वनो। पाछे विनकूँ श्रीठाकुरजीके पास गादीपे दक्षिण आड़ीके कोनेपे पधरायके पीतांबर उढ़ाइये उनको फूलमाला धराइये। विनकूं तथा श्रीठाकुरजीको तिलक अक्षत दोय दोय बेर लगाइये बीडा २ धरने। घण्टा झालर शङ्ख बन्द राखने। टेरा करनो धूप दीप करनो चरणारविन्दमें तुलसी समर्पनी। शीतल भोग मिश्रीके पणाको धरनो। पाछे उत्सव भोग धरनो। सामग्री बूँदी, शकरपारा, अधोटा दूधघरकी सामग्री धरनी। जीराको दही, मीठो दही, लूण, मिरचकी, कटोरी, फलाहारको जो होय सो धरनो। फल फलोरी। सखड़ीमें दही भात, और जो संक्रान्ति पहले होयगई होय तो घेरयो सतुआ धरनो। सधानो, तुलसी शंखोदककरि पाछे समय भये भोग सराय आचमन मुखवस्त्र कराय बीड़ा धरिके पूर्वोक्त रीतिसों खण्डपाट

माँड़के आरती थारीकी करनी । राई, लोन, नोंछावर करिके पाछे स्नान कराय स्वरूपकूँ ठिकाने पधरावनो । अनोसर करनों । और जो गरमी वहोत होय तो रामनवमीते बागो नहीं धरावनो । पिछौड़ा धरावनो । ता पीछे नित्य आजसों धोती, उपरना, सूथन, पटका, मल्लकाछ, मुकुट यह शृङ्गार करने । और वस्त्र तो लहरियाके, चूनरीके, तथा औरहू रङ्गके धरावने ॥

चैत्र सुदि १० पिछोरा धरावनो । शृङ्गार पहले दिनको । दार छड़ियल । सामग्री बूँदीके लडुवाकी ॥

चैत्र सुदि ११ वस्त्र कसूँभी रुपहरी किनारीके सूथन पटुका। पाग गोल । चन्द्रका चमकनी । ठाड़े वस्त्र पीरे । सामग्री दही-बड़ाकी ताको मैदा सेर ऽ॥ घी बूरा वराबर ॥

चैत्र सुदि १२ वस्त्र धनकके लहरियाके । मलकाच्छ टिपारो। ठाड़े वस्त्र हरे ॥

चैत्र सुदि १३ वस्त्र लहरियाके । पिछोड़ा । फेंटा । श्याम वस्त्र ठाड़े ॥

चैत्र सुदि १४ वस्त्र सोसनी । पिछोड़ा, पाग छज्जेदार । कतरा, ठाड़े वस्त्र पीरे ॥

चैत्र सुदि १५ वस्त्र चौफूली चून्दरीके मुकुटकाछनी ॥

वैशाख वदि १ श्रीमहाप्रभुजीकी बधाई बैठे वस्त्र केशरी । धोती उपरना, कुल्हे, जोड़चमकनो । आभरन पिरोजाके । सामग्री इमरतीकी । दार सेर ऽ। घी सेर ऽ। खाँड सेर ऽ॥। इलायची मासा १॥ दार तुअरकी ॥

वैशाख वदि २ वस्त्र गुलाबी , पिछोड़ा, पाग छज्जेदार । ठाड़े वस्त्र हरे । चन्द्रका चमकनी ॥

वैशाख वदि ३ पञ्चरङ्गी लहरियाको । पिछोड़ा । दुमाला । खूटको । सेहरो धरे । ठाड़े वस्त्र पीरे ॥

वैशाख वदि ४ दुहेरो मल्लकाछ टिपारो । तोरामल्लकाछ ऊपरको पटुका लाल । नीचेको मल्लकाछ पटुका पेहेच हरयो । ठाड़े वस्त्र सुपेत ॥

वैशाख वदि ५ एक धारी चूँदरीके शृंगार मुकुट काछनी ।

वैशाख वदि ६ वस्त्र गुलेनार । धोती उपरना । पगा शयन मंगला पर्य्यन्त रहे । ठाड़े वस्त्र हरे । चन्द्रका सादा । ढेड़ी बन्दीधरे ॥

वैशाख वदि ७ धोल गीत बैठे । वस्त्र चूँदरीके । शृंगार मुकुट काछनीको । आभरन पन्नाके । सामग्री पपचीको भैदा चोरीठा सेर ऽ। घी सेर ऽ। खाँड़ सेर ऽ।

वैशाख वदि ८ तथा ९ को शृंगार जो आछो लगे सो करनो ।

वैशाख वदि १० वस्त्र कसूँभी पिछोड़ा पाग छज्जेदार । शृंगार मध्यको । कतरा ४ चन्द्रका सादा ॥

वैशाख वदि ११ श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीको उत्सव ॥

पिछवाई तथा साज सब केशरी । अभ्यंग होय । पलंगपोस सव साज उत्सवको वस्त्र केशरी कुल्हे भूषन पटुका, बागो चाकदार । ठाड़े वस्त्र सुपेद शृंगार सामग्री सब गुसाँईजीके उत्सव प्रमान । खरबूजाको पणा । शीतल भोग । ओलाको । संक्रान्ति होय तो घोरयो सतुआ धरनो । और आजके दिनसों शय्याकी साँकल नित्य अनोसरमें चढ़ावनी पंगायतमें चादर चुनके धरनी । सो जन्माष्टमीके पहले दिन ताँई । और जो श्रीपादुकाजी विराजते होय तो गोपीवल्लभ भोग आये पादुकाजीकूँ स्नान करावनो । प्रथम सूकी हलदीको

अष्टदल करके ऊपर परात धरके तामें पटा धरनो। तामें अष्टदल कमल कुमकुमको करके पधरावने दर्शन खोलनो। झालर घण्टा बाजत शंख बाजत झाँझ पखावज बाजत बधाई गावे तिल अक्षत संकल्प करके दूधसों स्नान करावनो पाछे अभ्यंग होय चादर केशरी। कुल्हे धरावनों राजभोगमें सेव। छाछिबड़ा, धोआदार। तीनकूड़ा।श्रीगुसाईंजीके उत्सव प्रमान और सामग्री पाँचो भात। चोखा, मूंग, बड़ीके शाक पत्तल २ पापड़, तिलबड़ी, ढेंवरी, मिरच वड़ी, भुजेना ८ कचरिया ८ अनसखड़ीमें चन्द्रकला सेर ऽ१ मनोहर सेर ऽ॥ और सब दिन को नेग बूँदी जलेबीको। जलेबीको मैदा सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ खाँड़ सेर ऽ६ बूँदी सेर ऽ३ की घी खाँड़ बराबरको। शकरपारा सेर ऽ१ के। सीरा। शिखरन बड़ी। मैदा पूड़ी। सेव बेसनकी झीने झझराकी। चना तथा दारके फड़फड़िया छाछिबड़ा खीर दो तरहकी। सेव तथा संजाबकी। रायतो २ शाक ८ भुजेना ८ लथाना ८ दूधघरको प्रकार बरफी केशरी। पेड़ा। मेवाटी, केशरी, अधोटा, खोवाकी गोली, मलाई दूध पूड़ी, दही खट्टो मीठो, शिखरन, सब तरहकी मिठाई, साबोनी गजक गुलाबकतली वगेरे। मेवा भण्डारके बदाम, पिस्ता वगेरे। खरबूजाके बीज वगेरे पगेमा कतली अथवा लडुवा वगेरे। विलसारु पेठा, केरीके मुरब्बा वगेरे। फल फलोरी। नीलो मेवा वगेरे सब तरहके। नारंगीको पणा वगेरे। और विगत-वार सब श्री गुसाँइजीके उत्सवप्रमाण देखलेनो पाछे वन्धन-वार बाँधनी। राजभोगको समय भये पाछे पूर्वोक्त रीतिसों सरायके तिलक भेट नोछावर, राई नोन करनों। प्रथम गुड़, तिल दूध एक कटोरीमें धरनों। श्लोक पढकें पाछे राजभोग

सरे पीछे आरती चूनकी करनी घण्टा झालर शङ्ख बाजत वधाई गावत शंख बाजत होय । जन्मपत्र वचे जो पादुकाजी न विराजत होंय तो वी तिलक भेट चून की आरती करनी । राई नोन नोछावर करनी पाछे नित्यक्रमकी रीति ॥

वैशाख वदि १२ शृंगार सब पहले दिनको । गरमी बोहोत होय तो पिछोड़ा धरावनो । सामग्री बूँदीके लडुवाको बेसन सेर ऽ॥ की । दार छड़ियल कढ़ी डुवकाकी ॥

वैशाख वदि १३ वस्त्र कसूँभी। पिछोड़ा पाग गोल । शृंगार हलको । दार तुअरकी ॥

वैशाख वदि१४पीरी धोती उपरना पाग गोल ठाड़े वस्त्र हरे॥

वैशाख वदि ३० वस्त्र गुलेनार । शृंगार मुकुट काछनीकी । सामग्री पूवाको चून सेर ऽ१ गुड़ घी बराबर चिरोंजी ऽ॥

वैशाख सुदि १ वस्त्र गुलेनार । पिछोड़ा, पाग ॥

वैशाख सुदि २ कसूँमल पिछोड़ा, पाग गोल चन्दका सादा, ठाड़े वस्त्र हरे ॥

वैशाख सुदि ३ अक्षय तृतीयाको उत्सव ॥

साज सब सुपेत बाँधनो । चन्दुआ पिछवाई सब सुपेत बाँधनो । सब ठिकाने सुपेती चढ़ावनी । मङ्गलामें आड़बँध धरे । सगरे दिनको नेग सतुआको । ताको सतुआ सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ बूरा सेर ऽ४ अभ्यंग होय । वस्त्र श्वेत केशरी काँगरा-वारी कोरके पिछोड़ा कुल्हे श्वेत तामें श्वेत रूपेरी चित्रके । ठाड़े वस्त्र केशरी आभरन मोतीके जोड़ चन्द्रका ३ को राजभोग समय सामग्री पकोड़ीकी कढ़ी, झँझराकी सेवको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ१॥ के लडुवा । इलायची मासा ३ भुजेना २ शाक २ बूँदी तथा बूंदी की छाछ राजभोगमें

धरिके चन्दनमें सुगन्धी मिलावनी। चन्दन बाँधिके पानी निकासडारने। तामें केशरि, कस्तूरी, बरास, चोवा, अतर, गुलाबको, मोतिआको, केवराको और गुलाब जल ये सब मिलाय तबकड़ीमें गोला करि छन्नासों ढाँकिके पाटपें धरनो। कुञ्जा २ माटीके छोटे बड़े जोय जल भरिके पटोपें ढाकिके धरने। गुलाबदानी गुलावजलसों भरिके सुपेद चोली उढ़ायके पाटपर धरने। और पंखा छोटे बड़े पंखी नवी झालरदार। पाछे राजभोग सरायके माला धरायके, अधिवासन करनो। श्रौताचमन प्राणयाम, करिके संकल्प करनो। ॐ" हरिः ॐश्री-विष्णुर्विष्णुः इत्यादि श्रीमद्भगवतः पुरुषोत्तमस्य चन्दनोत्सवं कर्तुं चन्दनलेपनार्थं व्यजनकरणार्थं चन्दनव्यजनयोरधिवासनमहं करिष्ये "पढ़के कुमकुम् अक्षत छिड़कनो। गद्दीकी कटोरी भोग धरि तुलसी शंखोदक धूप, दीप, करि, चारि बातीकी आरती करिके साज सब ठिकाने धरिये। गद्दी प्रसादीमें धरे। दर्शन खुलाय कीर्त्तन होय। झालर, घण्टा, शंख नाद होय। चन्दन धरावने। श्रीमहाप्रभुजीको स्मरण करि दंडवत करिये। प्रथम छोटे कुञ्जाकूंजारीके आगे तवकड़ीमें पधरावने। और गुलाबदानी दोऊ ओर तबकड़ीमें धरनी। पाछे बड़े कुञ्जा शय्याके पास तबकड़ीमें धरने। पहले चन्दनकी गोली एक जेमने श्रीहस्तमें धरावनी। फिरि वाम श्रीहस्तमें धरावनी। फिरि जेमने चरणारविन्दपें धरावनी। फिरि वाम चरणारविन्दपे धरावनी। पाछे हृदयमें धरायके, पाछे पङ्खा नयेमेंसों छोटे दोय हाथमें लेके दोनों हाथनसों करके गादीकें पीछले तकियापें खोंसके धराइये। और सब पङ्खा दोय हाथ-नमें लेलेके करे। सो सब पङ्खा दोनों आड़ी पड़घापें धरे। तथा

शय्याके पास पड़घापें धरे । सो पंखा दशहरातांई रहे फिर बड़े होय जायँ। ऐसे सब स्वरूपनकूँ चन्दन धरावनो। पाछे डंडवत करि टेरा करनो।चरणारविन्दमें तुलसी समर्पनी। पाछे सखड़ीके पड़घा दोय माड़ने तिनमें एकपें दही भात राधाष्टमीप्रमाणे । यामें सधानों नित्यकी कटोरी धरनो । और दूसरे पड़घापें घोरचो सतुआ सेरऽ॥ बूरो सेरऽ१॥ घी सेरऽ= और अनसखड़ी चो-कीपे धरनी । ताकी विगत–बीजके लडुवाके बीज सेर ऽ॥ बूरो सेरऽ१ पेड़ा सेरऽ॥ वासोंदी सेरऽ१ पणाके ओला सेर ऽ। खाँण्ड सेरऽ॥ पणाकी, दार दोय तरहकी भीजी आध आधसेर, बदाम, पिस्ता, चिरोंजी, मखाना, ये चारचों भुँजे कोलाके बीजआध छटाँक फल फूल, केरीको मुरब्बा, मीठो दही सेरऽ॥ जीराको दही सेरऽ॥ लूण, मिरच, बूराकी कटोरी, ये सब भोग धरनो धूप दीप तुलसी शङ्खोदक करनो । पाछे सात डबुआ जलके भरके धरने । सात डबरा सतुआके तामें टका ७ बूरो छटांक २ घत, काकड़ी ७ पंखा ७ इन सबको संकल्प करनो । पाछे सेवक ब्राह्मणको देनो । पाछे समय भये भोग सराय बीड़ा २ धरने । बीड़ा १ अधिकी धरनी । साज सब माण्डके जलकी परात छोटी चौकीपें धरनी । तामें नाव तथा खिलोना फूल तेरावने । आरती थारीकी करनी । पाछे नित्यक्रमसों अनोसर करनो ॥

उत्थापनमें चन्दनकी गोली सूकी होय तो गुलाब जलसों भिजोवनी । उत्थापनभोगमें पणा नित्य आवे । ताको ओला१ भिजी दार आवे सेरऽ। तामें एक दिन चनाकी तामें अजमाइन मिलावनी । दूसरे दिन ऽसेर मूङ्गकी,तामें कछु नहीं मिलावनो। तीसरे दिन मूँगकी अंकूरी सेर ऽ। तामें खोपराकी चटक पैसा

१॥ भर या प्रमाणे रथयात्राताँई नित्य आवै ता पाछे छुकी दार आवे सो जन्माष्टमी ताँई। पणो आजसों जन्माष्टमी ताँई नित्य आवे। उत्थापन भोग सरे ता पाछे छोटो कुञ्जा नित्य धरनो। शृंगार बड़ो होय ता समय चन्दन बड़ो होय। और श्रीठाकुरजीके चरणारविन्दको चन्दन पौढ़ावत समय बड़ो करनो। और अरगजाकी वरनी शयनमें सुपेत आवे तामें कपूरकी सुगन्ध मिलावनी। सो रथयात्राताँई आवे। सो अनोसरमें रहे। और राजभोग समय केशरी चन्दनकी बरनी आवे। सो जन्माष्टमीके पहले दिन ताँई आवे। छिड़काव दोनों बिरियां नित्य होय। टेरा खसके दोनों बिरियां नित्य छिड़कने। सो रथयात्रा ताँई। और अक्षयतृतीयासों रंगीन वस्त्र नहीं धरे। और श्वेत, अरगजी, गुलाबी, चन्दनी, चम्पई, ये स्नानयात्रा ताँई धरे। और केशरी छापाकी कुल्हे, टिपारो, दुमालो, फेंटा, वारको, पाग गोल, पगा वारकी खिड़कीकी। अरगजी खिड़कीकी, गुलाबी खिड़कीकी, पाग वारकी फेंटा, आड़बन्ध पड़दनीके शृंगारम धरे। तब दोय कर्णफूल धरावने। चन्द्रका नहीं। अकेलो जेमनो कतराही धरावनो। और अक्षयतृतीयासूँ जा उत्सवमें छड़ियलदार लिखीहोय तामें धोवा दार करनी। कुञ्जा आठमें दिन पलटने। सो अषाढ़ी पून्यो ताँई। फूहारा रथयात्रा ताँई छूटे। रथयात्रा ताँई चौकमें विराजे। नित्य शयन आरती चौकमें होय। और अषाढ़ीपुन्योताँई शय्याजी ऊघाड़ी रहें॥

वैशाख सुदि ४ केशरी कोरके धोती उपरना। और सब पहले दिनको शृंगार॥

वैशाख सुदि ५ वस्त्र फूल गुलाबी सूथन, पटुका, पाग गोल ठाड़े वस्त्र श्याम ॥

वैशाख सुदि ६ वस्त्र अरगजी, टिपारो, आजते ठाड़े वस्त्र नहीं धरे। चन्द्रका ३

वैशाख सुदि ७ पिछोड़ा सुपेद। फेंटा, कतरा २

वैशाख सुदि ८ अरगजी सूथन, पटुका पाग गोल ॥

वैशाख सुदि ९ पिछोड़ा सुपेद, पाग छज्जेदार॥

वैशाख सुदि १० अरगजी मल्लकाच्छ टिपारो ॥

वैशाख सुदि ११ वस्त्र गुलाबी, रुपेरी किनारीके। पिछोड़ा, कुल्हे, पिछवाई केसरी ॥

वैशाख सुदि १२ गुलाबी धोती उपरना। पाग छज्जेदार ऊपर सेहेरो धरावनो ॥

वैशाख सुदि १३ पिछोड़ा केसरी कोरको। पाग गोल। वैशाख सुदि १४ नृसिंह चतुर्दशीको उत्सव। सो तादिन सुपेदी रहे। अभ्यंग होय। वस्त्र केशरी। पिछोड़ो कुल्हे। जोड़ चन्द्रका सादा। आभरन मोतीके हीराके वघनखा धरे। सामग्री सतुआ सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१॥ राजभोगमें भुजेना २ शाक २ सेव झरझराकी। बूंदीकी छाछि। छूटी बूँदी, साँझकूँ सन्ध्याआरती पीछे ग्वाल अरोगायके शृंगार सुद्धा पञ्चामृतकी तैयारी करनी। दूध ऽ॥ दही ऽ। घृत ऽ= बूरो ऽ॥ सहत ऽ= पटापें केलाको पत्ता बिछायके ताके ऊपर सब साज धरनो। जलको लोटा १ यमुनाजलकी लोटी १ तथा सङ्कल्पकी लोटी १ एक तबकडीमें कुमकुम् अक्षत पीरे और अरगजाकी कटोरी, और एक पड़घीपें पञ्चामृत करायवेको शङ्ख धरनो। यह सब तैयारी करनो सिंहासनके आगे मन्दिर

वस्त्र करिके कोरी हलदीको अष्टदल कमल करि तापे परात धरके तामें चकला बिछायके तापे कुमकुमको अष्टदल करि तापे दुहेरो दरियाईको पीताम्बर बिछायके श्रीप्रभुजीकों माला धराय पाछे श्रीगोवर्द्धनशिला अथवा शालगरामजीको पधरावने। पाछे दर्शनको टेरा खोलनो। घण्टा, झालर, शङ्ख, झांझ, पखावज वजे। कीर्तन होत चरणारविन्दमें तुलसी महामन्त्रसों समर्पणकीजिये। पाछे श्रौताचमन प्राणायाम करिके सङ्कल्प करनो। "ॐ हरिः ॐ श्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे ऽष्टाविंशतितमे कलियुगे तस्य प्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्लोके भरत खण्डे, आर्य्यावर्त्तान्तर्गते ब्रह्मावर्त्तैकदेशे ऽमुकदेशेऽमुकमण्डले ऽमुकक्षेत्रे ऽमुकनामसम्वत्सरे सूर्य उत्तरायणे वसन्ततौ वैशाखमासे शुभे शुक्लपक्षे चतुर्दश्यामऽमुकवासरे ऽमुकनक्षत्रे ऽमुक योगे ऽमुककरणे एवंगुणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ श्रीभगवतःपुरुषोत्तमस्य नृसिंहावतारप्रादुर्भावोत्सवं कर्त्तुं तदंगत्वेन पञ्चामृतस्नानमहं करिष्ये ॥"

यह संकल्प पढ़के जल अक्षत छोड़नो। पाछे तिलक अक्षत दोय दोय बेर लगावनो। पाछे तुलसीदल महामन्त्रसों पञ्चामृतके कटोरानमें पधरावने। पाछे पञ्चामृत करावनों। प्रथम दूध,दही, घृत, बूरा, सहत, पाछे दूधसों। पाछे जलसों पाछे चन्दनसों करायके जलसों कराय अंगवस्त्र करायके श्रीठाकुरजीके पास गादीपे दक्षिण कोनेपें पधरावने। पाछे पीताम्बर उढ़ायके फूलमाला धरावनी। स्नानभये स्वरूपको तिलक अक्षत दोय दोय बेर करने पाछे आरती थारीकी करनी।

शीतल भोग धरनो । पाछे झारी भरके धरनी । शीतल भोग सरावनों । पाछे शृंगार बड़ो करनो । शयन भोग सेरे पाछे फूलनको जोड़ धरावनो । पाछे उत्सवभोग, शयन भोग भेलो धरनों । तुलसी, शंखोदक, धूप, दीप, करनों । सामग्री चोखा सेर ऽ२ दार सेर ऽ१॥ अड़बंगा केरीको सेव सबको बेसन ऽ। भुजेना २ लपेटवां पापड़ ६ कचरिया २ तिलबड़ी, ढेबरी शिखरन भात राधाष्टमी प्रमाणे दही भात घोरयो सतुआ, अक्षय तृतीया प्रमाणे । मठाकी हाँड़ी, मैदाकी घूड़ी, खेवकी खरखरी पूरी, लीटी भुजी यह सब वामनजी प्रमाणे । ,शक्करपारा, अधोटा जीराको दही, मीठो दही, लूण मिरच की कटोरी फलाहारको जो होय सो धरनों । यह सब धर तुलसी शंखोदक धूप दीप, करनों पाछे समय भये भोग सराय आरती करनी शयनमें वघनखा रहे । सो पोढ़त समय वड़ो करनों । और नृसिंहजीसों आठमें दिन अभ्यंग होय । ता दिन गोपीवल्लभमें दारभात नहीं आवे। सिखरन भातको डवरा आवे ऐसेही घोरयो सतुआ राधाष्टमी प्रमाणे । दार धोवा कढ़ीके पलटे अड़बंगा आवे और जलकी परात भरके राजभोगके दर्शन में नित्य धरनी । सो रथयात्राके पहले दिन ताँई और नित्य फूआरा तथा छिड़काव होय सो रथयात्रा ताँई । और राजभोगमें नित्य दही भात धरनो । और अनोसरमें पणाको कूलड़ा मोढ़ो बाँधिके धरनो सो रथयात्रा ताँई ॥

वैशाख सुदि १५ शृंगार सब पहले दिनको होय । सामग्री दहिथराको मैदा सेर ऽ॥ ॥

जेठ वदि १ वस्त्र श्वेत मलमलके । सादा शृंगार तनिआको । फेटा वारको । आभरन मोतीके । कर्णफूल २ कतरा जेमनो ।

शृंगार निपट हलको। दर्शन खुले तब आड़बन्ध धरावनो। भोग आवे तब बडो करनो। और कढ़ीके ठिकाने छाछि खण्डराकी। और प्रकार नवरात्रमें खण्डरा लिख्यो है ता प्रमान करनो और परातमें जल भरनो। और तिवारीमें चौकमें पत्थरके कटेराको हौद बाँधके तामें श्रीयमुनाजीके भावसों जल भरनो। तामें सब तरहके खिलौना, नाव, कमलके पत्ता, तेंरावनो। दुपहरके अनोसरमें, सामग्री—मगदको बेसन सेर ऽ१॥ घी सेर ऽ१॥ बूरो सेर ऽ१॥ फड़फाड़ियाकी दार सेर ऽ। दूध सेर ऽ१ दार चणाकी भीजी सेर ऽ। शीतल भोग आवे। मेवाकी खीचड़ी सेर ऽ= या प्रमाणे शय्याके पास भोग धरनो। सांझको शयनमें जलमें विराजें॥

ज्येष्ठ वदि २ शृंगार परदनीको। पाग गोल, कतरा॥

ज्येष्ठ वदि ३ गुलाबी सूथन,पटुका, पाग गोल, चन्द्रकासादा॥

ज्येष्ठ वदि ४ चन्दनी पिछोड़ा, टिपारो, कतरा, चन्द्रका सादा॥

ज्येष्ठ वदि ५ मंगल भोगमें सिखरन, रोटीको दही सेर ऽ२ बूरा सेर ऽ१॥ तामें गुलाब जल इलायची, मासा ४ बरास रत्ती ३ रोटीको चून महीन सेर ऽ१॥ घी सेर ऽ॥ ॥

ज्येष्ठ वदि ६ विना किनारीको पिछोड़ा, शरको फेटा॥

ज्येष्ठ वदि ७ केशरी कोरको पिछोड़ा, पाग छज्जेदार॥

ज्येष्ठ वदि ८ ता दिना जल भरनो। चन्दन पहरे। वस्त्र अरगजी सादा। पाग गोल। पिछोरा आभरन मोतीके। कर्णफूल २ शृङ्गार हलको। चन्द्रिका छोटी, दार धोवा, घोरचो सतुवा। अक्षय तृतीया प्रमाणे। ता पाछे राजभोग सरायके बीड़ी अरोगायके शृङ्गार चौकी पर पधरावने झारी पास

धरनी। शृङ्गार भोग धरनो। आभरन सब बड़े करने। श्रीहस्तमें, चरणपें गोली चन्दनकी धरावनी। आभरन फूलनके धरावने। श्रीअङ्गमें चन्दनकी खोर धरावनी। श्रीस्वामिनीजीकी चोलीके ऊपर चन्दन की खोली धरावनी। और सब स्वरूपनकूँ धरायकें माला पहिराय नित्यवत् अनोसर करनो॥

अनोसरके भोगको प्रकार।

खरबूजाको पणा। बूरा सेरऽ१ लुचईको मैदा सेरऽ१ घी सेरऽ॥ बूरो सेरऽ१॥इलायचीमासा१॥और प्रकार पहले भोगमें लिख्यो है ता प्रमाण। मगदको बेसन सेरऽ१॥ घी सेरऽ१॥बूरो सेरऽ१॥ सुगन्ध। फड़फड़ियाकी दार सेरऽ। दूध सेर ऽ१ दार चणाकी भीजी सेरऽ। शीतल भोग आवे। मेवाकी खीचड़ी सेरऽ=या प्रकार शय्याके पास भोग धरनो। और साँझकों भोगके दर्शन समय जलमें विराजें। केला ४ की कुञ्ज बाँधनी फुआरा छुटे। सन्ध्याआरती पाछे शृङ्गार चन्दन वड़ो करि, स्नान कराय, रात्रीमें आभरन रहे सो आभरन धराय शयन भोग धरनो। ताको प्रमान। रोटीको चून सेरऽ१॥ घी सेरऽ॥ चोखा सेरऽ१॥ तुअरकी दार सेरऽ१ कढ़ी पापड़, बिलसारु, केरीके टूक सेरऽ॥ खाण्ड़ सेर ऽ१॥ इलायची मासा १॥ केशर मासा १॥ बरास रत्ती १ गुलाबजल, भोगधरि,समय भये भोगसरायके नित्यकी रीति प्रमाण आरतीकरनी और अनोसरको भोग अनासरमें रहे॥

ज्येष्ठ वदि ९ सुपेत पड़दनी, पाग गोल, चन्द्रका सादा॥

ज्येष्ठ वदि १० वस्त्रफूल गुलाबी, सूथन, पदुका, फेंटा॥

ज्येष्ठ वदि ११ वस्त्र अरगजी, पिछोड़ा, पाग गोल, खरबूजा २५ बूरो सेरऽ१० खरबूजा उत्सवकूं श्याम स्वरूपको

चन्दन धरावनो। विना केसरी की सुपेद चोली धरावनी। तामें केशरीके टपका करने॥

ज्येष्ठ वदि १२ वस्त्र चम्पई। धोती उपरना, दुमालो, सेहरा सामग्री उपरेटाकी मैदा सेर ऽ॥ घी खाण्ड बराबर॥

ज्येष्ठ वदि १३ चन्दनी आड़बन्ध, वारको, फेंटा, कतरा, चन्द्रका सादा॥

ज्येष्ठ वदि १४ सुपेद पिछोड़ा, पाग गोल, कतरा॥

ज्येष्ठ वदि ३० वस्त्र फूल गुलाबी, सूथन पटुका, पाग॥ दार धोवा उड़दकी सतुआ सेर ऽ१ घी सेर ऽ१॥ बूरो सेर ऽ२ और नित्य खरबूजा ९ भोग धरने। खरबूजाको पणा राजभोगमें नित्य आवे। और आँब चले तबसों आँबको रस नित्य राज भोगमें चालू राखनों। तब खरबूजाको पणा बन्द करनों। शयनमें बिलसारु रोटी। खरबूजाको बिलसारु करनो छड़ी- यल दार ऽ१ और सब येहै भोग प्रमाण करनो। कढ़ी पापड़ केरीके टूक सेर ऽ॥ खाँड सेर ऽ१॥ चोखा सेर ऽ१॥ भोग धरायके समय भये भोग सराय नित्य क्रमसे आरती करनी॥

ज्येष्ठ सुदि १ अरगजी, पड़दनी, फेंटा, जल भरावनों। आभरन मोतीके, मोरशिखा, दार धोवा, कढ़ीके बदले छाछि बूँदीकी। और नवरात्रमें जो बूँदीको प्रकार लिख्योहै ता प्रमान करनो। रायता बूँदीको, मीठो शाक, बूँदीको सब प्रकार बूँदीको करनो। अनोसरमें मगद, तीगड़ाको। खरबूजाके पलटे आँब धरने। और एक दिन आँब सब दिन धरने। शयनमें मण्डली दूसरे तीसरे दिन करनी। फुहारे छूटें, श्वेत चन्दनकी खोरी धरावनी। पौढ़त समय अङ्गवस्त्र करनो। कछु लग्यो रहे नहीं॥

ज्येष्ठ सुदि २ वस्त्र चम्पई। पिछोड़ा, पाग वारकी खिड़कीकी॥

ज्येष्ठ सुदि ३ केसरी पिछोड़ा, कुल्हे, सामग्री घेवरकी ऽ॥
ज्येष्ठ सुदि ४ सुपेद वस्त्र, पाग, पिछोड़ा ॥
ज्येष्ठ सुदि ५ वस्त्र, चम्पई, धोती, उपरना, पाग वारकी ॥
ज्येष्ठ सुदि ६ वस्त्र सुपेद, सूथन, पटुका, पाग गोल ॥
ज्येष्ठ सुदि ७ वस्त्र सुपेद, किनारीके, मल्लकाछ, टिपारो ॥
ज्येष्ठ सुदि ८ गुलावी पिछोड़ा, सेहेरो ॥
ज्येष्ठ सुदि ९ चम्पई आड़बन्ध, फेंटा, कतरा ॥

ज्येष्ठ सुदि १० दशहरा । सो ता दिन श्रीयमुनाजीको उत्सव । तथा श्रीगङ्गाजीको उत्सव । जलभर्‌यो जाय । वस्त्र अरगजी । सादा पिछोड़ा । पाग वारकी खिड़कीकी । आभरन हीराके । कर्णफूल २ शृंगार गोटूनताँई । श्रीठाकुरजीकों पलनांमें पधरायके पाछे साङ्गामाँचीपे श्रीयमुनाजीके भावसूँ शृंगार करनो । साड़ी अरगजी । चोली गलकेसरी सादा । श्रीयमुनाजीको पाठ करत जानो । बड़ेनकों स्मरण करि दंडवत करि शृंगार करनो । बाहिर अष्टपदी गाइये । चूड़ी, तिमनियां, नथ, और आभरन धरावने । गुञ्जा धरावनी । माँगमें सिन्दूर भरनों । टीकी लगाय, माला धराय, आरसी दिखाय । भोग सखड़ी अनसखड़ीको जुदो धरनो । ताकी सामग्री मठड़ी, पगे खाजाको मैदा सेर ऽ१॥ खाँड़ दोनोंनकी बराबर । घी सेरऽ१॥ सीराको चून सेर ऽ॥ घी बूरा बराबर । सुहारीको मैदा सेर ऽ॥। दोय तहरकी करनी घी सेर ऽ॥ शिखरन भात, दही भात राधा· अष्टमीप्रमान । घोर्‌यो सतुआ अक्षय तृतीया प्रमान । चोखा सेर ऽ॥ अधकी दार सेर ऽ।= मूँगकी धोवा । मूङ्ग सेर ऽ= कढ़ी पकोरीकी । शाक बड़ीको । दूसरो १ भुजेना २ लपेटमां । चकरिया २ पापड़ ६ अधोटा दूध सेर ऽ१ पेड़ा सेर ऽ॥ खट्टो, मीठो

दही सेर ऽ१ एसे भोग धरि, वामओर एक चौकीपें अरगजाकी बरनी, गुलाबदानी, काजरकी बंटी, पङ्खा, सब धरिके भोग धरि तुलसी, शङ्खोदक, धूप, दीप, करनो। समय भये भोग सराय बीड़ा ४ धरने। बीड़ी जुदी अरोगावनी। पीछे मन्दिरमें पधरावने। साजकी चौकी पास धरनी। झारी फिरि भरनी। एक थारीमें पाञ्चों मेवा होरीके अनोसरमें लिखेहैं ता प्रमान धरने। बीज दोयतरहके शीतल भोग, सुपारीके टूक, इलायची। धरनी। हौदमें जल भरनो। खिलोना तैरावने। आरती थारीकी करनी। पाछे अनोसर करनो। उत्थापन समय श्रीयमुनाजीकूँ भोगके समय बाहिर तिबारीमें पधरावने। पाछे शृंगार बड़ो करि सब ठिकाने धरे। शयनमें काचकी साङ्गामाचीपे पधरावनों। शयनभोग पहले भोग प्रमान। दार धोवा। भरताके बेङ्गन सेर ऽ३ के बिलसारु रोटी खरबूजाको पणा छड़ियल दार। कढ़ी पापड़। केरीके टूक सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१॥ चोखा सेर ऽ१॥ पहले शयनभोग प्रमान धरावनो पाछे समय भये भोग सराय नित्यक्रमसों आरती करनी ॥

ज्येष्ठ सुदि ११ वस्त्र फूल गुलाबी। पिछोड़ा टिपारो ॥

ज्येष्ठ सुदि १२ वस्त्र केसरी, पिछोड़ा, कुल्हे। आभरन हीराके। जोड़ साढ़ा। सामग्री घेवर केसरी। ताको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाँड़ सेर ऽ४ केसर मासा ३ वरास रत्ती २ उत्थापनमें आँब २४ वा २६ आँब नित्य अरोगे। शयनमें अमरस रोटी केसर मासा २ कस्तूरी रत्ती २ कलीकी मण्डली सब दर खुले राखने ॥

ज्येष्ठ सुदि १३ श्रीगिरधारीजी महाराज टीके-तको जन्मदिवस ।

वस्त्र केशरी, धोती, उपरना, पाग गोल । सेहरो । आभरन मोतीके । दहीकी सेवके लडुवाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ दही सेर ऽ१ खांड़ सेर ऽ१॥ सुगन्ध ॥

ज्येष्ठ सुदि १४ चम्पई परदनी, फेंटा । कतरा १ ॥

ज्येष्ठ सुदि १५ स्नानयात्राको उत्सव ।

ज्येष्ठा नक्षत्र होय ता दिना स्नानयात्राको उत्सव करनो । पहले दिन शयन भोग धरिके जल भरि लावनों । जा ठिकानेसों हमेस आवतो होय ता ठिकानेसों भरि लावनो । पाछे निज तिवारीमें जेमने कोनेमें खासाकरि कोरी हलदीको चौक पूरिये । मूँथिआ ऊपर हाँड़ा धरि तामें सब जल करिये । श्रीयमुनाष्टकको पाठ करत जल भरवे जानो । और हाँड़ामें जल करे ता विरियां श्रीयमुनाष्टकको पाठ करत जानों । तामें गुलाबजल पधरावनो । केशरि, अरगजा, हाँड़ामें पधरावनी । तुलसी तथा रायबेलकी कली, गुलाबकी पांखड़ी डारिये ॥

पाछे श्रौताचमन प्राणायाम करि संकल्प करनो ॥

" ॐहरिः श्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य प्रातर्ज्येष्ठाभिषेकार्थं जलाधिवासनमहं करिष्ये" ॥

एसे पढ़िके जल छोंड़नो पाछे हाँड़ाकूं कुमकुमसों रङ्गनो । साथिआ करने । और चमचासों जल हलावनो । पाछे कुम्-कुम् अक्षतसों पूजन करनो । अक्षत हाँड़ामें न पड़ें । पाछे कटोरी १ घटीकी भोग धरिये धूप दीप करिय । पाछे जलमें तुलसी दल बोहोत समर्पिये । और भोगमें तुलसी दल मेलिये

पाछे शंखोदक करिये। पाछे नेक ठहरके आरती करिये पाछे हाँड़ाको मोड़ो बाँधिये ॥

आषाढ वदि १ कूं तीन बजे ता समय श्रीठाकुरजी जागें। सब साज कसीदाको बाँधनो। वस्त्र छापाके केशरी कोरके। मङ्गलामें आड़बन्ध। मङ्गला आरती पीछे। टेरा धरिके केशरी कोरके सुपेत धोती उपरना। आभरनमें नूपुर, अलंकार कड़ा, कटिपेच इतनो राखनो। परातके नीचे कोरी हरदीको अष्टदल कमलको चौक माँड़नो तापे परात धरनी। पाछे परातमें कुमकुमको अष्टदल कमल करनो। ताके ऊपर पीढ़ा बिछावनों। ताके ऊपर सुपेत वस्त्र केसरी कोर करिके बिछावनो। परातके पास हाँड़ा धरनो। हाँड़ामेंते एक डबरामें जल भरनो। श्रीठाकुरजीकूं पीढ़ापे पधरावने। ता समय। शङ्खनाद, घंटा, झालर, बाजें। मृदङ्ग तम्बूरा बजें। कीर्त्तन होय। श्रौताचमन प्राणायामकरि सङ्कल्प करनो ॥

"ॐहरिःॐश्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीभद्भगवतो महापुरुषस्य श्री विष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेत वाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे ऽष्टाविंशतित मे कलियुगे तस्य प्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्ल्लोके भरतखण्डे आर्य्यावर्त्तान्तर्गते ब्रह्मावर्त्तैकदेशेऽमुकदेशे ऽमुकमण्डले ऽमुकनक्षत्रेऽमुक सम्वत्सरे सूर्ये उत्तरायणे ग्रीष्मर्तौ शुभे मासे शुभपक्षे शुभतिथौ शुभे ज्येष्ठानक्षत्रे। ऽमुकयोगे अमुककरणे एवंगुणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्यार्थे ज्येष्ठाभिषेकमहं करिष्ये" ॥

यह पढ़के जल छोड़नो। पाछे प्रथम तिलक करि, अक्षत लगाय दोय दोय बेर। महामन्त्रसों पाछे तुलसी चरणारविन्दमें

समर्पनी तुलसीदल शङ्खमें डारिये। पाछे झालर घंटा सब बन्द राखने। पाछे शङ्खसों प्रभूनको स्नान करावनों । ज्येष्ठाभिषेक उपनिषद्को पाठ करनो। पाठ होय तबताँई स्नान करावनो। और अभिषेकको जल शेष रहे सो जलकी परातमें पधराइये। पाछे भीड़ सरकाय टेरा खेंचनो। पाछें धोती, उपरना, आभरन, बड़े करिके। अङ्गवस्त्र करावनो। शृङ्गारभोग, झारी, बीड़ा धरिये। वस्त्र सुपेत, केसरी, छापाको पिछोड़ा, कुल्हे सुपेत अक्षयतृतीयाकी जोड़ चन्द्रका३को। आभरन मोतीके॥

गोपीवल्लभमें उत्सव भोग की सामग्री।

सतुआके लडुआ, बीजके, चिरोंजीके, लडुवा। धोई दार, अंकूरी, आँवा, पणो दोऊ ओर तर मेवा धरि धूप, दीप, तुलसी शङ्खोदक करनो। और उत्सवभोग गोपीवल्लभभोग भेलो आवे। और बाकी सामग्री राजभोगमें आवे। और सतुआ घोरचो अक्षयतृतीया प्रमाणे। दहीभात शिखरन भात, राधाष्टमीप्रमाण भुजेना२ शाक२ बूँदीछूटी। छाछि बूँदीकी बीजके लडुवा के बीज सेर ऽ१ चिरोंजी सेर ऽ१ दोऊनकी खाँड़ सेर २ इलायची मासा २ बरास रत्ती १ पणो दोय तरहके । अक्षयतृतीयाते दूने। अङ्कूरीकी मूङ्ग सेर ऽ१० खोपरा सेर ऽ।= बरफी सेर ऽ१ बासोंदी सेर ऽ१ खट्टो मीठो दही। आँब २०० फल फूल भुजे मेवा, अक्षयतृतीया प्रमाणे भंडारके सबतरहके। बड़ाकी छाछि। ताकी पीठी सेर ऽ॥ घी सेर ऽ। उत्सवके सधाने ये सब राजभोगमें आवें। बीड़ा ४ अधकीमें आवे। साँझको छोंकी अङ्कूरी अरोगे। और नित्यकी रीतसे दार कच्ची नित्य आवे सो रथयात्राताँई और रथयात्रा ते जन्माष्टमीताँई छुकी आवे॥

आषाढ वदि २ वस्त्र सुपेद श्याम छापाके वड़ो पिछोड़ा पाग गोल ॥

आषाढ वदि ३ लाल टपकीको सुपेत पिछोड़ा पाग छज्जेदार ॥

आषाढ वदि ४ श्याम टिवकीको श्वेत पिछोड़ा। मंगलभोगमें खिखरन। फेनारोटी शिखरनको दही सेर ऽ३ बूरो सेर ऽ१॥ गुलावजल इलायची मासा ४ बरास रत्ती ३ रोटीको चून महीन सेर ऽ१॥ घी सेर ऽ॥ कढ़ी मिरचकी शाक २ बड़ीके। भुजेना ४ कचरिया ४ तिलबड़ी ढेवरी। लूण, मिरच, बूराकी कटोरी सधाना। माखनमिश्रीकी कटोरी। वगेरे पहले मंगल भोगमें देखनो। ता प्रमान ॥

आषाढ वदि ५ सादा आड़बन्ध। फेटा बारको कतरा चन्द्रका सादा ॥

आषाढ वदि ६ वस्त्र अरगजी। सूथन, फेंटा। साँझको फूलनको शृङ्गार।मल्लकाच्छ टिपारोको करिये। दर्शनके किमाड़ खोलिये। आरसी दिखावनी। शयनभोग धरनो। तामें अमरस रोटी। पहले भोग प्रमाणे। केसर मासा २ कस्तूरी रत्ती २ दार धोवा बिलसारु खरबूजाको पणा कढ़ी पापड़, चोखा सेर ऽ१॥ केरीके टूक सेर ऽ॥ के ॥

आषाढ वदि ७ चन्दनी पिछोड़ा। पाग गोल ॥

आषाढ वदि ८ वस्त्र सुपेत लाल वूटीके। पिछोड़ा पाग छज्जेदार। चन्द्रका सादा ॥

आषाढ वदि ९ डोरियाके वस्त्र। मल्लकाछ टिपारो ॥

आषाढ वदि १० वस्त्र फूल गुलाबी,सादा सूथन पटुका पगो।

आषाढ वदि ११ सुपेद पिछोड़ा, टिपारो, फलाहार ॥

आषाढ वदि १२ वस्त्र, काँटा सरियाके फूलके रङ्गको पिछोड़ा। पाग गोल। मङ्गलामें अमरस रोटी। शयन भोगमें लिखी है ता प्रमान वेंगनकी गुझिया। ताको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ॥ बेङ्गन सेर ऽ४ कोरो भरता भी धरनो। केसर मासा ३ कस्तूरी रत्ती २ बिलसारु। खरबूजाको पणा। चोखा सेर ऽ१॥ दार धोवा। कंड़ी। पापड़। करीके टूक सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१॥

आषाढ वदि १३ सुपेत आड़बन्ध। कुल्हे। जोड़ चन्द्रका ३ को॥

आषाढ वदि १४ छापाकी कोरको धोती उपरना, पाग गोल चन्द्रका,॥

आषाढ वदि ३० गुलाबी पिछोड़ा,पाग छज्जेदार, कतरा॥

रथयात्रा।

आषाढ सुदि १ जा दिन पुष्य नक्षत्र होय ता दिन रथयात्राको उत्सव करनों। दूजकूँ पुष्य नक्षत्र होय तो दूजकूँ अथवा तीजकूँ होय तो तीजकूँ करनों। रथ पहले दिन साजि राखनों रथमें घोड़ा नहीं। और ठिकाने घोड़ा होय है। रथमें झालर रेशमी रंगीन बाँधनी। पिछवाई रंगीन लाल। चन्दोवा रंगीन और चन्दोआ पिछवाई सब बदले। सुपेत भाँतदार। तीन वजे ता समय श्रीठाकुरजी जागें। पलङ्गपोस सुपेद वड़ो बाल भोग सेवकके लडुवाको। मैदा सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ खाण्ड दूनी। ता दिन अभ्यङ्ग हाय। वस्त्र सुपेद डोरियाके। सुनेरी किनारीके। बागो चाकदार। कुल्हे सुनेरी चित्रकी सुपेत। आभरन उत्सवके। जोड़ चन्द्रका ५ को शृंगार भारी करनों। कम-

लपत्र करनों। ठाड़े वस्त्र केसरी। सामग्री—उपरेटाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेरऽ॥ शिखरन भात दही भात राधाष्टमी प्रमाणे। कढ़ीके पलटे तीनकूड़ा पकोरीको। राजभोगमें शाक२ भुजेना २ सेव पाटियाकी बड़ाकी छाछि। राजभोग धरिके रथकूँ साजनो। उत्तरमुख तिवारीमें पधरावनो। गादी तकिया पेड़ेकी सुपेदी, नित्यकी उतारनी। राजभोग आरती भीतर करिके। पीछे रथको अधिवासन करनो। श्रौताचमन प्राणायाम करि संकल्प करनो। "ॐहरिः ॐश्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया अस्य श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य रथाधिरोहणं कर्त्तुं तदंगत्वेन रथाधिवासनमहं करिष्ये" जल अक्षत छोड़नो। पाछे रथको चन्द्रन अक्षत छिड़कनों धूप, दीप करिये। ता पाछे कटोरी १ घट्टीको भोग धरिये ता पाछे शंखनाद, घण्टा झालर, पखावज वाजत बड़ेनको स्मरण करि दंडवत करि श्रीप्रभूकों गादी सुद्धां रथमें पधरावने। झारी भरके दर्शन खोलने॥ रथको थोरोसो चलावनो। एक कीर्त्तन होय। फिरि रथके अगाड़ी मन्दिर वस्त्र कराय चौकी माड़िये। भोग धरनो। तुलसी शंखोदक, धूप, दीप, करनो पहले भोगको समय आध घड़ीको करनो। पाछे आचमन, मुखवस्त्र कराय, बीड़ा २ धरि, दर्शनके किवाड़ खोलने। पाछे रथकूं चलावनों। दोय बेर एक कीत्तन होय तहां ताँई दर्शन करावने। झारी भरनी। ता पाछे दूसरो भोग धरनो। घड़ी १ को समय करनो। भोग सराय बीड़ा ४ धरनें। माला धराय। दर्शनके किमाड़ खोखने। थोड़ोसों रथकूं चलावनो। पंखा मोरछल। चमर। सब करने। अब दूसरे कीर्त्तनको आरम्भ

होय तब रथकूं डोल तिवारीमें दक्षिण मुख पधरावनो। टेरा करनो। झारी भरनी। जलकी हाँड़ी १ धरनी तामें कटोरी तेरावनी सो छन्नासों ढाकके धरनी। ता पाछे छेलो भोग धरनो। तुलसी, शंखोदक, धूप, दीप, करनों। समय घड़ी २ को करनो। पाछे भोग सरायके बीड़ा १० धरने। पाछे दर्शनके किवाड़ खोलने। वीड़ी १ अरोगावनी। रथकूं चलावनो। चौथे कीर्त्तनको आरम्भ होय तब आरती थारीकी करनी। और धूप, दीप, तुलसी शंखोदक तो तीनो भोगमें होय। और आरती तो एक पाछे भोगमें होय। अब आरती करिके। न्योंछावर राइ नोन करनी। पाछे परिक्रमा ३ करनी। पाछे दण्डवत करि हाथ खासा करिके रथकूं चलावमो। निज मन्दिरकी तिवारीके द्वारपे राखनो। पाछें टेरा करनो। शृंगार वागा बडो करनो। कुल्हेको शृंगार सब रहिवेदेनो। जोड़ चन्द्रका ३ को धरावनो। पिछोड़ा धरावनो। बाजू पोहोंची धराय। श्रीकण्ठको शृंगार घोटुनताँई करनो। कुण्डल धरायके पाछे प्रभूको ठिकाने पधरावने। झारी भरनी। सब साज नित्यवत् माडिकें अनोंसर करनो। रथकूं तिवारीमें राखनो। साँझकों सन्ध्या आरती पीछें शृंगार बड़ो करनो। श्रीहस्तमें पहुँची राखनी। शयन समय चौक रथ विना छत्रिकेमें विराजे। रथको चलावनो। आरती करि नित्यकी रीति अब सामग्री लिखे हैं मठड़ी, शकरपारा, सेवके लडुवा, गुञ्जा, बूँदी छूटी काँजी मैदाकी पूड़ी, ये सब डोलसूं आधो वड़ाकी छाछि, फड़फड़िया चना शाक, भुजेना, सधाना, पेड़ा बरफी, दूध वासोंदी, खट्टो, मीठो, दही, विलसारु, सिखरन बड़ी, भुजे, मेवा, सव डोल, प्रमाणे।

बीज चिरोंजीके लडुवा अङ्करी। दोय तरहको पणा। ये स्नानयात्रासूँ दूनो। आम ६०० डोलमें तीन भोग साजने। ताही प्रमान तीनों भोग साजने। शयनमें प्रथम रथ थोरोसो चलावनो। ता पाछे आरती करने। दूसरे दिन राजभोगके लिये चारयों सामग्रीनमेंते दोय दोय नग राखनो। काँजी राखनो। अब रथयात्रासूँ शयनमें चौकमें नहीं विराजें। साँझकूँ अङ्करी की धरनी। पाछे दूसरे दिनसूँ नित्य दार छुकी धरनी सो जन्माष्टमीताँई॥

आषाढ सुदि २ दूसरे दिन वस्त्र येही धरावने। श्रीमस्तकपें ०हे आभरन हीराके। आड़बन्ध धरावनो। चन्द्रका १ धरावनी कुल्हेके ऊपर। शृंगार गोटुनताँई करनों। दार छड़ियल। कढ़ी डुबकीकी। सामग्री राखी होय सो धरनी। अब रथयात्रासूँ फूआरा, छिड़काव, खसके टेरा, सुपेद चन्दन, राज भोगको दही भात अनोसरको पणा, जलकी परात बन्दहोय। और जो गरमी होय तो आषाढ़ी पून्यो ताँई राखने। फकत परात जलकी नहीं धरनी। कुञ्जाहू आषाढ़ी पून्यो ताँई गरमीहोय तो राखने। नहीं तो रथयात्राताँई राखने।

आषाढ सुदि ३ पिछोड़ा, भात दार। वस्त्र किनारीके॥

आषाढ सुदि ४ वस्त्र चम्पई। सूथन, पटका, फेंटा॥

आषाढ सुदि ५ डोरियाको सुपेद पिछोड़ा। लाल गोटिको सुपेद पगा॥

आषाढ सुदि ६ कसूबा छठको उत्सव।

साज कसूमल। आजसों रङ्गीन वस्त्र लाल। कसूमल बिना किनारीके। पिछोड़ा, पाग छज्जेदार। चन्द्रका सादा।

आभरन मोतीके। कर्णफूल ४ शृंगार मध्यको। सामग्री—मनोहरको मैदा चोरीठा सेर ऽ॥ गिजड़ीको दूध सेर ऽ२॥ घी सेर ऽ॥ खाँड़ सेर ऽ२ सुगन्ध। और शाक। भुजेना। बूँदीकी छाछि सब धरनों। साँझकों उत्थापन भोग अरोगिके। लाल-तूलके बंगलामें बिराजे। केला ४ की कुञ्ज करनी। भोगके दर्शन भये पाछे सन्ध्याभोग धरिवेकी सामग्री—माखनबड़ाको मैदा सेर ॥ माखन सेर ऽ। घी सेर ऽ॥ इलायची मासा १ भरताकी गुझिया। मैदाकी पूड़ी, बेंगनके भुजेना। भरता। आमको बिलसारु। लुचई पूड़ी। यह भोग आवे। और नित्यवत्॥

आषाढ सुदि ७ वस्त्र डोरियाके किनारीवारे। धोती, उपरना। दुमालो बीचको॥

अषाढ सुदि ८ वस्त्र गुलाबी। सूथन पटुका। पाग गोल। साँझको फूलको शृंगार भोगमें करनों। काछनी पीताम्बर। काछनी गुलाबा। मुकुट आभरन सवफूलके शृंगार भोग तथा शृंगार करिबेकी विधि पहले लिखी है ता प्रमान करनों शृंगार करिके टेरा खोलि आरसी दिखावनी। शयन भोग धरनों। तामें अमरस रोटी पहले भोग प्रमाण। केशर मासा ३ कस्तूरी रत्ती २ दार धोवा ऽ१ चोखा सेर ऽ१॥ खरबूजाको पणा। बिलसारुकी केरीके टूक सेर ऽ॥ खाँड सेर ऽ१ बड़ीको शाक।

आषाढ सुदि ९ फूल गुलाबी पिछोड़ा। पाग। सादा चन्द्रका॥

आषाढ़ सुदि १० श्रीदाऊजीको जन्मदिवस।

वस्त्र केशरी। कुल्हे पिछोड़ा। ठाड़े वस्त्र श्वेत। जोड़ सादा

आभरन उत्सवके राजभोगमें जलेबीको मैदा सेर ऽ१। घी सेर ऽ१। खाँड़ सेर ऽ३॥। वेंगन दशमी। साँझ सबेरे सब बेंगन को प्रकार करनो॥

आशाढ सुदि ११ टिपारो धरे वस्त्र पहले दिनके॥

आषाढ सुदि १२ गुलाबी पड़दनी पाग गोल॥

आषाढ सुदि १३ धोती उपरना चम्पई। पाग गोल॥

आषाढ सुदि १४ सुफेद आड़बन्ध। वारको फेंटा॥

आषाढ सुदि १५ वस्त्र इकधारी चूनड़ीके शृंगार मुकुट काछनीको। आभरन मोतीनके ठाड़े वस्त्र सुपेद। सामग्री लाटाकी। ताकी चिरोंजी सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ१ कचोरीको मैदा सेरऽ॥ पिट्ठी सेरऽ॥ घी सेरऽ॥ दार तुअरकी। छोंक्यो दही सेर ऽ॥ पाग गोल चूंदरीकी॥

श्रावण वदि १ हिंडोलाकी विधि अरु ताको उत्सव।

हिंडोलामें विराजें। और मुहूर्त्त देखनो पड़वाकूं विराजे। और श्रीठाकुरजीकी बृषराशिकूं आछो चन्द्रमा देखनो। और चौघड़िया आछो देखनो। और भद्रा सबेरे होय तो सांझकूं और सांझकूं भद्रा होय तो सबेरे हिंडोरामें पधरावने। जो सबेरे चौघड़िया आछो होय तो। शृङ्गार पाछे। गोपीवल्लभ ग्वाल भेलो करि हिंडोलाको अधिवासन करनो। ता पीछे श्रीठाकुर जीकूं पधरावनो। घंटा, झालर, शङ्ख, पखावज बाजत। और उत्सवभोग हिंडोरे झूलिचुकें तब अरोगे। पाछे पलना नित्य क्रम। फिरि साझकों नित्य क्रमसों झूले। ता प्रमाणे झूलावने। सों सांझकों आछो होय तो साँझकों हिंडोरामें पधरावने। अब सब प्रकार लिखेहैं। ता प्रमान करनो अभ्यङ्ग होय। किनारीको

पिछोड़ा, लाल कसूंमल, ठाड़े वस्त्र हरे, पाग खिड़कीकी, चन्द्रका सादा । आभरन हीराके । शृंगार भारी करनो । कर्णफूल ४ कलंगी ३ झोंरा२ बंटा डोरियाको । पलंग पोस सुजनी हरे पतऊआकी । सामग्री बूँदीके लडुवाकी । ताको बेसन सेर ऽ॥ घी खाण्डप्रमान । और प्रमानसाज नित्य बदलनो । रंगीन तरहतरहके उत्थापन भोग सन्ध्या भोग भेलोई धरनो । हिंडोराझूले तवताँई भोग तथा सन्ध्याभोग भेलो आवे। हिंडोरामें सुपेती नहीं राखनी । सन्ध्या आरती पीछे ग्वाल धरिके हिंडोराको अधिवासन करनो । श्रौताचमन प्राणायाम करि सङ्कल्प करनों ॥

" ॐ हरिः ॐ श्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगतः पुरुषोत्तमस्य हिंडोलाधिरोहणं कर्त्तुं तदङ्गत्वेन हिंडोलाधिवासनमहं करिष्ये" । यह सङ्कल्प पढ़िके हाथमेंसे जल अक्षत छोड़नो । पाछे हिंडोलाकों चन्दन लगाइये । कुमकुम् अक्षत छिड़किये । तापीछे धूप, दीप, करि पाछे घट्टीकी कटोरी भोगधरिये । पाछे तुलसी समर्पिये शङ्खोदक करि तापाछे एकलो घंटा बजाय आरती दोय बातीकी करिये तापाछे घंटा, झालर, शङ्खनाद, पखावज, बाजत श्रीठाकुरजीको हिंडोलामें पधरावनो । पाछे नित्य पधारतीबिरियां घंटा, झालर, शङ्ख नहीं बजे । पाछे माला धरावनी । झारी बंटा हिंडोरामें धरनों । पाछे भोग धरनो ।सो भोगकी सामग्री । सकरपाराको मैदा सेर ऽ१॥ घी खाँड़ बराबर । फीके खाजाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ सूँठ, लूण, मिरच, सधाँनाकी कटोरी । तुलसी शंखोदक करि, धूप दीप, करनो । समय आधघड़ीको करनो । पाछे आचमन मुखवस्त्र कराय । बीड़ा २ धरने । ता पाछे दर्शनके किंवाड़

। हिंडोरा झुलावने । पहले चार झोटा सामनेसों देने । फिरि जेमनी ओरकी डाँड़ी पकड़के झुलावने फिरि दूसरे कीर्त्तनको प्रारम्भ होय तब फिरि सामनेसे झुलावने । चारचों कीर्त्तन होयचुकें तब शृंगार वड़ो करिके शयनभोग धरने । हिंडोरा झूले तवताँई भोगके दर्शन तथा सन्ध्याआरतीके दर्शन नहीं खुलें भीतरही होंय ॥

श्रावण वदि २ वस्त्र पीरे । पिछोड़ा सोसनी । पाग खिड़कीकी पीरी । चन्द्रका बड़ी सादा । आभरन मानकके । कर्णफूल ४ शृंगार भारी करनो । सामग्री सेवके लडुवाकी ताकी मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ खाँड़ सेर ऽ१

श्रावण वदि ३ वस्त्र सोसनी । पिछोरा । कुल्हे ऊपर शृङ्गार करनो । सो हीराजेसी दिखाय ॥

श्रावण वदि ४ वस्त्र अमरसी । शृंगार मुकुट काछनी । ठाड़े वस्त्र सुपेत । आभरन पन्नाके ॥

श्रावण वदि ५ वस्त्र कसूंमल दुहेरो मल्लकाछको शृङ्गार ऊपरको मल्लकाछ लाल । नीचेको छोड़ सादा । कटिको फेटा लाल । तुर्रा पीरो कतरा दोहेरो। चन्द्रका चमकनी । आभरन पिरोज़ाके । ठाड़े वस्त्र सुपेत ॥

श्रावण वदि ६ वस्त्र हरे पिछोड़ा, पाग, कसूंबी खिड़कीकी । ठाड़े वस्त्र पीरे । आभरन हीराके । कर्णफूल ४ चन्द्रका चमकनी । लूम तुर्रा सुनहरी ॥

श्रावण वदि ७ वस्त्र लाल पीरे लहरियाके । सूथन, फेंटा, चन्द्रका, चमकनी । ठाड़े वस्त्र श्वेत । आभरन पन्नाके । कुण्डल धरे । शृङ्गार मध्यका ॥

श्रावण वदि ८ वस्त्र केशरी पिछोड़ा, टिपारो । चन्द्रका ३

सादा ठाड़े वस्त्र हरे। आभरन मानकके। सामग्री शकरपारा। ताकों मैदा सेर ऽ॥ दार तुअरकी ॥

श्रावण वदि ९ वस्त्र हवासी। पिछोड़ा पाग गोल। आभरन सोनेके। मोरशिखा। ठाड़े वस्त्र सुपेद कर्णफूल ४ शृङ्गार चरणारविन्दताईं ॥

श्रावण वदि १० वस्त्र गुलाबी। धोती उपरना, दुमालो। आभरन श्याम। कतरा वामको। चन्द्रका चमक, ठाड़े वस्त्र पीरे ॥

श्रावण वदि ११ मनोरथ पञ्चरङ्गी लहरियाको। शृङ्गार मुकुट काछनीको। हिंडोरा जा ठौर झुलायवेकूँ पधारे तहाँ हिंडोराफूल कदम्बके केला जाको करनो होय ताको करनो। प्रथम नित्य झूलते होय सो झुलावने। पाछे पधरावने। वो मनोरथके हिंडोराको अधिवासन करनो जैसे प्रथम अधिवासन लिख्योहै ता प्रमान करनो पाछे हिंडोरामें पधरायकें भोग धरनो। तुलसी, शङ्खोदक धूप, दीप, करनो। सामग्री लिखेहैं। पयोज मण्डाको मैदा सेर ऽ१॥ खोवा सेर ऽ२॥ बूरा सेर ऽ२ इलायची मासा ४ केसर मासा ३ वरास रत्ती २ घी सेर ऽ२ खाँड़ सेर ऽ१ पागवेकी एक ओर पागनो। दूध सेर ऽ१ सेवके लड्डुवाको मैदा सेर ऽ२ घी सेर ऽ२ बूरो सेर ऽ४ इलायची मासा४ गुझिया मूङ्गकी दारकी। कचौड़ीकी दार सेर ऽ१ छांछ बड़ाकी दार सेर ऽ१ फड़फड़ियाके चना सेर ऽ। चनाकी दार सेर ऽ। मैदा सेर ऽ१ पूड़ीको। बिलसारु, शिखरन बड़ीकी हाँड़ी १ भुजेना २ झझराकी सेवको बेसन सेर ऽ॥ बासोंदी केसरी सेर ऽ॥ बरफी, पेड़ा आध २ सेर फलफलोरी। शाक ४। या प्रकार सामग्री करनी। दूसरे मनो-

रथमें सामग्री दूसरी तरहकी करनी । ऐसे जितने मनोरथ होंय तामें फिर फिरती सामग्री करनी । ऐसे भोग धरि तुलसी शंखोदक, धूप, दीप, करिके समय घड़ी २ को करनों । पाछे भोग सराय आचमन मुखवस्त्र कराय बीड़ा ८ धरने । अध-कीकी बीड़ी १ दर्शन खुले ता समय अरोगावनी । पाछे झुलायवेके कीर्तन ५ होंय तामें पाञ्चमें कीर्तनको प्रारम्भ होय तब आरती थारीकी करनी पाछे नोछावर राई नोन करनों । और जो हिंडोलाके बाँधनेमें ढील हो अथवा और कोई बात की ढील होय तो शृंगार शुद्धां शयन भोग धरि शयन आरती पाछे पधरावने तामें चिन्ता नहीं ॥

श्रावण वदि १२ वस्त्र सोसनी, काछनी गोल, टिपारो। आभरन मोतीके। शृंगार गोटुन ताँई। ठाड़े वस्त्र लाल। कलँगी २ जमावकी। चन्द्रका चमकनी। सामग्री सेवके लडुवाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१ ॥

श्रावण वदि १३ वस्त्र गुलेनार, पिछोड़ा दुमालो, खूँटको सेहेरो आभरन हीराके। ठाड़े वस्त्र हरे। सामग्री जलेबीकी। लडुवाकी मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१॥ सुगंधी मासे२

श्रावण वदि १४ वस्त्र सुआपंखी। पिछोड़ा, फेंटा, कतरा वाम ओरको। चन्द्रका चमकनी। आभरन माणकके ॥

श्रावण वदि ३० को मनोरथ होय। सो पहले लिखे प्रमान पत्तीको हरयो हिंडोरा बांधनो। पत्तीको न होय, काचको करनों वस्त्र हरे रुपेरी किनारीके । शृंगार मुकुट काछनीको करनो आभरन हीराके धरावने। पूवाको चून सेर ऽ॥ घी गुड़ बराबर साँझको हाँड़ी बाँधनी। रोशनी करनी। पोढ़त समय श्याम गोल पाग ॥

श्रावण सुदि १ वस्त्र लहरियाके मल्लकाछ टिपारो। ठाड़े वस्त्र हरे आभरन हीराके कतरा चन्द्रका चमकनों ॥

श्रावण सुदि २ वस्त्र अमरसी। पिछोड़ा। पाग खिड़की की रुपेरी जरीके। ठाड़े वस्त्र सोसनी। आभरन पिरोजाके। चन्द्रका धरावनी ॥

श्रावण सुदि ३ ठकुरानी तीजको उत्सव। ता दिन साज सब चून्दरीको। दिवालगिरी तिवारीमें बाँधनी। ता दिन अभ्यङ्ग होय। सुजनी हरे पतुआकी। कमलकी पलङ्गपोस वस्त्र चौफूली चून्दरीके। पिछोड़ा पाग छज्जेदार। आभरन हीराके। चन्द्रका सादा ॥ सामग्री—चिरोंजीके लड्डुवाकी चिरोंजी सेर ऽ॥ खाँड़ सेर ऽ१ इलायची मासा २ और प्रकार होरीके दिन प्रमाणे। और साँझको नित्यके काचकें हिंडोरामें झूले। झूलिचुके तब शृंगार बड़ो करिये। पागपे शिरपेच, कलङ्गी, झोरा। लरधरावनी। बाजू बड़े करने। पोहोंची राखनी। दोय तीन माला, त्रिवली, श्रीकण्ठमें राखनी। कर्णफूल, हस्तफूल राखनें। शयनमें हिंडोरामें झुलावने। पोढ़त समय छोटो शिरपेच धरावनो। अनोसरको भोग शरद प्रमाणे धरनों। सब चौपड़ साज सब माँड़नो। दूधघरकी सामग्री सब। सब तरहके मेवा, तेजाना, भुजे मेवा, राधाष्टमी प्रमाणे। पेठाके बीजके लड्डुवा, बीज सेर ऽ। खाँड़ सेर ऽ॥ केसरि मासा २ पिस्ताके टूकके लड्डुवा, पिस्ता सेर ऽ। खाँड़ सेर ऽ॥ केसर मासा २ फलफूल रु० ।) को बाँड़ा ८ अनोसरमें सब धरने। शीतल भोगके ओला सेर ऽ।= और सब नित्यक्रम ॥

श्रावण सुदि ४ वस्त्र पीरी चून्दरीके। पिछोरा दुमालो

खूँटको। चन्द्रका चमकनी। ठाड़े वस्त्र लाल। आभरन लीलमणीके॥

श्रावण सुदि ५ नागपंचमीको उत्सव।

सो ता दिन वस्त्र गुलेनार। कुल्हे पिछोड़ा। आभरन हीराके। जोड़ चमकनो। ठाड़े वस्त्र कोयली। सामग्री दहीके सेवके लडुवाको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ दही सेर ऽ१ खांड़ सेर ऽ३ इलायची मासा ३ फराको चोरीठा सेर ऽ१ चुपड़वेको घी ऽ= याके संग घी बूरेकी कटोरी धरनी। घी ऽ= बूरो ऽ= सखड़ीमें धरनो। और जन्माष्टमीकी बधाई बैठे॥

श्रावण सुदि ६ वस्त्र कोयली, पिछोड़ा, पाग, कसूमल खिड़कीकी। आभरन सोनेके, कर्णफूल ४ चन्द्रका चमकनी, ठाड़े वस्त्र कसूमल। शृंगार चरणारविन्दताँई॥

श्रावण सुदि ७ सो तादिन वस्त्र केशरी धोती, उपरना। पाग गोल। आभरन पन्नाके। कर्णफूल ४ शृंगार मध्यको ठाड़े वस्त्र हरे। कलंगी जमावकी॥

श्रावण सुदि ८ धनक लहरियाके। शृंगार मुकुट काछनीको। ठाड़े वस्त्र सुपेद। आभरन हीराके॥

श्रावण सुदि ९ वस्त्र हब्बासी रंगके सूथन पटुका कमलको। श्रीमस्तकपे फेंटा,। कतरा जेमनो। चन्द्रका चमकनी। ठाड़े वस्त्र पीरे। आभरन मोतीके। शृंगार गोटूनताँई करनो॥

श्रावण सुदि १० वस्त्र चून्दरीके शृंगार मल्लकाछ टिपारो। कतरा चन्द्रका जमावकी। ठाड़े वस्त्र हरे। आभरन हीराके। शृंगार कटिताँई॥

श्रावण सुदि ११ पवित्राएकादशीको उत्सव।

तादिन साज सब कसीदाको। सुपेदी सब उतारनी। सबेरे भद्रा होय तो साँझको ग्वाल अरोगायके पवित्रा धरावने। फिरि उत्सवभोग धरनो। भोग सरायके हिंडोरामें पधरावने। और जो सबेरेके समय आछो होय तो शृंगारके दर्शनमें पवित्रा धरावने। अभ्यंग करावनो। वस्त्र श्वेत केसरी कोरके कंगुरा-वारे। कुल्हे श्वेत रथयात्राकी। वस्त्रमें बूँटी केसरी। चरणचौकी वस्त्र लाल। जोड़ चन्द्रका सादा। आभरन मानिकके। शृंगार चरणारविन्दताँईं, शृंगार होयचुके तब गादीपे पधराय। माला पहरायके। राखीपवित्राको सङ्ग अधिवासन करनो। राखी सब तरहकी। पवित्रा तीनसो साठ तारके। सब धरने। पाछे अधिवासन करनो। श्रीताचमन प्राणायाम करि। सङ्कल्प करनो॥

· "ॐअस्य श्रीभगवतः पुरुषोत्तमस्य पवित्राधारणार्थं रक्षा-बन्धनार्थं च पवित्ररक्षयोरधिवासनमहं करिष्ये"।पाछे कुमकुम अक्षत छिड़किये"। घटीकी कटोरी भोग धरिये। तुलसी शंखोदक धूप दीप करि पाछे पवित्राकी आरती करिये। पाछे दर्शन खुलाय घंटा, झालर, शंख, झाँझ, पखावज बाजत, कीर्त्तन होत, वेणू धराय, आरसी दिखाय, दंडवत करि, श्रीठा-कुरजीकूँ पवित्रा धरावने। पहले सुन्हेरी, रूपेरी, पवित्रा धरा-वनो फिरि फूलमाला २ धरावनी। ता पाछे कलावत्तूके पवित्रा धरावने। ता पाछे सूतके पवित्रा तीन सौ साठ तारके धरावने। ता पाछे रेशमी पवित्रा धरावने। ता पाछे फिरि दूसरे स्वरू-पनकूँ धरावने। और अधकीके चरणारविन्दमें समर्पने तुलसी चरणारविन्दमें समर्पनी। पाछे सिंहासनके आगे रु० २) तथा

श्रीफल २ भेट करनो। टेरा लगायके फिरि गोपीवल्लभभोगके संग उत्सवको भोग धरनो। मिश्री सेर ऽ१॥ सकरपाराको मैदा सेर ऽ१ घी खांड़ बराबर। यामेंते राजभोगमेंहूँ धरनो। बरफी सेर ऽ॥ भुजे मेवा, फलफलोरी सब तरहके मेवा तर मेवा, सूके मेवा, बूराकी कटोरी, लूण मिरचकी कटोरी। उत्सवके सधानेकी कटोरी धरनी। पाछे तुलसी शंखोदक, धूप, दीप, करनो समय भये भोग सराय बीड़ा २ धरने। राजभोगमें शाक ४ भुजेना ४ रायता १ खीर २ बिलसारु२ छाछिवड़ाकी हाँड़ी १ अबोटा दूध सेरऽ॥ मैदाकी पूड़ी सेरऽ॥ की। और नित्यक्रम आरती थारीकी करनी। साँझको हिंडोराकी पिछवाई सुपेद। झालर सुपेद। तामें पवित्राको शृङ्गार करनो। और श्रीठाकुर जीको शृंगारमें राखीताँई नित्य पवित्रा धरावने। और मिश्री सेरऽ। नित्य भोग धरनी। और शृंगार बड़ो होय तब पवित्रा बड़े होयँ। सो पुन्योताँई धरावने राखीके संग साँझको पवित्रा बड़े होयँ। फिरि दूसरे दिन बैठककूं गुरूनको वैष्णव धरावे। और पवित्राते जन्माष्टमीकी बधाई गवाइये॥

श्रावण सुदि १२ पवित्रा द्वादशी। सो तादिना वस्त्र गुलाबी शृंगार मुकुट काछनीको आभरन पन्नाके। ठाड़े वस्त्र सुपेद। शृंगार होय चुके तब पवित्रा पहिरावने। सो सन्ध्याआरती पाछे बड़े करने। मिश्री सेर ऽ। भोगधरे। राजभोगमें सेवके लडुवाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१ दार तुअरकी। आज हिंडोराकी झालर सुपेत ताकेऊपर पवित्रा तथा हिंडोराके ऊपर पवित्रा लपेटने। फिर तेरसकूं नहीं लपेटने। तेरसकूं झालर रंगीन बाँधनी॥

श्रावण सुदि १३ चतुरा नागाको मनोरथ। ता दिन वस्त्र

चौफूली चून्दरीके। पिछोड़ा पाग छज्जेदार। आभरन पिरोजाके। सेहेरो । दोऊ आड़ी कतरा । कलंगी, लूमकी, झोरा धरावनो। ठाड़े वस्त्र श्याम । राजभोगमें सीरा । सीराको चून सेरऽ॥ घी सेरऽ॥ बूरो सेरऽ१। मेवाऽ= कङ्कोड़ाको शाक अवश्य होय॥

श्रावण सुदि १४ वस्त्र पीरे। दोहेरो मल्लकाच्छ ऊपरको मल्लकाछ लाल। नीचेको पीरो। छोड़ हरयो। कटिसूँ फेटा। कन्धेको फेटा लाल। ठाड़े वस्त्र लाल।टिपारो पीरो। तुर्रा पेच लाल। आभरन पन्नाके। चन्द्रका तीन सादा। सामग्री--दही को मनोहरको मेदा ऽ॥= दही सेरऽ॥ खाँड़ सेरऽ४ इलायची मासा ६

श्रावण सुदि १५ राखीको उत्सव। पंलगपोष बिछे अभ्यंग होय वस्त्र गुलेनार। पिछोड़ा पाग छज्जेदार। ठाड़े वस्त्र हरे आभरन हाराके। शृंगार पहले हिंडोरा प्रमाणे। चन्द्रका सादा। जो राखीको मुहूर्त सवारे होय तो शृंगारमें आरसी दिखाय वेणु वेत्र बड़े करि राखी धरावनी। पाछे आरती थारीकी करनी। ताकी विगत। भद्रारहितमें राखी धरावनी। तबकड़ीमें कुमकुम अक्षत राखने। और थारी। में कुमकुमको अष्टदल करिके चूनकी आरती करके जोड़के धरनी। पाछे बेणु बड़ोकरि पाछे दण्डवत करि शंखनाद, घण्टा, झालर, बाजत, पखावज झाँझ बाजत कीर्तन होत राखी बाँधनी। प्रथम तिलक, अक्षत, दोय दोय बेर करि पाछे जेमनी बाजूकी ओर धरावनी। फिर पोहोंचीको ठिकाने धरावनी। ऐसेही वाम श्रीहस्तमें धरावनी। याही प्रकार श्रीस्वामिनीजीकूँ धरावनी तथा और स्वरूपनकूँ धरावनी। एक एक राखी भेट धरनी। थारीकी चूनकी आरती करनी। पाछे

उत्सव भोग गोपीवल्लभ भोग भेलो धरनो सामग्री मोहनथार गुल पापड़ी । ताको चून सेर ऽ॥। घी सेर ऽ॥। खाँड़ सेर ऽ२ उत्सवके सधानाकी कटोरी धरि तुलसी, शंखोदक, धूप, दीप, करनों । और राखी बाँधत समय गुलाब कतली छन्नासों ढाँकि के भोग धरनों । अथवा जो साँझको राखी धरे तो भोगमें राखी धरावनी । और उत्सव भोग सन्ध्याभोग भेलो धरनो शृंगार बड़ो करती समय शयनमें लिख्यो है ता प्रमाणे करनों पोहोंचीके ठिकाने राखी बन्धी रेनदेनी । दूसरी वड़ी करनी । हिंडोला काचको शयनमें झूले । राजभोगमें जलेबीको मैदा सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ खाँड़ सेर ऽ३ और प्रकार पवित्रा एकादशी प्रमाणे जन्माष्टमीके गीत बैठें । भट्टीको पूजन करे । गेहूँ सेर ऽ१। गुड़ ऽ– छट्ठी माण्डवेको आरम्भ करे ॥

भादों वदि १ वस्त्र केशरी कुल्हे पिछोड़ा । श्रीगोवर्द्धनलालजीको जन्मदिवस । टिकेत श्रीगिरधारीजी महाराजके लाल जी । शृंगार मुकुट काछनीको । आभरन हीराके । ठाड़े वस्त्र सुपेद । सामग्री गुझाँ खोवाके । मैदा सेर ऽ॥ खोवा सेर ऽ१ बूरा सेर ऽ१ घी सेर ऽ॥ पागवेकी खाँड़ सेर ऽ॥ ॥

भादों वदि २ वस्त्र श्याम । कुल्हे पगा । पिछोड़ा ठाड़े वस्त्र लाल । आभरन मोतीके । चन्द्रका चमकनी ॥

भादों वदि ३ हिंडोरा विजय होय । वस्त्र कसुमल । रुपेरी किनारीके पिछोड़ा, पाग, सोसनी खिड़कीकी ठाड़े वस्त्र पीरे । चन्द्रका सादा आभरन हीराके । कर्णफूल४ राजभोगमें शकर पारा । ताको मैदा सेर ऽ॥ घी खांड़ बरावर । शृंगार गोटुन तांई । साँझकूँ हिंडोरामें चौथो कीर्त्तन होयचुके तब थारीमें कुम कुमको अष्टदल करि आरती चूनकी मुठिया बारिके करनी ।

न्योछात्र राई, नोन, करनो। दण्डवत करि परिक्रमा ३ वा ५ करनी। पाछें हिंडोरामेंसूँ पधरावने। ता पाछे सब नित्यक्रम॥

भादों वदि ४ वस्त्र सूवापङ्खी। पिछोड़ा, पाग गोल ठाड़े वस्त्र हरे। आभरन मुक्ताके॥

भादों वदि ५ वस्त्र इकधारी चून्दरीके लाल। पिछोड़ा। पाग छज्जेदार। ठाड़े वस्त्र हरे। आभरन पन्नाके शृंगार हलको। कर्णफूल २ कलंगी लूमकी। राजभोगमें सेवके लडुवाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरा सेर ऽ१ और मादल बाजे॥

भादों वदि ६ वस्त्र लहरियाके। पाग छज्जेदार। पिछोड़ा। ठाड़े वस्त्र लाल। आभरन माणकके। कलंगी जमावकी। कर्णफूल ४ शृंगार मध्यको। सामग्री बूँदीके लडुवाको बेसन सेर ऽ॥ घी बूरो प्रमान सुगन्धी। नगाड़ा वजे॥

भादों वदि ७ छठीको उत्सव। वस्त्र कसूमल, पिछोड़ा, पाग छज्जेदार। ठाड़े वस्त्र पीरे। चन्द्रका सादा। आभरन हीराके। कर्णफूल ४ शृंगार चरणारविन्द तांई। सामग्री घेवरकी। मैदा सेर ऽ। घी सेर ऽ। खाँड़ सेर ऽ॥। केसर मासा १ दार उड़दकी। शयन भोगमें छठीको भोग आवे। फिर प्रसादी, छठीकूं धरनो। पूड़ी सीरा फेनीको मैदा सेर ऽ॥ खाँड़ सेर ऽ॥ सीराको चून सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ१ फीके खाजाको मैदा सेर ऽ॥ घी सेर ऽ॥ बूरो सेर ऽ॥ एक बगल पगे। सूंठ पिसी भुजेना एक लपेटमा एक सादा शाक १ उत्सवके सधानाकी कटोरी। लोन, मिरचकी कटोरी, बूराकी, कटोरी, मुरब्बा ४ तरहको। दूध अधोटा, हिंडोराकी शय्या उतरे। अरगजाकी कटोरी। छोंकीदार। पणो। ये सब बन्द होय॥

इति श्रीनवनीतप्रियाजीके घरकी नित्यकी तथा उत्सवकी सेवा

विधी, वस्त्र शृंगार तथा सामग्रीकी विधि विस्तार पूर्वक और सातों वरकी सेवा विधि संक्षेप सों लिखी है श्रीकृष्णाय नमः

अथ ग्रहणविधिः ।

ग्रहणके पहले दिन कोरी सुपेदी चढ़ावनी । रसोई बालभोगकी, अपरस सब निकासनी छातीताँई पुतवावनी । माटीके वासन रसोईके बालभोगके सब निकासने । और सधानाघरमें, पापड़में, बड़ी, पाटियाकी सेवमें, दूधघरमें, गुलाबजलमें, फूलघरमें, शाकघरमें, भण्डारमें, शय्यामन्दिरमें निज मन्दिरमें, सब ठिकाने कुश धरने । दूधघरके वासन भडारके चूनके वासन नये नहीं छुवे । बन्धेबन्धाये बीड़ा पान घरमें रहे । मन्दिरमें नहीं रहे । दूधघरमें सिद्धकरि सामग्री नहीं रहे।और ग्रहणकी तैयारी होय । तब कोठीको जल निकासनो । वासन सब औंधे करके धरने । मन्दिरमें धुवे वस्त्र होंय घरी करेभये धरेहोंय सो नहीं छुवे । वामें कुश धरनो । जल पानकी चपटिया तथा प्रसादी चपटिया निकाशनी । दीवी, आरती,घण्टा झालर,धूप,दीप, ये सब मझवावने । जल तवाई सब ठिकानेकी निकासनी । चूनेकी जगेमें जल तवाई होय तहाँ चूनेसों पुतवावनी । एकवेर पुतें मजे पाछे दीवा जरे सो नहीं छूवे । ग्रहणसमे उनकूं छूवनो नहीं । और सरकायवेको उठायवेको काम पड़े तो पतुवासों करनो । मुखिया तथा भीतरियानकूं कोरे धोती उपरनां देने । अब मंगलामें शृङ्गार ऋतु अनुसार रहेतो होय सो राखनो । ग्रहण समे झारी पास नहीं रहे झारीके झोला उतारके औंधी करनी । ग्रहण समे शय्या उठायके ठाड़ी करनी । करवामें जल राखनो

हाथ खासाकरवेकूँ लोटीमें जल राखनो सङ्कल्पके लिये पीरे अक्षत राखने ग्रहण समें प्रभूनसों कछु दान करावनो । ताको प्रमान जब चन्द्रग्रहण होय तो एक टोकरामें चोखा सेर ऽ५ घी सेर ऽ१। खाँड सेर ऽ१। श्वेत वस्त्रको टूक सवा गजको दक्षिणाको रु० ।) गोदानको रु० १) ग्रहणको मध्य-काल होय तासमय दान करवेको सङ्कल्प करनो । "ॐहरिः ॐ श्रीविष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य श्रीविष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्याद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे ऽष्टाविंशतितमे कलियुगे तस्य प्रथमचरणे बौद्धावतारे जम्बूद्वीपे भूर्लोके भरतखण्डे आर्य्यावर्त्तान्तर्गते ब्रह्मावर्तैकदेशेऽमुकदेशे ऽमुकमण्डले ऽमुकक्षेत्रे ऽमुक सम्वत्सरे यथा सूर्य्ये यथाऽयने ऽमुकर्त्तावमुकमासे ऽमुकपक्षे ऽमुक तिथावमुकवासरे ऽमुकनक्षत्रे ऽमुकयोगे ऽमुककरणे ऽमुकरा-शिस्थिते सूर्य्येऽमुकराशिस्थिते चन्द्रे एवंगुणविशेषणविशि-ष्टायां शुभपुण्यतिथौ श्रीमन्नन्दराजकुमारस्य राहुग्रस्ते निशा-करे (सूर्यग्रहण होय तो दिवाकरे कहनो) महापर्वपुण्यकाले सर्वा रिष्टनिवृत्त्यर्थं शुभस्थानस्थितिफलप्राप्त्यर्थं इमानि गोधूमानि (सूर्य होय तो) तंडुलघृतशर्करादि वस्त्रदक्षिणां गोनिष्क्रयी-भूतदक्षिणां यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय दातुमहमुत्सृजे तेन पुण्येन श्रीगोपीजनवल्लभः प्रीयतां" और तो सब लिख्यो है ता प्रमान दान करनों । और चोखाके ठिकाने गेहूँ सेर ऽ१० घी सेर ऽ२॥ गुड़ सेर ऽ२॥ खारुवाको टूक गज १। दक्षिणा को रु० ॥) गोदानको रु० १।) ग्रहणके उग्रहमें घड़ी दोय घटती होय सो तब जल घड़ामें लकरिया बराय देनी । उग्रह होय तब न्हाय पहली गागर आवे तामेंसों स्नानको जल तातो

धरनो। सब वासन नये जलसों खासा करनें। रसोई बालभोग में जल छिड़कनो। सामग्री बेगि करनी। स्नान करायके झारी तथा दूधघरकी सामग्री भोग धरनी। छन्नासों ढाकिके पास राखनी। और सब स्वरूपनकूं स्नान करावनों। जो ग्रस्तोदय होय और बेगि होय तो उत्थापन भोग तथा सन्ध्या भोग भेलो करनों। और अबेर होय तो सन्ध्या भोग जुदो धरनो। सन्ध्या आरती करके शृंगार बड़ो करनें। ग्वालको डबरा धरनों। स्पर्श होय तो झारी उठाय दर्शन खुलावने। उग्रहभये पाछे शयन भोग आवे। दार छड़ियल, शाक वड़ीको। चोखा सेर ऽ१ दार सेर ऽ॥ ढील न होय सो करनो। जो रसोईकी ढील होय तो स्नान भये पाछे पेड़ा भोग धरि टेरा खेंचनो। पाछे शयनभोग धरनो। नित्य नेममें मगद वाराप्रमाणे आवे। जो ग्रहण पहिली रात्रीमें घड़ी २ रात्रगये होय तो शयनभोग पहले धरनो। और उग्रह भये पाछे स्नान करायके पोढ़वेको शृंगार करि पेड़ा भोग धरिये। भुजे बीजकोलाके बीज तथा खरबूजाके बीज, मखाना, चिरोंजी, मगदके लडुवा सब भोग धरि पाछें अनोसरकी तैयारी करिके भोग सरायके पोढ़ावने। और जो थोड़ी रात्रि रहे उग्रह होय तो स्नान कराय मंगलाके शृंगार करिके मंगलाभोग धरनो। और जो घड़ी चार रात्रिगये ग्रहण होय तो शयन आरती करिके दोय घड़ी दिनसों पोढ़ावने। और जब ग्रहणको स्पर्श होयवेको समय होय तब घंटानाद करिके जगावने। और उग्रह भयेपै स्नान कराय लिखे प्रमान भोग धरके पोढ़ावने अनोसर करनो। और जो ग्रस्तास्त होय और जो घड़ी दोय दिन चढ़ेते उग्रहहोय। तब मंगला भोग पीछे धरनो। और जो तीन चार घड़ी दिन चढ़े उग्रह

ग्रहणके दर्शन खोलने। स्पर्श होय तब झारी उठावनी। शास्त्ररीतिसों उग्रह होय तब स्नान शृंगार गोपीवल्लभमें अनसखड़ी धरनी। नित्य नेगमें मगद। आठ नग राजभोगमें धरने। और राजभोगमेंहूँ अनसखड़ी धरनी। भातके ठिकाने सीराको थार आवे ताको चून सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ बूरो सेर ऽ२ चिरोंजी सेर ऽ। पूड़ी सेर ऽ४ की शाक १ अरवीको छाछि डारिके पतरो करनो तीन शाक और करने। भुजेना १ लपेटमां एक सादा, रतालूकी पकोरी। लोन सधानो। निंबू, मिरच, आदा पाचरीके दिन होंय तो धरनी। शीतकाल होय तो गुड़, दही, शिखरन, रायता, माखन, बूराकी कटोरी सब नित्य प्रमाण धरनी। शीराके थारमें, दारके ठिकाने बूराकी कटोरी धरनी बूरासों थार साननो और अनोसर नित्यवत्। साँझको दोय घड़ी दिन रहे तब न्हाय। सब सिद्धकरे। नये जलसों सब सामग्री चढ़े। सखड़ीमें दार भात, मुंग, और सब अनसखडीमें करनों। सूर्यग्रहणमें अस्त होय तो याही प्रमाने। उग्रह भये पाछे शयन भोग अनसखड़ी धरनो। सबेरे सूर्य उदय होय तब अपरसमें न्हानो। सूर्य ग्रहण ग्रस्तोदय होय तब मंगलाभोग पाछे जो चार घड़ी तीन घड़ी दिन चढ़े होय तो मंगलाभोग पीछे धरनो। जो सूर्य ग्रहणको स्पर्श प्रहर दिन चढ़े भीतर पेहेले होय तो गोपीवल्लभमें अनसखड़ी धरनी। ग्वालको डबरा धरनो। पलना झुलावनो। दोय घड़ी दिन चढ़े स्पर्श होय तो मङ्गलाभोग ही धरनो। और सब पाछे होय। जो अनोसर जितनो समय न होय तो उत्थापन भोग धरनो। और जो उत्थापनके समयकूँ ढील होय तो पेड़ा, भुने

वीज भोग धरिके, अनोसरकी सब तैयारी करिके भोग सरायके आचमन मुखवस्त्र कराय बीड़ा धराय अनोसर करनो। शीतकाल होय तो और जो दोय घड़ी दिन चढ़े ग्रहण लगत होय तो अन्धेरेमेंही राजभोग आरती करनी। फिर शृंगार बड़ो करि मङ्गलामें रहे इतनोही राखनों। ग्रहणकी ढील होय तो पेड़ो बिछाय टेरा खेंचलेनो। पाछे जब स्पर्श होय तब पेड़ो उठाय शय्या ठाड़ी करि दर्शन खोलने। नित्यके मङ्गलभोगके समेसूँ घड़ी दोय घड़ी ग्रहण अबेरो होय तो मङ्गलभोग पहले धरनो। और जो नित्यके मङ्गलभोगके समेसूं कछुक सूर्य ग्रहण पहले होय तो मंगलभोग पीछे धरनो। उष्णकालमें सूर्य ग्रहण दुपहरेके समय होय तो स्पर्श स्नान श्रीठाकुरजीकूं करावनो केशरीकोरके धोती उपरना धरावने। श्रीमस्तकपे तिलक अलकावली।लर दोहेरा करिके कण्ठमें धरावनी। श्रीमस्तक खुलो रहे। आभरन मंगलाप्रमाणे धरावने। श्रीकण्ठमें एक छोटी माला। मोतीकी एक कण्ठी धराय दर्शन खुलावने। और आश्विनकी जोपुन्योको ग्रहण होय तो शरदको उत्सव पहले दिन करनो। और पुन्यो जो घटीहोय अरु चौदशको ग्रहण होय तो तेरसकूं शरदको उत्सव करनो। और जो दिवारीकूं ग्रहण होय तो रूपचऊदशकूं दिवारीको उत्सव भेलो करनो। और अन्नकूट अक्षयनौमीकूँ करनो। और गोपाष्टमीकूँ सन्ध्याआरती पीछे शृङ्गार बड़ो करिके वस्त्र दिवारीके धरावने शयन भोग सरे तब कान जगावने हटरीमें विराजे। दीपमालिकाके दीवा सब जुड़ें। शृङ्गार सुद्धां पोढ़ावने। मङ्गलनी होरीके दिन होरीको लिख्योहै। ताप्रमाणे थार अनोसरमें आवे मिठाई सेर ऽ१ सब तरहकी आवे। और जो

फाल्गुनी पुन्यो को ग्रहण होय तो डोल ग्रहणके दिन करनो। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्रकी बाट न देखनी। ऐसेही स्नानयात्राकूं करनो। आषाढ़ी अमावास्याकूं जो ग्रहण होय तो और दूसरे दिन परिवाकूं पुष्य नक्षत्र होय तो रथयात्रा दूजकूं करनी। और जो तीजकूं पुष्य नक्षत्र होय तो तीजकूं करनी चन्द्रग्रहणके तीन पहर आगले छोड़ने। जो याहीते चार प्रहर दिन उपवास ग्रस्तास्तसों रात्रीके दूसरे दिन शुद्ध सूर्य दर्शन पीछे नवीन जलसों स्नान करे। सूर्यग्रहण ग्रस्तोदय होय तब पहले दिन रात्रीको महाप्रसाद नहीं लेनो। और कछु नहीं। इति श्रीसातों घरकी उत्सव प्रणालिका तथा ग्रहणकी विधि सम्पूर्ण॥

अथ कत्थाकी गोली करिवेकी विधि कत्था सेरऽ॥। दिन २१ जलमें भिजोवनो नित्य नितरतो जल बदलनो। फिरि बड़ी तोड़ि सुकावनी। पीछे पीसके कपड़छान करे पाछे कस्तूरी मासा६ खैरसार मासा६ अम्बर तोला१ अतर गुलावको मासा ३ अतर मोतियाको मासा ३ अतर केवड़ाको मासा ३ फुलेल मासा ६ इन सबनको पुट लगावनो कत्था सेर ऽ॥। ताको आधो रहे। गुलावजलमें सानके गोली बाँधनी। कत्थाकी विधि सम्पूर्ण॥

सामग्रीको प्रमाण तथा विधि।

१ केशरी घेवर, २ केशरी चन्द्रकला, ३ आदाको मनोर, ४ मोहनथार धाँसको, ए चार सामग्रीकी खांड़ पचगुणी घी दुगुनो तथा ड्योड़ो क्रमते॥

चौगुनी खाण्डकी सामग्री। ५ पिसी बूँदीको मोहनथार वेस-

नको। ६ मनोहर गीदड़ीको। ७ मनोहर दहीको। ८ मनोहर खोवाको। ९ मनोहर बेसनको। १० मनोहर मैदाको। ११ मनोहर चोरीठाको। १२ घेवर। १३ चन्द्रकला। १४ धांसके-लडुवा। १५ मूङ्गकी बूँदीके लडुवा। १६ मीठी कचोड़ी। १७ तवापूड़ी। १८ बुड़कल। १९ शिखरणबुड़कल। २० मोहनथार मूङ्गके ॥

१ श्रीमदनमोदककी विधि मैदा सेर ऽ१ दहीमें बांधनो सेव छांटके पीसनी चौगुनी चासनीमें डारके सुगन्ध मिलायके लडुवा बांधने ॥

२ मदनदीपक। बेसन सेर ऽ१ दूध सेर ऽ४ में राव करके औटायके जमावनो पाछे कतली करनी पाछे घृतमें तलनी पाछे चासनीमें पागनी चासनी जलेबीकीसीमें ॥

३ दीपकमनोहर। मैदा सेर ऽ१ चोरीठा सेर ऽ१ वदामको मावो कच्चो तीनोंकूँ मिलायके मनोहरकी सेव छांटनी पाछे चासनी में मिलायके सुगन्ध मिलायके लडुवा बाँधने ॥

४ चिरोंजीकी गुझिया चिरोंजी सेर ऽ१ पीसके बूरो सेर ऽ१ मिलायके लडुवा बांधके मैदाकी पूड़ीमें भरके गूथने, तलने॥

५ एसेई पिस्ताकी गुझिया होयहै ॥

६ गुलगुलाकी विधि। गुलाबके फूलकी पखड़ी खमीरकरि राखिये घीमें भूँजिये फूल परिपक्व होंय तव जलेबीकी सी चासनीमें पागिये ॥

७ सूरनके लडुवा ॥ सूरनके टूक दूधमें बाफि जीणा करि घीमें भूँजि खांड़ तिगुनी चासनीकरि सुगन्ध डारि लाडू बाँधिये ॥

८गेहूँको चून सेरऽ॥ बेसन सेरऽ॥ घीमें भूंजिये परिपक्व होय तब दूध सेर ऽ। डारि फिर भूजिये पाछे खांड़ सेर ऽ१॥ बरास इलायची डारि लाडू बांधिये९ हुलासके लडुवा, दूध सेर ऽ१ डारि औटावे गाड़ो होय तव खांड़ सेर ऽ१ घी सेर ऽ१ डारि परिपक्व होय तब मेवा बरास इलायची डारि लाडू बाँधिये ॥

यह संक्षेप प्रकारसे सामग्री लिखी गईहै विस्तार पूर्वक सखड़ी अनसखड़ी दूधघर और खाँड़घरकी सामग्री क्रिया समेत जल,घी इत्यादिके प्रमाण तथा तौलसहित 'व्यञ्जनपाक-प्रदीप' नामक ग्रन्थमें छपीहै जिनको देखनाहो उस पुस्तकमें देखलेना ।

मुखिया रघुनाथजी शिवजी सरस्वती भण्डार मथुरा ।

इति श्री मुखिया रघुनाथजी शिवजी संग्रहीत
वंल्लभपुष्टिप्रकाश प्रथम भाग सम्पूर्ण ।

श्रीहरिः

श्रीवल्लभपुष्टिप्रकाश।

दूसरा भाग।

श्रीकृष्णाय नमः॥ श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः॥

अथोत्सवनिर्णयः।

श्रीबालकृष्णपत्कंजं मानसस्थं सुखप्रदम्। प्रणम्य तत्प्रेरणया ग्रन्थोऽयं क्रियते मया ॥ १ ॥ दोहा—वल्लभनन्दन पदयुगल, वंदनकरि सुखदान॥ निज मारग निर्णय निरखि लिखिहूँ ताहि प्रमाण॥ अथ प्रथम श्रीमहाप्रभूनने। श्रीभागवततत्त्वदीपनिवंधकेविषें। "एकादश्युपवासादि कर्तव्यं वेधवर्जितम्।" या कारिकाविषें एकादशीसूँ निर्णयको क्रम लिख्यो है। तेसें अबहू एकादशीसूँ आरम्भ करिके निर्णय लिखतहूँ॥

अथ एकादशीनिर्णय। दशमी जो पचपन ५५ घड़ी होय तो वा एकादशीको त्याग करनो। और पलमात्रहू जो पचपनघड़ीमें ओछी होय तो वह एकादशी न छोड़नी। ऐसें श्री कल्यानरायजीने हूँ आपने एकादशीको निर्णय कियोहै तामें लिख्योहै। और जो ज्योतिषीपास न होय और वेधको सन्देह मनमें रहेतो होयतो। शुद्ध द्वादशीके दिन व्रत करनों ऐसो वाक्य है। और दोय एकादशी होंय तो दूसरी एकादशी के दिन व्रत करनों। और जो दोय द्वादशी होंय तो। शुद्ध एकादशी होय तो हू पेहेली द्वादशीके दिनहीं व्रत करनो।

जन्माष्टमी निर्णय। भाद्रपद वदि अष्टमी जन्माष्टमी। सो वह अष्टमी सप्तमीविद्धा न लेनी सप्तमीको वेध सूर्योदयसुँ लेनों।

नांईं पचपन ५५ घड़ीको वेध न लेनो। और अष्टमीजो सप्तमीविद्धा होय तो औदयिक अष्टमीके दिन उत्सव माननों। और अष्टमीको क्षय होय तोहू शुद्ध नवमीके दिन उत्सव माननो। और दोय अष्टमी होंय तो पहली अष्टमीके दिन उत्सव माननो ॥ २ ॥

अथ राधाष्टमी निर्णय। भाद्रपद सुदि अष्टमी राधाअष्टमी सो उदयात् लेनी। और दोय अष्टमी होंय तो पहली अष्टमीके दिन उत्सव माननो। और अष्टमीको क्षय होय तो विद्धा अष्टमीके दिन उत्सव माननो ॥ ३ ॥

अथ दान एकादशीको निर्णय। भाद्रपद सुदि एकादशी दान एकादशीताको निर्णय। भाद्रपद सुदि एकादशी दान एकादशी। सो जादिन व्रत करनो तादिन दानको उत्सव माननो। व्रतको प्रकार तो प्रथम एकादशी निर्णयमें लिख्यो है। और यह उत्सव कितनेक औदियिकी एकादशीके दिन करतहैं। और एकादशीको क्षय होय तो विद्धा एकादशीके दिनही करत हैं। परन्तु मुख्य पक्ष व्रतके दिन उत्सव करनों यहही है ॥ ४ ॥

अथ वामन द्वादशी निर्णय! भाद्रपद सुदि द्वादशी वामन द्वादशी सो द्वादशी मध्याह्न व्यापिनी लेनी। मध्यानको लक्षण जितनी दिनमानकी घड़ी होंय तिनको बराबर मध्यभागसों मध्यान होयहै। यह मुख्य पक्ष है। और जितनी दिनमानकी घटी होंय तिनके पाञ्च भाग करने। तिनमें तीसरो भाग मध्याह्नको। जितनी घड़ीको आवे ताकालको नाम मध्याह्न काल। यह दूसरो पक्ष है। और एकादशीके दिन विष्णुशृंखल योग होय तो एकादशीके दिन उत्सव माननो। विष्णुशृंखल योगको प्रकार। एकादशीमें श्रवण नक्षत्र बेठे। और

द्वादशी श्रवण नक्षत्रहीमें उपरान्त आवे । ता योगको नाम विष्णुशृंखल योग है। यह योग एकादशीके दिन सूर्य्योंदयसूँ लेके सूर्य्यास्तसूं पहलोंचाय तब आवत होय तो एकादशीके दिन उत्सव माननों । और रात्रिमें ए योग आवतो होय तो सो उपयोगी नहीं । और एकादशीके दिन विष्णुशृंखल योग न होय । केवल श्रवण नक्षत्र होय । और द्वादशीके दिन श्रवण नक्षत्र न होय तोहू एकादशीके दिन उत्सव माननों । और विद्धा एकादशीके दिन श्रवण नक्षत्र होय तो वा दिन उत्सव नहीं माननों द्वादशीके दिन माननों । और दोई दिन श्रवण नक्षत्र होय और द्वादशी मध्याह्न समयके विषे दोई दिन आवती होय तो एकादशीके दिन उत्सव माननों। और मध्याह्न समय दोई दिन द्वादशी न आवती होय तोहू एकाशीके दिन उत्सव माननों । और एकादशी तथा द्वादशी दोई दिन श्रवण नक्षत्र आवतो होय तो द्वादशीके दिन उत्सव माननों और दोय द्वादशी होय तो पहेली द्वादशीके दिन श्रवण नक्षत्र होय तो पहेली द्वादशीके दिन उत्सव माननों। और दूसरी द्वादशीके दिन श्रवण नक्षत्र होय तो दूसरी द्वादशीके दिन उत्सव माननों। और दोय दोय द्वादशीनमें श्रवण नक्षत्र होय तो जा दिन मध्याह्न समय श्रवण नक्षत्रकी व्याप्ति होय ता दिन उत्सव माननों। और दोई दिन श्रवण नक्षत्र होय परन्तु मध्याह्न व्याप्ति दोई दिन नहीं होय तो जा दिन उदयात् श्रवण नक्षत्र होय ता दिन उत्सव माननों ॥ ९ ॥

अथ नवरात्रप्रारम्भनिर्णयः ।

आश्विन सुदि प्रतिपदासूँ नवारात्रको प्रारम्भ होय । सो प्रति

पदा उदयात् लेनी । और दोय प्रतिपदा होंय तो पहली प्रतिपदा लेनी । और प्रतिपदाको क्षय होय तो विद्धा प्रतिपदा लेनी। अथ विजयादशमीनिर्णयः । आश्विन शुद्ध दशमी विजयादशमी सो दशमी सन्ध्याकालव्यापिनी लेनी। सो (दशमी) दोय प्रकारकी श्रवण युक्त और श्रवण रहित । तामें श्रवण रहित दशमी चार प्रकारकी होय है पहले दिन सन्ध्याकाल व्यापिनी दूसरे दिन सन्ध्याकालव्यापिनी दोईदिन सन्ध्याकाल व्यापिनी और दोई दिन सन्ध्याकालमें न होय। ऐसी तामें पहले दिन सन्ध्याकाल व्यापिनी होय तो पहले दिन माननी और दूसरे दिन सन्ध्याकालव्यापिनी होयतो दूसरे दिन माननी और दोई दिन सन्ध्याकालव्यापिनी न होय तो दूसरी दशमीके दिन माननी। अब श्रवण नक्षत्र सहित विजयादशमीको प्रकार पेहेले दिन दशमी श्रवण नक्षत्रयुक्त सन्ध्याकालव्यापिनी होय तो पेहेले दिन माननी । और दूसरे दिन सन्ध्यासमय श्रवणनक्षत्रयुक्त होय तो दूसरे दिन माननी । और दशमीके दिन श्रवणनक्षत्र उदयात् होय और सन्ध्याकालविषे । श्रवणनक्षत्रकी व्याप्ति आवती न होय तोहू वा दिन माननी । और पहले दिन सन्ध्याकालव्यापिनी दशमी न होय । और दूसरे दिन सन्ध्याकालसूं पहले दशमी और श्रवणनक्षत्र होय और समाप्त होतेहोंय तो दूसरे दिन माननी और सूर्योदयसमय थोड़ी दशमी होय और श्रवणनक्षत्रकी व्याप्ति होय सन्ध्यासमय होय तोहू वा दिन माननी ॥ ७ ॥

अथ शरत्पूर्णिमानिर्णयः । आश्विन सुदि पुन्यो शरद पुन्यो सो चन्द्रोदयव्यापिनी लेनी और दोई दिन पुन्यो चन्द्रो-

दयव्यापिनी होय तो पहली लेनी। और दोई दिन चन्द्रोदय-व्यापिनी न होय तोहू पहली लेनी ॥ ८ ॥

अथ धनत्रयोदशीनिर्णयः। कार्तिकवदि त्रयोदशी धनत्रयोदशी सो त्रयोदशी उदयात् लेनी। दो त्रयोदशी होय तो पहली लेनी और त्रयोदशीको क्षय होय तो विद्धा लेनी ॥ ९ ॥

अथ रूपचतुर्दशीनिर्णयः। कार्तिक वदि चतुर्दशी रूप-चतुर्दशी। यह चतुर्दशी चन्द्रोदयव्यापिनी लेनी और दोई दिना चन्द्रोदव्यापिनी होय तो पूर्व लेनी। और दोई दिना चन्द्रोदय समय अथवा अरुणोदय समय चतुर्दशी क्षयवशसूँ न आवतीहोय तो विद्धा लेनी यद्यपि निर्भयरामभट्टने यह चतुर्दशी सूर्योदयव्यापिनी लिखीहै तथापि संवत्सरोत्सव-कल्पलता, उत्सवमालिका प्रभृति प्राचीन ग्रन्थनको तो पहिले लिख्यो सोही सम्मतहै ॥ १० ॥

· अथ दीपोत्सवनिर्णयः। कार्तिक वदि अमावस दीवारी सो अमावस प्रदोषव्यापिनी लेनी। प्रदोषको लक्षण तो सूर्यास्त होयवेलगे तबसूं छः घड़ी रात्रि जाय ता कालको नाम प्रदोष काल। पेहले दिन प्रदोषव्यापिनी होय तो पहले दिन माननी और दूसरे दिन प्रदोषव्यापिनी होय तो दूसरे दिन माननी। और दोई दिन प्रदोषव्यापिनी होय तो पहले दिन माननी। और दोऊ दिन प्रदोषव्यापिनी न होय तोहू पहले दिन माननी ॥ ११ ॥ अथ अन्नकूटोत्सव निर्णयः ॥ अन्नकूटको उत्सव दिवारीके दूसरे दिन माननो। और वादिन कछु अड़बड़ाटसूँ अन्नकूट न बनिसके तो कार्तिक सुदि पूर्णिमा ताई जब बने तब करनो ॥

अथ भ्रातृद्वितीयानिर्णयः। कार्तिक सुदि दूज भाई दूज

सो दूज मध्याह्न व्यापिनी लेनी। मध्याह्नको लक्षण पहले वामन द्वादशीके निर्णयमें लिख्यो है और मध्याह्न व्यापिनी न होय तो उदयात् होय ता दिन माननी ॥ १२ ॥

अथ गोपाष्टमी निर्णयः ॥ कार्तिक सुदि अष्टमी गोपाष्टमी सो उदयात् लेनी। दो अष्टमी होंय तो पहली लेनी। और क्षय होय तो विद्धा लेनी ॥ १३ ॥

अथ प्रबोधनी निर्णयः ॥ कार्तिक सुदि एकादशी प्रबोधनी सो जादिन व्रत करनो ता दिन भद्रारहित समयमें देवोत्थापन करनो। व्रतको प्रकार प्रथम एकादशीके निर्णयमें लिख्योहै ॥ १४ ॥

भद्रा सो विष्टि सो पञ्चांगमें स्फुट लिखी है। और दशमीकी समाप्तिसूं लेके द्वादशीके आरम्भताँई एकादशी जितनी घड़ी सिद्धहोय। तिनमें दो विभाग करिके दूसरो विभाग भद्रा जाननो। जैसें अट्ठावन घड़ी एकादशी होय तो पहली गुनतीस घड़ी आछी। और दूसरी गुनतीस घड़ी भद्रा जाननी॥१५

श्रीगिरिधराणां जन्मोत्सवनिर्णयः ॥ कार्तिक सुदि द्वादशीके दिन श्रीगिरधरजीको जन्मोत्सव। सो द्वादशी उदयात् लेनी। और दोय द्वादशी होंय तो पहली द्वादशीके दिन उत्सव माननो। और द्वादशीको क्षय होय तो विद्धा द्वादशीके दिन उत्सव माननो ॥ १६ ॥

अथ श्रीविट्ठलनाथजन्मोत्सवनिर्णयः ॥ पौष कृष्ण नवमी श्रीगुसाँईजीको जन्मोत्सव। सो नवमी उदयात् लेनी। और दोय नवमी होंय तो पहली नवमीके दिन उत्सव माननो। और नवमीको क्षय होय तो विद्धा नवमीके दिन उत्सव माननो ॥ १७ ॥

अथ मकरसंक्रान्तिनिर्णयः ॥ मकरसंक्रान्तिको पुण्य-संक्रान्ति बैठै पीछे बीस घड़ीताँई जाननो । सो सूर्यास्तसूं पहले जो संक्रान्ति बैठे तो वा दिन पुण्यकाल जा समय आवतो होय ता समय तिलवा भोग धरनो । दानादिक करनो और सूर्यास्तसूं पीछे संक्रान्ति बैठे तो दूसरे दिन प्रातः कालक तिलवा भोग धरने । दानादिककरनो । और संक्रान्तिके पहले दिन उत्सव माननों ॥ १८ ॥

अथ वसन्तपञ्चमीनिर्णयः । माघसुदि पञ्चमी वसन्तपञ्चमी ॥ सो पञ्चमी उदयात् लेनी । और दोय पञ्चमी होंय तो पहली पञ्चमीके दिन उत्सव माननो । क्षय होय तो विद्धा पञ्चमीके दिन उत्सव माननो ॥ १९ ॥

अथ होलिकादंडारोपणनिर्णयः ॥ माघी पुन्योको होरी दंडारोपण पर्वात्मक उत्सव । सो होरी दंडारोपण भद्रारहित कालमें करनों । सन्ध्याकालविषे अथवा प्रातःकालविषे साँझको भद्रारहित पूर्णिमा न होय तो आवती पिछली रातकूँ प्रतिपदामें दंडारोपण करनो । और वा दिन ग्रहणहोय और ग्रस्तोदय होय तो ग्रह छूटे पीछे दंडारोपण करनो । और ग्रस्तोदय न होय तो ग्रहणलगे पहले दंडारोपण करनो ॥ २० ॥

अथ श्रीमद्गोवर्द्धनधरागमनोत्सवनिर्णयः ॥ फाल्गुनकृष्ण सप्तमी । श्रीनाथजीको पाटोत्सव सो सप्तमी उदयात् लेनी । और दोय सप्तमी होंय तो पेहली सप्तमीकेदिन उत्सव माननो। और सप्तमीको क्षय होय तो विद्धा सप्तमीके दिन उत्सव माननो ॥ २१ ॥ अथ होलिकादीपननिर्णयः ॥ फाल्गुन सुदि पुन्यो होलिकोत्सव सो पुन्यो प्रदोषव्यापिनी लेनी । भद्रा सो

विष्टि को स्वरूप राखीपुन्योके निर्णयमें लिख्योहै । सन्ध्याकालके विषे सूर्य्यास्तसूं पीछे । अथवा प्रातः कालके विषे सूर्योदयसूं पहले । और पहिले दिन सगरी रात भद्रा होय और दूसरे दिन सायङ्कालसूं पहिले पुन्यो समाप्त होतीहोय तो । दूसरे दिन सूर्यास्त पीछे प्रतिपदामें ही होरी प्रगटनी । अथवा भद्रा बैठे पीछे पाञ्चघड़ी ताँई भद्राको मुख ताको त्याग करिके बाँकी भद्रामें ही प्रगटनी । अथवा भद्राकी तीन घड़ी छेलीसों भद्राको पुच्छ तामें होरी प्रगटे तोहू चिन्ता नहीं । और वादिन ग्रहण होय और ग्रस्तोदय होय तो ग्रहण छूटे पीछे होरी प्रगटनी । और ग्रस्तोदय न होय तो ग्रहण लगे पहले होरी प्रगटनी । परन्तु कबहू होरी दिनमें प्रगटनी नहीं । रात्रीमेंही प्रगटनी । और जा रात्रीमें होरी प्रगटीजाय तासूं पहिले दिनमें होरीको उत्सव माननों ॥ २२ ॥

अथ दोलोत्सवनिर्णयः । फाल्गुनशुद्ध पौर्णिमाके दिन । अथवा उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र जा दिन होय ता दिना दोलोत्सव माननो । सो उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र पिछली पहर रात्री सूँ लेके सूर्योदय होय तहाँ तांई चाहे तब आयो चहिये । केवल उदयात् नक्षत्रको आग्रह नहीं । और पौर्णिमा पहली उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र आवतो होय तो शुद्ध पौर्णिमाके दिन दोलोत्सव माननो । और दोय पून्यों होंय तो पहली पून्योंके दिन उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र होय तो वा दिन दोलोत्सव करनों । और दूसरी पौर्णिमाके दिन उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र होय तो ता दिन दोलोत्सव करनों । और दोई पूर्णिमाके दिन उदयात् नक्षत्र होय तो पहले दिन दोलोत्सव माननो । और पूर्णिमाको क्षय होय । और वा दिन उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र होय तो वा दिन

दोलोत्सव करनो। और पूर्णिमा पीछे प्रतिपदा प्रभृतिमें उत्तराफाल्गुनी आवे तो ता दिन दोलोत्सव माननो। और सो नक्षत्र दो दिन उदयात् होय तो पहले दिन उत्सव माननो। और उत्तराफाल्गुनी नक्षत्रको क्षय होय तो क्षयके ही दिन दोलोत्सव करनों। और पौर्णिमाके दिन ग्रहण होय और उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र दूसरे दिन होय, तो पूर्णिमाके दिन दोलोत्सव करनों। ग्रहण होय तब नक्षत्रको आग्रह नहीं ॥ २३ ॥

अथ सँवत्सरारम्भानिर्णयः। चैत्रशुद्ध प्रतिपदा सम्वत्सरोत्सव। सो प्रतिपदा उदयात् लेनी। और दोय प्रतिपदा होंय तो पहली प्रतिपदाके दिन उत्सव माननों। और प्रतिपदाको क्षयहोयतो विद्धाप्रतिपदाके दिन उत्सवमाननों। और दो, चैत्रहोंय तो पहले चैत्रकी शुक्लप्रतिपदाके दिन उत्सव माननो। ऐसो निर्णयसिन्ध्वादिग्रन्थनको आशय है और दूसरे चैत्रकी शुद्ध प्रतिपदामें उत्सव माननों। ऐसो समयमयूख प्रभृतिनको अभिप्रायहै तासूँ जा देशमें जैसो शिष्टाचार होय। तहाँ तैसो माननो। या बाबत स्वमार्गीय ग्रन्थनमें कछू विशेष लेख नहींहै ॥ २४॥

अथ रामनवमी निर्णयः।

चैत्र शुद्धनवमी रामनवमी सो उदयात् लेनी। और दोय नवमी होयं तो पहले नवमीके दिन उत्सव माननो। और नवमीको क्षय होय तो विद्धा नवमीके दिन उत्सव माननो। और दशमीको क्षय होयकें व्रतके दूसरेदिन पारणाके लिये दशमी न रहती होय तोहू विद्धा नवमीके दिन उत्सव माननो ॥२५॥

अथ मेषसंक्रातिनिर्णयः।

मेषसंक्रातिको पुण्यकाल। संक्रांति जा बिरियां बैठे तासूँ दश

घड़ी पहले और दश घड़ी बैठे पीछे जाननो । तामेंहूँ जो जो घड़ी संक्रांतिके पासकी होय । सो सो अधिकीअधिकी पुण्य काल जाननों । और सूर्य्यास्त भये पाछे संक्रान्ति अर्द्धरात्रिसूँ पहले बैठती होय तो वा दिना मध्याह्न पीछे पुण्यकालमें जाननो । और अर्द्धरात्रि सूं पीछे बैठती होय तो दूसरे मध्याह्न सूँ पहिले दोय प्रहर पुण्यकाल जाननों । और बरोबर मध्य रात्रिके समय संक्रान्ति बैठती होय तो पहिले दिना मध्याह्नसूँ पीछे पुण्यकाल और दूसरे दिन मध्याह्नसूँ पहिले दोय प्रहर पुण्यकाल । ऐसे दोऊ दिना पुण्यकाल बरोबर जा दिना सौ-कर्य होय ता दिना माननों ॥ २६ ॥

अथ श्रीमदाचार्याणां प्रादुर्भावोत्सवनिर्णयः ।

वैशाख कृष्णा एकादशी श्रीमहाप्रभूनको जन्मोत्सव । सो एकादशी उदयात् लेनी।औरं दोई एकादशी होंय तो पहली एकादशीके दिन उत्सव माननो।एकादशीको क्षय होय तोविद्धा एकादशीके दिन उत्सव माननो । जा दिन व्रत करनों ता दिन उत्सव माननो । ऐसो आग्रह नहीं याही प्रमाणे सातों बालक-नके तथा सब गोस्वामि बालकनके जन्मादिक उत्सवनकी सब तिथी लेनी ॥ २७ ॥

अब वैष्णवनकों जानिबेके लियें सातों बालकनके उत्सव लिखतहूँ । श्रीगिरधरजीको उत्सव । कार्तिक सुदि १२ द्वादशी ॥ श्रीगोविन्दरायजीको उत्सव । मार्गशिरवदि अष्टमी ॥ श्रीबाल-कृष्णजीको उत्सव । आश्विन वदि त्रयोदशी ॥ श्रीगोकुल-नाथजीको उत्सव । मार्गशिर सुदि सप्तमी ॥ श्रीरघुनाथजीको उत्सव । कार्तिक सुदि द्वादशी ॥ श्री यदुनाथजीको उत्सव ।

चैत्र सुदि षष्ठी ॥ श्रीघनश्यामजीको उत्सव । मार्गशिर वदि त्रयोदशी॥ श्रीमहाप्रभूनके ज्येष्ठ पुत्र श्रीगोपीनाथजीको उत्सव। आश्विन वदि द्वादशी ॥ इन सब जन्मोत्सवनमें तिथी उदयात लेनीं । और जो वह तिथी दो दिना सूर्योदय समय होय तो पहले दिन उत्सव माननो । और वा तिथीको क्षय होय तो क्षयके दिन ही उत्सव माननों । यह निर्णय तो मूलग्रन्थनमें दिखायोहीहै । और इनसब उत्सवनमें कछु विशेष निर्णय नहींहै । तासूं ये उत्सव संस्कृत निर्णय ग्रन्थनमेंहू जुदे लिखे नहींहै । और मूलपुरुषादिकनमें प्रसिद्धहूहै ॥ २८ ॥ अथाक्षयतृतीयानिर्णयः ॥ वैशाख सुदि तृतीया । सो तीज उदयात लेनी । और दोय तीज होंय तो पहली तीज माननी। और तीजको क्षय होय तो विद्धा तीजके दिन उत्सव माननो ॥ २९॥

अथ नृसिंहचतुर्दशीनिर्णयः ॥ वैशाख शुद्ध चतुर्दशी नृसिंह चतुर्दशी । सो उदयात् लेनी । और दोय चतुर्दशी होंय तो पहली चतुर्दशीके दिन उत्सव माननो । और चतुर्दशीको क्षय होय तो विद्धा चतुर्दशीके दिन उत्सव माननो ॥ ३० ॥

अथ गङ्गादशहरानिर्णयः ॥ ज्येष्ठ शुद्ध दशमी श्रीगङ्गाजीको दशहरा सो दशमी उदयात् लेनी । और दोय दशमी होंय तो पहली दशमीके दिन उत्सव माननो । और दशमीको क्षय होय तो विद्धा दशमीके दिन उत्सव माननों ॥ ३१ ॥

अथ ज्येष्ठाभिषेकोत्सव निर्णयः ॥ ज्येष्ठ सुदि पौर्णमासीके दिन अथवा जा दिन सूर्योदयसूं पहले पिछली रातकूं स्नानसमें ज्येष्ठा नक्षत्र होय ता दिन स्नानयात्राको उत्सव माननों । सो पून्यो उदयात् लेनी । और ज्येष्ठानक्षत्र पिछली पहर रात्रिसूं लेके सूर्योदय होय ताँहाँताँई चाहे तब

आयो चइये । और दोय पून्योहोंय तो पहली पून्योके दिन स्नान समय पिछली रातकूँ ज्येष्ठा नक्षत्र आवतो होय तो वा दिन उत्सव माननो । और दूसरी पून्योके दिन स्नान समय पिछली रात्रिकूँ ज्येष्ठा नक्षत्र आवतो होय तो तादिन उत्सव माननो । और दोई दिन पिछली रात्रिकूँ स्नान समे ज्येष्ठा नक्षत्र आवतो होय तो पहले दिन उत्सव माननो । और पून्योको क्षय होय और वा दिन आवती पिछली रातकूँ स्नान समें ज्येष्ठानक्षत्र आवे तो वा दिन उत्सव माननो । और पून्योके दिन ज्येष्ठानक्षत्र न होय तो जादिना सूर्योदयसूँ पहले स्नानसमें ज्येष्ठा नक्षत्र आवे वादिन उत्सव माननो यामे पूर्णिमाको आग्रह नहीं । और ज्येष्ठा नक्षत्रकों क्षय होय तोहू दूसरे दिन स्नानसमें ज्येष्ठा नक्षत्र आवतो होय तो ता दिन उत्सव माननो। और स्नानसमयसूँ पहिलेंही ज्येष्ठा नक्षत्र समाप्त होय तो केवल पूर्णिमाके दिन उत्सव माननो । और पून्योकी आवती पिछली रातको ज्येष्ठानक्षत्र होय और ग्रहण होय तो पहली पिछली रातकूँ नक्षत्र विनाहू केवल पूर्णिमामें स्नान करावनो ॥ ३२ ॥

अथ रथोत्सवनिर्णयः॥आषाढ सुदि प्रतिपदासूँ लेके जादिन पुष्य नक्षत्र होय तादिन रथयात्राको उत्सव माननो । सो पुष्य नक्षत्र सूर्योदय व्यापि लेनो । और दोई दिना पुष्य नक्षत्र सूर्योदयव्यापी होय तो पहले दिन रथयात्राको उत्सव माननो । और नक्षत्रको क्षय होय तो क्षयकोदिनही पुष्य नक्षत्रमें उत्सव माननो अथवा केवल द्वितीयाके दिन उत्सव माननो॥ ३३॥

अथ षष्ठी षडगु निणयः॥ आषाढ़शुद्ध षष्ठी कसूँबा छठ सों

छठ उदयात् लेनी। और दोय छठ होंय तो पहली छठ लेनी। और छठको क्षय होय तो विद्धा छठ लेनी ॥ ३४ ॥

अथाषाढशुद्धपौर्णिमानिर्णयः ॥ आषाढ़सुदि पून्यो पर्वात्मक उत्सव सो पून्यो उदयात् लेनी। और दोई पून्यो होंय तो पहली पून्यो लेनी और पून्योको क्षय होय तो विद्धा पून्यो लेनी ॥ ३५ ॥

अथ हिंडोलादोलनारम्भनिर्णयः ॥ श्रावण कृष्णप्रातिपदासूं लेके जा दिन दिन शुद्ध होय। श्रीठाकुरजीकी वृषराशीकूँ अनुकूल चन्द्रमा होय ता दिनसूं भद्रा रहित समयमें श्रीठाकुरजी हिंडोरामें विराजें फिर श्रीठाकुरजीकूं हिंडोरा झुलावने ॥ ३६ ॥

अथ श्रावणशुक्लतृतीयानिर्णयः ॥ श्रावण सुदि तीजठकुरानी तीज सो उदयात् लेनी। और दोय तीज होंय तो पहली तीज लेनी। और तीजको क्षय होय तो विद्धा माननी ॥ ३७ ॥

अथ नागपञ्चमीनिर्णयः ॥ श्रावण शुद्ध पञ्चमी नागपञ्चमी सो उदयात् लेनी। दोय पंचमी होंय तो पहली पंचमी लेनी। और क्षय होय तो विद्धा लेनी ॥ ३८ ॥

अथ पवित्रैकादशीनिर्णयः ॥ श्रावण शुद्ध एकादशी पवित्रा एकादशी। सो जा दिन व्रत करनों। ता दिन भद्रारहित समयमें श्रीठाकुरजीकूं पवित्रा धरावने। व्रतको प्रकार प्रथम एकादशी निर्णयमें लिख्यो है ॥ ३९ ॥

और भद्राको स्वरूप प्रबोधनीके निर्णयमें लिख्योहै। विशेष रक्षानिर्णयमें लिखूंगो ॥ ४० ॥

अथ रक्षाबन्धननिर्णयः ॥ श्रावण सुदि पून्यो राखीपून्यो सो पून्योमें राखी धरै तासमें भद्रा नहीं चहिये। और सबेरे तथा साँझकूं भद्रारहित पूर्णिमा मिले तो साँझकूं रक्षा धरावनी। भद्राको स्वरूप ज्योतिः शास्त्रमें कह्योहै॥ "शुक्ले पूर्वार्द्धे ऽष्टमी पञ्चदश्योर्भद्रैकादश्यां चतुर्थ्यां परार्द्धे ॥ कृष्णे ऽन्त्यार्द्धे स्यात्तृतीयादशम्योः पूर्वे भागे सप्तमीशम्भुतिथ्योः" ॥ शुक्लपक्षमें अष्टमी और पूर्णमासीके पूर्वार्द्धमें एकादशी और चतुर्थीके उत्तरार्द्धमें भद्रा होयहै। कृष्णपक्षमें तृतीया और दशमीके उत्तरार्द्धमें सप्तमी और चतुर्दशीके पहले भागमें होय है। जैसे चतुर्दशीकी समाप्ति भयेसूं लेके प्रतिपदाके आरम्भताँई छपनघड़ी पून्यो होय तो पहेली अट्ठाईस घड़ी भद्रा जाननो। ये भद्रा पञ्चाङ्गमेंहुं स्फुट लिख्यो होय है। और होरीके निर्णयमेंहू याही प्रमाणे भद्रा जाननो ॥ ४१ ॥

अथ हिंडोलादोलनविजयनिर्णयः। श्रावण सुदि पून्योसूँ लेके तीज ताँई जा दिना दिन शुद्ध होय श्रीठाकुरजीकी वृष राशिकूं अनुकूल चन्द्र होय शनैश्चर वार बुधवार न होय ता दिन हिंडोराविजय करनो। और कछू अड़बड़ाट होय तो जन्माष्टमी ताँईहूं हिंडोरा झुलें। और पवित्राहू तहाँताँई धरे[1]। ऐसे सदाचार है ॥ ४२ ॥

इति श्रीवल्लभाचार्यपादाम्बुजषडंघ्रिणा ॥ जीवनेन कृतः सम्यङ् निर्णयो व्रजभाषया ॥ १ ॥ इति श्रीवल्लभपुष्टिप्रकाशे द्वितीयभागे उत्सवनिर्णयः।

---

१ जन्माष्टमी ताँई पवित्रा धरिसके ऐसो सदाचार है। और कछू बड़े अड़बड़ाटसूं जन्माष्टमी ताँईहूं न बनिसके तो प्रबोधिनी ताँइ हूँ पवित्रा धरायवेको काल ग्रन्थमें लिख्यो है। परन्तु वैष्णवनकों सर्वथा पवित्रा धराये विना रहेनो नहीं क्यों जो पवित्रा धराये विना आखे वर्षकी सेवा निष्फल होत है। इति निर्णय।

श्रीहरिः

श्रीवल्लभपुष्टिप्रकाश।

तीसरा भाग।

श्रीकृष्णाय नमः। श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः।

अथ भाव भावना, सेव्यस्वरूपनिर्णयः।

अब वैष्णवनके ठाकुरस्वरूप विराजित होंय तो यह भाव राखै जाके घरके जेसेवक तिनके मुख्य सेव्यस्वरूप तिनको आविर्भाव स्वरूप मुख्य ८ और समान, "षोडशगोपिकानां मध्ये अष्ट कृष्णा भवंति" इति वाक्यात् श्रीजी तथा सातों स्वरूप तहां इतनो भेद वृन्दावनस्थितिलीला केवल पुष्टिश्रीजीके यहां नंदालयस्थितिलीला बाहिर मर्यादा वृत्त अन्तःपुष्टि सातों स्वरूपनके यहां स्मरणीय श्रीजी और सेवनीय सातों स्वरूप "सदा सर्वात्मना सेव्यो भगवान् गोकुलेश्वरः॥ स्मर्त्तव्यो गोपिकाबृन्दैः क्रीडन् वृंदावने स्थितः"॥ १॥ इति वाक्यात् यातें वैष्णवके घरमें जे स्वरूप विराजतहैं ते तिनके घरके सेवकहैं तिनके सेव्यस्वरूपको आविर्भाव तातें सेवा करे सो अपने घरकी रीत की करनी जा घरकी जैसी रीत तैसी रीत की करनी तहां वैष्णवको यह विचारनो जो शृङ्गार तथा सकल सामग्री अंगीकार करेंगे वहां स्वमार्गीय विधिपूर्वक ह्यां यत् किंचित् में समर्पितहूं सो अंगीकार करोगे यह भावमें जो समर्पिये सो अंगीकार होतहै। तब सकल सामग्री अंगीकार होतहै तातें जा वैष्णवसों व्यवहार होय सो प्रसाद लेवेकों बुलावै तहां जाय सो प्रसाद परोसे सो लेय

आप यथा शक्ति भोग धरचोहै परंतु जहांके भावते बिराजतहें तहां सकल सामग्री अरोगे यातें समाज राखवे कोई अवश्य जाय प्रसादले यामें वाधक नाहीं समाज रहे तो उत्सवकीर्तनि चलें तब गुरुसेवा तथा भगवत्सेवा सिद्धहोय "यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ" ॥ इति वाक्यात् सेव्यस्वरूपकों वर्ष एकमें तीन बेर भेट करै ताको प्रकार प्रथम पवित्राके दिन प्रभुको पवित्रा पहिराय दूसरो पवित्रा गुरूके भावसों पहिराय भेट करिये घरमें जे होय ते यथाशक्ति भेट धरे इनहूंको सेवा सिद्ध होय तातें द्वितीय जन्माष्टमीके दिन तिलकके समय तो श्रीफल मात्र भेट धरिये। मुख्य भेट प्रभु पालनें पधारें तब हाथको कपड़ा रेशमी प्रभुके पालनेमें माडिके उठाइये। पीछें आप तथा घरके जे होंय ते भेट धरें। पालनेके आगे खिलोनाकी तबकड़ीमें बंटी होय तामें धरिये। भाव यह राखिये जो श्रीनन्दरायजीके संगे झगा टोपीचूड़ाको लावें। या समेसों अधिकार महाप्रभूनकी कृपातें अपनकोहूँ सिद्ध भयो यह भाग्य तृतीय तो दिवारीके दिन रात्रिको हटड़ीमें जब प्रभु पधारें तब भेट करें। वह सब भेट बांटिके चोपड़के च्यारों खाली खण्डनमें धरें।जो बचे सो बीचके खाली खण्डमें धरै। भाव यह राखै जो जुवा लगाय खेलत हें न धरिये तो प्रभु जुवा न खेलें तो अपनको इतनी सेवा सिद्ध न होय तातें अवश्य बांटिके च्यारों ओर धरिये।बड़ै सो मध्य धरिये ये तीनों भेट गुरूके यहां अवश्य पहुँचावनी। पवित्रा भेट गुरूको होय और दोय भेट गुरूके सेव्यस्वरूपकी होंयहें ताते जहां और उत्सवकी भेट रहे तहां येहू भेट तीनूँ सुधि करिके दीजिये तब स्वांगसेवा सिद्ध होय अथ वैष्णवको जपको प्रकार। वैष्णव

को चार प्रकारकी माला जपनी तुलसी माला १ वर्णमाला२ करमाला ३ शुद्धकाष्ठकी माला ४ मणिका १०८ सुमेरु जुदो ताको आशय शतायुर्वै पुरुषः या श्रुतिमें शत आयुको एक एक मृत्यु लेजाय "अत्रात्र वै मृत्युर्जायते आयुर्हरति वै पुंसां इति च, कृते लक्षं तु वर्षाणि त्रेतायामयुतं तथा ॥ द्वापरेषु सहस्राणि कलौ वर्षशतं स्मृतम्,, या वाक्यमें सत्य युगमें लक्षवर्षकी आयुष्य कही तब एक आयुष्य सहस्र वर्ष भोगवे त्रेतामें दश सहस्र की आयुष्य कही तब शतवर्ष भोगवे द्वापरमें सहस्र वर्षकी आयुष्य कही तब दश वर्ष भोगवे कलिमें शत वर्षकी आयुष्य कही तब एक वर्षकी आयुष्य भोगवे । कलिमें सौको नियम नहीं तब पंचास होय तो छः महीना भोगवे पंचीस होय तो तीन महीना भोगवे । सूक्ष्म काल होय तो सौ पल करि भोगवे । अति सूक्ष्म काल होय तो सौ क्षण करि भोगवे । तातें सिद्धान्त यह जो आयु भोगवे विना प्राणोद्गमन होय याते आयुको कालके मुखमें ग्रास होत है ताके दोष निवारणको शत मणिका करिके शत भगवन्नाम लेय तो कालके ग्रासके दोष निवृत्ति होय भगवन्नाम करिके हरण भयो। या भांति आयुष्यको भगवन्नाम करिके हरणभयो। ताको भगवत्स्वरूप संयोग वियोग भेद करिके धर्मोविविधिनः धर्म भगवानको ६ ऐश्वर्य १ वीर्य २ यश ३ श्री ४ ज्ञान ५ वैराग्य ऐसे अष्टविध भगवत्स्वरूप हृदयारूढ़ होय और सुमेरुवत्स्वरूप हृदयारूढ़ होय और सुमेरुसों मालाको सूत्र बँध्यो है। तैसे भगवच्चरणारविन्दको मनको सूत्र बँध्योहै तो अधः पात न होय ऊर्द्धगति होय "पतंत्यधोनादृतयुष्मदंघ्रयः" इति वाक्यात् तुलसीकी माला मुख्य यातें दिव्य गंध है । देव भोग्य

है ।पत्रं पुष्पं फलं तोयं इत्यत्र पत्रं तुलस्यादि अथ च भक्तिरूपा गोविन्दचरणः प्रिये इतिवाक्यात् । याते तुलसीकी माला मुख्य १ करमाला अनामिकाके मध्यसे प्रारंभ तर्जनीके अन्त पर्यन्त दश होंय । तर्जनीके अन्तते प्रारंभ अनामिकाके मध्यसे समाप्ति या भांति गिने मध्यमाके मध्यमको । अन्त के दोऊ पर्व सुमेरु पुष्टि कायेन निश्चयः या वाक्यते पुष्टिसृष्टिको प्रागट्य श्रीअंगतेहैं या सृष्टि कों सेवाको अधिकारहै सेवा तो करसों है । साक्षाद्विनियोग करकोही है ताते करमाला मुख्य २ वर्णमाला कखगघङ चछजझञ टठडढण तथदधन पफबभम स्पर्शाक्षर अन्तस्थाक्षर यरलव ऊष्माक्षर शषसह संयोगी अक्षर ज्ञ स्वराक्षर १६ अआइईउऊ ऋॠ ऌॡएऐओऔअंअः सब मिलि ५० भये व्युत्क्रमसूं गिणिये तो ५० होय मिलें १०० भये कचटतपय शअ ये आठ और मिलें १०८ की माला भई लक्षः ये दोऊअक्षर सुमेरु "स्पर्शस्तस्याभवज्जीवः स्वरो देह उदाहृतः ॥ ऊष्माणामिन्द्रियाण्याहुरंतस्था बलमात्मनः" ॥ या वाक्यतें स्पर्शाक्षर २५ शब्दब्रह्मको जीवस्वराक्षर १६ शब्दब्रह्मकी इंद्रिय अंतस्थाक्षर४ शब्दब्रह्मको वलसंयोगी अक्षर ज्ञः सो तो जयोंज्ञः ये दोहू स्पर्शाक्षरहीहें । या प्रकारब्रह्मको संबंधहै । तातें बर्णमाला मुख्यहै। शुद्ध काष्ठकी माला यातें प्रशस्तहै जो जामें काहू देवताको भाग नहीं तामें सर्वेश्वर श्रीकृष्णचन्द्र हैं तिनको भाग तेंसें काहूकी सत्ता नहीं तहाँ राजाकी सत्ता तैसे अथ च "वैष्णवा वै वनस्पतयः" इति श्रुतेः काष्ठ वैष्णव हैं। तातें यहू माला प्रशस्तहैं यातें शरणमंत्र निवेदनमंत्रके उपदेशके पीछें काष्ठकी माला देतहें वैष्णवत्वात् । भगवदीयको.संग दिये जप करवेके

मंत्र २ शरणमंत्र १ निवेदनमंत्र १ तहाँ शरणमंत्रको आवांतर फल सो यह हृदयकी शुद्धि तथा आसुरभावकी निवृत्ति "तस्मात्सर्वात्मना नित्यं श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ वदद्भिरेवं सततं स्थेयमित्येव मे मतिः ॥ एवं वदद्भिरिति च "श्रीविष्णोर्नाम्नि मंत्रे ऽखिलकलुषहरे शब्दसामान्यबुद्धिरिति"वाक्यात् । और मुख्य फल तो श्रवण १ कीर्त्तन २ स्मरण ३ चरणसेवन ४ अर्चन ५ वंदन ६ दास्य ७ ये प्रकारकी सात भक्ति सिद्धभई और निवेदनमंत्रकी योग्यता होय शरणमंत्रमें श्रीपद है सो भक्तनकों बहिर्दर्शनार्थ जो आविर्भूत तिनको स्मरणहैं "कदाचित्परमसौंदर्यं स्वगतं करिष्यामीति साकारं प्रादुर्भूतं सत् श्रीकृष्णः इति निबंधे तथा भगवत्स्वरूपविषें आर्तीहोय "स्मृतिमात्रार्तिनाशनः" इति वाक्यात्।शरणमंत्रके दोय फल मंत्रमें श्रीपदहै ताके आशय दोय जाननें और निवेदनमंत्र बीजहै । या मंत्रको आवांतर फल सख्य तथा आत्मनिवेदन भक्ति दोऊ सिद्ध 'भगवानेव शरणं' यह हरत्याख्य कोमल बीजभाव तथा सावरण सेवा साधनरूपा प्रेमासक्तिपर्यंत और मुख्य फल तो व्यसन सर्वात्मभावपर्यंत फलरूपा मानसी भक्ति द्रुमसिद्धसेवा निरावृत्ति सिद्धतवजमूर्तिबुद्धिनिवृत्ति होय "शृंगार कल्पद्रुममिति वाक्यात्" सर्वात्मभावको स्वरूप सर्वेंद्रिय संबंधी आत्मा जो अंतः करण ताको भगवानविषें भाव सो भावसाधनरूप आधुनिक भक्तनविषें "हरिमूर्त्तिः सदा ध्येया" इत्यादि निरोधलक्षणविषें निरूपणकिये फल रूप भाव तो लीलास्थभक्तनविषें भगवता सह संलापा इत्यादि कारिकानविषें "अक्षुण्वता फलमिदं" या श्लोकमें निरूपण किये हैं अब फलरूपा मानसके मध्य फल ३ हें अलौकिक

सामर्थ्य सो सर्वां भोग्या सुधा धर्मिरूप आनन्दः सायुज्यं भगवद्भोग्या सुधाधर्मिभूत आनन्दःप्रभु अप्रधानीभूय भक्तपरवशतें सेवोपयोगिदेहो वा वैकुण्ठादिषु देवभोग्या सुधाधर्मभूत आनन्दः प्रभु अप्रधानीभूय स्ववश हैं ३ ये तीन फल जैसों स्वर्ग फल ता मध्य अमृतपानादि तद्वत् मानसी फलरूपा ता मध्य ये तीन ३ फल होंय । यह पूर्वपक्ष जो अंतर्यामीरूप करके तो भगवान् सबके हृदयमें हैं । उपदेश लेवेके आशय कहा तहाँ कहतेंहैं ।"बहिश्चेत्प्रकटः स्वात्मा वह्निवत्प्रविशेद्यदि॥ तदैव सकलो बंधो नाशमेति न चान्यथा" ॥ १॥ स्वात्मा बहिश्चेत्प्रकटः "वह्निवत् यदि प्रविशेत् तदैव सकलो बंधो नाश मेति अन्यथा न" । जैसे अरणीके काष्ठमें अग्नि है पर दाहक सामर्थ्य नहीं जब मथन करिकें वा अग्निको स्पर्श अरणीकों करिये तब काष्ठांश निवृत्तकरि जैसो अग्निको स्वरूपहै तैसो करै ऐसेही अंतर्यामी रूप करिके यद्यपि अंतः करणमें हैं तोऊ बंधनिवर्त्तक सामर्थ्य नहीं तो भक्ति देके भगवत्प्राप्ति कैसें होय यातें गुरूपदेश मुख्यहै । गुरू तो या प्रकारको शिष्यके हृदयमें स्थापन करतहें "अंतः प्रविष्टो भगवान्मृदूद्धृत्य च कर्णयोः ॥ पुनर्निविशते सम्यक् तदा भवति सुस्थिरः" ॥ १ ॥ ताते गुरूपदेश आवश्यकहै"विना श्रीवैष्णवीं दीक्षां प्रसादं सद्गुरोर्विना॥ विना श्रीवैष्णवं धर्मं कथं भागवतो भवेत्" उपदेश न लेइ तो बाधक है । "अदीक्षितस्य वामोरु कृतं सर्वं निरर्थकम् ॥ पशुयोनिमवाप्नोति दीक्षाहीनो मृतो नरः" ॥गुरुहु वैष्णव होय ॥ "महाकुलप्रसूतोपि सर्वयज्ञेषु दीक्षितः ॥ सहस्रशाखाध्यायी च न गुरुः स्यादवैष्णवः" ॥ १ ॥ दीक्षा लेवेमें कालादिकहू बाधक नाहीं । "न तिथिर्न च नक्षत्रं न मासादिविचारणा ॥

दीक्षायाः कारणं तत्र स्वेच्छाप्राप्ते च सद्गुरौ" ॥ सद्गुरु चाहिये "कृष्णसेवापरं वीक्ष्य दंभादिरहितं नरम् ॥ श्रीभागवततत्त्वज्ञं भजे जिज्ञासुरादरात्" ॥ इतनें लक्षण होंय तो हू निष्कलंक श्रीआचार्यजीको कुलहै तातेंयह पुष्टिमार्गके उपदेष्टागुरू आपही हैं और दूसरे गुरुसों पुरुषोत्तमकी प्राप्ति नहीं । "नमः पितृपदांभोजरेणुभ्यो यन्निवेदनात् ॥ अस्मत्कुलं निष्कलंकं श्रीकृष्णेनात्मसात्कृतम् " ॥ १ ॥ मंत्रोपदेशहू लीजिये सो शरणमंत्र पीछे निवेदनमंत्र नवधा भक्ति ये दोऊ मन्त्रनकरिकें होते हैं नवधा भक्ति बिना प्रेमलक्षणा भक्ति न होय प्रेमलक्षणा विना पुरुषोत्तमकी प्राप्ति नहीं " विशिष्टरूपवेदार्थं फलं प्रेम च साधनम् ॥ तत्साधनं च नवधा भक्तिस्तत्प्रतिपादिका" ॥ मन्त्रोपदेश पीछें भजनहु करिये सो श्रीकृष्णचन्द्रको ही करिये । सारस्वतकल्पमें प्रागट्यहै तिनको पूरण वेईहैं " कल्पं सारस्वतं प्राप्य व्रजे गोप्यो भविष्यथ" और कल्पमें श्रीकृष्णावतार पूर्ण नहीं । हरेरंशाविहागतौ । सित कृष्णकेशा इति च " । और श्वेतवाराहकल्पमें अर्जुनकों गीताको उपदेश किये वासमें संकर्षणव्यूहमें पूर्ण पुरुषोत्तमको आविर्भाव हो " कालोस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समाहर्त्तुमिह प्रवृत्तः" ॥ इति वाक्यात् गीता सर्वदा तो; मोक्षके लियें हैं । भक्तिके लिये नहीं "कल्पेस्मिन्सर्वमुक्त्यर्थमवतीर्णस्तु सर्वशः" इति वाक्यात् । तातें निष्कर्ष यह जो सेवनीय कथनीय भजनीय श्रीकृष्णचन्द्रही हैं । जे सारस्वत कल्पमें पूर्णको प्राकट्य है तेही श्रीभागवतमें लीला पूर्णकिये हैं और गीताउपदेशमेंहू ५७४ वाक्य कहे हैं सोऊ पूरणके आवेशसों कहे हैं ताते भक्तिशास्त्र सो गीता श्रीभागवतहैं । श्रीकृष्णफल

रूपके वाक्यतें गीता फलरूप और गीताको विस्तार श्रीभागवत सोऊ फलरूप है "गायत्री बीजं वेदो वृक्षः श्रीभागवतं फलमिति" वाक्यात्। श्रीगीता श्रीभागवततें प्रगटभयो ऐसो जो पुष्टि मार्ग सोहू फलरूप है पुष्टिकों आविर्भाव श्रीअंगते है। "पुष्टिं कायेन निश्चयः" इति वाक्यात्। पुष्टिहू फलरूप है ताते फलप्रकरणमें षोड़श गोपिकानां मध्ये अष्ट कृष्णा भवंति यातें अष्टस्वरूपको ध्यान आवश्यक है स्वरूपभावनातें फलप्रकरणमें प्रमाण प्रमेय साधन फल ये च्यारों प्रकरणकी लीला फलप्रकरणमेंहैं। "कस्याश्चित्पूतनायंत्या" इत्यादि तहां यह पूर्वपक्ष होय जो भक्तकृत लीला है भगवत्कृत नहीं ताको समाधान यह जो कृति भक्तनकी हैं सो सब भगवत्कृतही हैं। "तन्मनस्कास्तदालापास्तद्विचेष्टास्तदात्मिकाः॥ तद्गुणानेव गायंत्यो नात्मागाराणि सस्मरुः"॥ इत्यादि तच्छब्दकरिकै भगवल्लीला जानिये तहाँ प्रथम स्वरूपभावना पीछे लीलाभावना पीछे भावभावना करिये। "स्वरूपभावना लीलाभावना भावभावना" चेति वाक्यात् प्रथम स्वरूपभावनाको अर्थ स्वरूपास्थितिभावना तहाँ श्रीजीस्वरूपात्मक श्रीभागवतपुस्तकनाम लीलात्मक श्रीभागवत प्रथमस्कंध द्वितीयस्कंध दोऊ चरणारविन्द हैं तृतीयस्कंध चतुर्थस्कंध दोऊ ऊरू पंचमस्कंध षष्ठस्कंध दोऊ जङ्घा सप्तमस्कंध दक्षिण श्रीहस्त अष्टमस्कंध नवमस्कंध दोऊ स्तन दशमस्कंध हृदय एकादशस्कंध श्रीमस्तक द्वादशस्कंध वामश्रीहस्त तहां दक्षिण श्रीहस्तकी मूंठी बाँधि अंगुष्ठको प्रदर्शन करावतहैं यातें भक्तनके मनको आकर्षण करिकें वामहस्त उन्नत करिकें भक्तनको

आकर्षण करतेहैं "उक्षितहस्तः पुरुषो भक्तमाकारयेत्पुनः॥ दक्षिणेन करेणासौ मुष्टीकृत्य मनांसि नः॥ वामं करं समुद्धृत्य निह्नुते पश्य चातुरीम्"॥ १॥ इतिच और करणार्थ ही निकुंजमंदिरके द्वार ठाड़ेहैं उभय विभावके आच्छादनार्थ ओढ़नी ओढ़ेहैं। याहीतें पीठक चौखुटी हैं। पंचदृष्टिमें सम्मुख दृष्टिहैं। अब श्रीनवनीतप्रियजीको स्वरूप ह्यां बालभाव मुख्यहैं। तातें प्रमाणप्रकरणकी लीला प्रगटहैं। और प्रकरणकीलीला गुप्तहैं। अतएव गुप्तरसको प्रकार बालभाव विषेहें। निरावृत्तिस्वरूप रसाध्यायकेहैं। याहीतें तनींया धोती सूथन काछनी पहिरें। "जानीत परमं तत्त्वं यशोदोत्संगलालितम्॥ तदन्यदितियेप्राहुरासुरांस्तानहोबुधाः"॥ श्रीहस्तविषेनवनीतहें सोई गायनविषें सुधाका जो दानहैं सो सारभूत नवनीत हैं। श्रीहस्तमें राखवे को तात्पर्य यहहै जो सुधासंबंधविना भगवद्भोगयोग्यनहीं। "यद्वैगनादर्शनीयकुमारलीला इत्यत्र अंगं नयतीत्यंगना" भक्त सेवानुकुल हैं। प्रभु कुमारहैं कुत्सितो मारो यस्मात् अतएव मदनगोपाल नाम याईते हैं। अथ श्रीमथुरानाथजीको स्वरूप प्रमेयप्रकरण प्रथमाध्यायकी लीला प्रगट और प्रकरणकी लीला गुप्तहैं। अतएव व्रजमें चतुर्भुज स्वरूप कौनप्रकार नंदकुमार तो द्विभुज हैं परंतु पुष्टिस्वरूपमेंहूं चतुर्भुज हैं। ताको आशय पुष्टिकार्यरूप क्रियाचतुष्टयहैं स्वानंददान १ स्वानंददानविषे जो प्रतिवंधताको निवारण २ स्वसेवा ३ आधिदैविक भावको परंपराउद्बोधन ४ तहां स्वानंददान तो व्रजमेंही पधारतहें तब श्रीमुखामृत लावण्यको पान करावतहैं प्रतिबन्धको निवारणसों विरहजन्य जो न्याय ताको शमन २ स्वसेवा सन्ध्या भोगादिक को स्वीकार आधिदैविक भावको

परम्परा उद्बोधक सो वनमें चतुर्दश रसकी लीला किये सो स्थायी भाव प्रत्येक रसनके प्रगटकारि व्रजीयनविषें उद्बोधककरनों नवरसके स्थायी भाव तो नव होंय भक्तिरसको स्थाई भाव रतिहैं चतुर्विध पुरुषार्थके स्थायी भाव अलकहें च्यारों अलकमें हैं"तं गोरजछुरितकुन्तलं इति " या प्रकार१४ चौदे रसके स्थायी भाव जानिये और आयुध धारणको आशय शङ्ख चक्र गदा पद्म या क्रमसों धरें सो मधुसूदन स्वरूप कहावें तत्र कहे हैं पुष्टिमें "तो मधुसूदन रूपत्वं गजराजविहारिणः इति" वाक्यात् गजवत् विहारलीला है निचले दक्षिण श्रीहस्तमें शंखहै ताको अवांतर भाव आसुरगर्वनिवृत्तिः "विष्णोर्मुखोत्थानिलपूरितस्य यस्य ध्वनिर्दानवदर्पहंता"। इति शंख अंबुफल कहेहैं तातें आयुध मुख्य भाव तो ग्रीवाकी आकृति ऊपर दक्षिण श्रीहस्तमें पद्म है ताके अवांतर भाव तो जापर धरें तापर चौदै भुवनको भार पर्यो तब दबि जाय भुवनात्मकं कमल इति वाक्यात् जैसें काहूपर एक भीति परे सो दबिजाय ताकी कौन व्यथा तैसे चौदह भुवन पड़ें तो कहा कहवेमें आवें तातें पद्म आयुध हैं। मुख्य भाव तो श्रीमुखकी आकृति ऊपर वाम श्रीहस्तमें गदाहैं ताको आवांतर भाव तो अस्त्रको तेज निवारण करत हैं अस्त्रतेजः स्वगदया इति मुख्य भाव तो भुजाश्लेष हैं अवष्टंभ हैं निचले वाम श्रीहस्तमें चक्र है ताको अवांतर भाव तो जाकों मुक्ति देनी होय ताकों चक्रसों मारें "येये हता चक्रधरेण राजन्" इति और मुख्य भाव तो कङ्कणा कृति हैं। "प्रियाभुजालिष्टभुजः कंकणाकृति चक्रकः । कम्बुकण्ठोधृत भुजो लीला कमलवेत्रधृक् " मुख्य भावके आशय को प्रमाण लिखे हैं दिवसमें वन गमन तब होत है जब ये पदार्थ भाव

सूचक हैं। याहीतें आयुधके स्वरूप मूर्त्तिवन्त भगवद्भावाविष्ट पुरुष रूप च्यार हैं और मर्य्यादा पुष्टि भेद करिकें ऐश्वर्यादिकके स्वरूप मिलि ६ हैं। याहीतें पीठक गोल हैं। मुकुटपर ओढ़नी हैं। अथ श्रीविट्ठलेश रायजीको स्वरूप फलप्रकरणके द्वितीयाध्यायकी लीला प्रगट हैं और प्रकरणकी लीला गुप्त हैं। "पुनः पुलिनमागत्य कालिंद्याः कृष्णभावनाः"। इति वाक्यात् कालिंदीस्वस्वरूपको दर्शन कराये तब भक्तनकों भावस्फूर्त्ति भई. "भगवान् विरहं दत्वा भाव वृद्धिं करोति हि। तथैव यमुनास्वामिस्मरणात् स्वीयदर्शनात्"॥ इति च प्रथम मुख्य स्वामिनीविषें आसक्ति भरिकरिकें तद्रूप करिकें गौर तो हते ही फिरि श्रीयमुनाजीको भगवद्भावाविष्ट स्वरूप देखिकें मोहितभये तदनन्तर सात्त्विक भावाविष्ट कमल सदृश जे नेत्र तिनके कटाक्ष करिकें श्यामताहू स्वरूपविषें प्रदर्शित होतहैं तातें गौर श्याम हैं "स्वामिनी गौरभावस्य स्वस्वरूपं प्रपश्यतः। कटाक्षैर्विट्ठलेशस्य श्यामता चित्रितं वपुः"॥ इति शृङ्गार रसात्मक भगवत्स्वरूप संयोग वियोग भेद करिके उभयात्मक विरुद्ध धर्माश्रय ब्रह्मतें स्वरूपविषें उभय भावकी स्थिति हैं तेहू गौरश्याम हैं। "रसस्य द्विविधस्यापि स्वरूपे बोधयन् स्थितिम्॥ऐक्यं विरुद्धधर्मत्वाद्गौरश्यामः कृपानिधिः"। रसपरवशतें ही कटि भाग पर दोऊ श्रीहस्त हैं।"समपादाम्बुजं सूक्ष्मं कटिलग्नभुजद्वयम्॥ किरीटिनं लसद्वक्त्रं विट्ठलेशमहं भजे"॥ अतएव वाम श्रीहस्तमें सच्छिद्र शङ्ख हैं। ध्वनितें विरुद्ध धर्माश्रय भगत्स्वरूप हैं। यह द्योतित करत हैं। और भक्तवृन्द जो निजांगीकृत हैं तिनके उभय भाव करि गौर श्याम हैं। यह द्योतित करतहैं। अतएव एक चरणार-

विन्दमें आभरण हैं एकमें नहीं । अथ श्रीद्वारकानाथजीको स्वरूप प्रमेयप्रकरणकी सप्तमाध्यायकी लीला प्रगट है । और प्रकरणकी लीला गुप्त है । अतएव चतुर्भुज व्रजमें प्रमेय बल करि हैं रहस्यलीलाविषे सखीवृन्दमें मुख्य स्वामिनी विराजत हैं । तहां भगवत्संबंधी सखी सम्मुख बैठी हैं । इतने प्रभु पधारे । तब स्वकीय सखीको समस्यासों वरजी । पीछेतें परि दोऊ श्रीहस्तसों नेत्र मीच दूसरे दोय श्रीहस्तसों वेणुकूजनकरि भाषणकिये जो कौन हैं । यों जताये. जो वेणु कूजनते प्रेमोत्पत्ति है । चुकुज्ञ वेणुम् " इति वाक्यात् । "भ्रूवल्लीसंज्ञयादौ सहचरिनिकरे वर्जयित्वा स्वकीयां पश्चादा गत्य तूष्णीमथ नयनयुगं स्वप्रियाया निमील्य ॥ कोस्मी-त्येतद्वचनमसकृद्वेणुना भाषमाणः पातु क्रीड़ारसपरिचय स्त्वां चतुर्बाहुरुच्चैः ॥ १ ॥ याहीतें आयुध धारणकोहू प्रकार ह्यां या भांति । निचले दक्षिण श्रीहस्तमें पद्मसों प्रिया पाणि है नेत्रनिमीलन छुड़ावत हैं ऊपर दक्षिण श्रीहस्तमें गदा है सो प्रिया अद्भुतलीला देखि आश्लेष करत हैं । ऊपर वाम श्री-हस्तमें चक्र है सो प्रियाके कंकणादिकके स्पर्शते क्षतसूचित होत हैं । निचले वाम श्रीहस्तमें शङ्ख है सो प्रियाके सम्मुखतें ग्रीवाके स्पर्श होत हें।याहीतें ह्यां आयुधके स्वरूप मूर्त्तिवंत चार हैं ४ प्रियाके आविर्भावविशिष्ट स्त्रीरूपहैं । अतएव पीठक चौ-खूँटी हैं । प्रियाविशिष्ट है ॥

अथ श्रीगोवर्द्धनधरको स्वरूप साधनप्रकरणकी लीला प्रगट हैं और प्रकरणकी लीला गुप्त हें ! श्रीगोवर्द्धनजीके उद्ध-रणको स्वरूप आपु तो हरदासवर्य हैं । जब प्रभु पधारें तब आपतें ठाढ़े होयरहें । तो दास्यधर्मत्वात् और डांडी चाहियें

सो कवहू प्रभु वाम श्रीहस्तमें ऊंचोकरें जब प्रभु वेणु नाद करे तब आलंवन सो आश्लेष है तब इनके श्रीहस्तमें शंखहैंसो अच्छिद्रहै ताको आशय जोशंखहैंसो जलको तात्विक रूपहैं । अपांतत्त्वंदरवरमिति" वाक्यात् । जितनी वृष्टिभई सो ता जलको आधिदैविक यह शंखहैं तामें सब वृष्टिके जलको आकर्षण करें जलको आधिदैविकसंबंध भयो तब भोगयोग्य भयो तातें याको पान किये अतएव वाम श्रीहस्तमें हैं झारी बांईओरही हैं । याहीतें इंद्रको अपराध क्षमाकर प्रसन्न भये । नंदादिप्रभृति भोगसामग्री समर्पें इंद्र जलकी सेवाकिये और परिकर सब एकत्र किये । न तु ब्रह्मा जैसें प्रक्षिप्ताध्यायमें वत्साहरणालीलाविषे परिकर भगवानतें जुदो किये । तातें अप्रसन्नभये । औरं इंद्रपरिकर इकठोरो किये। तथा जलकी सेवाकिये । ताते प्रकार ये कमलपर ठाढ़ेहैं । ताको आशय जलको अनुभव करिके कमलके बाहर आये तब विकाश जो आमोद लक्ष्मीनिवास ये तीन गुणको आरंभ भयो तैसें ब्रह्मानंदको अनुभव करिकें बाहिर जब आये तब भजनानंदको अनुभव भयो तहां इनके अवयवको विकाश और वाको रूप जोहैं पुष्प तिनमें अर्थ सो आमोद तब प्रभु उत्तरीय पर विराजें यह लक्ष्मीनिवास अथ श्रीगोकुल चंद्रमाजीको स्वरूप फलप्रकरणके चतुर्थाध्याय की लीला प्रगट और प्रकरणकी लीला गुप्तहैं।"साक्षान्मन्मथमन्मथः"इति वाक्यात् । अपनें स्वरूपमात्र करिकें कंदर्प्प जो कामदेवहैं ताकों जीते"सालिकुलं कमलकुलं जितं निजाकारमात्रतो जगति ॥ प्रकटातिगूढरसभरजितो भवत्कुसुमशरकोटिः" ॥ इतित्रिभंगललितग्रंथहैंसो इनहीं स्वरूपको वर्णनहै तहां त्रिभंग सो तीन अंग वक्र हैं । पद, कटि,

ग्रीवा, ये तीन अंग तहां पद तो वाम चरणको स्थापन सो पुष्टिको स्थापन है। दक्षिण उन्नतहै सो मर्यादाको उल्लंघनहैं। यत्किंचित् अंगुलीनकी स्थितिहैं ताको आशय जो मर्यादाकी स्थितिहैं। सो पुष्टिको आश्रय करतहैं। पुष्टिभक्तिःस्थातकृत्वा-मर्यादांचतदाश्रिता"इति वाक्यात् कटि तथा ग्रीवानमिति यातें जो और पात्रमें रसस्थापन न होय तब और पात्रमें न आवे तब भरित पात्रनमें रस आवें रसभरितं पात्रं नामितमन्यत्र तं रसं कर्त्तुं वेणुके रंध्र ७ सातको स्वरूप धर्म ६ विशिष्टधर्मी १ दक्षिण श्रीहस्त अभय करतहैं भजन विषें ३ प्रश्नको उत्तरदेय भक्त-नके भजनकी स्तुति किये एसो भजन किये जो बहुत काल पर्यंत भजन तुम्हारो करिये तोहू पार न आवे।"न पारयेहं निर वद्य" तर्जनीको अंगुष्ठको स्पर्श है मध्यमा अनामिका कनिष्ठा ये ऊर्द्ध हैं। ये नृत्यको भावहैं।"यतो हस्तस्ततो दृष्टिर्यतो दृष्टि-स्ततो मनः॥ यतो मनस्ततो भावो यतो भावस्ततो रसः"॥यह नित्य सामयिक नृत्य समयको स्वरूपहैं यातें रासोत्सवको प्रकार ह्यांई जानिये वेणुस्थिति दोऊ श्रीहस्तके अवयवमध्यमें होय दृष्टि दक्षिणपरावृत्त होय भूमि पर कृपाअवलोकनहें वेणु-नाद९ प्रकारको हैं तामें यहां दक्षिणहैं स्त्रीपुरुष सबनकों भावो-द्बोधक हैं। देवांगना उच्चैरधस्तिरश्चां वामपरावृत्तदेवस्त्रीणां। स्त्रीणां पुरुषाणांच दक्षिणः समतया सर्वेषामचेतनाया भांति ३ तिनको स्वरूप कहा ताको अभिप्राय रूप, रस, गंध, स्पर्श, शब्द, तेज, जल, पृथ्वी, वायु, आकाश, पंचदृष्टि संयुक्तहें जसेंही वेणुनाद पंचदृष्टिसंयुक्त हैं तैसें पृथिव्या-दिककी तन्मात्र पांच प्रकारको वेणुनादहू प्रियहैं ताको स्वरूप रूप नील प्रियहै शृङ्गाररूपत्वात् रसो नवनीतस्य

सुधासंबंधत्वात् गंधस्तुलस्या दिव्यगंधत्वात् स्पर्शःस्त्रीणां सुधाधारत्वात् शब्दवेणुको प्रथमसुधाधारत्वात् ५ मल्लकाछ को स्वीकारहै सो गायनको आह्वान सुधादानार्थ है "बर्हिमण-स्तवकधातपलाशैर्वद्धमल्लपरिवर्हविडंवः ॥ कर्हिचित् सबल आलि सगोपैर्गाः समाह्वयति यत्र मुकुंदः" ॥ १ ॥ यह अलौकिक वेष देखकें नदीनकोंहू स्पृहा भई तहिं भग्नगतयःसरितोवै रिति वेणुनाद वामाश्रित होय तोकरतहैं ताहि दक्षिण श्रीबाहुमें वाजूवंद नहीं सिंहासनपर ठाढ़ेहैं द्विशिखि ताकिया हैं सो काटि-ताईको स्पर्श कियोहै सो तकिया नहीं किंतु आलंबन उद्दीपन दोऊ विभाव हैं किंच ललित त्रिभंग ग्रंथके मंगलाचरणमें आत्मनिवेदन कह्यो है ताको आशय जो श्रीमदाचार्यजीको श्रीगोकुलमें ब्रह्मसंबंधकी आज्ञा भईहै सो याही स्वरूप करिकेहै "नमः पितृपदांभोजरेणुभ्यो यन्निवेदनात् ॥अस्मत्कुलं निष्कलंकं श्रीकृष्णेनात्मसात्कृतम्" और श्रीमधुराष्टककोहूं प्रागट्य याही समयके स्वरूपको हैं पधारतही ब्रह्मसंबंधकी आज्ञाकिये सो श्रीमुखको दर्शन पहलेही भयो याते "अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरम् ॥ हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्" ॥ १ ॥ ताते मधुरा-धिपहू यही स्वरूप जानिये ॥

अथ श्रीमदनमोहनजीको स्वरूप फलप्रकरणकी प्रथमा-ध्यायकी लीला प्रगट और प्रकरणकी लीला गुप्तहैं वेणुनादक-रिकें भक्तनकों आकरणकिये तब भक्तनप्रति जो कहें "स्वागतं वो महाभागाःप्रियं किं करवाणि वः॥व्रजस्यानामयं कच्चिद्ब्रूता-गमनकारणम्॥रजन्येषा घोररूपा घोरसत्त्वनिषेविता॥प्रतियात व्रजं नेह स्थेयं स्त्रीभिः सुमध्यमाः" ये गमनवाक्य हैं सो याही

स्वरूपकरिके हैं दक्षिण श्रीहस्तकी अंगुरी मध्यमा तथा अनामिका इन दोऊनसों करतलको स्पर्श है । तातें गमनभय करतहोय तो करतलको स्पर्श न होय तब आगम सूचित होय ये वाक्य श्रवण करि भक्तनकों एक बेर तो महाचिन्ता भई प्रभु कहा त्याग किये फिरि वाक्य विचारे तब सुमध्यमा यह पद हैं । ताकरिकें भक्तनको भाव देखि मोहित भये । यह जानके तब श्रीमुख देखत ही संपूर्ण श्रीअङ्ग गौर देखें तब तन्मयता निश्चयभई ता पीछे चरणारविन्दमें पादुकाको प्रदर्शन भयो ये अंतराय है भूमिको स्पर्श नहीं जो अन्तराय होय ताको स्पर्श समानहै जैसें मोजा अंगराग लगायें होयँ चरणारविन्दकों तब जो स्पर्शकरिये तो स्पर्शतो चन्दनको भयो ये अन्तरालहैं भूमिको स्पर्श नहींहै । जो अन्तराय होय ताको स्पर्श समान हैं ॥ जैसे मोजा अंगराग लगाये होंय तो चरणारविन्दकों तब जो स्पर्श करिये तो चन्दनको भयो, पर वह अङ्गराग चरणारविन्दही है यह अन्तराय मात्रहीहैं पर अंतराल नहीं । काहेतें मध्य अवकाश नहीं । तातें पादुका अन्तराल हैं तातें ये वाक्य व्यंग हैं वाक्य पर्यवसायी मत होय यह निष्कर्ष वाक्यमार्यादा हैं चरणारविन्द साधन भक्तिरूप हैं। तातें मर्यादा जो हैं सो भक्तिसंवलित होय तो भक्त स्वीकार करें हैं और भक्तसंवलित मार्यादा न होय तब स्वीकार नहीं तातें वाक्य जब श्रीअङ्गको सुखद होय तब स्वीकार करिये । अतएव दक्षिण चरणारविन्दकी अंगुरीको स्पर्शमात्र पादुकाको है एसे चरणारविन्दके दर्शनतें दास्यकी स्फूर्त्ति भई । तब फलरूप जो भक्ति श्रीमुख ताको दर्शन भयो । तब दास्य रूप जो धर्म ताके आगे चतुर्विध जो मुक्ति

सो तुच्छ हैं अलकावृत श्रीमुख देखिकें साऋप्य मुक्तिको प्राप्ति जो अलक सो भक्तिको आश्रय करतहैं । तब साऋप्यमुक्ति करिकें कहा कुंडल योग सांख्यरूप होय सामीप्यमुक्तिको प्राप्तहें । यद्यपि अत्यंत नैकट्यहैं भक्तिको आश्रितहैं । तब सामीप्यमुक्तितें कहा सालोक्यमुक्तिमें अक्षरानंदानुभव हैं सो गंडस्थलयुक्त जो अधर ता रसके आगे अन्यरस तुच्छहैं । तब सालोक्यमुक्तिकरिकें कहा । सायुज्यमुक्तिमें ब्रह्मानंदानुभवहै। सो हास्यपूर्वक जो अवलोकन तामें भक्तिरस हे । याके आगे ब्रह्मानंद तुच्छहै । जले निमग्नस्य जलपानवत् । तब सायुज्यमुक्तिसों कहा "वीक्ष्यालकावृतमुखं तव कुंडलश्रि गंडस्थलाधरसुधं हसितावलोकम्" ॥ इति वाक्यात् जब एसो भक्तनको भाव देखेंहैं, हैं आत्माराम तोहू रमणकिये। "आत्मारामोप्यरीरमत्" इति ये अष्टस्वरूपको निर्णयकियेहें । ये आठों स्वरूप धर्मीधर्मी जानिये। और गोदके ६ छः स्वरूपहैं। तहाँ दशमके सप्तमाध्यायमें यच्छृण्वतोपैत्यरतिर्वितृष्णासत्त्वं च शुद्धयत्यचिरेण पुंसः ॥ भक्तौ हरे तत्पुरुषे च सख्यं तदेव हारं वद मन्यसे यदि" ॥ ह्यां ये राजाके पांच प्रश्नहैं। तहाँ शुकदेवजी कहें इन लीलाके श्रवण पहिलें श्रीमातृचरणको निरोध कियेहैं। सो लीला कहतहें। सो शकटभंजनलीलाहैं। तीन महीनाके भये तब औत्थानिक लीलाहें यह लीला श्रीद्वारकानाथजीके पासके ठाकुरजी श्रीबालकृष्णजी हैं तहाँ यह लीला प्रगटहें और लीला गुप्तहें । १ और श्रीमथुरानाथजीके पासके श्रीनटवरजी हैं। तहाँ तृणावर्त्तके प्रसंगकी लीला प्रगटहें। वर्ष एकके भयेहें या लीलाके श्रवणतें आर्तिकी निवृत्ति होय और श्रीनवनीतप्रियजीके पास श्रीबालकृष्णजी

तथा श्रीमदनमोहनजी हैं । तहाँ जूंभालीला तथा सत्त्वशुद्ध यह लीला प्रगट हैं । या लीलाके श्रवणतें भक्ति होय वितृष्णा निवृत्त होय सत्त्व जो अन्तः करण ताकी शुद्धि होय । और श्रीगोकुलचन्द्रमा जीके पास श्रीबालकृष्णजी तथा श्रीमदन-मोहनजी हैं । तहां उलूखल वन्धन तथा नलकूबर मणिग्रीवको उद्धार किये यह लीला प्रगट हैं । या लीलाके श्रवणतें भक्ति होय तथा भगवदीयनको सङ्ग होय । या प्रकार ६ स्वरूप गोदके हैं । तिनके स्वरूपको निरूपण किये भगवल्लीला नित्य हैं । स्वरूपात्मक हैं । तातें ये ६ लीलाके ६ स्वरूप कहें । ये लीलाप्रमाणप्रकरणके अन्तर्भूत हैं । तातें ये ६ स्वरूप गोदके कहवाये । तातें ये ६ स्वरूप लीलाकों विषद करिकें । " यच्छृण्वतोपैत्यरतिः वितृष्णा" या श्लोककी सुवो-धिनीमें कहे हैं । ह्यां विस्तारके लियें नहीं लिखे हैं । तातें ये अष्ट स्वरूप तथा गोदके छः स्वरूप दृष्टिदेकें भावना करिये । यहां स्वरूप भावना कहें जैसी स्वरूपकी स्थिति हैं ता प्रकार कहे । अब लीला भावना लिखत हैं लीला भावना जो लीलास्थके जे भक्त तिनकी भावनां तहां प्रथम वाम भागस्थ श्रीस्वामिनीजी विराजत हैं तिनको स्वरूप शृङ्गार रस भगवत्स्वरूपको आलम्बन विभाव गौर स्वरूप है । सो शृङ्गार रसको उद्बोधक है । शृङ्गार श्याम है गौर उद्बोधक हैं श्यामं हिरण्य परिधं या श्लोककी सुबोधिनीमें शृङ्गार श्याम हैं । गौर उद्बोधक हैं यह कह्यो है अवतार लीला विषे श्रीवृषभानुजा हैं सो मुख्य सुधाकार हैं भगवत्प्रादुर्भावके दोय वर्ष पहिले प्रागट्य हैं । प्रादुर्भावानन्तर जब दूसरो उत्सव आयो तब सुधाको आविर्भाव भयो । तातें कहें जो सुख

नन्दभवनमें उमग्यो तातें दूनो होयरी और पांच वरसके श्याम मनोहर सात वरसकी वाला इन दोऊ कीर्त्तनकी या भांति एक वाक्यता हैं। प्रागट्य दोय वर्ष पहिले हैं। भगवत्प्रादुर्भावानंतर सुधाविर्भाव है सो शृङ्गार रसात्मक जो भगवत्स्वरूप तिनकी सारभुत सुधा है। और शृङ्गार श्याम हैं तातें लीलांबर प्रिय हैं। दक्षिणभागस्थ श्रीस्वामिनीजी विराजत हैं। तिनको स्वरूप शृंगाररसरूप जो भगवत्स्वरूप है तिनको उद्दीपन विभावहै। आरक्त स्वरूप हैं सो रसको उद्बोधक हैं। गौर स्वरूप शृंगारको उद्बोधक हैं। आरक्त स्वरूप हैं सो शृंगारमें जो रस हैं ताको उद्बोधक हैं। अतएव दांतके खिलोना वाम भाग रहें लालखिलोना दक्षिण भाग रहें श्याम हैं सो गौरकी जो उभयत्र प्रीति हैं सो मूर्तिवंत ये स्वरूप हैं। कीर्त्तनमेंहू कहे हैं। तट तरंगिनी निकट तरणिक तट ... चंपकवर्णी दक्षिण प्रीति वामभाग जोरी कर्वरी प्रीतिको कथन शब्दात्मक है। शब्दको मूल तो वेद वेदको मूल गायत्री सो गायत्रीरूप ब्रह्म आपही होतभये।"श्रीकृष्णः स्वात्मना सर्वमुत्पाद्य विविधं जगत्॥ तदासक्तावबोधाय शब्दब्रह्माभवत्स्वयम्॥ तत्र सर्गादिभिः क्रीड़न् नित्यानंदरसात्मकः॥ निज भावप्रकाशाय गायत्रीरूप उद्भभौ॥" इति वाक्यात्। तातें गायत्रीरूपहू येहीं हैं। अतएव नाम श्रीचन्द्रावली जी चन्द्रमें नियत श्याम कला हैं गौरकला हैं दोऊके उद्बोधक हैं यातें नाम यह हैं और अपर श्रीस्वामिनीजी हैं सखी नहीं तातें दक्षिण भागमें सदाही विराजे। पाछेऊँ ऐसे शृंगारहू दोऊ भाग को एक भांतिको होय।अब श्रीयमुनाजीको स्वरूप कहतहैं तुर्य प्रिया सो चतुर्थप्रिया सो याप्रकार कितनेक भक्तनको व्रजली

लामें अंगीकार हैं।जैसें नन्दादिक प्रभृतिनको कितनेक भक्तन कों राजलीलामें अंगीकार हैं जैसें वसुदेव प्रभृतिनको कितनेक भक्तनकों उभय लीलामें अंगीकार है। जैसें कुमारिकानकों उत्तरार्धमें बलभद्रप्रियः कृष्णः या अध्यायकी सुबोधनीमें कुमारिकानको पुराणांतर संमति देयके द्वारकानयन लिखेंहैं याहीते वहां गोपीचंदन तो तब भयो जब कुमारिकानको नयन हैं जैसे कालिंदी चतुर्थप्रिया हैं और व्रजलीलामें श्रीयमुनाजीहें या प्रकार उभय लीलाविशिष्टहैं याते तुर्यप्रिया हैं कदाचित् या प्रकार कहिये जो नित्यसिद्धाको एक यूथ १ श्रुतिरूपाको एक यूथ १ कुमारिकाको एक यूथ १ श्रीयमुनाजीकों एक यूथ १ या प्रकार तुर्यप्रिया जो कहिये तो श्रीयमुनाजीको अंगीकार श्रीयमुनाजीके शृंगार पहिले "श्रुतिरूपा कुमारिका" को नहीं श्रीयमुनाजी व्यापिवैकुंठमें हैं इनकी रेणुकाकी प्रतिनिधि कात्यायनी किये तब कुमारिकानकों साधन सिद्धभयो और श्रुतिनकोंहू दर्शनभयोहैं तहां कहतहैं "यत्र निर्मलपानीया कालिंदी सरितांवरा" ॥ ताते प्रथम प्रकार सोई तुर्यप्रयाते सिद्ध होत हैं और अष्टसिद्धिहैं सो प्रभु श्रीयमुनाजीकों दियेहैं साक्षात्सेवोपयोगिदेहाप्ति १ तल्लीलाऽवलोकन २ तद्रसानुभव ३ सर्वात्मभाव ४ भगवद्वशीकरणत्व ५ भगवत्प्रियत्व भगवत्तात्पर्यज्ञत्व ६ भक्तिदातृत्व ७ भगवद्रसपोषकत्व ८ ये अष्ट सिद्धि श्री यमुनाष्टकके प्रत्येक आठों श्लोककरि निरूपितहें षड्गुणविशिष्ट धर्मी ये सप्त विधत्वहू हैं अनंतगुणभूषिते यामें कहेहें जलते यमयातनानिवृत्तिः रेणुते तनुनवत्व जलरेणु अधिक फलसंपादकहैं ॥ "स्मरश्रमजलाणुभिः" यह जलरेणुहूते अधिकी "जलादपि रजः पुण्यं रज-

सोपि जलं वरम् ॥ यत्र वृन्दावनं तत्र स्नातास्नातकथा कुतः ॥ ये अष्टसिद्धि श्रीयमुनाजीकों दान किये हैं इतनोही नहीं किंतु ये अष्टसिद्धिके दाताहू आप हैं पहिले श्रीगंगाजीमें दर्शनमात्रते ब्रह्महत्यादिक पातक निवृत्तिको सामर्थ्य हतो चरणस्पर्शतें अब इनके संगते मुररिपोः प्रियंभावुका भई तथा सकलसिद्धिदाता भई याहीतें अलौकिक आभरण कहें "तरंगभुजकंकणप्रकटमुक्तिका वालुका नितम्बतटसुन्दरीं नमत कृष्णतुर्यप्रियां" ॥ येहू स्वामिनीजी हें सखी श्यामरूप हैं। शृङ्गाररूप हैं इनको हू यूथ प्रथम कहें श्रीगङ्गाजीके दर्शनते ब्रह्महत्यापहारिणी इति। और श्रीयमुनाजीके स्मरणमात्रतें पातकमात्रकी निवृत्ति होय "दूरस्थोपि स पापेभ्यो महद्भ्योपि विमुच्यते" इति। जैसे श्रीवासुदेवके मूलभूत श्रीकृष्णचन्द्र तैसें कालिन्दीके मूलभूत श्रीयमुनाजी अथ श्रीमदाचार्यजीको स्वरूप श्रीकृष्णचन्द्रके आस्य हैं प्रभु विचारे जो स्वीय निज माहात्म्य हें सो भूमिविषें दैवीप्राति तुम्हारे प्राकट्य विनु प्रगट न होइ ताते तीन प्रकारसों प्रगट होउ यह आज्ञा भई प्रथम तो सन्मनुष्याकृति ऐसो स्वरूप देखिके प्रेमपूर्वक दैवी जीवशरण आवेंगे और दूसरी आज्ञा अति करुणावंत होउँ तब दैवीजीवनसूं निकट आयोजाय तव उपदेश लेई और तीसरी आज्ञा हताश होय जे शरण आवें उपदेश लेतहें तब उनके पाप निकसिके गुरुके सम्मुख आवत हैं जो गुरु तेजस्वी होय तो दाह करे तातें हुताश जो अग्नि तद्रूप होय जनके पाप दाहकरो या प्रकार दैवीमें जे पुष्टि सृष्टि हैं तिनको आसुरभाव भयो है सृष्टि प्रक्रियाके प्रारम्भही दैवी जीवते आसुरी जीव जब जुदे भये तैसें इंद्रियहू दैवी तथा आसुरी भई

तब आसुर जीव हतो सो दैवी जीव पास आयके कह्यो जो मेरोऊ गान करो तब दैवी जीव कह्यो "यो यदंशः स तं भजेत्" मैं भवदंशहुं भगवद्गानकरूंगो तब दैवी जीवकों पाप वेध न· भयो। तब आसुरी जीव दैवी इन्द्रिय पास गयो उनकों भयत्रस्त करिके कह्यो जो मेरो गान करो। तब देह तो दैवी जीवकी नहीं जो इन्द्रिय प्रविष्ट होयजाय। तब इंद्रिय सभय होय आसुर जीवकी गुणगान कीनी तब दैवी इंद्रियनको पाप वेधभयो। यातें दैवी जीव शुद्ध तथा देह शुद्ध इंद्रियमें द्वैविध्य आप दैवी आसुरतें गानतें असुरभावसहित यह मूलदोषहें यह निरूपण "द्वयाह प्रजापत्याः" या श्रुतिमें कह्योहै। "द्वेधाह्यर्थभेदात्"या सूत्रमें व्यासजी निरूपणकियेहैं। ऐसें मूलमें दोषग्रस्तहैं। यह दोष निवारण तब होय जब तुम्हारो प्राकट्य होय और उद्धारकहू वेई जिनके अलौकिक आभरण होंय। सो अलौकिक आभरण तीन ठौर हैं। श्रीकृष्णचन्द्रविषैंहैं। "उद्दामकांच्यंगदकंकणादिभिः"उद्दाम जो डोरा तद्रहित कांची रहें क्यों जो यातें लौकिक सूत्रभाव कहें श्रीयमुनाजी विषें कहें "तरंगभुजकंकणप्रकटमुक्तिकावालुकानितंबतटसुंदरीं नमत कृष्णतुर्य्यप्रियाम्"ये दोऊ सिद्धसाधन जे लीलास्थ भक्त हें तिनके उद्धार श्रीमदाचार्यजीविषें हैं। "अप्राकृताखिलाकल्पभूषितः" श्रीभागवते 'प्रतिपदमणिवरभावांशुभूषिता मूर्तिः' साधनरहित जे दैवी जीव आधुनिक तिनके उद्धारकहै। "भगवान्विरहं दत्वा भाववृद्धिं करोति वै"। तथैव यामुनस्वामिस्मरणात् स्वीयदर्शनात "अस्मदाचार्यवर्य्यास्तु ब्रह्मसंबंधकारणात्॥ तापक्लेशप्रयत्नेन निजानां भाववर्द्धकाः"॥ त्रयाणां सजातीयत्वं सिद्धं आधुनिक भक्तनको उद्धार तब ही होय जब श्रीमदाचा-

र्यजीको दृढ़ आश्रय होय श्रीमदाचार्यजी भूलोकमें प्रगट होय भगवत्आज्ञातें जो दैवीजीवनको उद्धारकरें नवधा भक्ति विना प्रेमलक्षणा भक्ति नहीं होय। प्रेमलक्षणा भक्ति विना पुरुषोत्तमकी प्राप्ति नहीं होय। नवधा तो एक एक कठिन हैं। राजा परीक्षित सारिखें होंय तव मर्यादामार्गीय श्रवण भक्ति होय। पुष्टिमार्गीय श्रवणभक्ति तो याहूतें आगेहै। तहाँ श्रवणादि सात भक्ति तो भक्तनिष्ठ हैं। दोय भक्ति भगवन्निष्ठहैं सात भक्ति तो शरण मन्त्रतें सिद्ध है। "सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। तस्मात्सर्वात्मना नित्यं"इति वाक्यात्। दोय भक्तिकी चिन्ता भई। तब श्रावण शुक्लपक्षकी ११ एकादशीको अर्द्धरात्रि कों श्रीगोकुलमें आज्ञा भई "ब्रह्मसम्बन्धकरणात्सर्वेषां देहजीवयोः॥ सर्वदोषनिवृत्तिर्हि दोषाः पञ्चविधाः स्मृताः"॥ या करिकें दोय भक्ति सिद्ध भई भगवद्वाक्यमें तीन चरण हैं सो त्रिपदा गायत्री तातें गायत्रीको दृष्टान्त दिये। यथा द्विजस्य वैदिक कर्मणि गायत्र्युपदेशजसंस्कारवत् या दृष्टन्ततें यह अर्थ सिद्धभयो गायत्रीमन्त्र वैदिक कर्म है। याहीसों पहिले दिन उपवास नहीं तो निवेदन मन्त्र तो भक्ति बीज है याको उपवास है कहाँ। या पोंण श्लोकमेंतें निवेदन मन्त्रको आविर्भाव है। देहपदको विवरण है। दारागार पुत्राप्तिवित्तेहापराणि इत्यादि देहपद हें सो सभा समर्पणार्थ श्रवणके देवता विष्णु हैं। तातें महीना वैष्णव कहें शुक्लपक्ष छोड़ अमल पक्ष कहें सो भगवत्सम्बन्ध जीवनकों भयो ते मल रहित भये नाम निर्दोष भये। एकादशी कहें सो एकादशेन्द्रिय शोधक हैं। जातें देहेंद्रिय नौ वादिन आज्ञा भई याहीते शुद्धिभई। अब याको मन्त्रोपदेश पहिले उपवास करिके मन्त्र लेनों यह विधि

नहीं किन्तु "एकं शास्त्रं देवकीपुत्रगीतमेको देवो देवकीपुत्र एव । मन्त्रोप्येकस्तस्य नामानि यानि कर्माण्येकं तस्य देवस्य सेवा" ॥ याके व्याख्यानमें लिख्यो है "तस्य देवस्य सेवा" इतनेमें पूर्वपरामर्शहो तो देवपद क्यों कहे । ताको आशय नमतुष्यत्त्वेन ज्ञातव्य मिति देवमिति जैसे मनुष्यके छुवेमें सेवा न करिये ऐसे देवकी सेवा न करिये । अपरस होय तो करिये । याको यह निष्कर्ष समर्पण मन्त्र तो बाल्यतें लेइं "अज्ञानादथ वा ज्ञानात्" या वाक्यतें परन्तु अपने गुरु न पधारे होंय तो एकांश समर्पण तो होय चुक्यो है । दारागारपुत्राप्ति हैं तातें एकांश संबंधसों भयो । ताते स्वरूप जब पधारें तबही शरणमंत्र तथा निवेदनमंत्र लेइ न पधारें तहां तांई न लेई तों दीक्षारहितको दोष नहीं एकांशसंबंधतो हैं अपने गुरूछोड़ि और बालक पास उपदेश लेइ तो अपने घरमें जे प्रभु विराजतहोंय तो सों तो जहांको उपदेश हैं तिनके मुख्यसेव्य सातों स्वरूपनमें हैं लड़-काप्रभृतिकों और ठौर उपदेश लिवावें तब मंदिरमें कोंनसें स्वरूपकी सेवा तथा भावना करे यह अपराध पड़े और गुरू न पधारें तो सेवोपयोगी कुटुंबको उपदेश लिवावें तो और बालक पास लिवावें । तब वाकें ह्यां प्रभु इनगुरूनके मुख्य सेव्य स्वरूप तिनके भावसों विराजें तब वाहीप्रकारकी सेवाकी रीति सेवाकरें । मुख्य तो जब गुरू पधारें तव ज्ञानभये पीछे लेइ समर्पणलिये पीछें ज्ञातमें भोजन कियेहैं ताके लियें उपवास करिकें सेवामें जाय जव मर्यादा पाले तव उपवास करे जैसें ब्राह्मण स्नानतेंशुद्ध तैंसे उपवासते इंदिय शुद्ध समर्पण पाल-वेको अंग उपवास करिके निवेदन मंत्र लेइ तो एकादशीके दिन जो आज्ञा भई एकादशेंद्रियसे अधिक यह विश्वास

छूटिजाय । किंच ब्रह्मसंबंधमें तुलसीहातमें देतहें ताको आशय याते जो अन्य संबंध न होय किंतु भगवत्संबंध ही होय फेर वाके पासतें मांगलेतहैं साक्षात्स्वरूप विराजतहोंय तो चरणारविंदपर धरें जो परोक्ष होंय तो भावनासों धरिये "नान्यसमक्षमंजः" इति वाक्यात् "श्रीमत्पदांबुजरजश्चकमेतुलस्यालब्ध्वापि वक्षस्थलंकिलभृत्यजुष्टं" भोगमेंहू याहीतें धरिये। अन्यदृष्टि संबंध न होय यातें नवधा भक्ति साधनरूप तो दोऊ मंत्रनतें सिद्धभई। परंतु फलरूपतो न भई। तातें "श्रवणाद्दर्शनाद्ध्यानान्मयि भावानुकीर्त्तनात्" श्रवण, दर्शन, ध्यान, मयि भाव मद्विषयक जो भाव "रतिर्देवादिविषया भाव इत्यभिधीयते" भाव सो रति रति सो प्रेम तामें ध्यान जो हें सो तो दर्शनके और प्रेमके मध्य आयो तातें फल मध्यपाती भयो रहे तीन श्रवण १ दर्शन २ प्रेम ३ ऐसे नवधामें जानिये कीर्त्तन १ दर्शन २ प्रेम ३ स्मरण ४ दर्शन प्रेम ऐसे मध्यकी भक्तिमें ऐसें आत्मनिवेदन आत्मनिवेदनसम्बन्धी दर्शन आत्मनिवेदनसम्बन्धी प्रेम स्वस्मिन् ज्ञानी प्रपश्यति यह आत्मनिवेदन सम्बन्धी दर्शन और "कृष्णमेव विचिन्तयेत" यह विचिन्तन रूप आत्मनिवेदन सम्बन्धी प्रेमकहें यातें जाको श्रवणादि नव में दर्शनांत भयो तहां तांई तो मर्यादा प्रेमान्त भयो तब पुष्टितातें दोय मन्त्रकरि साधनरूप नवधा भई अब जो श्रवणादिक करने सो प्रेमान्त होय तो शुद्धि पुष्टि होय न करे तो मिश्रभाव रहै मर्यादापुष्टि १ तथा प्रवाहपुष्टि २ तथा पुष्टिपुष्टि ३ ये तीन मिश्रभाव "पुष्टया विमिश्राः सर्वज्ञाः प्रवाहे सत्क्रियारताः॥मर्यादाया गुणज्ञास्ते शुद्धाः प्रेम्णातिदुर्लभाः"॥१ जे पुष्टि पुष्ट हें तो क्रियारत हैं सर्वज्ञ हैं सब जानत हैं सब कहा सेवा कथा स्म-

रण ये तीनों आशय सहित जानें प्रवाह पुष्टि हें ते क्रियारत हैं क्रिया सो सेवा यह मार्ग रीतिसों करिजानें पर आशय न जाने मर्यादा पुष्ट हें ते गुणज्ञ हैं गुण सो कथा तामें रुचि नहीं ये तीन मिश्र भाव इनते भिन्न सो शुद्ध पुष्टि सो दुर्लभ

लिये पीछे अधिकार जैसे ब्राह्मणको गायत्री मन्त्र पीछे वैदिक कर्ममें अधिकार या भांति दोय मन्त्र देकें दैवी जीवको अंगी कार किये तब भगवन्माहात्म्य की स्फूर्ति भई । एक तो श्रीमदाचार्यजीको भूलोकमें प्रागट्य ताको यह आशय अब दूसरो आशय फलप्रकरणमें भगवान कहें "न पारयेहं निरवद्यसंयुजां स्वसाधु कृत्यं विबुधायुषापि च" देवताकी आयुष्य लेके तुम्हारो भजन कीजिये तोहू पार न आवे श्रीमुखतें आज्ञा किये परि कृतिमें न आयो श्रीमुखतें कहेहें । तातें श्रीमुखावतार होय तवही वचन प्रतिपालन होय। यातें या अवतारमें सेवा किये सेवाके अधिकारी तो व्रजरत्न इनके भावको अनुशरण करें या प्रकार दास्यभाव किये याहीतें कहें । "इति श्रीकृष्णदासस्य वल्लभस्य हितं वचः" ॥ सेवा कृष्णदासकी "कृष्णसेवा सदा कार्या" इति वाक्यात् । पर व्रजभक्तनके भावपूर्वक करनी तातें श्रीकृष्णदासस्य श्रीयुत जे कृष्ण तिनके दास जो लीलानकी भावना करें तव प्रभुहू लीलानुकूल वपु धरिवे ई भक्तसहित प्रादुर्भूत होंय। "यद्यद्धियां त उरुगाय विभावयंति तत्तद्वपुः प्रणयसे सदनुग्रहाय"इति वाक्यात्। या प्रकार सेवा तथा भावना करतहैं । तातें श्रीकृष्णके दास और आस्यरूपहैं । तातें वैश्वानर अग्नि उभयरूप है पुराण

पुरुषोत्तमको यही लक्षण विरुद्धधर्माश्रय होय ईश होय सो दास क्यों दास होय सो ईश क्यों, यथा "अपाणिपादो जवनो ग्रहीता' तद्वत् । याहीतें श्रीआचार्यनको श्रीअंग नित्य भौतिक नहीं यातें दोय आज्ञा न मानें "देहदेशपरित्यागः" देह नित्य देश व्रज दोऊनको कैसें परित्याग होय यातें तीसरी आज्ञा किये तामें पहली दोऊ आज्ञा सिद्धभई । "तृतीयो लोकगोचरः" सो संन्यास किये तातें देहपरित्याग भयो । आसुरव्यामोहलीलासमें दशाश्वमेधके घाटमें कटिभागपर्यंत जलमें ठाड़े रहें तब सबको ये दृष्टि आयो । जो जहाँताँई ऊँची दृष्टि जाय तहाँ तेजको स्तंभ दीस्यो । जैसे प्रभावलीलाविषें । तातें यह अंग नित्यहें । भौतिक नहीं या प्रकार श्रीमदाचार्यजीको भूलोकमें प्रागट्य किये । दोय आशय । ताको स्वरूप एक तो शेषभाव एक अशेषभाव शेषभाव तो "नमामि हृदये शेषे" यामें दास्यभावको अनुभव करतहें न पारयेहं या श्लोकको फलितार्थ सो शेषभाव और अशेषभाव तो जनको उद्धरणरूप सो सब बालकत्वावच्छिन्नविषे स्थापन किये । भूमि विषे भक्त जो भगवन्माहात्म्य ताके प्रचारार्थ अब अशेष माहात्म्य तो बालकनमें स्थापन कियेई हैं । और शेष माहात्म्य जो है ताको सम्बन्ध जे होय सो भाग्य । यातें शेष माहात्म्यकी कृपाकरें ऐसो उपाय करिये । ऐसो श्रीमदाचार्यजीको स्वरूप है मुख्य सुधा पुरुषाकार वर्हापीडं नटवरवपुः या श्लोकप्रतिपादित यह स्वरूप है यहां देह भाव नहीं रसरूप हैं । जैसे देहमें वीर्य मुख्य तैंसे भगवत्स्वरूपमें सुधा देहमें वीर्य सार मस्तकमें रहे । यहां सुधा स्वरूपमें सार है आनन्दसार भूतसों अधरमें स्थितहै लोभात्मक अधरहै यथायोग्य दानकरै या प्रकार भावना करनी ॥

अथ श्रीगोसाँईजीको स्वरूप जीवय मृतमिव दासं यह वाक्य भगवान् कहें पर कृतिमें न आयो जैसे श्रीमदाचार्यजी अग्निरूप होय वाक्पति हें। तथा न पारयेहं या श्लोकके अनुभावार्थ दास्य करत हैं तैसे ये अग्नि कुमार हैं इनहू विषे दोय धर्म हैं। वाक्पति हैं ताते दैवीको उद्धार करत हैं। यातें भगवत्व हैं जीवय मृतमिव दासम् यारसके अनुभावार्थ वाक्य सत्यके लिये स्वामिनी दासत्व हें यावंति पदपद्मानीति वाक्यात। जैसे न पारयेहं याके अनुभावार्थ श्रीमदाचार्यजी आज्ञा किये गोपिकानांतु यद्दुःखं तद्दुःखं स्यान्मम क्वचित्" आप परत्व कहे तैसे श्रीगुसाँइजी आज्ञा किये। "विठ्ठलपदाभिधेये मय्येव प्रतिफलतु सर्वत्र सततं" मय्येव यामें एवकार कहें सो आप परत्व कहें। तातें मुख्य स्वामिनीका दास्यरस ताको अनुभव श्रीगुसाँइजी करत हैं। याहीतें अष्टक तथा स्तोत्र प्रगट किये। निष्कर्ष यहहैं जो सुधा पुरुषाकाररूप श्रीआचायजी और सुधाकी स्थिति वेणुयें है वेणु कैसो है। वश्चंद्रवयौ तौ अणूयस्मात् ऐसो वेणु वामोक्षानन्द कामानंद ये दोऊ जानै अणुहैं सो तुच्छे हैं। काहेतें "सवनसस्तदुपधार्य सुरेशाः शक्रशर्वपरमेष्ठिपुरोगाः ॥ कवय आनतकंधरचित्ताः कश्मलं ययुरनिश्चिततत्त्वाः" ॥ शक्र इंद्र शर्व महादेव, परमेष्ठि ब्रह्मा ये वेणुनाद श्रवणको आयेहें। पर अनिश्चिततत्त्वाः कश्मलं ययुः तत्त्वको निश्चय न भयो मोहकों प्राप्तभये रागको ज्ञानको ज्ञान न होयगो सो तो कविआपही हैं चित्त दे सुनें न होंयगे सो तो आनतकंधर चित्तहें तो आये काहेकें महादेव तथा ब्रह्माकों मोक्षानन्दको अनुभव है और इन्द्रको कामानन्दको अनुभवहै यह वेणु हे याके आगे जैसो मोक्षा-

नन्द ऐसो कामानन्द सोऊ तुच्छ है। सो देखिवेको आये हैं। जाके आगे दोऊ आनन्द तुच्छ भये सो पदार्थ कैसो है। तथापि ज्ञानहू भयो तत्त्वज्ञानके विना समुझे सो मोह भयो। सुधा ऐसी वेणुमें स्थापित है तैसें श्रीगुसांईजीकूं श्रीमदाचार्यजीते उपदेश है तातें सुधास्थानापन्न वेणुस्थानापन्न श्रीगुसाँईजी भये। तातें ह्याँ वेणुवत् मोक्षानन्द कामानन्द तुच्छ ऐसी देहको स्वीकार तातें यहाँ इतनो देहभाव है। परन्तु वेणुमें शेष भाग्यकोही दान अरु ये अग्निकुमार हैं। ताते सब सुधाको दान याते भगवत्व है। अरु मन्त्रोपदेशकर्त्ता है यह तो भक्तकार्यार्थ आविर्भूत और स्वकार्यार्थ तो दास्यरसानुभव करतहै। सो यहाँ शेषभाव यह है स्वामिनीदासत्व यातें अशेष माहात्म्य जो जनको उद्धरण रूप सो तो सब बालकत्वावच्छिन्न स्थापन किये परिशेष माहात्म्य जो मुख्य स्वामिनी दासत्व यह तो आप विषे है।"मय्येव प्रतिफलतु" ताते ऐसो उपाय करिये जो या शेष माहात्म्यकी कृपा करें। श्रीमदाचार्यजी पुष्टिमार्गको प्राकट्य करि स्थापन किये और श्रीगुसाँई जी मार्गको विस्तार किये जैसे महाप्रभूनके आधे शृंगार दोय हते मुकुट तथा पाग तैसें श्रीगुसाँईजी मुकुटहीमेंते सब शृंगार प्रगट किये। कुलही बांधिके तीन वा पांच चन्द्रका धरे तब मुकुटहीहै वर्हिनृत्यानुकरण एसो मुकुटहूहै तथा कुलहीहूहैं प्रभुके केश बड़ेहैं सो मध्यके केशकी शिखा बांधि आसपासके कशकी मेंड़ करिये। तब गोटीपर भांतिभांतिके फूल धरि वस्त्र मिही ऋतु प्रमाण लेपेटे और आसपासके केशके मेंड़हैं सोहू वापर फूल धरि वस्त्र लपेटे। दोय छेड़ाको वटुका लेइ बाँई ओरतें तुरांके ठिकाणे तुर्रा सवारि पीछेंकी ओर दोय पेच

देय दाहिनी ओर तुर्रा राखे से तब कुलही भई । गोटीलावी करदेइ तो टिपारो होय आगे पेच आवे गोटी रहें तो गोटीको दुमालो होय गोटी न राखिये तो दुमालो गोटीविनाको होय एक तुर्रा राखिये तो फेंटा होय गोटी तथा एक तुर्रा राखिये तो गोटी को फेंटा होय गोटी न राखिये बीचमें तुर्रा राखिये तो पगा होय तुर्रा न राखिये गोल तथा मेंड़ राखिये तो तुर्रा विनाकी कुलही होय । इत्यादि भेद सब कुलहीमें कहें कुलही मुकुटको परम प्रिय हैं । याते श्रीमदाचार्यजी संक्षेप सब प्रगटकिये । श्रीगुसाँईजी वाही संक्षेपको विस्तार या प्रकार किये जैसे प्रभु गीताको वार्त्ता संक्षेपते हैं विस्तार श्रीभागवतहैं श्रीमदाचार्यजी सुधारूपहैं वेणुमें आनंद सारभूत सुधाको स्थापनहैं सुधात्रयाधारत्वेन वेणुभावापन्न श्रीगसाँईजीहैं । तातें वेणुहू पुष्टिमार्गीय षड्गुणैश्वर्यसंपन्नहै धन्यास्तीतिश्लोक याते वालकनमें गुणको प्रागट्यकिये श्रीविट्ठल या नामतेहू षड्गुणकोप्रागट्यहै सर्वेषामितरसाधनासाध्यभगवत्प्राप्तिसंपादनमें ऐश्वर्यम् १ कर्मज्ञानोपासनादिजनितदेहादिक्लेशाभावसंपादनं वीर्यम् २ पूर्वोक्तं सर्वमनेनैव नाम्ना सर्वत्र प्रसिद्धमिति यशो निरूपितम् ३ श्रीस्तु वर्त्ततएव ४ वित्तं ज्ञानं ५ ठं शून्यं वैराग्यं तानि लाति आदत्ते स्वीकरोतीत्यर्थः । इदं मर्यादामार्गीमयैश्वर्यादिकं सो नाम रत्नाख्यकी टीकामें निरूपण कियेहें । तातें भूमिविषे भक्ति भगवन्माहात्म्य ताके प्रचारार्थ वंशप्रगटकिये १ अथ श्रीगिरधरजीको स्वरूप १ प्रथम ऐश्वर्यगुणको प्रागट्य अतएव श्रीनवनीतप्रियजी श्रीमथुरेशजी दोऊ स्वरूप विराजतहैं अथ श्रीगोविंदरायजीको स्वरूप २ वीर्यगुणको प्रागट्य अतएव विद्वन्मंडनके प्रागट्यविषें श्रीगिरधरजी विज्ञप्तिकिये । यह

शब्द व्याकरणसिद्ध जान नहीं पड़त तब श्रीगुसाँईजी श्रीगोविंदरायजीकों बुलायके कहें यह शब्द कैसें होय तब व्याकरणमें सिद्ध हतो सो प्रयोग साधे याते आठों व्याकरण आवतहते "इंद्रश्चंद्रः काशकृष्णापिशली शाकटायनः।पाणिन्यमरजैनेंद्रा इत्यष्टौ शाब्दिकाः स्मृताः"॥ १ श्रीबालकृष्णजीको स्वरूप ३ यशगुणको प्रागट्य एसो भक्तिमार्गको आग्रह जो विवाहादिकविषें कुलदेव्यादिको पूजन करनों ता ठिकाने श्रीभागवतकी पुस्तकको स्थापनकिये अथश्रीगोकुलनाथजीको स्वरूप४श्रीगुण प्रागट्य जब जुदे भये तब जन्माष्टमी आई। स्वसेव्य श्रीगोवर्धनधरजीको पालने बैठाये। श्रीगुसाँईजीको हार्द जानें। न पालने ... गलगलाऊ बैठें बाललीला पालनों प्रौढ़लीला डोल जैसें बाल स्वरूप बैठें तैसे प्रौढ़ स्वरूप पालनें बैठें यह श्रीगुसाँईजीको हार्द न होय तो बालस्वरूपकों पालनें बेठाये होते। प्रौढ़ स्वरूपकों डोल बैठाये होते एक ही स्वरूप सब लीलाविशिष्ट हैं अथ श्रीरघुनाथजीको स्वरूप ५ धर्मीको प्रागट्य जैसें दशम स्कंधमें तामस प्रागट्य जैसें दशमस्कंधमें तामस प्रकरणके फलप्रकरणमें श्रीपीछे दशमाध्याय पीछे वैराग्य पीछे ज्ञान तैसे पांचयें बालक हैं सो धर्मी और क्रमप्राप्त जो ज्ञानगुणको प्रागट्य ज्ञानस्वभाव परावर्त्तन करे याको प्रमाण यह जो इनके प्रभु जो श्रीगोकुल चंद्रमाजी सो श्रीगुसाँईजी मध्य पधराये। आगे श्रीनवनीतप्रियाजी १ वामभाग श्रीमथुरेशजी २ तिनके आगे श्रीविट्ठलेशरायजी ३ इनकी बराबर श्रीमदनमोहनजी ४ दक्षिणभाग श्रीद्वारकानाथजी ५ आगे श्रीगोवर्द्धनधरजी ६ इनकीबराबर श्रीबालकृष्णजी और ग्वालकेसमें श्रीगुसांईजीकी

आज्ञातें श्रीरघुनाथजी पधारे। तब श्रीआचार्यजीको साक्षात् दर्शन भयो अब श्रीयदुनाथजीको स्वरूप ६ वैराग्यगुणको प्रागट्य फलप्रकरणकी रीति वैद्यविद्या स्वीकार करि जगतको उपकार किये। देह नीरोगहोय तो वैष्णवसों सेवा होय और जो कोऊ सत्कर्म हैं तामें निवेश होय "हरेश्चरणयोः प्रीतिर्वैराग्यं" श्रीघनश्यामजीको स्वरूप ७ ज्ञानगुणको प्रागट्य फल प्रकरणकी रीति श्रीगुसांईजी मधुराष्टककी टीका प्रगट करि श्रीगिरिधरजीकों सोंपे जो श्रीघनश्यामजी अबही छोटे हैं बड़े होंय तब दीजिये। जिनके लिये टीकाको प्रागट्य भयो सो स्वभाव परावर्त्तन किये न किये होंय तो विरहानुभवही होंय संयोगानुभव न होय। यातें पहिले संयोगानुभवके लिये टीका प्रगट किये। श्रीगुसांईजी विषें वेणु स्थापित ऐश्वर्यादिकनको प्रागत्य है तथा श्रीविट्ठल या नामकी निरुक्तिमें तेंहू षड्गुणैश्वर्यादिकको प्रागत्य है यातें एक प्रकार तो सातों बालकनमें निरूपण किये श्रीगिरिधरजी विषें छहों गुणको प्रागत्य प्रथम ऐश्वर्य तो सातों स्वरूप श्रीजी साथ अन्नकूट आरोगे य विज्ञप्ति श्रीगुसांईजीसूं किये। पाछे पधराये सज्ञानतो सराहें पर मूढ़हू पूजन लगे "ईश्वरः पूज्यते लोके मूढैरपि यदा तदा। निरुपाधिकमैश्वर्यं वर्णयन्ति मनीषिणः" ॥ इति वाक्यात्। वीर्य तो यह जो विद्वन्मण्डनके प्रागट्यमें प्रतिद्वन्द्वी होय पूर्वपक्ष किये यश तो यह जो श्रीजी अपने श्रीहस्तसें हाथ पकड़े श्रीतो यह जो सब उत्सवनको शृंगारादिक येई करें ज्ञानतो यह जो गोपालमन्त्रको स्वीकार किये वैराग्य यह जो नव लक्ष रुपैया लाड़वाई धारवाई लाई पर आप त्यागकिये छहों गुण श्रीगिरधरजीविषे-

प्रगट कहे तब एक गुण छहों बालकनमें प्रगट और पांच गुप्त श्रीगोविन्दरायजीविषे ऐश्वर्य उत्थापनकी सेवा नित्य आपु करते जब स्वपुत्रको विवाह आयो तब इततो व्याहिवेको चलिवेको समय तासमें नेत्र भरिआये तब श्रीगुसांईजी पूछे ऐसें क्यों तब कहे उत्थापनको समय है तब आपु आज्ञादिये सेवा करो वा समै भक्तिकी एसी उद्वेगदशा देखिके आपु प्रसन्न भयेश्रीबालकृष्णजी विषें वीर्य जब श्रीगुसांईजीके पितृव्यचरण श्रीगोकुलमें आयके कहें श्रीबालकृष्णजीको देउ तो मैं दक्षिणा लेजाऊं मेरी वृत्ति है सो लेहि मोकूँ तो संन्यास है नहीं कहोगे तो ऋण होयगो ऋणको स्वीकार कियेपर चरणारविन्द न छोड़े तब श्रीगुसांईजीहू प्रसन्नभये याते ऋण होयगो तो विदेश जायके जीवनको उद्धार करेंगे भूमिमें भक्तिप्रचारके लियेही पिता पुत्र या प्रकारको वंश प्रगट किये श्रीगोकुलनाथजीविषे यश है चिद्रूप मालाको प्रतिद्वन्द्वी भयो तब माला स्थापन- किये यह यश प्रसिद्धहीहै श्रीरघुनाथजीविषे श्रीहै तुलसीदास श्रीगोकुलमें आये तब श्रीगुसांईजीसों कहे सीताजी सहित श्रीरामचंद्रजीको दर्शन होय यह कृपा करो तबही रघुनाथजीको व्याह भयोहतो सो श्रीजानकी बहूजी पास ठाड़ेहते तब श्री आपु आज्ञा दिये जो तुलसीदासको दर्शन देउ तब श्रीरघुनाथजी जानकी बहूजी वैसोंही दर्शन दिये तब तुलसीदासजी कीर्तन कहे "बरनो अवध गोकुल गाम उहां सरजू इहां श्रीयमुना एकही लख ठाम"॥ ऐसो श्रीगुसांईजीकी आज्ञाको विश्वास"श्रियो हि परमा काष्ठा सेवकास्तादृशा यदि"तब आपु प्रसन्न होयकें श्रीजीके यहांकी गद्दरजीकी सेवा दिये दिवारीके दिन श्रीजीके ह्यां शयन आरती भये पीछें॥६॥ आर्तीं होंय

यथाक्रम सातों स्वरूपकी आरती तब श्रीरघुनाथजीको वारा आर्ती को आवे तब पहलें गद्दर उठायें रहें पीठकके ऊपर आगेते थोड़ो दीसे पीछे आर्ती करें यह रीति श्रीयदुनाथजी विषे ज्ञानहें मंदिरमें जाय मंदिर वस्त्रदेत यह भांति मन्त्रको फल आपु श्रीगुसाँईजीश्रीबालकृष्णजीपधरावत हते सो न लीये यातें जो श्रीबालकृष्णजी गोदके ठाकुर हते सात स्वरूपमें नहींमुख्य स्वरूप आठही हें षोडश गोपिकानां मध्ये अष्टकृष्णा भवन्ति हि यह ज्ञानहें जेंसे नदीनमें ज्ञानहें। भग्नगतयः सरितो वै तेंसे इनकोहू ज्ञान ऐसों स्वरूपको बोध होय गयो श्रीगुसाँईजीहू सात स्वरूपमें न पधराये। यातें ये जो ज्ञानरूपहें।ज्ञानमें भक्ति कहां यह ज्ञानको फल। श्रीघनश्यामजी विषे वैराग्य जबते श्री-मदनमोहनजी अन्तर्हित भये। तबतें विरहानुभवही किये श्री अंगके प्रति चिह्न लिखें ऐसी तन्मयता श्रीमदाचार्यजीकी बहूजी श्रीमहालक्ष्मी बहूजी श्रीगुसाँईजीकी बहूजी श्रीरुक्मिणी बहूजी श्रीपद्मावती बहूजी श्रीगिरधरजीकी बहूजी श्रीभामिनी बहूजी श्रीगोविन्दजीकी बहूजी श्रीराणी बहूजी श्रीबालकृष्ण-जीकी बहूजी श्रीकमला बहूजी। श्रीगोकुलनाथजीकी बहूजी श्रीपार्वती बहूजी। श्रीरघुनाथजीकी बहूजी श्रीजानकी बहूजी श्रीयदुनाथजीकी बहूजी श्रीराणी बहूजी श्रीघनश्यामजीकी बहूजी श्रीकृष्णावती बहूजी। ये जिन जिनके अर्द्धांगहें तिन तिनके तदात्मक स्वरूप जानिये। ये दश स्वरूप बहूजीन-केहू अलौकिक जानिये। अथ श्रीगोवर्द्धन पर्वतको स्वरूप इनकों दास्यभक्ति सिद्धसाधनरूप। दास्य श्रीगोवर्द्धनको याते हरिदासवर्य श्रेष्ठहें हनुमानको देह दास्योपयोगी। और श्रीगोवर्द्धनको देह। तातें देहसम्बन्धी पदार्थ सब भगव-

दुपयोगी हैं। कन्दरामें छहों ऋतु सानुकूल हें । जा ऋतुमें जैसो निज मन्दिर वा शय्या मन्दिर चाहिये तैसों ही होय । झिरनाहें सो जलपानके योग्य तृणहें सो आस्तरणार्थ फल हें। सो पुलिन्दीद्वारा उत्थापन भोगकी सामग्री सिद्ध होत हैं। इनके सङ्गते पुलिन्दीहू भगवदीय भई। "पूर्णाः पुलिन्द्यः" इति ऐसें भगवदीय हें। भक्तको लक्षण यह हें। "आर्द्रार्द्रीकरणत्वं वैष्णवत्वं" जैसें भीजे कपड़ाकों सूको कपड़ा लगे तो सूकोहू भीजो होय। पुलिन्दी भीलनकी स्त्री येहू भगवदीय भई। भगवत्स्पर्शकरि पुलकित होय। यह दूसरो लक्षण भगवदीयको अतएव श्रीगोवर्द्धनमें श्रीचरणारविन्द तथा मुकुट तथा श्रीहस्तकी अँगुरीन कोऊ प्रतिफलन होत हें। सो सात्त्विकाविर्भावको लक्षण श्रीगोवर्द्धनकी स्थिति सिंघाकृति हैं। याहीतें दण्डोती शिलासों चरण स्थान शिलासों श्रीमुख श्रीगोवर्द्धन भगवद्रूप हें। "शैलोस्मीति ब्रुवन्" इति वाक्यात्। श्रीगोवर्द्धन शिलाकोहू सेवन आवश्यक हें। जब श्रीगोवर्द्धन शिला पधरावे। तब श्रीगुसांईजीके बालकके श्रीहस्तसों पधरावें। शिलाकी जो निष्कर्ष भेट जो भेट होय सो श्रीजीकों भेटकरे। श्रीगोवर्द्धनके नाम येही हें। श्रीगोवर्द्धनमें धरें नहीं। भेटको प्रमाण नहीं। सो वनि आवे सो धरे जैसें श्रीयमुनाजीकी सेवाको मनोर्थ होय तो घाटके ऊपर वस्त्र बिछाय भावनासों पधराय साड़ी चोली आभरण पहिराय माला समर्पि भोग धरिये। भोग सराय प्रसाद आपु लीजिये। औरकों बांटिये साड़ी चोली आभरण होंय सो जहां मनोर्थ होय तहां श्रीगुसांईजीके घर भेट करिये। या प्रसादके अधिकारी वेई हें। प्रवाहमें बोड़िये नहीं। शृङ्गार चलतमें न होय बैठें

जब होय । जहां शालग्राम होय तहां उत्सवके जन्मके समें शालग्राम स्नान करे श्रीगोवर्धन पूजाके समे श्रीगोवर्द्धन शिला स्नान करें और जहाँ शालग्राम नहीं तहाँ जन्मके समय तथा श्रीगोवर्धन पूजाके समय सब बेर श्रीगोवर्धन शिलाहीं स्नान करे व्यापि वैकुण्ठमें श्रीगोवर्धन रत्नधातुमय हें । सारस्वत कल्पीय पूर्ण प्रागट्य समय जिनको नंदालयको दर्शन मणिमय स्तंभादिकको होय । तिनकों श्रीगोवर्धनहूको ऐसो दर्शन होय । श्रीयमुनाजीकीहू सिढ़ी रत्नबद्धो भयतटी ऐंसो दर्शन होय । और बेर सदा भौतिक दर्शन होंय । भौतिकमें आध्यात्मिक भाव करे तो आधिदैविकको आविर्भाव होय । श्रीगोवर्द्धन ऐसे भगवदीय हें । भगवत्सेवा करिकें प्रभुनके साथ जे गाय गोपी तिनहूको सन्मान करत हैं । पानीयध्रुवस इति । अथ वृजको स्वरूप । वाराह पुराणमें पृथ्वी वाराहजीसों पूछी । सर्वत्र भूमि है तामें आपकों प्रिय भूमि कोंनसी तब श्री वराहजी प्रयाग प्रसंग कहें । वैकुण्ठनाथ प्रयागकों जब तीर्थराज किये । तब तीर्थ सब प्रयाग पास आये । तीर्थनको देखि प्रयाग कहे । तुम यहाँ रहो में प्रभुनपास होय आऊं । तब वैकुण्ठमें जाय द्वारपालनसों कहे में आयो हूँ यह प्रभुन सों विज्ञप्ति करो । इतनेमें प्रभु आपुही ते पधारे तब दर्शन भयो । श्रीमुखते आज्ञा भई । आवो तीर्थराज । तव प्रयाग विज्ञप्ति किये । यही पूछिबेको आयोहूँ । जो तीर्थराज कियेपरन्तु सर्व तीर्थ आये । व्रजनहीं आयो। तव श्रीमुखते आज्ञा किये जो हम तुमकों तीर्थनके राजा किये हैं । हमारे घरको राजा नहीं किये । व्रजतो हमारो घरहें याव्रजके वृक्षवृक्षप्रति वेणुधारीहूँ पत्र पत्र विषे चतुर्भुजहूं।" वृक्षे

वृक्षे वेणुधारी पत्रे पत्रे चतुर्भुजः॥ यत्र वृन्दावनं तत्र लक्ष्यालक्ष्य कथा कुतः"॥ १॥ इति वाक्यात् जा व्रजमें भगवज्जन्म भयो ता कारिकें व्रजदेश शोभायमान भयो लक्ष्मीसेवाके लीयें निरंतरव्रज देशको आश्रय करत हें। "जयति तेधिकं जन्मना व्रजः श्रयत इंदिरा शश्वदत्र हि" ॥इति पृथ्वी तो गोरूप हें जेंसें गायके रोम रोम पवित्र हें पर दूध चाहिये तब स्तनको आश्रय करत हें तब मिलें तैसे पृथ्वीमें जितनें तीरथ हें तिनतें पापक्षय होंय परंतु भगवत्प्राप्तिकी जब अपेक्षा होय तव व्रजको आश्रय करे तबही भगवत्प्राप्ति होय। श्रुतिनकों जब दर्शन भयो तब येही वर दियो "कल्पं सारस्वतं प्राप्य व्रजे गोप्यो भविष्यथ"॥ व्रज कमलाकारहें यातें प्रभु जा स्थलकी लीला करिवेके इच्छा किये तब वह पखुरी संकुचित होय आगे आय गई तब तात्कालिक पधारे तहाँ चतुर्विध पुरुषार्थ दशरथ लीलाकारि धेनुकासुरको प्रसंग सब कारि पीछे व्रजको पधारे "कृष्णः कमलपत्राक्षः पुण्यश्रवणकीर्त्तनः॥ स्तूयमानोऽनुगैर्गोपैः साग्रजो व्रजमाव्रजत्॥ १॥ प्रभु सर्वकरण समर्थहें भक्तकी भावनामें आवें ऐसी लीला करतहें जैसें वृष्टिसमें श्रीगोवर्द्धन पास पधारे तब प्रभु कहा उठावें श्रीगोवर्द्धन आपुहीतें उठे दासको धर्म येही हें जो स्वामी पधारे तव उठे ये अंतरंग भक्तहें जेंसी प्रभुकी इच्छाहें सो जानतहें जाप्रकारकी स्थितिकी इच्छाहें तहाँ तेंसीही होय अव या प्रकारकी इच्छाहें छत्रक होय गये छत्रकों डांडी चाहिये तातें श्रीहस्त ऊँचो करतहें तातें व्रजहू लीलोपयोगी कमलाकारहें पूर्णविकसित होय अर्ध विकसित होय संकुचित होय एक पांखड़ीही खुले दोइ खुलें जब जेंसी प्रभुनकी इच्छा तेंसें होय। व्रजमें वृक्षादिकहू

एसेहैं जो ऋतु नहीं और भगवदिच्छाहैं तो पुष्पित फलित होय और ऋतुहैं भगवदिच्छा हैं नहीं तो पुष्पित फलित न होय । जेसें अमली की ऋतु वसंत शरदमें केसें होय " शरदोत्फुल्लमल्लिकाः " ओर व्रजमें व्यापीवैकुंठको आविर्भाव हैं तातें सव भूमितें व्रजभूमि श्रेष्ठहैं याप्रकार लीला भावनाको प्रकार विचारिये ॥

अथ भावभावना ।

व्रजभक्तनको भावसो सेवा ताकी भावना पहिलें मंदिरको स्वरूप वेदमें ताको गोलोक धाम कहे "यत्र गावो भूरिशृंगार आयास इति श्रुतेः" पुराणमें व्यापि वैकुंठ कहें गोलोक धाम को। "ब्रह्मानंदमयो लोको व्यापिवैकुंठसंज्ञकः" इति वाक्यात् सो दोऊ एक ओर वेदमें जाको व्यापिवैकुंठ कहें पुराणमें गोलोक धाम कहें सो रमावैकुंठव्यापिवैकुंठ नाहीं ब्रह्मवैवर्त्तमें गोलोक धामको वर्णन भयो विरजा नदी कही हें यह रमावैकुंठ कावेरीमें जलहे सो विरजाकोहें"कावेरीविरजातोयं वैकुंठरंगमंदिरम्॥ सवासुदेवरंगेशं प्रत्यक्षं परमं पदम्"इति यातें वेदमें जों गोलोकधाम हैं सो पुराणमें व्यापिवैकुंठ तातें मंदिर सो व्यापिवैकुंठ यह भौतिक अक्षर और सिंहासन यह आध्यात्मिक अक्षर गादी वा चरण चोकी ये आधि दैविक अक्षर यातें मंदिरको ऐसे स्वरूप जान पहिलें दंडोतकरि पीछे भीतरि जाय "नमो नमस्तेस्त्वृषभाय सात्वतां विदूरकाष्ठाय मुहुः कुयोगिनाम्॥ निरस्तसाम्यातिशयेन राधसा स्वधामनि ब्रह्माणि रंस्यते नमः॥"जेंस मंदिरविषे ताप,रजजल इन तीनकी निवृत्ति होतहें तब बुहारीसे मंदिर मार्जन करतहें।तब यह भाव राखें प्रभुक्रीड़ा भक्तनसहित किये

हें उन चरणारविंदकी रजको स्पर्शहें सोय रज उड़िकें या देहको लागतहें तब तमोगुणकी निवृत्ति भई जब मंदिर धोईये तब जल जो सत्त्व तातें रजोगुणकी निवृत्ति भई फेर मंदिर वस्त्रसों पोछिये तव वस्त्र स्वच्छभयो सो स्वच्छसो निर्गुणता करिके सत्त्वकी निवृत्तिभई एसी निर्गुण बुद्धि भई तब सेवाकी योग्यता भईहें ऐसी निर्गुणबुद्धिपूर्वक व्रज भक्त भगवन्मंदिरमें पधारतहें ऐंसो मंदिरको भाव राखे और व्रजभक्तनको भाव पूर्ण पुरुषोत्तम विषेहीहें सारस्वत कल्पमें श्रीनंदरायजीके ह्यां जिनको प्राकट्यहें तिनमें ई औरमें नहीं "जानीत परमं तत्त्वं यशोदोत्संगलालितं-तदन्यादिति ये प्राहुरासुरांस्तानहो बुधाः" इति वाक्यात्। अथ प्राकट्यको विचार प्रथम श्रीवसुदेवजीके ह्यां प्रगटे सो व्यूहत्रयविशिष्ट पुरुषोत्तम व्यूहबाहिर पुरुषोत्तम भीतर दृष्टांतमें पुरुषोत्तम प्राकट्यहें "प्राच्यां दिशींदुरिव पुष्कलः" इति। "जायमानेजने तस्मिन्नेदुर्दुंदुभयो दिवि" यह अनिरुद्धको प्राकट्य अनिरुद्ध धर्मस्वरूपहें धर्मसो दुंदुभीप्रभृति सो बाजने लगी और "निशीथे तम उद्भूते जायमाने जनार्दने,, यह संकर्षणको प्राकट्य तमकी निवृत्ति संकर्षण करिकेंहे तातें द्वादशाध्यायमें कहें हें "तमोपहत्यै तरुजन्म यत्कृतम्" "देवक्यां विष्णुः यह प्रद्युम्न प्राकट्य भाद्रकृष्ण ८ बुधे अर्धरात्र जा समय राहुको चंद्रसंबंध तासमें वसुदेवजीके ह्यां प्राकट्य फेर वसुदेवजी तथा देवकीजी स्तुति किये भगवान सांत्वन किये जो तुम मेरे लियें देवतानके बारह हजार वरष पर्यंत अत्युग्र तपस्या किये तब में प्रगट होय वर दियो मनुष्यको वर एक जन्म फलित होय देवता वर देइ सो दोय जन्म फलित होय भगवद्वर तीन जन्म ताँई फलित होय तातें तीन

जन्मही प्रगट भयो प्रथम जन्म सुतपा पृष्णि तब पृष्णिगर्भ भये दूसरे जन्ममें कश्यप अदिती तब वामनजन्म भये और या जन्ममें वसुदेव देवकी तब यह प्राकट्य भयो यों कहिकें वर दिये या प्रकार तुम दोऊ पुत्रभाव करिकें तथा ब्रह्मभाव करिकें चिन्तन करोगे तो साक्षात् अनुभव करायकें व्यापिवैकुण्ठकी प्राप्ति करूँगो यातें जब श्रीदेवकीजी पुत्रभावना करत हें तब स्तन्यकी उद्रेग दशा होत हें तब प्रभु पान करत हें सो इनकों अनुभव होत हें याहीते उत्तरार्द्धमें जब देवकीजीके पुत्र ६ ल्याये तहां कहें श्रीशुकदेवजी पीतशेषं गदाभृतः या प्रकार सों पीतशेष हें पीछे वसुदेव देवकीजीके देखतही प्राकृत बालक होतभये यह स्वरूप कोनसों ताको विचार लिखत हें यह प्रागट्य श्रीनन्दरायजीके द्वारा प्रादुर्भूत भये तिनके जानिये। आपुतो श्रीयशोदाजीकेहृदयमें विराजतहें वासुदेवतथा मायाको श्रीनन्दरायजीके रेतःसम्बन्ध तथा श्रीयशोदाजीके गर्भसम्बन्ध हें पुरुषोत्तमको रेतः सम्बन्ध नहीं। गर्भसम्बन्धहू नहीं जा समय आप प्रगट भये सो वासुदेवको ग्रहण करिकेही प्रगटे माया दूसरे क्षणमें भई भगवत्प्रादुर्भावकों दूसरो क्षण सो माया को जन्मनक्षत्र ता समय श्रीयशोदाजीको इतनों ज्ञान भयो जो कछू भयो पर निश्चय न भयो पुत्र वा पुत्री सामान्यज्ञान भयो सो कहें "यशोदा नन्दपत्नी च जातं परमबुध्यत॥नतल्लिंगं परिश्रांता निद्रयापगतस्मृतिः"॥ इति भगवत्प्रादुर्भावके तीसरे क्षणमें विशेषज्ञान हो सो तो मायाको दूसरे क्षण भयो तातें सामान्य ज्ञान भयो तीसरे क्षणमें विशेष ज्ञान भयो यह शास्त्र की रीति पहले क्षणमें उत्पत्ति दूसरेमें सामान्य ज्ञान तीसरे क्षणमें विशेषज्ञान तैसें मायाके पहले क्षणमें उत्पत्ति दूसरे क्षणमें

सामान्यज्ञान तीसरे क्षणमें विशेष ज्ञान यातें या प्रकार भयो श्री वसुदेवजीको तो दोय घड़ी चतुर्भुज स्वरूपको दर्शन भयो तिनको अनुभवकारि जासमें श्रीनन्दरायजीके ह्यां प्रागट्यताही क्षणविषे श्रीवसुदेवजीको दर्शन दिये बभूव प्राकृतः शिशुः तव पधरायवेकी इच्छा तासमें श्रीयशोदाजीके माया भई मथुराते श्रीवसुदेवजी उत्तम पात्रमें वस्त्र विछाय लेचले पीछे श्रीयशोदाजीके पास पधराये। स्वरूप इहाँ प्रगटभयो तैसे दर्शन मथुरामें उनहीकों पधरायलाये वस्तुतः एकही हैं व्यापकतें मथुरामें दर्शन दिये ते मथुरामें दर्शन देवेको प्रयोजन यह चतुर्भुज स्वरूपकों आप विषे अन्तर्भाव करनो हैं व्यूहको कार्य पड़े तब प्रगट करें व्यूहत्रयविशिष्टको प्राकट्य मथुरामें वासुदेव विशिष्टको प्रागट्य व्रजमें यशोदाजीकों स्तन्य भयो सो मायाकृत तथा वासुदेवकृत हें। प्रभु स्तन्यपान करत हें सो पूतनाद्वारा सोरह हजार बालक अपने उदरमें आकर्षण किये हें उनको नित्य मायाजनित स्तन्यको पान करें हें। तो बालक यह यौगिक अर्थ है सो आत्मनः सकाशाज्जातः मुग्ध होय। तब लीलारसकी प्राप्ति न होय तातें वासुदेव मोह होन न दिये। यातें केवल पद धरे केवल "मायाजन्यं स्तन्यं भगवान् पिबेत्" और जो वासुदेवजन्यस्तस्य ही हों तो बालकनकों मोक्ष होय सो मायाप्रतिबन्ध कीनी। यातें मोहहू न भयो और मोक्षहू न भयो। ऐसे भये तब लीलारसकी प्राप्ति भई और पूर्ण ब्रह्मको रेतः सम्बन्ध नहीं तब नन्दस्त्वात्मज उत्पन्नो यों क्यों कहें ताको निर्णय वासुदेवपरत्व श्रीनन्दरायजीकी बुद्धि है रेतः सम्बन्धत्वात् ताते नन्दबुद्धिको भ्रांतत्व नहीं सत्यही है। आत्मज शब्दको यौगिक वासुदेवविषे यह प्रकार जाननो।याते

व्रजभक्तनको भाव तो पुरुषोत्तमविषे ही है फलरूप आत्मानं भूषयांचक्रुःआत्माको भूषणकरें जैसे आत्मा निर्विकारहै व्यापक तैसें इनकी देहहू निर्विकार व्यापकहै। देह नित्य न होय तो जा देहसों ब्रह्मानन्दानुभव ता देहसों भजनानन्दानुयोजने इति अनित्य देह होय तो ब्रह्मानन्दमें लय होय जाय जैसें इनको देह निर्विकार है और नित्य है तेंसें इनके भावको भाव हू निर्विकार है और नित्य है नन्दालयमें प्रातः भगवद्दर्शनार्थ पधारत हैं तब मातृचरण प्रभुकों जगावत हैं। जो यहां प्रभु जगाये नहीं जागत सब व्रजभक्त अपने अपनें गृह आय भावपूर्वक प्रबोध पढ़िकें जगावत हें याते श्रीगुसांईजीके बालकतें अतिरिक्त औरकों प्रबोधको अधिकार नहीं। मन्दिरमेंहू न पढ़ें जैसे ग्रन्थपाठ करतहैं तैसें प्रबोध पाठ न करें गोपीवल्लभ तथा सन्ध्याभोग ये दोऊ इनकी ओरके भोग हें तैसे येऊ भोग दोऊ श्रीगुसांईजीके घरमें हैं। और वैष्णवके यहां नहीं गोपीवल्लभके ठिकाने शृङ्गार भोग आवें तथा सन्ध्याभोगके ठिकाणें उत्थापनभये और उत्थापनभोग आवें सामग्री कदाचित् धरे ऊपर ताहू सों शृङ्गार भोग तथा उत्थापन कहें कृतिनन्दालयकी करनी। "सदा सर्वात्मना सेव्यो भगवान्गोकुलेश्वरः" ॥ इति ताते कृति नन्दालयकी करे भावना व्रजभक्तनकी करे। इनकी कृति न करै "स्मर्त्तव्यो गोपिकावृन्दे क्रीड़न्वृन्दावने स्थितः" इति वाक्यात्। जितनी कृतिको अधिकार कृपा करिकें दिये हैं तितनी करे। यथा डोल प्रभृति स्मरणहूको जितनों अधिकार कृपाकरिके दिये हैं इतनो स्मरणहू करे विशेष भावना तो श्रीमदाचार्यजी स्वपरत्वही आज्ञाकिये। "गोपिकानां तु यद्दुःखं तद्दुःखं स्यान्मम क्वचित्" ॥ गोकुले गोपिकानां च सर्वेषां व्रज-

वासिनाम् ॥ १ ॥ यत्सुखं समभूत्तन्मे भगवान् किं विधास्यति ॥ उद्धवागमने जात उत्सवः सुमहान्यथा ॥२॥ वृन्दावने गोकुले वा तथा मे मनसि क्वचित्" ॥ इति यातें निष्कर्ष यह जो भक्तिमार्गकी मर्यादा तो यह है जो कृति तथा भावना नन्दालयकी करें। "यच्च दुःखं यशोदाया नन्दादीनां च गोकुले" यच्च दुःखं यशोदायाः नन्दः आदिर्नंदपदेन उपनन्दादयः। चकारेण अंतरंगगोपाः एतेषां यद्दुःखं चकारात्सुखमपि निरोधकार्यं यह भावना करै और गोपिकानां तु या शब्द करिकें पूर्वको व्यावर्त्तन किये। तातें यशोदा प्रभृतिनकी भावना करे। गोपिकादिकनकी न करे और "उद्धवागमने जात उत्सवः सुमहान्यथा" ॥ यह तो विप्रयोगकी है सो तो यशोदाप्रभृतिकीहू न करे। तो गोपिकादिकनकी कहां यातें आपपरत्व दुर्ल्लभत्वेन कहें तथा मे मनसि क्वचित् इति यातें निष्कर्ष यह जो जितनी सेवाको अधिकार कृपाकरिकें दिये हैं तितनी सेवा आशयपूर्वक करे सेवक सम्पत्तिविना तथा विदेश विषें जाय तब तो सेवा न होय आवे तो सेवाकी भावना आशयपूर्वक करनी। गायकों सुधासम्बन्ध है तातें प्रभुकों गायवेको समें जानि घण्टा जोकण्ठमें स्थापितहैं ताकी ध्वनि करतहैं गाय त्रिविध हैं सत्त्व रज तम भेद करिकें यातें तीन बेर घण्टा बजावत हैं। प्रभुके जागें पहली फिर गोपमन्त्ररूप है इनहूकों यथाधिकार सुधासम्बन्ध हैं। ये शंखनाद करत हैं गोप त्रिविधहैं तातें येहू तीन बेर शंखध्वनि करत हैं व्रजभक्त तो पहिलेंही सर्वाभरण भूषित होय ग्रहमण्डनादिक करि उच्च स्वरसों गान करत दधि मन्थान करि नवनीतादिक सिद्ध करि प्रभुके जागवेकी प्रतीक्षा करत हैं। इतनेमें शंखनाद सुनिकें नन्दालय पधारत

हैं यहां श्रीमातृचरण जगावत हें निर्भरनिद्रा देखि फिरि घर आवत हैं तब व्रजभक्त प्रबोध पढ़ि जगावत हैं सूर्योदय समय निद्रा निषिद्धजानि श्रीमातृचरणहू जगावत हें तब प्रभु जागि मातृचरणकी गोदमें बैठतहैं । तहां ऋषि रूपा प्रभृति बालभोग धरतहैं तब श्रुतिरूपा प्रभृति दर्शन करि अपनें घर आय भावना पूर्वक मङ्गलभोग धरतहें पीछे मङ्गलाआर्त्तीके दर्शनकों पधारत हैं।ह्यां मङ्गलाआर्त्ती पीछें नित्य तो तप्तोदकसों स्नानऔर अभ्यङ्ग के दिन फुलेल उवटना लगायकें फेर केशर लगाय तप्तोदकसों स्नान हाथकों सुहातो उष्णजल राखियें कहा ओछी ह्वैजेहें जाति इत्यादिक कीर्त्तनकी भावना बालक हें उठ न भाजें तातें कछू भोग पास राखतहें शृङ्गार भये पीछे गोपी वल्लभ-भोग व्रजरत्नाको मनोरथ है पीछें ग्वालमें तवकड़ीहै सो भावात्मकहै पीछे डवराको भोग जों शृंगार भोग आवे तो भावना पृथक् पालनेंमें बैठे तो एक प्रकार यहू है गोपालव-ल्लभ प्रभुकी ओरको राजभोगके चार भेद हैं १ घरको जेवत नंद कान्हइ कठोरे २ वनकोछकहारीरी चार पांचक आवति मध्य व्रजलालकी ३ न्योतेके बृहद्भोगको प्रकार ५६ । १४ निकुंजको जेंवें नंदमहल गिरधारी ये चार भेदहैं बीड़ी आरसी आर्ती अनोसर उत्थापनभोग श्रीगोवर्द्धन हारिदासवर्यकों प्रेषित पुलिन्दीयें फलफलादिक लाय अंतरंग भक्तनकों देतहें वेसमय प्रतीक्षा करि जगाय भोग अंगीकार करावतहैं गोपमंड-लकों पधारतहें तब पुलिंदीनकों अलौकिक दर्शन अनुभव भयो श्रीगोवर्द्धन हरिदासवर्य भगवदीय श्रेष्ठके संगतें फिरि गोपमंडलमें पधारि श्रीबलदेवजी तथा बड़े गोप गायनके आगे मध्यगायपीछें प्रभु अत्यंतरंग गोपमार्गमें संध्याभोग स्वीकार

करि तहां हांकि हटक इत्यादिक कीर्त्तनको भाव काहूसों हाँ करी काहूसें ना करी या उक्तिमें दक्षिणनायकत्वमें न्यूनता आवे ताते ह्यां भक्त द्विविध हैं दर्शनाभिलाषी हैं तथा खंडिताद्योतकहैं तहां दर्शनाभिलाषीकों तो हां करी और खंडिताद्योतकहैं वे कहें कलहकी रीति ताप्रति ना करी यह हां करी सिंहद्वार पधारे तब सन्ध्या आर्ती श्रीमातृचरण करतहें मंदिरमें पधारि शृंगार बड़ो करि रात्रिको शृंगार स्वीकारकारि यह सेवा अधिकारी जेहें तिन "कृत गमनाश्वाध्वनः श्रमैः तत्र मज्जनोन्मर्दनादिभिः॥ नीवीं वसित्वा रुचिरां दिव्यस्रग्गंधमंडितैः" ॥ १ इति फिरि ग्वाल स्वीकार करि तहां "निरखि मुख बाढिये जुहसें" इत्यादि भाव फेरि शयनभोग मध्य दूसरो भोग यह सेवा श्रीरोहिणीजीकृत श्रीमातृचरण अरोगावतहें। आचमन मुखवस्त्र पीछें श्रीनंदरायजीकों चर्वित तांबूल लेतहें जैसे मंत्ररूप गोप तिनकी छाक समें जूठन बाधक नहीं तैसे विशुद्ध सत्वकारि पदार्थ सिद्ध होय तो प्रभु अगीकार करें। तैसें श्रीनंदरायजीविषें जानिये शयनआर्ती पीछें तहां झारी २ वंटा शय्या भोगके बीड़ा पुष्पमाला पास रहें और दुपहरकी माला पास ले हाथमें लेइ आंखिनसों लगाय तब ज्ञानेन्द्रियके स्पर्शतें यशको ज्ञान होय यशके ज्ञानहीतें छूटि भगवदासक्ति होय। "यशो यदि विमूढानां प्रत्यक्षाशक्तवारणात्" इति याप्रकार प्रत्यहकों यत्किंचित् भाव लिखें अथ जन्माष्टमीको भाव पंचामृतस्नान पीछे अभ्यंगस्नान शृंगारमें केशरी वस्त्र लाल जड़ावके आभरण सुधाको आविर्भाव भयेहै वर्ण गौरहै सो शृंगारको उद्बोधकहै ताते केशरी वस्त्र उभयप्रीतिकोहू आविर्भाव वाहीदिन ताते लाल आभरण हैं लाल वर्णहैं सो

शृंगारमें जो रस ताको उद्बोधहैं श्यामं हिरण्यं परिधिं याकी सुबोधिनीमें निरूपितहें शृंगारभये पीछे तिलक भेट आर्त्तीहें सो मार्कण्डेयपूजादतहैं याहीतें शृंगारोत्तर भोगमें औटचो मीठो दूध वामें गुड़को टूक डारनों तथा श्वेत तिल डारने वामें कटोरी वा चमचासों दूध धरनो भोगकी एसी रीतहैं "सतिलं गुडसंमिश्रमंजल्यर्धमितं पयः॥मार्कंडेयाद्वरं लब्ध्वा पिबाम्यायुः समृद्धये"॥१ यहनंदालयको भाव यह लीला तहांई जन्मदिनकी लीला कहें फेरि नित्य विधिः अर्धरात्रितें जन्मलीला महाभोग आये पीछ छठी पुजे सो छठे दिन शुद्ध मुहूर्त्त आछो न होय तो जन्मदिनके दिन पूजें तातें पूजत हें पालने बैठावने तथा कापड़ा आवें सो उढ़ावने भेट आवे सो खिलोंनाकी तबकड़ी में वंटीमें धरनी यातें नन्दरायजीके सम्बन्धी पालने बैठें ता समय लेआवें झगा टोपीके वस्त्र तथा हाथ पाँवके चूड़ाको रोक यह सौभाग्यको प्रभु हमकों अधिकार दिये यह भाग्य या प्रकार मानि सेवाकरे भगवत्प्रादुर्भावके साथही सुधाविर्भावहै तातें नौमीके दिन पहलें दिनको शृङ्गार रहें और नन्दालयमें प्रागटच नवमीमें है तब तो नवमी जन्मदिन भयो इतनें स्वरसतें दशमीके दिन यही शृङ्गार होंय आभरणको नियम और जन्माष्टमीके दिन उत्थापन भयें भोग धरि शय्याके वस्त्र घड़ी करि धरने शय्या और ठौर धरनी रात्रिकों शय्या न रहें फेरि नौमीके दिन दुपहरकों बिछें यातें जो अहीरनके यह रीति दोय रात्रि जागें जन्मदिनकों तथा देवकाजकों यह रीति जन्म दिनके रात्रि जगेमें जाको जन्मदिन ताकों जगावनों देवकाजके रात्रिजगेमें घरमें जो बड़ो होय सो जागे जातें यह जन्म दिनको रतिजगो हैं ताते शय्या न रहै प्रबोधनीके दिन तुल-

सीके व्याहको रतिजगो है सो देवकाज है तात वा दिन श्रीनन्दरायजी मुख्य जागें प्रभु जागहु पाड़हू यातें शय्या रात्रिकों बिछाई रहे तथा शय्या भोग प्रभृतिहू रहे और जन्माष्टमीकों शय्या भोग तथा रात्रिके बीड़ा सिंहासन पास रहें ॥

दूसरो उत्साह भगवत्प्रादुर्भावते दोय वर्ष पहले आविर्भाव जब जन्माष्टमी भई पीछे उत्सव आयो तव श्रीवृषभानजी नन्द रायजीको निमन्त्रण करि बुलाये तब सब आये तहां प्रभु तो उत्सवको ही बागा पहिरे जन्माष्टमीको सुधाविर्भाव भयो है ह्याँ सुधारसको आविर्भाव भयो है तातें ह्याँ केशरी वस्त्र नये हें प्रभुको कुलही मात्र ही नई इहाँ केशरीनये हैं आछोतुरा वेई हें । गोटी तथा धारीको वस्त्र नयो होय और जन्माष्टमीको श्वेत कुलही होय तहाँ तो दूसरे सत्सवको केशरी होय जहाँ शृङ्गारोत्तर तिलक होय तहाँ जन्म दिनको भाव जहाँ राजभोग आयबेके समें तिलक होय तहाँ सुधास्थापनको प्रादुर्भाव आधाराधेय एक भये जहाँ राजभोग आर्ती पीछे तिलक तहाँ जन्मसमेंको भाव प्रहरदिन चढ़े प्रागटय हें । ताते पञ्जीरी तथा दहीभात तथा खाटो भात तो होय आठ मासाको भोजन महाभोगवत यह राजभोग समें भोग आवें ॥

भाद्र सुदि ११ दानलीला मुकुट काछनीको शृंगार मुकुट उद्बोधकहें काछनीमें घेर हैं । सो सवनको एकत्र करत है । श्रीहस्तमें वेत्र है सो यष्टिका है यष्टिका ब्रह्मा है । "यष्टिका कमलासनः" इति ब्रह्माते उत्पात्ति है तैसे वेत्र तो दानके लेवेके अनेक प्रकारके जे तरंग तिनकी उत्पात्ति करत हैं । प्रभु सुधा सम्बन्ध विना अंगीकार न करे ताते गौओंमें जो सुधाको

स्थापन ताको दान मागनो सो भक्तनके अवयव द्वारा अनुभावार्थ दानलीला है ॥

अथ वामन द्वादशी कटिमेखला जो क्षुद्र घण्टिका ताको अवतार। भूरूप कटि है ताको आभरण सो कर्मरूप है। कर्मको अधिकार भूमिपरही है। क्रियाशक्तिको आविर्भाव है याहीतें क्रियाशक्ति जो चरण ताको विस्तार किये हैं। भक्तिमार्गमें यह उत्सव मानत हें ताको आशय वैष्णवको विष्णुपंचक व्रत करनें पाद्मोत्तरखण्डे द्वारकामाहात्म्यसमाप्तौ "गोविन्दं परमानन्दं माधवं मधुसूदनम् ॥ त्यक्त्वा नैव विजानाति पातिव्रतवृतः शुचिः ॥ १ ॥ कृष्णजन्माष्टमीराम नवम्येकादशी व्रतम् ॥ वामनद्वादशी तद्वन्नृहरेस्तु चतुर्दशी ॥ २ ॥ विष्णुपंचकमित्येवं व्रतं सर्वाघनाशनम् ॥ नित्यं नैमित्तिकं काम्यं विष्णुपंचकमेव हि ॥३॥ न त्याज्यं सर्वथा प्राज्ञैरनित्यं सर्वथा वपुरिति" एकादशी २४ मिलि १ जन्माष्टमी १ रामनवमी १ नृसिंहचतुर्दशी १ वामनद्वादशी १ ये विष्णुपंचक व्रत करनें किंच पुष्टिमार्गमें भक्तदुःखनिवारणार्थ जो आविर्भाव सो मान्यो चाहिये तहाँ मत्स्यावतार वेदके उद्धारार्थ प्रगट कूर्मावतार चतुर्दशरत्नार्थ प्रगट वाराहावतार ब्रह्मा सृष्टि काहेपर करें तातें भूमिके उद्धारार्थ प्रगट भूमि भक्तहैं तातें उद्धार यह कारण नहीं किन्तु ब्रह्मा सृष्टि काहेपर करें भूमि भक्तहैं तातें उद्धार तो पूर्णावतारविषें नृसिंहावतार जो प्रह्लाद सो भक्त तिनको क्लेश सह्यो न गयो तातें प्रगट यह उत्सव मान्यो चाहिये यह प्राकट्य भक्तोद्धारार्थ है वामनावतार यद्यपि इंद्रकी स्थिरताकों बलिकों छलिवेकों पधारे परंतु राजा बलिकों आत्मनिवेदन भक्ति भई तातें यह हू भक्तार्थ प्राकट्य ये उत्सव मान्यो चाहिये

परशुरामावतार व्यूह सहित प्रगट व्यूहांतर्गत प्राकट्य तातें मर्यादापुरुषोत्तम पुरुषोत्तम वामनावतार यह उत्सव मान्यो चाहिये श्रीकृष्णचंद्र प्राकट्यमें व्यूह जुदे प्रगट बुद्धावतारमें कलिकालानुरूपतें पाषंडके वक्ता कल्क्यवतारमें तो दुष्ट म्लेच्छ विनाशार्थ प्रगट यातें यह निष्कर्ष श्रीराम तो मर्यादापुरुषोत्तम हें तातें उत्सव मान्यो चाहिये ओर नृसिंह वामन ये दोऊ अवतार तो भक्तकार्यार्थ प्रगट तातें उत्सव मान्यो चाहिये श्रीकृष्णावतार तो मुख्य हैई यह उत्सव तो सबको मूलहै यह उत्सव अवश्य माननोही जे सारस्वतकल्पमें प्रगटभये तिनकों ऐसे तो प्रति कलियुग कृष्णावतारसे सो पूर्ण नहीं इनको उत्सव माननों प्रसंगतें इनके व्रतको निर्णय लिखियत हें निबंधांतर्गत सर्व निर्णय अत्रवैष्णवमार्गे वेदमार्गविरोधो यत्र तत्र कर्त्तव्यः यद्यऽयं नित्यो धर्मो भवेत् नित्येऽपि वेदविरोधःसोढव्य इत्याह शङ्खचक्रादिकमिति सार्द्ध श्लोकद्वयमिति शेषः निर्गुणभक्ति युक्ति जो पुष्टि भक्तिमार्ग ता विषे वेदविरोध न करिये वेदविरोध सो वेदमें नहीं कहें सो न करनो जो अनित्य धर्म होय तो अनित्य धर्म दोय नक्षत्रके योग करके जयंति १ तथा सकाम १ ये दोऊ अनित्य धर्म वेदमें नहीं कहें ते न करने और नित्य धर्म है सो करनो नित्य धर्म २ उत्सव १ तथा निष्काम ये करनो अढ़ाईश्लोक ताँईको निर्णय "शङ्खचक्रादिकं धार्यं मृदा पूजाङ्गमेव तत॥तुलसीकाष्ठजा माला तिलकं लिङ्गमेव तत् ॥ १ ॥ एकादश्युपवासादि कर्त्तव्यं वेधवर्जितम् ॥ अन्यान्यपि तथा कुर्यादुत्सवो यत्र वै हरेः ॥ २॥ ब्राह्मेणैव तु संयुक्तं चक्रमादाय वैष्णवः ॥ धारयेत्सर्ववर्णानां हरिसालोक्य काम्यया ॥३॥" तप्तमुद्राधारणं काम्य काम्य धारण करिये

ते अनित्य धर्मको स्वीकार होय तो वेदविरोध बाधक होय यातें मृदा मुद्राधारण करिये"शंखचक्रादिकं धार्यं मृदा पूजाङ्ग मेव तत्" इति वाक्यात्।मृदा धारण न करिये तो बाधक हें "शंखादिचिह्नरहितः पूजां यस्तु समाचरेत् ॥ निष्कलं पूजनं तस्य हरिश्चापि न तुष्यति ॥शंखादि चिह्नधारणविना पूजामें जाय तो पूजनहू निष्फल होय तथा हरिहू प्रसन्न न होय यातें पूजाको अङ्ग जानि अवश्य धारण कर्त्तव्यहें अव कहत हें पूजाको अङ्ग हें सेवाको तो अंग नहीं पुष्टिमार्गीयको तो सेवा अवश्य हें तहां कहत हें सेवा मुख्या न तु पूजा मन्त्र मात्रपूजापरो न भवेत्। सर्वपरिचर्या सेवा वस्त्र धोवे तहां ताई सेवा अति वहिरंगता हि सेवा तामे जासेवाको कालको अनुरोधहे सो पूजा यह पुष्टिमार्गमें सेवा तथा पूजाको भेद कालको रोध जासेवाको सो पूजा जैसें मंगल-भोग मंगला आरती यह प्रातही होय शयनभोग शयन आरती यह सांझही होय याते प्रधानहों भोग ताकी आवृत्ति होय तो अंग कोनहें आचमन मुखवस्त्र वीटिका ताहूकी आवृत्ति होय जों भोग नहीं तो आचमन मुखवस्त्र काहेको " प्रधानावृत्तावंगान्यावर्त्तते " इति प्रधनाही अंगहें मृदा पूजांगमेव इति वृत्तौ हेतुमाह "एककालं द्विकालं वा त्रिकालं वापि पूजयेत्" तैसे शङ्खचक्रादिधारण पूजाकोही अंगहें मृदा पूजांगमेव च इति एवकार कहें जब मन्दिरमें जाय तब षट्र मुद्रा धारण करे जो सहज न्हानो हों वा विदेशादिमें तब मुद्राधारण सर्वथा न करे परंतु यो कह्योहे "ऊर्द्धपुंड्रं त्रिपुंड्रं वा मध्ये शून्यं न कारयेत् ताते ऊर्द्धपुंड्र शून्य न राखनो संप्रदाय मुद्रा धारण करे "संप्रदाय प्रभुक्ता च मुद्रा शिष्टानुसा-

रतः॥ यथारुच्यथवा धार्या न तत्र नियमो यतः ॥ १ ॥ संप्रदायश्रीगोपीजन वल्लभाय यह अवश्य धारण करनी या उत्तमांगमें धारण करे ये शिष्टानुसारहें हृदयपर्यंत उत्तमांगचक्रवत् मध्यमांगमें नहीं उच्चैश्चत्वारि चक्राणि इति च ५ मुद्राको पूजामें धारणहें सो संप्रदाय मुद्राको नेम नहीं उत्तमांगमें यथारुचि धारण करे 'यथारुचि तथा धार्या' यामें अथवा पदहें सो पक्षांतरहें तातें या मुद्राको नियम नहीं जो पूजाकेई अंगमें धारण करे जब स्नान करे तब धारणकरे तिलकशून्य न राखनों तातें टीकी देनी याको वचन नहीं और संप्रदाय मुद्राको तो अथवा पद करिके धारणहें याते संप्रदाय मुद्रा तो सदा धारण करे और षट् मुद्रा तो सेवामें जाय तब धारण करें याते सकामते तप्तमुद्राको त्याग निष्कामते गोपी चंदनकरिके धारण करे किंच और माला वामेहू तुलसीकी माला धारण करे भगवानकों प्रियहें वा शुद्धकाष्ठकी धारण करे जामें काहू देवताको भाग नहीं सो शुद्धकाष्ठ वैष्णवहें "वैष्णवा वै वनस्पतयः"इति श्रुतेः।याते ये दोऊमाला निष्कामहें तातेंधारण करें तथा जपहू करें और माला रुद्राक्षप्रभृति सकामहें ताते स्वीकार नहीं वेदविरोध बाधक होय और तुलसीकी तथा शुद्ध काष्ठकी माला धारण न करें तो बाधक होय"धारयंति न ये मालां हैतुकाःपापबुद्धयः॥ नरकान्न निवर्त्तंते दग्धाः कोपाग्निना हरेः ॥ १ ॥ याहीते आज्ञा किये "तुलसी काष्ठजा माला धार्या यज्ञोपवीतवत्" मालापि धार्या यज्ञोपवीतमालामें यह भेद यज्ञोपवीत टूटि जाय तब और ही पहिरे और माला टूटि जाय तो मणिका काढि गांठि बाँधि लेई वही माला काम आवे किंच तिलक ऊर्द्धपुंड्र करे । भगवच्चरणारविंदकी आकृति करे

